फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 18 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -222, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी 18

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू 17

दत्तात्रेय होसबोले फिर चुने गए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नागपुर मुख्यालय में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने तीन दिन के मंथन के बाद अहम प्रस्तावों को स्वीकृति देते हुए रविवार को दत्तात्रेय होसबोले को पुनः तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह चुन लिया। बाद में उनकी ओर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समेत उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी कई परिवर्तन हुए हैं।

संघ में जनरल सेक्रेटरी (महासचिव) को सरकार्यवाह कहते हैं। सरसंघचालक (प्रमुख) के बाद दूसरा सबसे बड़ा पद सरकार्यवाह का ही होता है। दत्तात्रेय होसबाले 2021 से सरकार्यवाह की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। छह साल के अंतराल के बाद आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक 15 मार्च को मुख्यालय नागपुर में शुरू हुई थी। रविवार अपराह्न सरसंघचालक मोहन भागवत के पाथेय के बाद बैठक का समापन हुआ। बैठक में सभी 45 प्रांतों से 1500 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए। संघ की कार्यकारिणी के पुनर्गठन में डॉ. मनमोहन वैद्य को सह सरकार्यवाह के पद से मुक्त कर दिया गया। जबकि छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए हैं। कार्यकारिणी में पुनः सरकार्यवाह चुने गए दत्तात्रेय होसबाले द्वारा कृष्ण गोपाल, मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, अतुल लिमये और आलोक कुमार को सह सरकार्यवाह नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि सह सरकार्यवाह आलोक कुमार अभी तक अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख तथा अतुल लिमये पश्चिम क्षेत्र प्रचारक का दायित्व देख रहे थे।

इसके साथ ही दिल्ली प्रांत कार्यवाह भारत भूषण को अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है, जबकि अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामेश्वर को शामिल किया गया है। इसके अलावा नवल को अखिल भारतीय गौ सेवा और अनिल ओंक को अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख (अब केंद्र जयपुर होगा) बनाया गया है।

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में बदलाव



संघ के उत्तर क्षेत्र में हुए यह बदलाव

जतिन को उत्तर क्षेत्र प्रचारक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा भनवीर को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, रोशन लाल को क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, गेंदालाल को सह क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, योगेन्द्र को सह सम्पर्क प्रमुख, सुरेंद्र पाल को प्रांत प्रचारक हरियाणा, विजयानंद को प्रांत प्रचारक जोधपुर प्रांत, विशाल को सह प्रांत प्रचारक जयपुर प्रांत, धर्मेन्द्र को सह प्रांत प्रचारक चित्तौड़, विक्रांत को सह संघचालक जम्मू कश्मीर, अवतार को प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर, अजय को सह प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर नियुक्त किया गया है।

हरीश रौतेला पदोन्नत, सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बने

संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से संबंधित भी कई बदलाव किए गए हैं। कृष्ण मोहन को क्षेत्र संघचालक, पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। इस दायित्व पर रहे सीए वीरेंद्रजीत को मुक्त कर दिया गया। अजय को क्षेत्र पर्यावरण प्रमुख पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। कानपुर वाले रमेश को सह-प्रांत प्रचारक कानपुर से प्रांत प्रचारक काशी बनाया गया है। प्रांत प्रचारक काशी रहे रमेश को अब प्रांत प्रचारक गोरक्ष (गोरखपुर) प्रांत बनाया गया है। युद्धवीर को क्षेत्र सेवा प्रमुख, पूर्वी उत्तर प्रदेश, अनिल श्रीवास्तव को सह क्षेत्र कार्यवाह, रामकेश को प्रांत कार्यवाह कानपुर, सुभाष को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, मुनीश को सह प्रांत प्रचारक कानपुर बनाया गया है। ब्रज प्रांत के हरीश रौतेला को प्रोन्नति देकर सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बनाया गया। अवध प्रांत प्रचारक कौशल अवध प्रांत में ही रहेंगे, धर्मेंद्र ब्रज प्रांत के प्रचारक नियुक्त हुए हैं।

एक नजर

सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर ने दिया बेटे को जन्म

बठिंडा। लोकप्रिय दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता के घर रविवार को एक नन्हे मेहमान ने दस्तक दी। सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर शुभदीप सिंह सिद्धू की मां चरण कौर ने एक बालक को जन्म दिया है। पंजाब के मानसा जिले में करीब दो साल पहले मूसेवाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने अपने फेसबुक पेज पर बेटे के जन्म की घोषणा की और कहा कि उनकी पत्नी चरण कौर ने मूसेवाला के छोटे भाई को जन्म दिया है।

सीयूईटी-स्नातक परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव नहीं

नई दिल्ली। संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा- स्नातक (सीयूईटी-यूजी) पूर्व घोषित कार्यक्रम 15 मई से 31 मई 2024 के बीच होगी और लोकसभा चुनाव की तारीखों की वजह से इसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। यह घोषणा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने रविवार को की। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परीक्षा के लिए समय-सारिणी जारी की जाएगी। यूजीसी प्रमुख ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया जा सकता है।

चुनावी बॉण्ड से भाजपा को सबसे अधिक 6,986 करोड़ रुपये मिले

लाभ पाने में टीएमसी दूसरे, कांग्रेस तीसरे और बीआरएस तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड को लेकर नए आंकड़े रविवार को सार्वजनिक किए। यह आंकड़े आयोग ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपे थे। कोर्ट ने बाद में इन्हें आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे। माना जा रहा है कि ये आंकड़े (विवरण) 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। अब रद हो चुके चुनावी बॉण्ड के शीर्ष खरीदार फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने इसके माध्यम से तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपये का दान दिया। भाजपा को 2018 में चुनावी बॉण्ड योजना के लागू होने के बाद से सबसे अधिक 6,986.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) (1,397 करोड़ रुपये), कांग्रेस (1,334 करोड़ रुपये) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) (1,322 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।

- निर्वाचन आयोग ने सार्वजनिक किए चुनावी बॉण्ड से संबंधित नए आंकड़े

ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजद को 944.5 करोड़ रुपये मिले। इसके बाद द्रमुक ने 656.5 करोड़ रुपये और आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने लगभग 442.8 करोड़ रुपये के बॉण्ड भुनाए। गैर सरकारी संगठन, एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा संकलित एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2018 से जनवरी 2024 तक 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड बेचे गए थे। दोनों आंकड़ों को मिलाकर अनुमान लगाया गया है कि योजना की पूरी अवधि के दौरान भाजपा को कुल 7,700 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनता दल (सेक्युलर) को 89.75 करोड़ रुपये के बॉण्ड मिले। फ्यूचर गेमिंग कंपनी 1,368 करोड़ रुपयों के साथ चुनावी बॉण्ड की सबसे बड़ी खरीदार थी, जिसमें से लगभग 37 प्रतिशत द्रमुक को गया। द्रमुक के अन्य प्रमुख दानदाताओं में मेघा इंजीनियरिंग 105 करोड़ रुपये, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ रुपये और सन टीवी 100 करोड़ रुपये शामिल हैं।

तेदेपा ने 181.35 करोड़ रुपये, शिवसेना ने 60.4 करोड़, राजद ने 56 करोड़, सपा ने 14.05 करोड़ प्राप्त किए। अकाली दल ने 7.26 करोड़, अन्नाद्रमुक ने 6.05 करोड़, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 50 लाख रुपये के बॉण्ड भुनाए। आम आदमी पार्टी को 65.45 करोड़ रुपये मिले थे, जबकि निर्वाचन आयोग में दी गई जानकारी के बाद उसे 3.55 करोड़ रुपये और मिलने का अनुमान है, जिससे कुल दान 69 करोड़ रुपये हो गया।

बॉण्ड एक प्रयोग, कितना फायदेमंद रहा समय बताएगा

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है और वक्त आने पर पता चलेगा कि यह कितना फायदेमंद और प्रभावी रहा। चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर जतायी जा रही चिंताओं और लाभ पाने के लिए इन्हें खरीदने के दावों के बारे में होसबाले ने कहा कि संघ ने अभी तक इसके बारे में चर्चा नहीं की है क्योंकि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है। उन्होंने कहा कि यह नियंत्रण और संतुलन के साथ किया गया और ऐसा नहीं है कि चुनावी बॉण्ड आज अचानक पेश किए गए, ऐसी योजना पहले भी लाई गई थी। जब भी कोई बदलाव होता है तो सवाल उठाए जाते हैं। जब ईवीएम लाई गई थीं तब भी सवाल उठाए गए थे। जब नयी चीजें आती हैं तो लोगों का सवाल उठाना स्वाभाविक है।

यूट्यूबर एल्विश यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा पुलिस ने यहां एक पार्टी में नशे के लिए सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल की जांच के संबंध में यूट्यूबर एल्विश यादव को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। यादव पिछले साल तीन नवंबर को यहां सेक्टर-49 थाने में दर्ज प्राथमिकी में नामजद छह आरोपियों में से एक हैं। मामला वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के प्रावधानों और आईपीसी धारा 120बी के तहत दर्ज किया गया था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नोएडा) मनीष मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कर रही सेक्टर-20 थाने की एक टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के विजेता यादव ने मामले में संलिप्तता के आरोपों से इनकार किया है। पुलिस ने पूर्व में उनसे पूछताछ की थी। मामले में सेक्टर-49 थाने के प्रभारी उप निरीक्षक को हटा दिया गया था जहां प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह मामला पशु अधिकार समूह 'पीपल फॉर एनिमल्स' के एक अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

- सांप के जहर के इस्तेमाल का मामला

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम बघेल के खिलाफ रिपोर्ट

- महादेव सट्टा एप मामले में 18 अन्य के खिलाफ एफआईआर
- छह हजार करोड़ रुपये का है पूरा मामला, ईडी कर रही जांच

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने ईडी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर कथित महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। लगभग एक साल से अधिक समय से महादेव एप से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। महादेव एप के दो मुख्य प्रवर्तक छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखते हैं।

ईडी के अनुसार, इस मामले में अपराध से अर्जित अनुमानित आय करीब 6,000 करोड़ रुपये है। ईओडब्ल्यू के एक अधिकारी ने कहा कि ईडी मामले की जांच कर रही है और राज्य की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर चार मार्च को यहां ईओडब्ल्यू थाने में बघेल और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बघेल, एप प्रवर्तकों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल तथा 14 अन्य को प्राथमिकी में आरोपी के रूप में नामित किया गया है।

कोविड के समय प्रतिमाह कमाए 450 करोड़ रुपये

प्राथमिकी में दावा किया गया है कि कोविड-19 के कारण 2020 में लॉकडाउन लागू होने के बाद प्रवर्तकों और एप से जुड़े पैनल संचालकों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के माध्यम से प्रति माह लगभग 450 करोड़ रुपये कमाए। प्राथमिकी के मुताबिक, एप के प्रवर्तकों एवं पैनल संचालकों ने अवैध रूप से प्राप्त धन के लेन-देन के लिए फर्जी दस्तावेज पर बैंक खाते खोले थे। पैनल संचालकों ने विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात में प्रवर्तकों को अवैध धन हस्तांतरित किया। एप के प्रवर्तकों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं को मोटी रकम दी थी।

अरुणाचल, सिक्किम में अब दो जून को मतगणना

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया गया है। अरुणाचल में विधानसभा चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। नामांकन पत्र 27 मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे। उनकी जांच 28 मार्च को तथा नामांकन वापसी की तिथि 30 मार्च तय है। मतगणना दो जून को होगी। सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को कराया जाएगा। राज्य की 32 सीटों वाली विधानसभा के लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी, नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च, जांच की 28 मार्च और वापस लेने की अंतिम तिथि 30 मार्च है। मतगणना दो जून को होगी।

- विधानसभा के कार्यकाल को देखते हुए किया गया बदलाव

नई सरकार के पहले सौ दिनों की बनाएं रूपरेखा

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों से कहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों से नई सरकार के पहले 100 दिनों और अगले पांच साल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने आज सुबह यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। यह बैठक निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निर्वाचन आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 102 सीट पर मतदान के लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही किसी विशेष चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

घोषणा पत्र की मंजूरी को सीडब्ल्यूसी की बैठक कल

नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) 19 मार्च को होने वाली अपनी बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र पर चर्चा करेगी और इसे अंतिम रूप देगी। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की भी 19 से 20 मार्च को बैठक होने की संभावना है जिसमें 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के शेष उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी की शीर्ष निर्णायक इकाई सीडब्ल्यूसी 19 मार्च को बैठक करेगी और मसौदा घोषणापत्र को अपनी मंजूरी देगी जिसमें न्याय के लिए पांच 'गारंटी' दी गई हैं। पार्टी पांच न्याय - भागीदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय- के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। इनमें 25 गारंटी होंगी जिनकी घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी कर चुके हैं।

- लोकसभा चुनाव : पार्टी की सीईसी की बैठक होने की भी संभावना

ईडी ने केजरीवाल को फिर भेजा समन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजा है। अधिकारियों के अनुसार केजरीवाल (55) को सोमवार 18 मार्च को एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने और धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

धनशोधन रोधी कानून के तहत दर्ज यह दूसरा मामला है जिसमें केजरीवाल को बुलाया गया है। इससे पहले, उन्हें दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में समन जारी किए गए हैं। केजरीवाल इस मामले में अब तक आठ समन को अवैध बताते हुए पेश नहीं हुए हैं। नौवां समन जारी कर उन्हें 21 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

दिल्ली जल बोर्ड मामला

- पूछताछ के लिए आज अपने दिल्ली कार्यालय में बुलाया
- आबकारी नीति मामले में 9वें समन पर 21 मार्च को तलब

यह चुनाव प्रचार से रोकने की बैकअप योजना : आप

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कार्रवाई के मकसद पर चिंता व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि यह किसी भी तरह केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उन्हें लोकसभा चुनाव प्रचार करने से रोकने की बैकअप योजना है।

ठेके में भ्रष्टाचार माध्यम से प्राप्त धन आप को दिया गया

डीजेबी मामले में, ईडी ने दावा किया है कि दिल्ली सरकार के विभाग द्वारा दिए गए ठेका में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी 'आप' को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था। ईडी का मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें तकनीकी पात्रता पूरे नहीं करने पर भी डीजेबी की ओर से एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर को दिए गए 38 करोड़ रुपये के ठेका में अनियमितताओं का आरोप है।

100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन से होगी सूखे की मॉनीटरिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले चरण में सूखे से ज्यादा प्रभावित तहसीलों में स्थापित किए जाएंगे टीडब्ल्यूएस
- बुंदेलखंड के सात जिलों समेत सोनभद्र व मीरजापुर में प्राथमिकता पर लगेंगे स्टेशन

अमृत विचार : सूखे की मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों की तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन (टीडब्ल्यूएस) की स्थापना की जाएगी। पहले चरण में ज्यादा प्रभावित रहने वाली 100 तहसीलों में इसकी स्थापना के लिए चुनाव की घोषणा से पहले शासन से 10 करोड़ की धनराशि जारी करते हुए अपर जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में हर साल सूखे के कारण किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए पहले चरण में विभिन्न जिलों की 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों की समस्त तहसीलों में टीडब्ल्यूएस को स्थापित किया जाएगा। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि पहले चरण में भी हर साल सूखे से ज्यादा प्रभावित होने वाले बुंदेलखंड के 7 जिलों (बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा और जालौन) की सभी तहसीलों में प्राथमिकता के आधार पर वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही सोनभद्र की सभी तहसीलों, मीरजापुर की 2 तहसीलों और प्रदेश के सभी जिलों की एक-एक तहसील में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। इसको लेकर सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों को जमीन चिह्नीकरण के दौरान आवश्यक गाइड लाइन जारी की गई है। वहीं इसके बाद प्रदेश की सभी तहसीलों और ब्लॉक में वेदर स्टेशन की स्थापना की जाएगी।

तीरंदाज शीतल बनीं निर्वाचन आयोग की राष्ट्रीय दूत

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी को शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे मतदाताओं की सुविधा के लिए की जा रही पहल को प्रचारित करने के लिए अपना राष्ट्रीय दूत बनाया है। यह घोषणा राजधानी में आयोग द्वारा भारतीय बधिर क्रिकेट संघ और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के साथ मिलकर आयोजित एक क्रिकेट मैच के अवसर पर की गई। कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू उपस्थित थे।

योजना में पेच | शीर्ष 10 जिलों में तत्काल 100 फीसद प्रमाणीकरण करने के दिए निर्देश

बिना प्रमाणीकरण गांवों में 'हर घर जल'

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल' शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रमाणीकरण में फंसी है। यह कार्य जल निगम (ग्रामीण) ने कंपनियों को दिया है। स्थिति यह है कि 66 जिलों पर फेज-2, 3 व 5 में 88,637 राजस्व ग्रामों में फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं।

यानी इतने गांवों के 100 फीसद घरों पर कनेक्शन देकर नलों से जलापूर्ति की गई है। लेकिन, इसके सापेक्ष 16,902 ग्राम ही कनेक्शन धारकों के आधार कार्ड लेकर पोर्टल पर चिन्हित हो पाए हैं। जबकि प्रमाणीकरण 5,545 ग्रामों का हुआ है। कुल प्रगति की बात करें तो अब तक 2,66,20,859 घर के सापेक्ष 2,12,11,102 फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं। शासन ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को प्रगति सुधारते हुए शीर्ष 10 जिलों में तत्काल 100 फीसद प्रमाणीकरण करने के निर्देश दिए हैं।

88,637
राजस्व ग्रामों में 16,902 चिन्हित व 5,545 प्रमाणित

100
फीसद कनेक्शन व आपूर्ति करने के बाद प्रगति खराब

सबसे खराब प्रगति

- उन्नाव - 21.33 फीसद
- फिरोजाबाद - 27.37 फीसद
- आगरा - 30.53 फीसद
- मथुरा - 32.33 फीसद
- बलिया - 33.17 फीसद

9723 ग्रामों का मांगा प्रमाण, 92 को भूमि

9723 ग्रामों जल निगम कनेक्शन कर योजना से आच्छादित कर चुका है। शासन ने सभी पूर्ण कार्य के साथ प्रमाण मांगा है। ग्राम सभाओं में परियोजनाएं हैंडओवर करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, विभिन्न पाइप लाइन योजना के लिए 92 भूमि यानी स्थलों के आवंटन और विवाद का समाधान नहीं हुआ है। इसका जिलाधिकारी स्तर से समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

एक नजर

निजी भूमि पर क्रिकेट खेलने से मना करने पर पीटा

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : आवासीय निजी भूमि पर क्रिकेट मैच खेलने से मना करना महंगा पड़ गया। मैच से मना करने वाले भूमि के मालिक की पिटाई कर दी गई। कोतवाली रुदौली के मोहल्ला रसूलाबाद की शहर बानो की आवासीय भूमि पर मोहल्ले के मोहम्मद कैफ क्रिकेट मैच खेलते रहते है।रविवार को मैच खेलने से मना करने पर आरोपी मोहम्मद कैफ ने शहरबानो के बेटे गुलजार की पिटाई कर दी। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया पिटाई करने वाले कैफ, बिट्टू, मंतसा, रूमाना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

अयोध्या में उजड़ने लगी श्रद्धालुओं का ठौर बनी टेंट सिटी

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार : लोकसभा समर 2024 की आधिकारिक घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रामलला के दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार की ओर से की गई व्यवस्थाएं सिमटने लगी हैं। आवास विकास परिषद की प्रस्तावित ग्रीन फील्ड टाउनशिप में करोड़ों की लागत से बनवाई गई टेंट सिटी के दरवाजे श्रद्धालुओं के लिए बंद हो गए हैं और टेंट सिटी उखड़ने लगी है। जर्मन हैंगर व शौचालय, भोजनालय अदि अन्य व्यवस्थाओं को समेटा जा रहा है। इस टेंट सिटी का निर्माण मुख्य रूप से श्रीराम दर्शन यात्रा के तहत देश के विभिन्न प्रांतों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कराया गया था।

नव्य अयोध्या स्थित टेंट सिटी से टेंट निकाल बल्लियां ट्रैक्टर-ट्रॉली पर ले जाते हुए।

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद देश के विभिन्न प्रांतों से आस्था विशेष ट्रेनों तथा बसों से आने वाले श्रद्धालुओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पर्यटन विकास निगम की ओर से गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे आवास विकास परिषद की नव्य अयोध्या योजना में ग्रीन फील्ड योजना

आचार संहिता लगने के बाद उखड़ने लगा जर्मन हैंगर पंडाल

में 20 हजार क्षमता की आधुनिक जर्मन हैंगर तकनीकि की टेंट सिटी का निर्माण कराया गया था। एक माह से ज्यादा समय से गुलजार टेंट सिटी में सन्नाटा पसर गया है। परिसर में केवल मजदूर और कारीगर बचे हैं। जेसीबी अपने काम में जुट गई है और मजदूर जर्मन हैंगर का पर्दा तथा स्ट्रक्चर खोलने में जुटे हैं। अब यह टेंट सिटी उखड़ने लगी है। बांस-बल्ली खोली जा रही है। प्रकाश व्यवस्था के लिए खंभों पर लगे हाईमास्ट उतर गए हैं। सभी अतिथि गृहों व भोजनालय का दरवाजा बंद कर दिया गया है।

ये सुविधाएं थीं टेंट सिटी में

विस्तृत भूभाग में फैले इस टेंट सिटी को 6 भागों में विभाजित कर विशिष्टजनों के लिए 500 क्षमता का वाल्मीकि अतिथि गृह और सामान्य श्रद्धालुओं के लिए अंजनेरी, मिथिला, पंचवटी, प्रयाग व चित्रकूट अतिथि गृह का निर्माण कराया गया था। साथ ही प्रत्येक अतिथि गृह में भोजनालय, डायनिंग एरिया, सांस्कृतिक मंच, हेल्थ क्लिनिक समेत अन्य व्यवस्थाएं की गई थीं। लॉकर की सुविधा व 20 बेड का अस्थाई चिकित्सालय भी उपलब्ध कराया गया था। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए निगरानी केंद्र, सीसीटीवी कैमरे, ध्वनि विस्तारक यंत्र, पुलिस, फायर ब्रिगेड और यातायात कर्मियों तथा प्रत्येक ब्लाक में मोबाईल एटीएम समेत अन्य जन सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी।

दिल्ली एक्सप्रेस में सीट को लेकर विवाद, छह का चालान

अयोध्या। अमृत विचार : अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर दिल्ली एक्सप्रेस में बैठाने और सीट पर कब्जे को लेकर यात्रियों और उनके साथ आये लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद हल्की मारपीट हुई। रेलवे पुलिस ने कुल छह लोगों का शांति भंग में चालान किया है। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक आरके राय ने बताया कि विवाद में शामिल संदीप कुमार निवासी गनौली गोसाई थाना छावनी जिला बस्ती व जिले के आशु पाठक निवासी कामापुर कलीपुर थाना महराजगंज, आलोक तिवारी निवासी धर्मपुर कोतवाली अयोध्या, शिवा वर्मा निवासी बरवा बसाइतपुर थाना पूराकलंदर, अनुराग मिश्र निवासी अलावलपुर थाना पूराकलंदर व सूरज मिश्रा निवासी अलावलपुर थाना पूराकलंदर का मेडिकल परीक्षण करवा शांति भंग में चालान किया गया है।

मनरेगा परियोजनाओं की स्वीकृति में बड़े खेल का अंदेशा

बिगड़ा अनुपात, फंसा दर्जनों ग्राम पंचायतों का पैसा

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार: जिले में मनरेगा के कार्यों में बड़े खेल का अंदेशा है। आंख मूंदकर मनरेगा की परियोजनाओं की स्वीकृति ने तस्वीर बिगाड़ दी। कच्चे और पक्के काम का अनुपात बिगड़ा तो कई दर्जन ग्राम पंचायतों का भुगतान फंस गया। वित्तीय साल बीत रहा है। भुगतान की संभावना नहीं बन पा रही है। अब ब्लाक से तहसील तक का चक्कर प्रधान लगा रहे हैं।

मनरेगा के तहत कच्चे काम अर्थात मजदूरी पर 60 फीसदी धनराशि और सामानों पर 40 फीसदी पैसा खर्च करने का नियम है। कार्यदायी संस्था ग्राम, क्षेत्र और जिला पंचायत है, लेकिन ज्यादा काम कराने वाली कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत ही है। व्यवस्था यह है कि ग्राम पंचायतें परियोजना बनाती हैं। इसके बाद परियोजना की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति ली जाती है। इसके लिए भी बैरियर है। निर्धारित धनराशि तक की स्वीकृति ब्लाक स्तर से दी जाती है। इनमें ग्राम पंचायतों की ज्यादातर परियोजनाएं आ जाती हैं। बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए फाइल ऊपर भेजी जाती है। बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों में खर्च का अनुपात 60:40 के से ऊपर पहुंच गया। ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर मैटेरियल पर 40 फीसदी खर्च का कोटा पूरा होने पर भुगतान के लिए फीडिंग पर रोक लगा दी गई। अब जिले में बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों का भुगतान फंस गया। प्रधान और गांव के कर्मचारी ब्लाक से मुख्यालय तक का चक्कर लगा रहे हैं। इसके पीछे बड़े खेल की चर्चा है। जानकारों के मुताबिक ब्लाक स्तर से प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति इसके मूल में है। अफसर बगैर ग्राम पंचायतों के 60:40 का अनुपात देखे धड़ाधड़ स्वीकृति देते रहे। इस स्वीकृति के पीछे सबके अपने स्वार्थ रहे। सभी शामिल रहे। अब मार्च आया। योजना की समीक्षा हुई। बड़े अफसरों के भी होश उड़ गए। पता चला जिले स्तर पर भी मानक का ख्याल नहीं रखा गया। अब हलचल है, लेकिन इसके मूल की ओर कोई भी नहीं देखना चाहता। मानकों का ख्याल बगैर स्वीकृतियां कैसे दे दी गई? 794 में से कई दर्जन ग्राम पंचायतों का पैसा फंसा है। अखिल भारतीय प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह का कहना है कि स्वीकृति के बावजूद ग्राम पंचायतों का पैसा फंसा है। इसका भुगतान होना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल ने सीडीओ से मुलाकात की है। आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

प्रतीकात्मक फोटो

ज्यादा अनुपात पर नहीं होगी फीडिंग

मनरेगा परियोजनाओं की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के समय अनुपात देखा जाना चाहिए था। ग्राम पंचायत या ब्लाक स्तर पर मानक देखा जाएगा। श्रम और मटीरियल का अनुपात 60 :40 से ज्यादा है तो भुगतान के लिए फीडिंग नहीं होगी। जिन ग्राम पंचायतों का अनुपात कम है। उनकी ही फीडिंग की जाएगी। **-सविता सिंह, उपायुक्त, श्रम रोजगार, अयोध्या**

आंख मूंद की गई स्वीकृति से जिले की बिगड़ गई तस्वीर

स्याह है जिले में मनरेगा की तस्वीर

जिले स्तर पर सात मार्च तक मनरेगा में श्रम व मैटरियल पर 94 .68 करोड़ रुपये खर्च हुए। इसमें मैटेरियल के मद में 45 .62 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया। यह मानक से 7 .75 करोड़ रुपये ज्यादा है। ब्लाक स्तर पर मवई में 5 .94 के सापेक्ष 6 .31 करोड़ रुपये, अमानीगंज में 4 .5 करोड़ के सापेक्ष 5 .59 करोड़, पूरा बाजार में 2 .08 के सापेक्ष 3 .03 करोड़, रुदौली में 5 .67 के सापेक्ष 7 .98 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया। ब्लाक स्तर पर अनुपात के बाद ग्राम पंचायतों के सामने संकट है।

सभी के हिस्से का विष पीने वाले हैं शिव: मिथिलेश नंदिनी

समापन सत्र को संबोधित करते आचार्य मिथिलेश नन्दिनी शरण। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : हनुमत निवास में चल रहीं दो दिवसीय सेवाज्ञ संस्थानम की कार्यशाला का समापन हो गया।

कार्यशाला के दूसरे दिन रविवार को सेवा के अवसर तलाशने, अधिक से अधिक लोगों से मिलकर स्थानीय स्तर की समस्याओं को ध्यान में रखकर सेवा देने वृक्षारोपण, आपदा में सहयोग जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। देश के विभिन्न प्रांतो से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सेवाज्ञ संस्थानम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। समापन पर आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज ने कहा कि सेवाज्ञ संस्थानम द्वारा सेवा का भाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे लोगों में भी सेवा का भाव जागृत होगा। कहा कि विशिष्ट को समूह के लिए तिरोहित कर देना चाहिए अन्यथा वह चौंकाने का उपक्रम भर है। कहा यह धरती भगवान शिव के अधिवास की धरती है। जिस जगह वह आमंत्रित तक नहीं हो वहां जाकर विषपान कर लेना ही शिव है। मरता वो है जो अपने हिस्से का भी विष नहीं पीता है, सबका विष पीने वाला अमर हो जाता है वही शिव हो जाता है। उन्होंने कहा श्री राम अपने जीवन की किसी भी परिस्थिति में यह नहीं भूले कि वह श्री राम है सभी का अपना स्वभाव अपना चरित्र है। उसके अनुशासन में रहकर कार्य करना चाहिए। परिस्थितियों के दबाव में निर्णय बदलने वाले लोग नेतृत्व कर्ता नहीं है, अपने कार्यों व निर्णय की उत्तरजीविता का भी सदा ध्यान रखना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष, जिला प्रमुख परेश पांडेय, संयोजक अनुज, सह संयोजक अभिनव सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पूजा सिंह मीडिया प्रमुख अनूप द्विवेदी, सोशल मीडिया प्रमुख रुद्र नारायण, अंजनी कुमार, तरुण प्रताप सिंह, उमेश, ऋचा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

सेवाज्ञ संस्थानम की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

सार-संक्षेप

प्रशिक्षण में शिक्षकों को दिए गए टिप्स

कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार : ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस की नई शिक्षा नीति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शिव सेंट्रल पब्लिक जे एच स्कूल में हुई। शिक्षकों को सीखने और पेशेवर विकास की सुविधा का प्रशिक्षण प्रसिद्ध लेखक व विषय विशेषज्ञ निशि सेहरावत फोगाट और नितीश अग्रवाल द्वारा दिया गया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार पांडे ने बताया कि फोगाट द्वारा नेतृत्व किए गए इंटरैक्टिव सत्रों में नवाचार शैक्षिक-दृष्टिकोण, मूल्यांकन रणनीतियों और पाठ्यक्रम डिजाइन आदि की जानकारी दी गई। प्रमुख रूप से डॉ रमेश मिश्रा प्रधानाचार्य, विजय कुमार उपाध्याय सहित विद्यालय परिवार के लोग उपस्थित रहे। संचालन आशीष कुमार पांडेय व पूनम पांडेय ने किया।

लोक सभा चुनाव संयोजक ने ली सांगठनिक रिपोर्ट

अयोध्या, अमृत विचार : महानगर के करियप्पा मंडल की बैठक केंद्रीय लोक सभा चुनाव कार्यालय पर अयोजित की हुई। बैठक में मंडल, शक्ति केन्द्र व बूथ के पदाधिकारी मौजूद रहे। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने आपसी समन्वय स्थापित करते हुए चुनावी कार्यक्रमों को संचालित करने को कहा। लोक सभा चुनाव संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने पदाधिकारियों से सांगठनिक रिपोर्ट ली। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा अयोध्या केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। यहां का अभूतपूर्व विकास सरकार द्वारा किया गया है। लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा सभी पदाधिकारी एक दूसरे से लगातार सम्पर्क में रहें।

निःशुल्क शुगर चिकित्सा शिविर में मरीजों का हुआ इलाज

शिविर में मौजूद डॉ. वीरेंद्र वर्मा, डॉ. नानक सरन व अन्य।

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश डायबिटीज एसोसिएशन के बैनर तले रविवार को इनोवेटिव माइंड एकेडमी में एक निशुल्क शुगर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों को इलाज के साथ-साथ निशुल्क दवाएं भी मुहैया कराई गईं। शिविर में मौजूद कार्यकारिणी के सदस्य व मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र वर्मा और डायबिटीज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ.नानक सरन समेत शहर के तमाम नामचीन चिकित्सक मौजूद रहे। डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है जिससे आपको आजीवन परेशानियां हो सकती हैं। डायबिटीज से पीड़ित व्यक्ति को स्वास्थ्य से जुड़ी कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं, लेकिन कुछ सावधानियां बरतकर इस बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर अपना इलाज कराया। कैंप में फार्मा कंपनियों ने भी बड़ा योगदान निभाया। मरीजों की जांच से लेकर दवा उपलब्ध कराने का काम किया। आईएमए अयोध्या ने भी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

पत्नी को पति की बात माननी चाहिए : कथा व्यास

गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार : गोसाईगंज कस्बे में चल रही संगीतमयी श्रीरामकथा में दूसरे दिन की कथा में भगवान शिव के चरित्र का सुंदर वर्णन किया गया। कथा व्यास विकासानन्द महाराज ने कहा पत्नियों को अपने पति की बात जरूर माननी चाहिए, अन्यथा माता सती की तरह दु:ख उठाना पड़ता है। माता सती के पिता प्रजापति दक्ष ने यज्ञ का आयोजन किया और भगवान भोलेनाथ को अपमानित करने के लिए उन्हें निमंत्रण नहीं दिया। प्रदीप जायसवाल, शनि गुप्ता, हरिओम, शशि कुमार अंगियार, श्रीप्रकाश जायसवाल, ज्ञानप्रकाश, आलोक, प्रवीण उपाध्याय मौजूद रहे।

पूर्व विधायक ने किया मनोनयन पत्र का वितरण



पदाधिकारी को मनोनयन पत्र देते पूर्व मंत्री व जिलाध्यक्ष।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रविवार को जिला एवं महानगर समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने जिला अध्यक्ष बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी कृष्णा चौधरी एवं महानगर अध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी शिव शंकर शिवा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी लोग लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को चुनाव जीतने के लिए के लिए लग जाएं। जिससे इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में केंद्र में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सहयोग से नई सरकार बन सके। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा की जिन पदाधिकारी को मनोनीत मिल रहा है सभी बूथ पर पार्टी को मजबूत करें। संचालन अखिलेश चतुर्वेदी ने किया। वरिष्ठ नेता अनूप सिंह, जिला महासचिव बख्तियार खान, जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव, महानगर महासचिव हामीद जाफर मीसम, चौधरी कृष्णा निषाद समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हरीश और विनय सेना में धर्मगुरु के पद पर हुए चयनित

अयोध्या, अमृत विचार : श्री राजगोपाल संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो छात्र हरीश कुमार और विनय पांडेय ने भारतीय सेना में धर्मगुरु पद पर चयनित होकर विद्यालय का सम्मान ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि किसी भी विद्यालय की गरिमा उसके छात्रों से ही होती है। दो वर्षों में यहां के कई विद्यार्थियों ने जेआरएफ यूजीसी नेट एवं धर्मगुरु, कथा वक्ता, संगीतकार, कवि व अन्य पदों पर चयनित होकर विद्यालय के सम्मान की उत्तरोत्तर वृद्धि की।

गलत चौहद्दी दिखा किया जमीन का बैनामा, हड़पे 16.70 लाख

अयोध्या, कार्यालय

उपनिरीक्षक समेत पांच के खिलाफ गबन, धोखाधड़ी व कूटरचना की रिपोर्ट

अमृत विचार : नगर कोतवाली के जनौरा क्षेत्र में एक आवासीय भूखंड की गलत चौहद्दी दर्शा बैनामा और रकम हड़प लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिलाधिकारी से शिकायत के बाद पुलिस ने उपनिरीक्षक समेत पांच के खिलाफ गबन, धोखाधड़ी और कूटरचना की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

बीकापुर स्थित केनरा बैंक शाखा में प्रधान कैशियर के पद पर तैनात मूल रूप से अंबेडकरनगर जिले के ग्राम इटवा (तेजापुर) मदारभारी निवासी पीड़ित सचिन सिंह का कहना है मकान निर्माण के लिए जमीन की तलाश के दौरान उनकी मुलाकात जनौरा गाँव में प्लाटिंग कर जमीन का कारोबार करने वाले राजेश सिंह, विजय सिंह उर्फ़ लव सिंह, विराट सिंह तथा रणधीर सिंह से हुई। राजेश सिंह ने अपने भाई अरविन्द कुमार सिंह का प्लाट बता 1078 वर्ग फिट का सौदा 16.70 लाख में तय किया। बैंक से आवास ऋण स्वीकृत करवा उन्होंने जमीन का बैनामा कराया। दाखिल खरिज के बाद निर्माण करवाने लगे तो बगल के जमीन मालिक ने आपत्ति कर पुलिस से काम बंद करवा दिया। छानबीन कराई तो पता चला कि बैनामा युक्त जमीन ही मौके पर नहीं है और गलत चौहद्दी दिखाई गई है। तगादा के बावजूद आधी रकम राजेश, विजय, विराट व रणधीर के पास होने का वास्ता दिया गया और रकम वापस नहीं की गई। दबाव बनाने पर प्रतापगढ़ पुलिस लाइन में तैनात तथा फ्लैट नं 225 सेकेण्ड फ्लोर तुलसियानी चाम्सवुड रेसीडेन्सी लुकरगंज प्रतापगढ़ निवासी उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह उनको फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देने लगे।

> रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की तहकीकात कराई जा रही है। **- अश्विनी कुमार पांडेय, प्रभारी निरीक्षक**

सड़क पर उतारी जा सकीं केवल तीन ई-बसें

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या धाम आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रविवार को केवल तीन ई-बसें सड़क पर उतारी जा सकीं। भोजन और नाश्ते की व्यवस्था न होने से ई-बसों के ड्राइवर लखनऊ चले गए। यात्री परेशान हैं। प्राण प्रतिष्ठा के पहले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सवा दो सौ ई-बसों का बेड़ा यहां उतारा गया था। प्राण प्रतिष्ठा के बाद इन बसों को आस्था ट्रेनों से आने वाले श्रद्धालुओं का स्टेशन से टेंट सिटी तक लाने व ले जाने में लगा दिया गया था। कुछ बसों को अयोध्या के विभिन्न मार्गों पर शहर आने जाने वाले यात्रियों को लाने व ले जाने के लिए लगाया है। बाकायदा मार्ग के ठहराव और किराए की सूची जारी कर दी गई। बताया गया है कि अब तक तो चालक-परिचालक टेंट सिटी में ही नाश्ता और भोजन कर लेते थे। शनिवार को लोक सभा चुनाव की घोषणा कर दी गई। आचार संहिता लागू हो गई। टेंट सिटी का काम ठप हो गया। तो इलेक्ट्रिक बसों के ड्राइवरों ने शनिवार को ही संचालन बंद कर चले गए। बसें अयोध्या में खड़ी कर दी। रास्ते बसों से सूने हो गए। वहीं, संचालन की व्यवस्था में रहे एआरएम आरके उपाध्याय ने बताया कि रविवार दोपहर 12 बजे तक बसें नहीं निकली थी। शाम चार बजे तक तीन बसों को मार्ग पर उतारा जा सका है। आरएम विमल राजन ने बताया कि भोजन की व्यवस्था नगर निगम कर रहा है।

नाश्ता-भोजन नहीं मिला तो लखनऊ चले गए ड्राइवर

अवध विश्वविद्यालय के राडार पर सात जिलों के 12 परीक्षा केंद्र

अयोध्या कार्यालय

एलएलबी की परीक्षा को लेकर 37 लॉ कॉलेजों की भी निगरानी, आज से शुरू होंगी परीक्षाएं

अमृत विचार : बाराबंकी के सिटी लॉ कालेज में 27 फरवरी को पकड़े गए सामूहिक नकल के मामले के बाद सोमवार से शुरू हो रही एलएलबी की त्रिवर्षीय और पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन अलर्ट हो गया है। इस परीक्षा को लेकर सात जनपदों के 12 परीक्षा केंद्र सीधे विश्वविद्यालय के राडार पर आ गए हैं। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था की गई है।

सोमवार से सात जनपदों अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी, गोंडा, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर और बाराबंकी के 37 लॉ कालेजों की परीक्षा शुरू होगी, जो आगामी 28 मार्च तक चलेगी। इस परीक्षा में 6500 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें सर्वाधिक संवेदनशील बाराबंकी, अम्बेडकरनगर और गोंडा के लॉ कालेज चिह्नित किए गए हैं। एलएलबी की परीक्षा को लेकर इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से त्रिस्तरीय निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। परीक्षा केन्द्रों पर आंतरिक सचल दलों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के सचल दलों को तैनात किया गया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय मानीटरिंग सेल द्वारा सतत निगरानी के लिए कंट्रोल रूम में ऑपरेटरों को भी लगाया जा रहा है। एक पाली में दोपहर दो से सांय पांच बजे तक चलने वाली एलएलबी की परीक्षा के लिए आठ से अधिक विशेष पर्यवेक्षक लगाए गए हैं जो प्रतिदिन की परीक्षा की रिपोर्ट सीधे कुलपति और परीक्षा नियंत्रक को देंगे। इतना ही नहीं यदि कहीं नकल का मामला पाया जाता है तो तत्काल परीक्षा केंद्र के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर सभी केन्द्राध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

> एलएलबी परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सुचिता के साथ परीक्षा के निर्देश कुलपति की ओर से दिए गए हैं। सभी केंद्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है। **- विजयेन्दु चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी, अवध विश्वविद्यालय**

रामोत्सव तुलसी उद्यान के मंच पर मार्शल आर्ट और लोक कला का दो दिवसीय शौर्य पर्व आज से

11 प्रदेशों के 250 कलाकार करेंगे शौर्य प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से चल रहे रामोत्सव में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। तुलसी उद्यान मंच पर लोक जनजाति और संस्कृति संस्थान लखनऊ और समस्त क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों द्वारा शौर्य पर्व पर आमंत्रित 11 प्रदेशों के 250 से भी अधिक कलाकार अपनी विशिष्ट प्रस्तुति देकर कीर्तिमान बनाएंगे।

सनातन संस्कृति में शास्त्र और शस्त्र की महत्ता को दर्शाते हुए 18 से 20 मार्च तक शौर्य पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आमंत्रित कलाकार अपने - अपने प्रदेश के पारंपरिक लोकनृत्य, जिसमें शस्त्र और शौर्य का प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

शौर्य पर्व पर इस तरह का होगा प्रदर्शन।

महाराष्ट्र का मर्दानी, गुजरात का तलवार रास और पंजाब का होगा गतका प्रदर्शन

दो दिवसीय शौर्य पर्व के आयोजन में केरल प्रदेश का कलारीपत्तू, पंजाब का गतका, महाराष्ट्र का मर्दानी खेल, उत्तर प्रदेश का मल्लखंब और आल्हा, गुजरात का तलवार रास, पश्चिम बंगाल का ढाली का प्रदर्शन वहां के कलाकार करेंगे। मध्य प्रदेश का अखाड़ा और दिवारी, तेलंगाना का कर्रा सामू, झारखंड का पायका, मणिपुर का थांग-टा, ओडिशा का शंख वादन, तुरही, रमतुला, बिगुल वादन जैसे रोमांचक और अद्भुत लोक नृत्यों के साथ शस्त्रों के साथ करतब होंगे।

रामोत्सव में पौराणिक कलाओं को मिलेगा पुनर्जीवन

लोक जनजाति व संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी ने बताया हमारे पौराणिक शास्त्रों में देवताओं द्वारा शस्त्र पूजन की परंपरा का वर्णन है। भगवान राम ने भी वनवास जाते समय भी महर्षि अगस्त्य से पूजित शस्त्र लिया था। रावण युद्ध से पूर्व भी शस्त्र पूजन का उल्लेख है। उन्होंने बताया कि आदिकाल से लेकर महाभारत और वर्तमान में भी विजयादशमी पर शस्त्र पूजन की परंपरा है। इसी परंपरा को लोकनृत्यों ने संजोया है।

अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा आज से

अयोध्या, अमृत विचार : केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में 18 से 21 मार्च को अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा का आयोजन होगा। आयोजन की जिम्मेदारी केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ को सौंपी गई है। आयोजन अयोध्या धाम में मणि राम दास छावनी में होगा। इसका उद्घाटन 18 मार्च को श्रीश्री 108 तेजावर स्वामी जी महाराज करेंगे। अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीनिवास वरखेडी करेंगे। कार्यक्रम में 28 राज्यों से लगभग छह सौ प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सभी स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्राप्त छात्र-छात्राओं को पदक, प्रमाणपत्र, नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

प्रशिक्षु आईपीएस को मिली हैदरगंज थाने की कमान

हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हैदरगंज थाने की कमान प्रशिक्षु आईपीएस को मिली है। रविवार को नवागत थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस रोशन झा ने बताया कि थाने की गतिविधियों और निगरानी के प्रशिक्षण के लिए 2 माह के लिए उनको बतौर थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई है और आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। निष्पक्ष मतदान, क्षेत्र में शांति, अपराधों पर अंकुश तथा आदर्श आचार चुनाव संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। थाना क्षेत्र में 79 गांव के मतदाताओं के लिए 101 बूथ बनाए गए हैं। शांति और सुरक्षा के लिए उन्होंने अर्द्धसैनिक बलों के साथ भौगोलिक अध्ययन और कुछ मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया है।

प्रशिक्षु आईपीएस रोशन झा।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

चूल्हा-चौका छोड़ सड़क पर उतरीं महिलाएं, रामपथ जाम

महात्मा गांधी वार्ड में जलभराव पर फूटा जनाक्रोश, पुलिस से झड़प, एक घंटे जाम में फंसे रहे वाहन

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार : रामपथ के निर्माण के बाद छह माह से जलभराव, कीचड़ व गंदगी का दंश झेल रहे अवधपुरी कॉलोनी फेस तीन के रहने वाले लोगों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। नाराज महिलाएं चूल्हा-चौका छोड़ सड़क पर उतर आईं। बांस-बल्ली, पुलिस का मोबाइल बैरियर लगा रामपथ जाम कर दिया। सड़क पर बैठ नारेबाजी शुरू कर दी। पीछे मोहल्ले के पुरुष, युवा और बच्चे भी आ धमके। मौके पर पहुंची पुलिस से प्रदर्शनकारियों की झड़प भी हुई।

मामला महात्मा गांधी वार्ड स्थित आवास विकास परिषद की कॉलोनी का है। आईटीआई के सामने रहने वाले लोग जलभराव, कीचड़ व गंदगी से परेशान हैं। कई बार इसकी शिकायत की गई, लेकिन आवाज नक्कारखाने में तूती बन गई। आजिज महिलाएं और कालोनी के लोग रविवार को अचानक दोपहर सड़क पर पहुंच गए। रामपथ जाम कर सड़क पर बैठ गए। मार्ग अवरुद्ध हुआ तो रामपथ पर दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सीओ सिटी, नगर कोतवाल व महिला थाना प्रभारी के साथ कई चौकी प्रभारी और भारी तादात में पुलिस फ़ोर्स मौके पर पहुंची। मान मनौव्वल के बाद पुलिस ने सड़क से बांस-बल्ली, मोबाइल बैरियर किनारे करवा आवागमन बहाल करवा दिया। राम पथ लगभग एक घंटे जाम रहा। सीओ सिटी ने क्षेत्रीय पार्षद नौशाद सहित प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए एडीएम सिटी के पास भिजवाया। अनिल सिंह का कहना है कि एडीएम सिटी सलिल पटेल ने नगर निगम के सहायक व जूनियर अभियंता को कार्यालय बुलाकर एक सप्ताह में समस्या के निराकरण का निर्देश दिया है। ऐसा न होने पर संबंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाने की चेतवानी दी। प्रदर्शन में पार्षद के अलावा राहुल मिश्रा, शिवम तिवारी, राजेश सिंह, संदीप, गुड्डन समेत महिला-पुरुष और बच्चे शामिल रहे।

महिला प्रदर्शनकारियों को समझाते सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह। अमृत विचार

▸▸ एडीएम सिटी ने सुनी समस्या निगम अफसरों को दी चेतावनी

घर के बाहर जलभराव को दिखाती महिला।

रामपथ जाम होने पर दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई।

बढ़ गए मरीज, जीना हुआ दुश्वार

प्रदर्शन में शामिल प्रियंका सिंह ने बताया कि छह-सात माह से मोहल्ले वालों का जीना दुश्वार है। रेलवे क्रॉसिंग की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग समेत गली-गली में जलभराव के चलते घर से निकलना दूभर हो गया है। बच्चों को स्कूल और पति को ड्यूटी आने-जाने में दिक्कत हो रही है। मच्छरों का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि लोग बीमार हो रहे हैं। कीचड़ के कारण आने जाने वाले लोग फिसलकर गिर रहे हैं। बदबू का आलम यह है कि खिड़की-दरवाजे नहीं खोल सकते। मजबूर होकर चूल्हा-चौका छोड़ सड़क पर उतरना पड़ा।

महापौर ने अधिकारी भेजे लेकिन आए नहीं

कॉलोनी के अनिल कुमार सिंह कहते हैं कि जलभराव कॉलोनी के लोगों के लिए मुसीबत है। नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारयों से कई बार समस्या बताई। महापौर व पूर्व नगर आयुक्त को शिकायत दी। रविवार सुबह महापौर व नगर आयुक्त को फोनकर जानकारी दी। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को मौके पर भेजने के लिए कहा, लेकिन कोई नहीं आया। डॉ. डी. नाथ ने बताया कि उनके दरवाजे पर लंबे समय से पानी भरा है। दिनचर्या और आवागमन प्रभावित हो रही है। संचारी रोग की आशंका बढ़ गई है।

रोजा

शिया
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.40 बजे
इफ्तार : 06.12 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

एक नजर

खरीदारी करने गए ग्राहक से मारपीट, केस

अयोध्या। नगर कोतवाली क्षेत्र के सुभाषनगर में कपड़े की खरीदारी के दौरान विवाद के बाद एक ग्राहक की पिटाई का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित फैयाज अहमद निवासी फतेहगंज का कहना है कि वह दोपहर बाद सुभाष नगर स्थित एक काम्पलेक्स में कपड़ा खरीदने गया था। रशद निवासी बेनीगंज ने पहले गली-गलौच की और विरोध करने पर सरिया से हमलाकर घायल कर दिया।

एयरो सिटी का मामला, किसानों ने जमीन अधिग्रहण रोकने की लगाई गुहार

सांसद ने कमिश्नर को किया फोन बोले - किसान नहीं देंगे जमीन

पूराबाजार, अयोध्या

▸▸ नगर विधायक ने प्राधिकरण सचिव को किया फोन, बोले कहीं और बनाएं एयरो सिटी

अमृत विचार : एयरो सिटी का विरोध कर रहे पांच गांवों के किसान रविवार को सांसद लल्लू सिंह और नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के यहां जा धमके। आक्रोशित किसानों ने एयरो सिटी निर्माण के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जमीनों का अधिग्रहण रोके जाने की गुहार लगाई। इतनी बड़ी संख्या में किसानों को देख दोनों जन प्रतिनिधियों ने गंभीरता के साथ समस्या सुनी। किसानों ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण द्वारा गलत ढंग से सर्वे किया जा रहा है जो अनुचित है।

मातृ भूमि संघर्ष समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता सूर्यभान वर्मा ने बताया कि सांसद लल्लू सिंह ने किसानों की समस्याओं को सुनने के बाद तत्काल कमिश्नर गौरव दयाल को फोन लगाया। कहा पांच गांवों के किसान बड़ी संख्या में हमारे आवास पर आए हैं। बोले अपनी कृषि की जमीनों को एयरोसिटी के लिए देने को तैयार नहीं है। कमिश्नर से कहा समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाए। किसान भी परेशान न हो ऐसा निर्णय किया जाए। अध्यक्ष के अनुसार कमिश्नर ने सांसद को बताया कि एयरोसिटी का काम अभी रोक दिया जा रहा है। अपने आवास पर किसानों के पहुंचने पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने भी तत्काल विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह को फोन लगाकर बात की। कहा कि एयरपोर्ट के करीब एयरोसिटी बनाने पर ऊंची- ऊंची इमारत नहीं बन पाएगी। ऐसी दशा में एयरोसिटी का अलग स्थान पर किया जाए। समिति अध्यक्ष ने बताया कि जन प्रतिनिधियों से आश्वासन मिला है।

सांसद लल्लू सिंह से मुलाकात करते ग्रामीण।

ग्रामीणों से बाचतीच करते नगर विधायक वेद गुप्ता। अमृत विचार

पांच गांवों के पहुंचे किसान

अशोक कुमार गुप्ता एडवोकेट, शमशेर यादव, उदल यादव प्रधान प्रतिनिधि रामदत्तपुर अटरावां, लल्लन पासवान प्रधान प्रतिनिधि ददेरा, राम अवतार प्रधान बैसिंह, राजित राम वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, केशव राम, विक्रम कुमार पांडे, फूलचंद वर्मा, नरेश कुमार, अमित यादव, गुलाब जायसवाल पवन कुमार, मलिक राम, संदीप मौर्य, शंभू नारायण, संजय कुमार, रामानंद चौहान, रघुनाथ चौहान, पंकज कुमार, दिलीप कुमार गौड़, दुर्गा प्रसाद, अशोक शामिल रहे।

जिला अस्पताल की एएनएम एक सप्ताह से लापता, केस दर्ज

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जिला अस्पताल में तैनात एक एएनएम एक सप्ताह से गायब है। मामले की जानकारी पर परिजन ने यहां आकर छानबीन की और दो लोगों के खिलाफ युवती को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पड़ोसी जनपद गोंडा के थाना वजीरगंज क्षेत्र स्थित धांसरपुर करदा निवासी शराफत अली पुत्र मो इशहार का कहना है कि उनकी भतीजी अंजुम पुत्री लियाकत अली यहाँ जिला अस्पताल में एएनएम के पद पर तैनात है और नगर कोतवाली क्षेत्र के ही आर्य कन्या स्कूल के सामने कन्धारी बाजार में हनी के मकान में किराये पर रहती है। 9 मार्च को भतीजी से परिवारवालों की बात हुई थी। इसके बाद जब भी फोन लगाया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। आशंका होने पर वह यहां पहुंचे तो भतीजी के लापता होने की जानकारी हुई। छानबीन में पता चला कि भतीजी को सुधीर गौतम नामक युवक सत्यम की मिलीभगत से अगवा कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं छानबीन में यह बात सामने आई है कि युवती आउटसोर्स के तहत वार्ड ब्वाय के पद पर तैनात थी और साथी वार्ड ब्वाय आजमगढ़ निवासी सत्यम विश्वकर्मा के कमरे के निकट ही रहती थी।

संसदीय क्षेत्र से 153 बसों में रामभक्त लेकर अयोध्या पहुंचे केंद्रीय मंत्री

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री महेंद्र पांडेय अपने ससंदीय क्षेत्र चंदौली से राम भक्तों के साथ रविवार को अयोध्या पहुंचे। यहां रामलला का दर्शन करने के बाद अयोध्या का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या आने पर भारत की श्रेष्ठ संस्कृति के जागरण का अनुभव होता है।

▸▸ रामलला का दर्शन करने के बाद महेंद्र पांडेय ने किया अयोध्या भ्रमण

वह यहां 153 बसों के साथ पहुंचे थे। उनके साथ इन बसों में संसदीय क्षेत्र से राम भक्त आए थे। उन्होंने कहा कि पूरी अयोध्या नगरी एक रंग में एक धार्मिक परिवेश में दिख रही है। इंडिया गठबंधन पर भी उन्होंने कटाक्ष किया। कहा कि भारत में एक ही गठबंधन है। वह है नरेंद्र मोदी जैसे तपस्वी नेता के संग जनता से सीधे लगाव का गठबंधन। यह आशा का गठबंधन है। लोगों को विश्वास है कि वह देश को विकसित बना सकते हैं। देश को दुनिया में गौरवपूर्ण स्थान दिला सकते हैं। इंडिया गठबंधन आज तक एक संयुक्त कार्यक्रम नहीं कर सका तो यह कैसा गठबंधन है?

अयोध्या से जैन धर्मगुरु ने शुरू किया चुनाव शुद्धि महाभियान

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि रविवार की सुबह अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला का दर्शन करने के पश्चात कहा कि देश की अखंडता व शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। यह चुनाव देश का भाग्य बदलता है। भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा की बात नहीं कर रहा हूं। सिर्फ लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए महाभियान की शुरुआत की गई है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या श्रीराम व भगवान आदिनाथ की जन्मभूमि है। अयोध्या का महत्व केवल हिंदू या सनातन धर्म में नहीं है। जैन, बौद्घ, सिख समेत सभी धर्मों में अयोध्या का महत्व है। केवल रास्ते को बदलना पर्याप्त नहीं होता है। रास्ते को परिवर्तित करने वाले हाथ शुद्ध होने जरूरी है। इसलिए अयोध्या से चुनाव शुद्धि महाअभियान शुरू करने जा रहे हैं। यह अभियान देश के हर शहर, गांव व कस्बे में पहुंचेगा। सभी इससे जुड़िए। हम सबको मिलकर लोकतंत्र व देश को मजबूत बनाना है। सांस्कृतिक, कूटनीतिक, धार्मिक दृष्टि से दुनिया की नजरें हमारे देश पर लगी हैं। देश को मजबूत करने के लिए हम सब एक जुट हो जाएं। आगामी 25 वर्ष का कालखंड देश के लिए बहुत ही महत्वूपर्ण है। चुनाव शुद्धि अभियान का मूल उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना है।

रामलला का दर्शन कर लोकेश मुनि ने देश को मजबूत करने के लिए की घोषणा

रामलला का दर्शन करने पहुंचे जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि।

सार-संक्षेप

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा विधायक।

विधायक ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार : रुदौली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शुजागंज में रविवार को गया दत्त राजनारायण जन विकास इंटर कालेज मीनापुर में लोक सभा चुनाव को लेकर विधायक रामचंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रचार में जुटने का आह्वान किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामदीन वर्मा ने की। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कार्यकर्ताओं को 60 दिन की चुनौती देते हुए प्रत्याशी लल्लू सिंह को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। मुख्य अतिथि निवर्तमान सांसद लल्लू सिंह ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। जिला उपाध्यक्ष शिव गोविंद पांडेय, ब्लाक प्रमुख मवई राजीव तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, युवा मोर्चा महामंत्री शुभम तिवारी, अंकुर सिंह, रामदीन वर्मा, अनिल, शिव कुमार, राजेश, किशोरी लाल भारती, कृष्णदास आदि मौजूद रहे।

काशी से निकली श्रीराम पग यात्रा श्रीलंका होते हुए अयोध्या पहुंची

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में काशी की सनातनी संस्था ब्रह्मराष्ट्र एकम की 45 दिवसीय श्रीराम पग यात्रा रविवार को यहां अयोध्या पहुंची। पत्रकारों से बातचीत में यात्रा प्रमुख डॉ. सचिन सनातनी ने बताया की यात्रा 2 फरवरी से काशी से प्रारंभ होकर श्रीलंका होते हुए अयोध्या पहुंची है। बताया प्रभु श्री राम के पग जिन-जिन स्थलों पर पड़े उन मार्गों से होकर यात्रा गुजरी है। यात्रा में राम के आदर्शों, मूल्यों एवं उनके सुशासन के विषय में प्रबुद्ध जनों से विचार साझा किया जा रहा है। यह बताने का प्रयास है की भारत की सनातन संस्कृति में अति प्राचीन शिक्षा प्रणाली के तहत गुरुकुल व्यवस्था का अमूल्य योगदान रहा है। राम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामचंद्र का दर्शन पूजन करके अपने आखिरी पड़ाव काशी की और प्रस्थान कर गई।

यात्रा की जानकारी देते यात्रा प्रमुख डॉ. सचिन सनातनी।

प्रदेशीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता आज से

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : उप्र खो-खो एसोसिएशन व जिला खो-खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय प्रदेशीय सीनियर महिला-पुरुष खो-खो प्रतियोगिता सोमवार से डॉ. अंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम मकबरा में होगी। आयोजन सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि डीआइओएस डॉ. राजेश कुमार आर्य सायं चार बजे करेंगे। प्रतियोगिता में प्रदेश की 70 महिला व पुरुष टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

आचार संहिता लगते ही उतरने लगे पोस्टर बैनर

पूराबाजार क्षेत्र में बैनर पोस्टर हटवाते थाना प्रभारी।

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : चुनाव आचार संहिता लगते ही सड़कों के किनारे लगे पोस्टर बैनर उतरने लगे हैं। रविवार को थानाध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह व चौकी प्रभारी पूरा बाजार आलोक कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ पूरा बाजार, बिलहरघाट, रसूलाबाद, मड़ना सहित अन्य स्थानों पर लगे पोस्टर व बैनर उतरवा दिए। थानाध्यक्ष ने कहा कि चुनाव संबंधी किसी भी प्रत्याशी से संबंधित पोस्टर और बैनर लगाना मना है। उन्होंने कहा कि वाल राइटिंग को भी पेंट करा दिया जा रहा है। माहौल शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपील की जा रही है।

घर से नकदी ले गए भांजे पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अयोध्या, अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक कारोबारी ने अपने भांजे के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिकाबगंज निवासी विवेक सिंह पुत्र हरिकिशन सिंह का कहना है कि लगभग दो दशक से उनका भांजा विराट सूदनिवासी आशियाना लखनऊ परिवार के साथ ही रहता था। वह 23 जनवरी को घर से जेवर व नकदी लेकर लखनऊ अपने घर चला गया। कई बार उसको जेवर व नकदी लौटाने को कहा गया, लेकिन ऐसा नहीं किया।

चुनाव | राजनीतिक दल भी आधी आबादी को जुटेंगे साधने में, चौके - चूल्हे तक होगी वोटों की मनुहार

लोकतंत्र के उत्सव में निर्णायक भूमिका निभाएगी आधी आबादी

कमर अब्बास, अयोध्या

▸▸ कुल 1919720 मतदाताओं में हैं 917578 महिला मतदाता

▸▸ सर्वाधिक महिला वोटर दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव का डंका बजते ही सभी राजनीतिक दल अपना कील-कांटा दुरुस्त करने के लिए लग गए हैं। जिले में पांचवें चरण में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के मतदान में इस बार भी आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसीलिए सभी राजनीतिक दलों का फोकस महिला मतदाताओं पर भी है। महिला मतदाताओं को साधने के लिए चौके - चूल्हे तक वोटों की मनुहार के लिए जतन शुरू किए जायेगें।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा शनिवार को जारी किए गए ब्यौरे के अनुसार 54 लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद में महिला मतदाता पूरी तरह से निर्णायक भूमिका में हैं। लोकसभा क्षेत्र के कुल मतदाताओं 1919720 में महिला मतदाताओं की संख्या 917578 है। लोकसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1002060 है। यानि महिला मतदाता कुल पुरुष मतदाताओं से 84482 कम हैं। ऐसे में चुनाव में महिला मतदाताओं की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। चुनावी आंकड़ों पर गौर करें तो गत लोकसभा चुनाव में पुरुष मतदाता से महिला का मतदान 24 प्रतिशत अधिक था। इसीलिए इस बार भी आधी आबादी पूरी तरह से निर्णायक भूमिका में है। खास बात यह है कि सर्वाधिक महिला मतदाता 54 लोकसभा क्षेत्र के अधीन आने वाला बाराबंकी के दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र से हैं। दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में करीब 198115 महिला मतदाता हैं जबकि यहां पुरुष मतदाताओं की संख्या 214626 है। रुदौली विधानसभा क्षेत्र में महिला मतदाताओं की संख्या 172122 है जबकि पुरुष मतदाता 189502 हैं। मिल्कीपुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाता 188042 और महिला मतदाता 174343 हैं। वहीं बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की तादाद 203291 है और महिला मतदाता 187325 हैं। इसी तरह अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की संख्या 201599 जबकि महिला मतदाता 185673 हैं। इस तरह कुल पुरुष मतदाता 1002060 और महिला मतदाताओं की संख्या 917578 हैं। ऐसे में महिला मतदाताओं को लेकर राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं।

प्रतीकात्मक फोटो

सर्वाधिक 47 ट्रांसजेंडर मतदाता अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में

निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार 54 लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद में कुल ट्रांस जेंडर मतदाताओं की संख्या 82 है। जिसमें सर्वाधिक ट्रांस जेंडर मतदाता अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से हैं। यहां करीब 47 ट्रांस जेंडर मतदाता सूची में शामिल है। जबकि दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में दस, रुदौली में 11, मिल्कीपुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में पांच, बीकापुर में नौ ट्रांस जेंडर मतदाता शामिल हैं।

ठठरैया में फंदे से लटकी मिली महिला

अयोध्या, अमृत विचार: कोतवाली नगर के ठठरैया मोहल्ले स्थित किराये के कमरे में रविवार को एक महिला फंदे से लटकी मिली है। मूल रूप से बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के जोहन गांव निवासी शोभा पटवा (40) यहां नगर कोतवाली के चौक क्षेत्र स्थित ठठरैया मोहल्ले में किराये का कमरा लेकर अकेले रही थी। उसके पति की कुछ वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है और बच्चे रोजी-रोजगार के सिलसिले में बाहर रहते हैं। पड़ोसी विशाल श्रीवास्तव का कहना है कि साढ़े 10 बजे महिला के कमरे में फंदे से लटका होने के जानकारी मिली तो जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के बच्चों को सूचना भेजी है।

एक नजर

पुलिस ने जुआ खेलते छह लोगों को किया गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर। पुलिस ने खेत में जुआ खेल रहे छह लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुआपाकड़ के एक खेत में आधा दर्जन से अधिक जुआरी जुआ खेल रहे थे। तभी पुलिस के एक मामले की जांच करने पहुंची थी। जहां पर कई लोग जुआ खेलते हुए दिखाई पड़े। जिन्हें पुलिस ने घेर कर सभी को पकड़ लिया। पुलिस ने रमेश यादव, लवकुश सैनी, योगेश, कुलदीप, जम्मो और अरबाज को हिरासत में लेते हुए थाने ले आई। चर्चा है कि पुलिस ने कुलदीप और जम्मों को बाद में छोड़ दिया। जबकि जुआरियों का सरगना कुलदीप और जम्मों गांव के युवाओं को उधार और व्याज पर रुपए देकर जुआ की लत लगाता है। पुलिस द्वारा इन लोगों पर कार्रवाई की।

किसानों ने की एमएसपी लागू करने की मांग

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। जनपद में भारतीय कृषक उत्थान समिति के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट स्थित आंबेडकर प्रतिमा के प्रांगण में विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया। धरने के बाद किसानों ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर एमएसपी लागू करने की मांग किया है। भारतीय कृषक उत्थान समिति के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने कहा कि भारत एक कृषि देश है। किसानों को अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है, लेकिन सरकार किसानों के लिए कोई काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के किसान एमएसपी की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी नहीं सुन रही है। यूरिया खाद की बोरी जो 50 किलो की थी उसे 45 और 40 किलो कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए एमएसपी को लागू किया जाए तथा यूरिया की बोरी को 60 किलो किया जाए।

लखनऊ ने पेनाल्टी शूट में स्पोर्ट्स कॉलेज पर दर्ज की जीत

प्रदेशीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न, कोमल सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

अयोध्या कार्यालय

मुख्य अतिथि डीएम नितीश कुमार के साथ प्रदेशीय महिला हॉकी प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीम, आरएसओ व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार : प्रदेशीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता के रोमांचक व संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में लखनऊ मंडल टीम ने स्पोर्ट्स कॉलेज को एक गोल से पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नितीश कुमार ने विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कोमल पाल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया। इसके पूर्व क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने मुख्य अतिथि डीएम नितीश कुमार का स्वागत किया।

प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के समन्वय तथा क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही प्रदेशीय आमंत्रण महिला हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर व लखनऊ मंडल टीमों के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में मैच के पूरे समय तक दोनों टीमें 2-2 से बराबरी पर रहीं। इसमें स्पोर्ट्स कॉलेज की आरिका व वैशाली ने एक-एक तथा लखनऊ मंडल की पीतांबरी व मनीषा ने एक-एक गोल किया। मैच के निर्णय के लिए पेनाल्टी शूट का सहारा लिया गया। इसमें लखनऊ मंडल ने चार व स्पोर्ट्स कॉलेज ने तीन गोल मारे। इस तरह 4-3 से लखनऊ मंडल ने स्पोर्ट्स कॉलेज पर खिताबी जीत दर्ज की। इसके पूर्व खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज ने मऊ मंडल को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस अवसर पर आरएसओ चंचल मिश्रा, उप क्रीड़ाधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद, विवेक कुमार, जिला हॉकी संघ के सचिव परमेन्द्र सिंह, सीडी सिंह सहित निर्णायक, रेफरी, खिलाड़ी व खेल प्रेमी मणमान्य मौजूद रहे।

जनपदीय अंडर-14 सात प्रतियोगिताएं 20 से

उप्र खेल प्रोत्साहन समिति व जिला प्रशासन के सहयोग तथा क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में दो दिवसीय अंडर-14 बालक व बालिका वर्ग की विभिन्न सात प्रतियोगिताएं डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में 20 मार्च से आयोजित होगी। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि 20 मार्च को बालक वर्ग की व 21 मार्च को बालिका वर्ग की जनपदीय प्रतियोगिता होगी। इसमें एथलेटिक्स बालक व बालिका, हैंडबॉल बालक व बालिका, जूडो, बालीबॉल व हॉकी बालक वर्ग, बैडमिन्टन बालक व बालिका वर्ग तथा खो-खो बालिका अंडर-14 वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी। आरएसओ मिश्रा ने बताया कि 21 मार्च को प्रतियोगिता का समापन होगा और प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

श्रद्धालुओं से भरी बस में डंपर ने मारी टक्कर

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : रामनगरी से रामलला का दर्शन-पूजन करा श्रद्धालुओं को वापस लखनऊ ले जा रही एक निजी बस को पीछे से लोक निर्माण विभाग के डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद डंपर चालक और श्रद्धालुओं के बीच नोकझोंक हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सर्विस लेन पर प्रदर्शन किया। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। बताया गया कि लखनऊ से एक निजी बस में श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए अयोध्या पहुंचे थे। रविवार शाम बस वापस लखनऊ जा रही थी। इस दौरान हाइवे पर कैंट थाना क्षेत्र में आरटीओ आफिस के निकट बस को पीछे से डंपर की टक्कर लग गई, जिससे बस का पिछला हिसा क्षतिग्रस्त हो गया। हाथापाई की भी चर्चा है, लेकिन पुलिस ने इससे इनकार किया है। श्रद्धालुओं के प्रदर्शन के बाद 10 हजार क्षतिपूर्ति पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। थाना प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि बस में हल्की टक्कर लगी थी। समझौते के बाद दोनों पक्ष अपने गंतव्य को रवाना हो गए।

मां की गोद से सरयू नदी में गिरा बालक, बचाया गया

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: अयोध्या कोतवाली अन्तर्गत कच्चे घाट पर रविवार सुबह जेटी से गिरकर सरयू नदी में डूब रहे चार वर्षीय बालक को बचा लिया गया।

बिहार के भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के निवासी अभय सिंह अपने परिवार के साथ अयोध्या दर्शन के लिए आए थे। रविवार सुबह परिवार के साथ स्नान के दौरान सभी लोग जेटी पर मौजूद थे। इस दौरान मां की गोद से चार वर्षीय बालक करन सिंह सरयू नदी में गिर गया। मौके पर तैनात जल पुलिस के जवानों ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से मासूम को बचा लिया। जल पुलिस के प्रभारी हेड कांस्टेबल रुबे प्रताप मौर्य ने बताया कि बच्चे को परिवार के सुपुर्द कर दिया गया है। बेटे को सकुशल पाकर मां ने जल पुलिस का आभार जताया। रेसक्यू में आरक्षी मुन्ना लाल, शिव कुमार, अजय कुमार शामिल रहे।

डूब रहे दो युवकों को भी बचाया

मासूम के डूबने की घटना के बाद दोपहर में सरयू में स्नान के दौरान डूब रहे दो युवकों को भी जल पुलिस ने बचा लिया। सुमित कुमार पुत्र सूर्य बक्स, गांव तेरहूंत थाना हलियापुर सुल्तानपुर और अमित पुत्र सुभाष सिंह ओलानगंज जौनपुर सरयू स्नान कर रहे थे। स्नान के दौरान गहराई में चले जाने पर डूबने लगे। दोनों की गुहार पर जल पुलिस के जवानों और गोताखोरों ने बचा लिया।

अभद्रता से आहत होकर भाजपा पदाधिकारी ने पद से दिया इस्तीफा

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के दौरान पदाधिकारी के साथ समर्थक द्वारा की गई अभद्रता से आहत पदाधिकारी ने प्राथमिक सदस्यता और पद से इस्तीफा दे दिया है। शनिवार को जलालपुर नगर क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालय उद्घाटन करने पहुंचे विधानसभा स्तर के कार्यकर्ता को न केवल अपमानित किया गया, बल्कि उसे कालर पकड़कर बाहर निकाल दिया गया। नाराज पदाधिकारी ने भाजपा सोशल मीडिया ग्रुप पर अपना त्यागपत्र लिखते हुए वायरल कर दिया। इस्तीफा वायरल होते ही जहां एक तरफ कुछ भाजपाइयों में खुशी की लहर है, वहीं कुछ इसकी भर्तसना कर रहे है। बता दें कि क्षेत्र के एक मैरिज हॉल में सांसद रितेश पांडे ने यहां के भाजपा पदाधिकारियों, बूथ कमेटियों के साथ बैठक किया। उसके बाद सभी पदाधिकारी विधानसभा कार्यालय उद्घाटन के मौके पर पहुंचे थे। जहां विधानसभा मीडिया संयोजक संचालन समिति भाजपा जलालपुर को गाली-गलौज देते व अपमानित कर एक समर्थक द्वारा कार्यालय से बाहर निकाल दिया गया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी ने कहा कि अगर इस तरह से कोई पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपमानित होता है तो यह पार्टी हित के लिए अच्छी बात नहीं है। भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्रा ने बताया कि शनिवार को सांसद रितेश पांडे के कार्यालय का उद्घाटन था। हो सकता है कोई बाहरी आदमी कार्यक्रम में भगदड़ और अव्यवस्था पैदा करने की नियत से घुस आया हो।

भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

जलालपुर कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य।

अमृत विचार। क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य की मौजूदगी में जलालपुर कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान भाजपा नेता मानिकचंद सोनी ने बताया कि होली के त्योहार के दिन अक्सर पानी की समस्या होती है जिसकी उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

भाजपा नेता कृष्ण गोपाल कसौधन, केशव श्रीवास्तव, रामकिशोर राजभर समेत तमाम लोगों ने विभिन्न मुद्दों पर सुझाव दिया और कहा कि होली में साफ -सफाई, बिजली, पानी आदि कई समस्याएं हैं, जिसकी व्यवस्था पूर्व में ही कर लेनी चाहिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार को मनाए किसी भी दशा में हुड़दंग नहीं होनी चाहिए। तहसीलदार संतोष कुमार ने लोगों की मुद्दों का जवाब देते हुए कहा कि त्योहार से पूर्व सभी समस्याओं का एक टीम बनाकर निराकरण कर लिया जाएगा। लेकिन सभी लोग आपसी भाईचारे व प्रेम सौहार्द के साथ समय से त्यौहार को मनाए जिससे किसी को परेशानी न हो। इस मौके पर कोतवाल संतोष कुमार सिंह, अरुण सिंह, शत्रुघ्न सोनी, मिसम रजा, इब्ने अली जाफरी, प्रधान लालू यादव, नरेंद्र देव, अरुण उपाध्याय, संदीप अग्रहरि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

शिक्षा से जीवन को मिलता है नया रूप : डॉ. मिथिलेश

▸▸ श्रीराम अवध स्मारक शिक्षण संस्थान में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।

वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार। रविवार को श्रीराम अवध स्मारक शिक्षण संस्थान शिवपुर गयासपुर में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित और संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। विद्यालय के बच्चों ने सर्वप्रथम सरस्वती बंदना प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने स्वागत गीत, दहेज प्रथा गीत, कुरीतियों पर आधारित नाटक, देश भक्ति गीत समेत अनेक नाटक और नृत्य, संस्कृत श्लोक, म्यूजिक नृत्य प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बसखारी ओंकार गुप्ता ने कहा कि विद्यालय में कार्यक्रमों को देखकर लगता है कि ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जिस तरह से बच्चों ने उद्बोधन किया वह काबिले तारीफ है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने में आपकी महती भूमिका है।

शिक्षा का सही उपयोग होने के लिए संस्कार जरूरी

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष पंडित राजेश तिवारी ने कहा कि शिक्षा संस्कार की जननी है और शिक्षा का सही उपयोग होने के लिए संस्कार आवश्यक है। इस दौरान व्यवस्थापक पंडित हरिश्चंद्र मिश्रा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आर्शीवाद दिया। संस्था के प्रबंधक वागीश मिश्रा, विद्यालय की व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए वह लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कृष्ण कुमार उपाध्याय, डॉ. राजेंद्र दुबे, बबलू वर्मा, विवेकानंद उपाध्याय, अग्रसेन यादव, माधव मौर्य, विनोद कुमार सिंह, अशोक प्रजापति, मदनलाल राजभर सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

रमजान की टोन बढ़ा रहा हैप्पी हार्मोन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रमजान के पवित्र आगाज के साथ मनोरसायनिक बदलाव होने शुरू हो जाते हैं, जिसके कारण सकारात्मक मनोशारीरिक व मनोसामाजिक प्रभाव होते हैं। नमाज व रोजा न केवल मनोतनाव पैदा करने वाले मनोरसायन कॉर्टिसाल के स्तर को कम करते है बल्कि हैप्पी हार्मोन सेरोटोनिन व डोपामिन और आत्मीयता व आनन्द की अनुभूति वाले हार्मोन एंडोर्फिन व आक्सीटोसिन की मात्रा को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं। यह जानकारी जिला अस्पताल के मनो परामर्शदाता डॉ. आलोक मनदर्शन ने एक बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि सामूहिक इबादत व दुआओं से संवर्धित होने वाला मनोरसायन ऑक्सीटोसिन मूड-स्टेबलाइजर जैसा कार्य करते हुए शान्ति व सुकून का संचार करता है। एक साथ रोजा इफ्तार से जन मानस मे एंडोर्फिन हार्मोन की वृद्धि से सामूहिक मनोआनंद व उत्साह की मनोदशा परिलक्षित होती है, जिसे मनोविश्लेषण की भाषा में मास मेंटल-यूफोरिया या जन मनो-आनन्द कहा जाता है। उन्होंने बताया कि रोजा या उपवास इंटरमिटेन्ट फास्टिंग का सटीक वर्जन है। क्योकि भाग दौड़ भरी जिंदगी में बढ़ रही लाइफ स्टाइल बीमारियों मोटापा, उच्च रक्तचाप व मधुमेह के लाइफस्टाइल उपचार में 12 से 14 घंटे कैलोरी फूड न खाने व सकून मनोदशा की बात मेडिकल साइंस करता है जिसे इंटरमिटेंट फास्टिंग कहा जाता है।

डॉ. आलोक

सार-संक्षेप

बूथ के हर वोटर तक पहुंचाएं मोदी की गारंटी: लल्लू

सोहावल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह।

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : अधिसूचना जारी होते ही भाजपा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरना शुरू कर दिया है। रविवार को मां ज्वाला माई के पवित्र स्थान पर बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा इस बार मतदान जीत के लिए नही बल्कि रिकार्ड जीत के लिए करना और कराना है। प्रत्याशी और सांसद लल्लू सिंह ने कहा पार्टी के कार्यकर्ता ही चुनाव की रीढ़ होते है। पीएम मोदी की गारंटी और सीएम योगी की विकास योजनाओं को हर वोटर तक पहुंचाना है। इस मौके पर शोभनाथ वर्मा, राम कृष्ण तिवारी, खुन्नु पांडेय, ओम प्रकाश सिंह अरुण तिवारी, बल्ले सिंह, राम सिंह, कपिल देव तिवारी मौजूद रहे।

संपर्क मार्ग की खोदाई से आवागमन बंद, लोगों में आक्रोश

बीच सड़क पर खोदाई से बंद हुआ आवागमन।

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : अधिसूचना जारी होने से पहले जिला पंचायत कोटे से बनने वाली हाइवे लखनऊ अयोध्या के किनारे तहसीनपुर से पूरे दत्ता पुरवा बरवा संपर्क मार्ग के निर्माण में ठेकेदार ने लखौरी संपर्क मार्ग को मुहाने पर ही खोदाई कर मार्ग बंद कर दिया है। जिससे इस सड़क से वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। टोल प्लाजा बचा कर निकलने वाले वाहनों का भी मार्ग बंद हो गया है। टोल प्रबंधक सिकरवार ने सड़क की खोदाई से इंकार किया है। मार्ग बंद होने से गांव के लोगों में आक्रोश है। जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान सिंह ने बताया तिवारी पुरवा सड़क की चौड़ाई 75 सेमी बढाई जानी है। इसीलिए ठेकेदार ने संपर्क मार्ग की खुदाई की है जो जल्दी ही चालू कर दी जाएगी।

विकास और पर्यावरण में संतुलन आवश्यक : सुशील

महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान में मौजूद शिविरार्थी। अमृत विचार

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइय्या आश्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शिविरार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। बौद्धिक सत्र में विकास और पर्यावरण विषय पर परिचर्चा करते हुए सत्र के अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विकास और पर्यावरण में संतुलन आवश्यक है। डॉ. अखिलेश कुमार यादव ने मनुष्य और प्रकृति के संबंधों में सहजीवन की आवश्यकता पर बल देते हुए विकास की अंधी दौड़ से बचने का आह्वान किया। सांस्कृतिक सत्र में चांदनी द्विवेदी, सुष्मिता आदि ने अपने गीतों से सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, सैयद बाकर मेहंदी, राम अचल यादव और डॉ. सत्येन्द्र कुमार यादव, सहयोगी कर्मचारी विपिन कुमार, आलोक कुमार, वीरेंद्र मौर्य, शैलेन्द्र आदि तथा सभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयंसेविका रोशनी और संचालन सुष्मिता पाल ने किया।

कार्यशाला में दी गई अभियोजन के बारे में जानकारी

अयोध्या, अमृत विचार : अभियोजन निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में रविवार को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सूक्ष्म विश्लेषण कैसे किया जाना चाहिए, इसको लेकर अफसरों ने टिप्स दिए। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभागार में मंडल स्तरीय कार्यशाला में 2023 में सृजित भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता से जुड़े शासकीय अधिवक्ताओं और पुलिस विभाग के पर्यवेक्षण करने वाले अधिकारियों को यह प्रशिक्षण दिया गया। न्याय संहिता में हुए संशोधनों के साथ विविध प्रावधानों का सूक्ष्म विश्लेषण व जानकारी सहायक अभियोजन अधिकारी आलोक कुमार पांडेय व अतुल कुमार मिश्रा ने दी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे सहायक अभियोजन अधिकारी सुशील कुमार पाण्डेय व शरद कुमार यादव और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में के संशोधनों और प्रावधानों के सूक्ष्म विश्लेषण पर जानकारी सहायक अभियोजन अधिकारी यादवेन्द्र यादव ने दिया। आयोजन अपर निदेशक, अभियोजन अयोध्या परिक्षेत्र जगदीश नारायण त्रिपाठी ने किया। कार्यशाला में अयोध्या परिक्षेत्र के अयोध्या, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, सुलतानपुर व अमेठी के क्षेत्राधिकारी, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, जिला शासकीय अधिवक्ता व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।

36831 कापियां जांची गई, नदारद रहे 1140 परीक्षक

अयोध्या कार्यालय

▸▸ रविवार को भी पांच मूल्यांकन केंद्रों पर जारी रहा मूल्यांकन

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रविवार को भी पांच केंद्रों पर जारी रहा। दो दिन के मूल्यांकन में अब तक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कुल 36831 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया है। दूसरे दिन भी आवंटित 1830 परीक्षकों में से 1140 अनुपस्थित रहे। केवल 790 परीक्षक मूल्यांकन के लिए पहुंचे।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार शनिवार और रविवार मिला कर हाईस्कूल की कुल 22,222 और इंटरमीडिएट की 14,609 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गईं। अवशेष उत्तर पुस्तिकाओं में हाईस्कूल की 215386 और इंटरमीडिएट की 157664 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना है। सोमवार को भी मूल्यांकन जारी रहेगा। हालांकि मूल्यांकन की गति और परीक्षकों की गैरहाजिर को लेकर आगामी 11 दिनों में मूल्यांकन पूरा होने की संभावना कम दिखाई दे रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार आर्या ने बताया कि मूल्यांकन समय पर पूरा किया जाएगा।

एक हफ्ते बाद होली, कर्मियों को नहीं मिला वेतन

अयोध्या कार्यालय

▸▸ नगर निगम के आउटसोर्स के 1500 सफाई कर्मियों में आक्रोश

अमृत विचार : नगर निगम के आउटसोर्स के 1500 कर्मचारियों का वेतन फरवरी माह से न मिलने के कारण भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। होली नजदीक आते ही कर्मचारियों में अब आक्रोश उत्पन्न हो गया है। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर वेतन का भुगतान करने की मांग की है। कर्मचारियों ने सोमवार तक वेतन भुगतान न होने पर मंगलवार को आंदोलन की रणनीति बनाने का ऐलान किया है।

कार्यवाहक अध्यक्ष आशिफ अली ने बताया कि चार मार्च को दिए गए पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया था कि 15 मार्च तक कर्मचारियों का बकाया वेतन, महंगाई भत्ता व एरियर दे दिया जाए, लेकिन अभी तक नहीं मिला। उन्होंने बताया कि नगर में कुल 2500 सफाई कर्मचारी हैं, जिनमें 1500 के करीब आउटसोर्स के कर्मी हैं। 8800 के करीब वेतन दिया जाता है। उसमें भी ओवर टाइम काम लिया जाता है। आशिफ अली ने कहा कि अगर सोमवार तक कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो मंगलवार को सभी कर्मचारियों की आम सभा होगी। सभा के उपरांत आंदोलन की रणनीति बनाने पर विचार किया जाएगा, जिसमें सफाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की ही होगी।

आदेश के बाद भी नहीं बढ़ा वेतन, छलका दर्द

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रोडवेज में वेतन पुनरीक्षण का आदेश हुआ, लेकिन कई इससे वंचित रह गए। ऐसे एक नहीं कई संविदा कर्मी हैं। अब यह लोग अफसरों से लाभ दिए जाने की गुहार कर रहे हैं। रोडवेज के सेवा प्रबंधक को दिए गए प्रार्थना पत्र में अजीत कुमार वर्मा का कहना है कि वह अयोध्या डिपो में ट्रेड इलेक्ट्रीशियन के पद पर सात साल से काम कर रहे हैं। नौ हजार वेतन मिलता है। मुख्यालय से 13565 रुपये के आदेश हुए, लेकिन वह वंचित हैं। मोहित कुमार गुप्ता और सुनील कुमार उपाध्याय का दर्द भी यही है। ऐसे कई संविदा कर्मी भी हैं जिनका वेतन बढ़ने के बजाए घट गया। संविदा कर्मियों का दर्द यह है कि वह कई-कई साल से काम कर रहे हैं। मेहनत और लगन के साथ उपस्थिति भी अच्छी है, लेकिन अब तक वेतन नहीं बढ़ा। वेतन पुनरीक्षण के आदेश के बाद भी इसमें इजाफा नहीं हुआ। पहले जैसे रह गए। अब विभाग अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दे रह हैं। सेवा प्रबंधक नीरज सोनकर ने कहा है कि यदि इसमें खामी रह गई है तो इसे ठीक कराया जाएगा।

तहसीलों में शुरू हुआ होर्डिंग्स हटाओ अभियान

अयोध्या कार्यालय

सोहावल क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों से हटाई जा रहे प्रचार के पोस्टर।

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होते ही तहसीलों से लेकर ब्लाक और पंचायतों तक में सघन रूप से होर्डिंग्स - पोस्टर हटाने का अभियान शुरु कर दिया गया है। अगले 72 घंटे तक चलने वाले अभियान में सभी एसडीएम तहसीलदार और थाना प्रभारियों को लगाया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार द्वारा शनिवार देर शाम जारी निर्देश के बाद जिले की सोहावल, मिल्कीपुर, बीकापुर, रुदौली और सदर तहसील क्षेत्रों में अभियान शुरू कर दिया गया है। इतना ही नहीं सभी 11 ब्लाकों के खंड विकास अधिकारी और 865 ग्राम पंचायतों के सचिवों और प्रधानों को भी निर्देशित किया गया है आगामी 72 घंटे बाद कहीं बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स नहीं नजर आनी चाहिए। एसडीएम सदर राजकुमार पाण्डेय ने सदर क्षेत्र में शनिवार शाम से लेकर शुरू किए गए अभियान में दो सौ से अधिक स्थानों से होर्डिंग्स हटवाए है। इसके अलावा सभी दुकानदारों को चेक दी गई है कि किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री नहीं लगने दें।

सोहावल संवाददाता के अनुसार तहसील सोहावल क्षेत्र से राजनीतिक दलों की होर्डिंग्स पोस्टर, होर्डिंग्स हटाई जाने लगीं हैं । तहसीलदार सोहावल विनोद कुमार चौधरी के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और नगर पंचायत के कर्मी होर्डिंग्स को हटाने में लगे हुए हैं। रुदौली संवाददाता के अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू होते ही एसडीएम अंशिका दीक्षित, तहसीलदार राजेश वर्मा, सीओ, नायब तहसीलदार अनूप श्रीवास्तव, ईओ नगर पालिका रुदौली सुरेश मौर्य नगर पालिका परिषद रुदौली के कर्मियों ने विभिन्न क्षेत्रों में होर्डिंग्स हटवाए। रविवार को भी अभियान जारी रहा। एसडीएम ने बताया कि यदि आचार संहिता का उल्लंघन पाया गया तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गोसाईगंज संवाददाता के साथ शनिवार देर शाम आदर्श आचार संहिता का पालन करने के लिए कोतवाली पुलिस व नगर पंचायत की संयुक्त टीम कस्बे में जगह जगह लगे फ्लैक्स, बैनर को हटवाने लगी। टीम में एसएचओ परशुराम ओझा, ईओ इंद्रभान, एसआई चंद्रशेखर यादव, सिपाही अनुराग, पंचायत कर्मी जैसराज आदि शामिल रहे।

महिला का एटीएम कार्ड बदल कर निकाले 18 हजार रुपये

▸▸ पति ने दो अज्ञात लोगों पर दर्ज कराया केस

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार: नगर कोतवाली के नवीनमंडी क्षेत्र में एक महिला की आंख के सामने ही एटीएम कार्ड बदल दो बार में 18 हजार 300 रुपये निकाल लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के पति ने प्रकरण में दो अज्ञात लोगों के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मानस नगर कॉलोनी में किराये पर रह रहे अंबेडकरनगर जिले के बसखारी थाना क्षेत्र स्थित टड़वा मिश्र निवासी अजीत कुमार पुत्र रामधनी का कहना है कि उनका इंडियन बैंक में खाता है। 9 मार्च को पत्नी अर्चना यादव एटीएम कार्ड लेकर नवीन सब्जी मंडी रायबरेली बाईपास पर इंडिया वन एटीएम बूथ गई थी। वह रुपये निकाल ही रही थी कि इसी दौरान दो लोगों ने निकासी में मदद का झांसा देकर उनका कार्ड बदल लिया और 18 हजार 300 रुपये निकाल चलते बने। रकम निकासी मैसेज मिलने के बाद धोखाधड़ी की जानकारी हुई। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय का कहना कि शिकायत दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा एक करोड़ से ज्यादा की लागत से बन रहा नाला

जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते गुणवत्ता को ताक पर रखकर किया जा रहा है नाले का निर्माण

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर क्षेत्र में करीब 1 करोड़ 40 रुपए की लागत से नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। घटिया सामग्री का प्रयोग कर नाले का निर्माण धड़ल्ले से जारी है। मामला प्रकाश में आने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों पर नाले के निर्माण कार्य पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मानक और गुणवत्ता को ताक पर रखकर नाले का निर्माण किया जा रहा है। नाले के ऊपर ढाली जाने वाली पटिया भी मानक के विपरीत निर्मित की जा रही है। जिसकों लेकर बाजार वासियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

बता दें कि राजेसुल्तानपुर नगर पंचायत की ओर से कार्यदाई संस्था (ठेकेदार) द्वारा स्थानीय बाजार में लगभग एक करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से नाला का निर्माण कराया जा रहा है। मानक और गुणवत्ता की अनदेखी कर नाला निर्माण कराए जाने की तमाम शिकायतों के बाद भी नाले का निर्माण कार्य जोर पकड़े हुए है। जिम्मेदार अधिकारी गुणवत्ता को ताक पर रखकर नाले का निर्माण कार्य में रुचि लिए हुए हैं। गुणवत्ताविहीन नाले के निर्माण कार्य के बीच अब उसपर ढाली जाने वाली पटिया भी मानक के विपरीत बनाई जा रही है। सूखकर तैयार हुई पटिया को जैसे ही नाले के ऊपर रखा गया वैसे ही वह भर-भरा कर ढह गई। इसमें सिर्फ सरिया का ढांचा ही बचा हुआ है। मामले में स्थानीय लोगों ने नाला निर्माण की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग लगातार कर रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों को अनसुना कर दिया जा रहा है। मामले की जानकारी के लिए जब नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर की अधिशासी अधिकारी लक्ष्मी चैरसिया से बता करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर बता रहा था।

मानक विहीन किया जा रहा है नाले का निर्माण कार्य।

नाले के ऊपर रखने के लिए बनीं पटिया टूटी।

भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए साथ काम कर रहे मजदूर।

जेई को सौंपी गई जांच

वहीं मामले में जब नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर के चेयरमैन विनोद प्रजापति से बता की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है। नाला निमार्ण की जांच जेई को सौंपी गई है।

मगफिरत का महीना है रमजान : अली अरशद

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। अल्लाह, रसूल, कुरान और अहलबैत की ईमानदारी से पैरवी के साथ नमाज व रोजा को अमल में लाएं, जहन्नुम की आग से बचने का यही एकमात्र रास्ता है। यह बात लोरपुर ताजन के मोहल्ला हुसैनाबाद में मौलाना सैय्यद अली अरशद नकवी कही।

सैय्यद अली अरशद नकवी, मौलाना।

नमाजियों को आकृष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मजहबे इस्लाम में माहे रमजान बहुत ही पवित्र माना गया है। इस महीने में रोजा रखते और इबादते इलाही बेशुमार सवाब है। इबादत के अलावा इसे रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना भी कहा जाता है। वैसे तो प्रतिदिन अल्लाह की इबादत की जाती है लेकिन रमजान में उपासना का सत्तर गुना बढ़ जाता है। हरदोई जनपद के गौरी खालसा से आए पेश इमाम मौलाना अली अरशद नकवी ने कहा कि रमजान के मुबारक महीने में अल्लाह रब्बुल इज्जत अपने बंदों पर रहमतों की बारिश करता है। उक्त अवसर पर नैय्यर खान, सईद अहमद, जमील अब्बास रिजवी, शजर रिजवी, मतलूब हुसैन, इमरान रिजवी, लाडले, रजा, शब्द समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसी क्रम में लोरपुर में काजिम हुसैन एडवोकेट की ओर से इफ्तारी की व्यवस्था की गई। जिसमें हसन अस्करी मजलिसी, अधिवक्ता अख्तर जमाल, प्रोफेसर इरफान अहमद, मोहम्मद इस्राइल, सिब्ते हसन के अतिरिक्त सैकड़ों रोजादारों ने शिरकत किया।

7वां रोजा

शिया	
सहरी :	04.43 बजे
इफ्तार :	06.21 बजे
सुन्नी	
सहरी :	04.44 बजे
इफ्तार :	06.12 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करें राजनीतिक दल

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सी विजिल ऐप का दिखाया डेमो

▸▸ कहा - ऐप पर निर्वाचन संबंधी किसी भी गड़बड़ी की दे सकते हैं सूचना

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। चुनाव आयोग की घोषणा के बाद रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि छठवें चरण में जनपद में चुनाव संपन्न कराया जाएगा। जिसमें लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंबेडकरनगर निर्वाचन की अधिसूचना 29 अप्रैल, नाम निर्देशन के लिए अंतिम 6 मई, नाम निर्देशनों की जांच 7 मई, नाम वापसी के लिए अंतिम 9 मई, मतदान 25 मई, मतगणना 4 जून और निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया 6 जून को पूर्ण कर लिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि 55 अंबेडकरनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए कंट्रोल रूम संचालित कर दिया गया है। जिसमें किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल दी जा सकती है। इसके साथ ही झंडे की साइज 1 फिट 1/2 फिट, छड़ी की साइज 3 फिट से अधिक न हो। उन्होंने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्र की सीमा 40 डेसीबल से अधिक न हो और रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक इसका प्रयोग न किया जाए। प्रत्याशी के ऊपर यदि कोई अपराध पंजीकृत है तो उसका तीन बार प्रकाशन अवश्य कराए।

चुनाव प्रचार के दौरान एक साथ 10 गाड़ियों से अधिक लेकर चलने की अनुमति नहीं है। लोकसभा चुनाव के लिए जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, एफएसटी, एमसीएमसी सहित अन्य टीमों को आयोग के दिए गए निर्देशों के अनुसार अनुपालन के लिए निर्देशित किया गया है। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व साथ में उप जिलानिर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता।

धारा 144 का कड़ाई से कराया जाएगा पालन

पेड न्यूज पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजन और 85 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके वृद्ध जनों के लिए घर से ही वोटिंग करने के विकल्प खुले हुए हैं। वर्तमान में धारा 144 लागू है इसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा 4एम जिसके अंतर्गत मसल पावर, मनी पावर, मिस इनफॉरमेशन, एमसीसी वायलेशन से निपटने के लिए आयोग द्वारा निर्देश दिए गए हैं।

करोड़ों की लागत से होगा दरबन झील का जीर्णोद्धार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। अकबपुर तहसील क्षेत्र में स्थित दरबन झील के ईको पर्यटन विकास के लिए शासन ने 862 .52 लाख रुपए की मंजूरी दी है। जनपद में स्थित झीलों के विकास के लिए बीते दिनों जिला प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया था। जिनमें कई झीलों के विकास की कार्ययोजना पर एक साथ काम शुरू हुआ। इसी में से एक दरबन झील को विकसित करने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने विशेष रुचि ली थी। शासन ने झील को इको पर्यटक के रूप में विकास के लिए 8 करोड़ 62 लाख 52 हजार रुपए की मंजूरी दे दी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रथम किस्त के रूप में 25 लाख रुपए भी निर्गत हो गए हैं। पूरी रकम से झील का भव्य ढंग से विकास होगा और लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

जलालपुर, अंबेडकरनगर। जलालपुर से सम्बंद्ध रफीगंज उपकेंद्र पर ब्रेकर के चलते सोमवार को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सूचना देते हुए अधिशासी अभियंता एके शुक्ला ने बताया कि रफीगंज उपकेंद्र पर कई मशीन लगाने का कार्य किया जाएगा।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

महिला शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
तुरकौली, नवाबगंज–गोण्डा
9415458212, 9838989000, 9648469000
आवश्यकता
स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर वाणिज्य, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, शिक्षाशास्त्र, गृह विज्ञान, हिन्दी, भूगोल, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, राजनीतिशास्त्र विषयो मे प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमन्त्रित किया जाता है।
अर्हता –: स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55%अंको सहित, यूजी0सी0 रेगुलेशन–2016 प्रमाणपत्र सहित पी–एच0 डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।
नोट– यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानको के अनुसार शिक्षको की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जावेगी।
वेतन –: यूजीसी/डॉ0 रा0म0ए0ला0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन के मानक के अनुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रो एवं प्रमाणपत्रो/उपाधियों की स्व–प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर महाविद्यालय कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक

एक नजर

राज्य स्तरीय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता 21 से

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। राजकीय एकलव्य स्टेडियम में 21 से 23 मार्च तक राज्य स्तरीय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला ओलंपिक और हैंडबॉल संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह के अनुरोध पर खेल निदेशालय यूपी द्वारा प्रतियोगिता के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रदेश के 9 मंडलों और मेजबान जनपद की एक टीम प्रतिभाग करेगी। 18 मार्च तक सभी टीम स्टेडियम में पहुंच जाएगी। जिन मंडलों की टीम प्रतिभा कर रही है उनमें अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, बस्ती, गोरखपुर, सहारनपुर, बागपत, सोनभद्र और अंबेडकरनगर की टीमें शामिल हैं। इसकी जानकारी जिला खेल अधिकारी शीला भट्टाचार्य ने दी है।

खेत से झटका मशीन, सोलर पैनल व बैटरी चोरी

जलालपुर, अंबेडकरनगर। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के जैनापुर गांव निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया की खेत में लगे फसलों की सुरक्षा के लिए झटका मशीन लगाया गया था। शनिवार की रात हौसला बुलंद चोरों ने खेत में लगी झटका मशीन, सोलर पैनल, बैटरी आदि को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। पीड़ित ओमप्रकाश ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाने के लिए प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

प्रशिक्षक ने हिन्दी में कार्य करने के सरल उपायों की दी जानकारी

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। एनटीपीसी टांडा परियोजना में शनिवार को एकदिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन रजनीश कुमार खेतान ने किया। कार्यशाला में एनटीपीसी टांडा के नोडल अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में प्रशिक्षक श्रीनिवास शर्मा वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी में कार्य किए जाने के सरल तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षक ने धारा 3 (3) के तहत आने वाले कागजातों और संसदीय समिति के निरीक्षण के लिए तैयारी रखने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के माध्यम से कुल 30 अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। हिंदी कार्यशाला का संचालन वरुण सोनी, सदस्य सचिव राजभाषा एवं अधिकारी जनसंपर्क द्वारा किया गया।

एनटीपीसी में मौजूद प्रशिक्षक श्रीनिवास शर्मा व साथ में संचालक वरुण सोनी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं प्रवीण कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय रमा शंकर मिश्रा, निवासी– डी 832 ओमेक्स सिटी लखनऊ एतद्वारा घोषणा करता हूं कि मूल विक्रय विलेख दिनांक 07/10/2013 का अंतिम पृष्ठ अर्थात दफा 60। प्रवीण मिश्रा के नाम से क्रमांक 18710 और आवंटन पत्र खो गया है। संपत्ति का पता डी 734 ओमेक्स सिटी लखनऊ है। मैं आगे बताता हूं कि मैं एसबीआई बेहटा शाखा कोड 014895 से ऋण के लिए उक्त संपत्ति पर समतामूलक बंधक बनाना चाहता हूं। मूल विक्रय विलेख के अंतिम पृष्ठ के खो जाने के संबंध में एफआईआर संख्या–20240000 208992 दिनांक 17/03/2024 के तहत पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। यदि किसी पक्ष का उक्त प्रासंगिक संपत्ति पर कोई दावा है तो उसे इच्छुक पक्ष के साथ–साथ इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर भारतीय स्टेट बैंक की उपर्युक्त शाखा में भी दर्ज कराया जाना चाहिए।

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र प्रमाण पत्र वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1731046 इण्टरमीडिएड अंकपत्र सह प्रमाण पत्र 2012 वर्ष अनुक्रमांक 1257585 स्नातक के अंक पत्र 2016 वर्ष अनुक्रमांक 1220181149, बी.टी.सी अंकपत्र 2021 वर्ष अनुक्रमांक 19414900363 जो कि वास्तव में खो गये है। **राकेश कुमार पुत्र देशराज नि0 पंचमपुर नरेनी बॉदा**

सूचना

अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही हेतु

थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 159/22 धारा 5/27/30 आयुध अधि0 से सम्बधित अभियुक्त मनीष सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह पुत्र रामसजीवन सिंह निवासी कुण्डौरा थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर निरन्तर फरार चल रहा है। अभि0 के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा धारा 82 द0प्र0क्षे0 के अन्तर्गत हाजिर होने की उद्घोषणा दिनांक 9–2–24 को जारी की जा चुकी है। अभि0 मनीष सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह के हाजिर न होने की दशा में कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

उप निरीक्षक विजय बहादुर
थाना सुमेरपुर, हमीरपुर

सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड सं0– 933167 281627 मैं त्रुटिवस मेरा नाम मधु दीक्षित एवं मेरे पिता का नाम मधु दीक्षित अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम केशव राज दीक्षित वह मेरे पिता का नाम आशीष कुमार दीक्षित है मेरी सही जन्मतिथि 24/09/2005 है। **केशव राज दीक्षित पुत्र आशीष कुमार दीक्षित पता – 293 / 411 पुराना हैदरगंज चौक लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम सन्जू से बदलकर संजय कुमार पुत्र रघुनाथ रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **संजय कुमार पुत्र रघुनाथ निवासी– ग्राम व पोस्ट–बभना, थाना– सफीपुर, उन्नाव**

शिव मूरत सिंह महाविद्यालय
त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी
आवश्यकता है
प्रवक्ता पद हेतु
भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद
वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार
नोट–इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।
प्रबन्धक
प्रबीन कुमार सिंह
मो–9793367812

दिव्य कृपाल महाविद्यालय
गोसवां मल्लावॉ हरदोई
में आवश्यकता है
स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र –01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान –01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान –01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में–01 पद व परास्नातक हिन्दी –01 पद
योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।
आवेदन –
divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें
प्रबन्धक
श्री राकेश कुमार वर्मा
मो–9919486606

कार को बनाया हेलीकॉप्टर, सीज

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। दो भाईयों को वैगनार कार को हेलीकॉप्टर बनना महंगा पड़ गया। दोनों भाई बिना परिवहन विभाग के परमीसन के ही कार को मोडीफाई कर हेलीकॉप्टर बना दिए। जिसके बाद वह कार को पेंट कराने के लिए अकबरपुर ला रहे थे। तभी अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में यातायात पुलिस ने चेकिंग के दौरान मोडीफाई कार को पकड़ कर सीज कर दिया। बता दें कि कुछ अलग करने की तमन्ना लिए दो भाइयों ने कार को मोडिफाई कर हेलीकाप्टर बना दिया। इसके पीछे इनकी सोच थी कि इससे उनकी कमाई बढ़ जाएगी। खासकर शादी व व्याह में दूल्हे और दुल्हनों को लाने और ले जाने के लिए इसकी डिमांड बढ़ जाएगी। मोडीफाई कार फाइनल रूप देने के लिए रविवार को भीटी से अकबरपुर जिला मुख्यालय लेकर पहुंचे। जिसे देख लोग अचंभित रह गए और मोडीफाई हेलीकॉप्टर को देखने वालों का तांता लग गया। पुलिस ने कार्यवाही करके दोनों भाईयों के अरमानों पर पानी फेर दिया। अकबरपुर बस स्टेशन तक पहुंचते– पहुंचते पुलिस ने मोडीफाई कार को पकड़ लिया और उसे सीज कर दिया है। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि परिवहन विभाग के नियम के तहत किसी भी वाहन को बिना परमीशन के मोडीफाई नहीं किया जा सकता है। वाहन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया है। अन्य कार्रवाई की जा रही है।

अकबरपुर कोतवाली में मौजूद मोडीफाई हेलीकॉप्टर। अमृत विचार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Open
2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

एक नजर

मोबाइल चार्ज करने को लेकर विवाद, केस दर्ज

गोंडा, अमृत विचार : वजीरगंज थाने के बेलिया अढमलपुर निवासी ज्योसना ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि मोबाइल चार्ज करने के विवाद को लेकर विपक्षी पवन कुमार पासवान, मीना देवी व आनंद पासवान निवासी बहादुरा बीरापुर गांव के बाहर वादिनी से अभद्रता करते हुए झगड़े पर आमादा हो गए तथा जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

10 लीटर अवैध शराब बरामद, युवक गिरफ्तार

खरगूपुर, अमृत विचार : पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से दस लीटर अवैध शराब बरामद किया है। थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि और मुख्य आरक्षी मुनव्वर अली तथा अमन सिंह क्षेत्र भ्रमण पर थे। इस बीच खरगूपुर कस्बा के निकट गिरधर की बाग में नरेंद्र पांडे निवासी कस्बा खरगूपुर को संदिग्ध परिस्थिति में पकड़ा गया जिसके कब्जे से 10 लीटर शराब बरामद की गई। पकड़ा गया आरोपी उसे बेचने ले जा रहा था।

दो पक्षों में हुई मारपीट में छह लोग घायल

खरगूपुर, अमृत विचार : रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दस आरोपितों के विरुद्ध केस की है। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम चौहट्टा का है। यहां राजेश कुमार एवं कृष्ण कुमार के बीच वर्षों से जमीन को लेकर रंजिश है। उक्त रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में लाठी डंडे के प्रहार से एक पक्ष की रानी देवी उसके पति राजेश कुमार तथा देवर बाबूलाल व संदीप कुमार तथा दूसरे पक्ष से कृष्ण कुमार व उसकी पत्नी विद्या देवी घायल हो गई।

देश को उत्तर से दक्षिण तक जोड़ता है संघः डा. अनिल

गांधी विद्या मंदिर में आयोजित हुआ आरएसएस का शाखा संगम

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शाखा संगम जिले के भैया राघवराम पांडेय स्मारक श्री गांधी विद्या मंदिर इंटर कालेज प्रांगण में रविवार को संपन्न हुआ। नगर में संचालित सभी 20 शाखाओं के कार्यकर्ता और संघ की विचारधारा से जुड़े लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डा. अनिल।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने कहा कि संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण की कार्यशाला है। शाखा के शारीरिक, बौद्धिक, व्यायाम योग, खेल आदि विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा स्वयं सेवक के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। इसी क्रम में गोंडा नगर की सभी शाखाओं का शाखा संगम आज आयोजित किया गया है।

डा. मिश्र ने बताया कि डा. हेडगेवार द्वारा 1925 में चार पांच लोगों के साथ शुरू की गई शाखा आज पूरे देश में फैल चुकी है। शताब्दी वर्ष में इसे खंड स्तर तक ले जाना है। आज कश्मीर से धारा 370 खत्म हो चुकी है। संघ का स्वयं सेवक वर्षों से अपने शाखाओं पर "कश्मीर हमारा है" खेल खेलता था। उन्होंने कहा कि संघ उत्तर से दक्षिण का भेद समाप्त कराता है। अपने भूत के गौरव का याद दिलाना हमारा प्रथम कर्तव्य है। वेदों का गौरव कालीन काल रहा है। हम भूलते जा रहे थे किंतु अब वेद की महत्ता दुनिया मानने को तैयार है। वेद से ही निकले योग को आज पूरी दुनिया स्वीकार कर चुकी है। आरएसएस ने किसी आंदोलन को अपना आंदोलन नहीं माना। वह केवल स्वयं सेवकों का निर्माण करता है और उन्होंने भव्य दिव्य राम मंदिर का निर्माण कराया। संघ ने वनवासी कल्याण परिषद बनाकर उनको राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया नगर प्रचारक सूरज और नगर कार्यवाह धर्मेंद्र पांडेय ने यह जानकारी देते हुए संयुक्त रूप से बताया कि शाखा संगम में खेल, योग, आसन एवं सूर्य नमस्कार, गणगीत, सुभाषित का प्रदर्शन किया गया। अमृत वचन एवं एकल गीत का आयोजन हुआ। जिन प्रमुख शाखाओं ने आज के संगम में प्रतिभाग किया उसमें आज़ाद शाखा, गोविन्दम शाखा, कृष्णा प्रभात शाखा, श्रीनारायण शाखा, श्रीगणेश शाखा आदि शामिल हैं।

इस मौके पर जिला संघ चालक श्रीमान सिंह, पंकज अग्रवाल, ओम प्रकाश पांडेय, पूर्व विभाग संघ चालक राम प्रकाश गुप्त, अमर किशोर कश्यप, डा. आनंद, अश्वनी शुक्ल, जिला प्रचारक आकाश, श्रीमान सिंह, डा. राजेंद्र प्रसाद, वर्षा सिंह, नगर संघचालक डॉ. राजेन्द्र सिंह, केके श्रीवास्तव, बसंत शुक्ला, अशोक पांडेय, नेहा भारद्वाज, सोनी सिंह, घनश्याम पांडेय, राजेश रायचंदानी, शिव कुमार सोनी, रवि महंथ, राजा बाबू गुप्ता, प्रो. रवींद्र कुमार पांडेय, अमर जीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

दो क्विंटल लहन और उपकरण जब्त

मनकापुर, अमृत विचारः रविवार को उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महुआडीह /भरोईया भट्ठा में एक साथ शराब निष्कर्ष के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

उपजिलाधिकारी मनकापुर यशवंत राव ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महुआडीह में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा व आबकारी निरीक्षक की संयुक्त टीम के साथ दबिश दी गई। दबिश के दौरान मौके पर 2 कुंटल लहन व शराब बनाने के उपकरण नष्ट किये गए। अवैध शराब निष्कर्षण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा साथ ही साथ कार्रवाई भी होगी।

आरएनएस एनर्जी सॉल्यूशन को मिला पेट्रोल बिक्री में पहला स्थान

संवाददाता, करनैलगंज

अमृत विचारः लखनऊ के पाँच सितारा होटल हॉलीडे इन में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा आयोजित समारोह में करनैलगंज के हुजूरपुर मार्ग पर स्थित आरएनएस एनर्जी सॉल्यूशन्स को पेट्रोल बिक्री में पहला स्थान प्राप्त हुआ है।

लखनऊ में सम्मान प्राप्त करते गोंडा के तुषार मिश्रा। अमृत विचार

आरएनएस एनर्जी सॉल्यूशन्स के तुषार मिश्रा (राशू) को भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। आरएनएस एनर्जी सॉल्यूशन्स परिवार ने अपने ग्राहकों एवं स्थानीय लोगों सहित भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों का आभार प्रकट किया।

तुषार मिश्रा ने बताया कि इस मंजिल तक पहुँचने की वजह सम्मानित ग्राहकों का विश्वास और शुद्ध माप और शुद्ध क्वालिटी तेल बेचना है। उपेंद्र मिश्रा, धीरेन्द्र मिश्रा, दिनेश मिश्र, सत्येंद्र पांडेय, विजय शुक्ल, अंशुमान मिश्रा समेत समस्त समस्त कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

आकाश को रोशन करती है स्ट्रीट लाइट

कहीं अंधेरा तो कहीं लाइट बुझाना भूल जाती है पालिका, कई इलाके में लाइटें हैं खराब

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः रामलीला मैदान के सामने खंभे पर टंगी स्ट्रीट लाइट सड़क पर उजाला फैलाने की बजाय आकाश को रोशन कर रही है। विगत कई महीनों से यह लाइट ऊपर की ओर मुंह किए टंगी हुई है। यह फोटो शुक्रवार दोपहर की है जबकि गुरुवार दोपहर ही मार्ग प्रकाश विभाग की टीम ने इसी वार्ड में कई घंटों तक काम किया था।

साईं मंदिर के बगल में आकाश को रोशन करती पालिका की स्ट्रीट लाइट।

नगरपालिका के अफसर प्रकाश अनुभाग की इन कारगुजारियां के प्रति अनजान बने हुए हैं। शहर मे रसूखदारो के दरवाजे तो रौशन हैं लेकिन कई इलाके ऐसे हैं जहां शाम होते ही अंधेरा जीत जाता है। कभी कभी तो कर्मचारी लाइट बुझाना तक भूल जाते हैं। बड़गांव ओवरब्रिज के ऊपर लगाई गईं अधिकांश लाइटें खराब हैं।

उतरौला रोड पर बारी मार्केट तिराहे से महराजगंज पुलिस चौकी तक इक्का दुक्का लाइट ही जलती हैं जबकि अधिकांश खराब हो चुकी हैं। शहर के मुख्य मार्ग पर ये हाल है, वार्डों के गली मोहल्लों में केवल रसूखदारों के दरवाजे ही रोशन दिखते हैं। राजा मोहल्ला, सुभाष नगर, मालवीय नगर, राजेन्द्र नगर, महराजगंज समेत कई पुरानी आबादी वाले सघन इलाकों में शाम ढलते ही शरारती तत्वों के लिए मुफ़ीद अंधेरा कायम हो जाता है। अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा बताते हैं कि शहर के साढ़े पांच हजार से ज्यादा प्रकाश बिंदुओं पर मार्ग प्रकाश की व्यवस्था की जा रही है। दो लाइनमैन, एक चतुर्थ श्रेणी, दो सुपरवाइजर और एक लिपिक को इस काम में लगाया गया है। दो गाड़ी हाइड्रोलिक मे से एक खराब है जिसे जल्द दुरुस्त करा लिया जाएगा। शहर मे दर्ज करायी गई ऐसी सभी शिकायतों को जल्द दुरुस्त कराया जाएगा।

प्रकृति से खिलवाड़ किया तो होगा विनाश

डॉ. आलोक त्रिपाठी बोले-पर्यावरण संरक्षण से ही गौरवशाली राष्ट्र का निर्माण संभव

संवाददाता बभनान

अमृत विचारः गौरवशाली राष्ट्र निर्माण के लिए पर्यावरण संरक्षण अहम् है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करते हैं तो विनाश को आमंत्रण देते हैं। हर नागरिक को एक पौधा लगाना चाहिए। सभी की एक ही पुकार, पर्यावरण में करो सुधार।

यह बातें रविवार को आचार्य नरेन्द्र देव किसान पीजी कालेज बभनान के असिस्टेंट प्रोफेसर ने जे देवी महिला महाविद्यालय के शिवरार्थीयो को संबोधित करते हुए कही। त्रिपाठी ने कार्यक्रम को गति देते हुए कहा कि हमारा देश अध्यात्म की वकालत करता है। आने वाले समय में अध्यात्म ही राष्ट्र को बचाएगा। अध्यात्म में भी पौधरोपण व पशुपालन पर जोर दिया गया है।

शिविर में बोलते डॉ. आलोक।

पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। स्वस्थ जीवन के लिए शुद्ध पर्यावरण की जरूरत है। इसके पूर्व छपिया पुलिस की महिला कांस्टेबल ममता राज व सोनी गुप्ता ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर बताएं और सरकार द्वारा जारी किए गए महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

एनएसएस शिविर में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तृतीय दिवस का प्रारंभ कार्यक्रमाधिकारी डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव के द्वारा योगाभ्यास से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य चंद्रमौलि मणि त्रिपाठी, डॉ भूपेश मिश्रा, अजय कुमार मिश्रा, राजकुमार दुबे, बृजभूषण लाल, पूनम शुक्ला, सरिता दुबे, कार्यालय के अधीक्षक संतोष पाठक, श्याम सुंदर यादव, त्रिभुवन वर्मा, विवेक दुबे, मनोज मिश्रा, विजय दुबे व राजेश कश्यप उपस्थित रहे।

नाबालिग को किया अगवा, केस

मसकनवा, अमृत विचारः छपिया थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक नाबालिग लड़की को लेकर फरार हो गया। पिता की तहरीर पर छपिया पुलिस ने चार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। मामला छपिया थाना क्षेत्र के एक गांव का है। लड़की के परिजनों ने बताया कि आरोपी युवक पड़ोस में दिल्ली से अपने बुआ के यहां आता जाता था। परिजनों ने बताया कि तेरह मार्च को आरिफ अपने बुआ के परिवारिजनों के सहयोग से नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गया। परिवारिजनों का आरोप है क़ि लड़की अपने साथ में पचास हजार नगदी व घर के जेवरात भी ले गई है। मसकनवा चौकी प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि पांच के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

श्रीमद्भागवत कथा:तारणहार है प्रभु श्रीराम का नामः सुरेंद्र

संवाददाता, धानेपुर

अमृत विचारः नगर पंचायत धानेपुर के गौरी पुरवा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने राम नाम के महात्म्य का वर्णन किया। कथा व्यास सुरेंद्र शास्त्री जी ने कहा की राम का नाम ही तारणहार है। इस नाम के जप के प्रभाव से ही अजामिल अपने अंत समय में नारायण के धाम को गया।

इसी तरह नाम के प्रभाव ने ही हिरण्यकश्यप के कोप से प्रहलाद की रक्षा की। कथा व्यास ने नारायण के नाम की महिमा का बखान करते हुए कहा कि अजामिल के पुत्र का नाम नारायण था। जब अजामिल का अंत समय आया तो वह अपने बेटे नारायण को पुकारने लगा। बेटा तो नहीं आया लेकिन उसकी करुण पुकार सुनकर साक्षात नारायण जरूर आ गए और उसे अपने परम धाम में स्थान दिया। इसी तरह भक्त प्रहलाद की कथा भी है। प्रहलाद ने भी नारायण के नाम का भजन किया और इसी नाम जप का प्रभाव था कि हिरण्यकश्यप उसे कभी हानि नहीं पहुंचा सका। सुरेंद्र नाथ शास्त्री ने जड़ भरत की कथा भी सुनाई। श्रीमद्भागवत कथा में स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी थी। सभी ने भागवत कथा का रसपान किया। इस दौरान पवन शुक्ल, अरविंद, राजेन्द्र वर्मा, बब्लू, वासुदेव, अमन, रमेश चन्द्रिका, राम आशीष गौतम, इंद्रकांत शुक्ला, गोपाल शरण शुक्ल, दद्दन शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

कथा कहते सुरेंद्र शास्त्री। अमृत विचार

भीखमपुरवा में वोटरों को आज करेंगे जागरूक

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः विकासखंड इटियाथोक के प्राथमिक विद्यालय भीखम पुरवा में वार्षिकोत्सव, मतदाता जागरूकता सहित विभिन्न आयोजन सोमवार को आयोजित किया गया है। इस विद्यालय के शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण कार्य करते हुए छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। जिसमें न सिर्फ विद्यालय परिवार अपितु बेसिक शिक्षा विभाग विभिन्न अवसरों पर गौरवान्वित हुआ है। इस विद्यालय से अभी तक चार छात्राओं ने इण्डिया बुक आफ रिकार्ड्स में अपना नाम दर्ज कराकर जनपद का मान बढ़ाया है।

वर्तमान में विद्यालय ने एक बेहतर शैक्षणिक माहौल के साथ-साथ सृजनात्मक भौतिक परिवेश भी विकसित करने में सफलता हासिल की है। जिसमें किचन शेड व किचन गार्डन प्रमुख है। प्राथमिक विद्यालय भीखम पुरवा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान, किचन शेड व किचन गार्डन उद्घाटन व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 18 मार्च को आयोजित किया गया है। आयोजन में बतौर अतिथि के रूप में डीएम नेहा शर्मा के साथ एसपी और बीएसए को आमंत्रित किया गया है।

वाहन बेचने के लेन-देन में विवाद, विक्रेता की पिटाई

गोंडा, अमृत विचार : लोडिंग गाड़ी खरीदने के बाद क्रेता ने शर्त के मुताबिक किस्त नहीं जमा की। जब विक्रेता ने इसकी शिकायत की तो वह लोग मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित विक्रेता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। तरबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसाना पूरे कलरन पुरवा निवासी अयोध्या प्रसाद ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उन्होंने लोडिंग गाड़ी की बिक्री उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र खनोरा निवासी रामपाल को की थी। गाड़ी बेचने के समय तय हुआ था कि कुछ रुपया नगद दे दो शेष गाड़ी की किस्त को जमा करते रहना। लेकिन क्रेता द्वारा गाड़ी की किस्त जमा नहीं की जा रही है। जिसकी वजह से उनके घर फाइनेंस कंपनी के नोटिस आई। जब इसकी शिकायत थाने में की गई तो रामपाल ने पैसा देने के बहाने बुलाकर मारपीट कर पैसे छीन लिए। पीड़ित ने एसपी को पत्र देकर न्याय गुहार लगाई है।

दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को मायके छोड़ा

करनैलगंज, अमृत विचारः दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने पत्नी को प्रताड़ित करने के बाद उसके मायके छोड़कर चला गया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र ग्राम पैरौरी के मजरा अमृत पुरी पुरवा निवासी प्रगास गौतम की पुत्री आशा ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमें कहा गया है की जून 2022 में थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम जिगनिया निवासी एक युवक के साथ उसकी शादी हुई थी। अपने सामर्थ्य के अनुसार उसके माता-पिता ने दान उपहार देकर उसे विदा किया था। वह अपने ससुराल गई और पत्नी धर्म का पालन करने लगी, करीब 6 माह तक सब कुछ सही था। उसके बाद पति सहित ससुराल के अन्य लोग शादी में दहेज कम मिलने की बात कहते हुए बाइक, सोने की चैन व 25 हजार रुपए नकदी की मांग करने लगे। माता-पिता के गरीबी का हवाला देकर उसने मायके जाने से मना कर दिया। जिस पर उसी दिन से गाली व जान से मार डालने की धमकी देते हुए ससुराल वाले मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि एक दिन उसको फांसी के फंदे पर लटका दिए थे लेकिन मौसेरे भाई पहुंच गए।

युवक की पिटाई में दो पर मुकदमा दर्ज

उमरी बेगमगंज, अमृत विचारः क्षेत्र के ग्राम सभा अमदही के मजरे रुदी पुरवा निवासी रामचंद्र गौतम पुत्र जानकी प्रसाद गौतम की तहरीर पर राहुल सिंह पुत्र जगदीश सिंह संजय सिंह पुत्र रामदीन निवासी गढी के खिलाफ एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कर जांच क्षेत्राधिकारी तरबगंज को ट्रांसफर कर दी गई है। थाने में दी गई तहरीर में रामचंद्र गौतम ने बताया कि 15 तारीख को रात्रि करीब 8:00 बजे बाजार से घर आ रहा था कि धनाईगंज चौराहे के पास राहुल सिंह संजय सिंह ने उसे लाठी डंडे से मारा पीटा तथा जाति सूचक शब्दों से गाली गलौज की। लोगों द्वारा बीच बचाव करने के बाद उसकी जान बची।

शादी का झांसा देकर बिकवा दी जमीन

करनैलगंज, अमृत विचारः षड्यंत्रकारी दंपति ने एक अविवाहित व्यक्ति की शादी करने का झांसा देकर पहले उसकी भूमि बेचवा दिया। उसके बाद प्रेम जाल में फंसाकर उसे आत्महत्या करने पर विवश कर दिया। घटना के बाद मृतक के भाई की बहू ने एसपी को पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पाल्हापुर निवासी साधना सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कहा गया है की उसके पति के चाचा दिनेश सिंह की शादी नहीं हुई थी, वह ट्रैक्टर चलाकर जीवन यापन कर रहे थे। उनके नाम दर्ज वेश कीमती भूमि पर गांव के ही निवासी एक पति पत्नी की निगाहें गड़ गई। और करीब 1 वर्ष पूर्व दोनों लोगों ने षड्यंत्र के तहत शादी कराने का झांसा देकर दिनेश सिंह को अपने नजदीक कर लिया और ढाई लाख रुपए में शादी कराने की बात कहने लगे। करीब तीन माह पूर्व दिनेश सिंह ने अपने नाम दर्ज कागजात सड़क किनारे की बेस कीमती भूमि बेचकर उसमें से ढाई लाख रुपये शादी कराने के लिए दम्पत्ति को दे दिया। 15 दिन बीतने के बाद भी जब शादी नहीं करवाया तो वह अपना रुपया मांगने लगे।

अनुभूति-2024 देवेन्द्र शर्मा को मिस्टर अनुभूति एवं अग्रिमा द्विवेदी को मिस अनुभूति का खिताब

पवनदीप और अरुणिता के गीतों पर झूम उठे लोग

देवा, बाराबंकी

अमृत विचार : रामस्वरूप मेमोरियल विवि में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुभूति-2024 के तीन दिवसीय कार्यक्रम का अंतिम दिन इंडियन आइडल विजेता रहे पवनदीप राजन एवं इंडियन आइडल फेम अरुणिता कांजीवाल के नाम रहा। स्टार नाइट में दोनों इंडियन आइडल फेम ने गानों से समां बांधा कि लोग झूम उठे। कार्यक्रम की शुरुआत अरुणिता ने अगर तुम साथ हो से की। उन्होंने कई गीत पेश किये। पवनदीप ने अपने चर्चित गाने, जो तुम न हो से शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कई सुपरहिट गीत सुनाए।

रामस्वरूप मेमोरियल विवि में गीत प्रस्तुत करते पवनदीप व अरुणिता।

दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं के आए परिणामों में, दिल तो बच्चा है जी, में शिव हरि, व अन्दलीब ज़ेहरा, युगल गायन प्रतियोगिता में आयुषी एवं नंदनी, युगल नृत्य में स्वीकार मिश्रा एवं रिद्धी अग्रवाल ने बाज़ी मारी। एसएमआरयू के छात्र देवेन्द्र शर्मा को मिस्टर अनुभूति एवं मिस अनुभूति का ताज बीबीडी की छात्रा अग्रिमा द्विवेदी के नाम रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विवि के चांसलर इ. पंकज अग्रवाल, प्रो. चांसलर इ. पूजा अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो.(डॉ.) देवेन्द्र शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. नीरजा जिन्दल उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव प्रभारी डॉ. वीना सिहं एवं कार्यक्रम संयोजक इ. रोहित सिंह ने कार्यक्रम के सफल समापन पर सभी क्लबों के सदस्यों को बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह टीम वर्क के कारण सफल हो पाया है। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी व छात्र मौजूद रहे।

सफलता के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत : पवनदीप

दीपराज सिंह, देवा, अमृत विचार : इंडियन आइडल सीजन-12 के विजेता फेमस सिंगर पवनदीप राजन शनिवार को राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में अनुभूति 2024 वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने आये। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट मार्ग नहीं होता है बल्कि उसके लिये कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि गायन के क्षेत्र में कठिन मेहनत जरूर करनी पड़ती है पर सफलता पाना नामुमकिन नहीं है। उन्होंने कहा कि कठिन मेहनत करने वालों को सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि वह उत्तराखंड के परंपरागत गीतों की भी पहचान बनाये रखना चाहते है। उन्होंने कहा कि लखनऊ की तहजीब व व्यंजनों के वह कायल हैं।

69 लीटर शराब के साथ चार बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : सुबेहा और रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस की टीम ने 69 लीटर शराब के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। संबंधित थानों की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

सुबेहा थाने की पुलिस टीम ने रविवार को फुलसागढ़ी मजरे अहिरगांव निवासी कुलदीप और दयाशंकर को 40 लीटर शराब के साथ दबोचा। वहीं रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस की टीम ने अल्पी का पुरवा मजरे भिखरपुर निवासी श्री कृष्ण उर्फ किशन तथा अयोध्या के रौनाही थाना क्षेत्र के निवासी जमील अहमद को 29 लीटर शराब के साथ पकड़ा।

मतदान केंद्र का लिया जायजा

संवाददाता, रुपईडीह

अमृत विचारः पुलिस चौकी आर्यनगर के प्रभारी प्रशांत गुप्त ने बनगाई व कोचवा गांव का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए स्थापित मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था के बारे में ग्रामीणों से जानकारी हासिल की। कहा गया कि मतदान के दिन केंद्र पर सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें ताकि किसी भी मतदाता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

नन्दिनी कालेज, नवाबगंज–गोण्डा
9415458212, 9838989000, 9648469000

आवश्यकता

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में प्राचार्य पद पर तथा स्नातक स्तर पर वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान विषयों मे प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जाता है।

अर्हता – : स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंकों सहित, यूजी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच0 डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।

नोट– यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जावेगी।

वेतन – : यूजीसी/डी0 रा0म0ल्ली0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन के मानक के अनुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों/उपाधियों की स्व-प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति सलग्न कर महाविद्यालय कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन करें।

प्रबन्धक

एक नजर

चिकित्सक विहीन है पशु अस्पताल झलहिया

रुपईडीह, अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत बीरपुर झलहिया में संचालित राजकीय पशु चिकित्सालय में एक साल से पशु चिकित्साधिकारी का पद रिक्त चल रहा है। इससे क्षेत्र के अधिकांश पशुपालकों को चिकित्सालय का भरपूर लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रधान रिंकू ओझा ने जिलाधिकारी से उक्त चिकित्सालय में किसी पशु चिकित्साधिकारी की तैनाती कराए जाने की मांग की है।

कुरासी में बदले गए जर्जर विद्युत पोल और तार

रुपईडीह, अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुरासी में जर्जर तारों व विद्युत खंभों को ग्राम प्रधान रामगोपाल अवस्थी के अथक प्रयास से विभाग ने बदल दिया है। इससे गांववासियों में प्रसन्नता व्याप्त है। गांव निवासी सर्वदानंद अवस्थी, बांकेलाल, केदारनाथ, राम लल्लन आदि लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत में लगे जर्जर बिजली के तार व खंभो के चलते अधिकांश उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से बिजली नहीं मिल पा रही थी। उनकी इस माँग पर विभाग द्वारा जर्जर तार व खंभो को बदल दिया गया है।

जन आरोग्य मेले में 25 मरीजों का किया उपचार

रुपईडीह, अमृत विचार : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चीफ फार्मासिस्ट कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस मेले में विभिन्न गांवों को मिलाकर 25 मरीज का चिकित्साधिकारी डॉ वीर बहादुर सिंह द्वारा उपचार किया गया।

मारपीट के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

रुपईडीह, अमृत विचार : छह साल पहले दहेज उत्पीड़न को लेकर हुई मारपीट की घटना में न्यायालय से वांछित चल रहे कौड़िया के बौनापुर गांव निवासी अरविंद व रवि शुक्ल तथा 23 साल पहले हुई मारपीट घटना में न्यायालय से वांछित से चल रहे लैबुड़वा गांव निवासी रामदयाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मल्लापुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

रुपईडीह, अमृत विचार : सिद्धि विनायक परास्नातक महाविद्यालय पिपरा बाजार के तत्वावधान में किसान इंटर कॉलेज कॉलेज मल्लापुर में एनएसएस के तहत शुरू सात दिवसीय शिविर का प्रबंधक डॉ ओपी मिश्र व लायकराम पांडेय ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व पूजा अर्चना के साथ उद्घाटन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कल्पना पाठक, कार्यक्रमाधिकारी डॉ अर्चना मिश्र, प्रशासक आशीष कुमार पाठक, भरत लाल द्विवेदी, सोनी पांडेय, आरती मिश्र, नीरज पांडेय, शिव मंगल पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

100 बच्चों को कराया गया शैक्षिक भ्रमण

गोंडा कार्यालय

आंचलिक केंद्र लखनऊ में मौजूद बच्चे। अमृत विचार

अमृत विचार: राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत परसपुर के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 100 बच्चों को शैक्षिक भ्रमण हेतु लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी ले जाया गया। जहां पर बच्चो ने भौतिक विज्ञान के सिद्धांतो की प्रायोगिक व्याख्या के वर्किंग मॉडल, गति, प्रकाश घर्षण, सापेक्षता के सिद्धांत मानव का विकास मानव के व्यवहार डीएनए का मॉडल जीन से संबंधित शरीर में होने वाले परिवर्तन के बारे में विस्तृत जानकारी विज्ञान आरपी आलोक कुमार सिंह, विज्ञान शिक्षक मनोज कुमार चतुर्वेदी, एआरपी जयप्रकाश यादव, एआरपी मनोज कुमार, नरेंद्र विश्वकर्मा, महेश सिंह, भाटी भौमिक, प्रियंका सिंह द्वारा बच्चों को दी गई। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान परसपुर विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह द्वारा अपने निर्देशन में बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण करवाया। भ्रमण के दौरान बच्चों में उत्पन्न जिज्ञासाओं को अध्यापकों द्वारा उसका हल किया गया। सभी बच्चों पूरे मन योग से भ्रमण का आनंद लिया। विकासखंड परसपुर के लेखाकार अनुज कुमार सिंह भ्रमण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक करते छात्र पंचायत के सदस्य। अमृत विचार

शत-प्रतिशत मतदान की बनाई रणनीति

गोंडा, अमृत विचार : रविवार को राष्ट्रीय छात्र पंचायत की बैठक बहलोलपुर कार्यालय पर संपन्न हुई, जिसमें राष्ट्रीय छात्र पंचायत राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि सभी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए कार्यक्रम करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति जो 18 की आयु पार कर चुका है, मतदान से वंचित न रहे। हम सभी कार्यकर्ता इसके लिए अभी से तैयारी पूर्ण कर चुके हैं। लोकसभा संयोजक रंजीत पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय छात्र पंचायत द्वारा गोंडा लोकसभा में नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, दीवार लेखन, चाय पर चर्चा, रात्रि चौपाल आदि कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का काम करेंगे। इस अवसर पर राजेश मौर्य, विराट मिश्रा, अमन शुक्ला, सतीश मिश्रा, सूरज शुक्ला, दीनानाथ वर्मा मोबीन खान आदि रहे।

गोंडा नगरपालिका अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर

अवैध तरीके से पालिकाध्यक्ष के नाम दर्ज की गई थी शत्रु संपत्ति

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: नगर पालिका परिषद गोंडा की अध्यक्ष उजमा राशिद के खिलाफ थाना नगर कोतवाली में शनिवार को एफआईआर दर्ज करा दी गई है। शत्रु सम्पत्ति पर अवैध रूप से कब्जा किए जाने के प्रकरण में यह कार्यवाही की गई।

आरोप है कि नगर पालिका परिषद के दस्तावेज में कूट रचना कर अनियमित एवं अवैध तरीके से शत्रु संपत्ति को उजमा राशिद के नाम अंकित किया गया है। आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 के अंतर्गत यह एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि संरक्षक शत्रु संपत्ति गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देश पर जून 2023 में नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद के रकाबगंज स्थित आवास को सील करा दिया था।

जांच में स्पष्ट हुआ है कि नगर पालिका परिषद गोंडा के शत्रु संपत्ति संबंधी दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गई। कूट रचना कर अनियमित एवं अवैध तरीके से उजमा राशिद का नाम इन दस्तावेजों में अंकित किया गया।

संरक्षक शत्रु संपत्ति गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के आदेश पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस पूरे प्रकरण को संज्ञान में लिया। उनके निर्देश पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

किरायेदार दिखाकर किया गया कब्जा

प्रकरण गोंडा के रकाबगंज में स्थित दुकान संख्या 15 और 16 से संबंधित है। यह शत्रु संपत्ति है। 1967 में देश भर की शत्रु सम्पत्तियां संरक्षक शत्रु सम्पत्ति गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के नाम हस्तांतरित कर दी गई थी। वर्ष 2020 में गोंडा के रकाबगंज स्थित इस शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जा किए जाने का प्रकरण सामने आया। संरक्षक शत्रु संपत्ति गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के स्तर पर जांच कराई गई। इस जांच में शत्रु संपत्तियों पर अनाधिकृत रूप से कब्जा किए जाने का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि उजमा राशिद को वर्ष 2001-02 से इस सम्पत्ति का किरायेदार दिखाया गया है। इस सम्पत्ति का हस्तांतरण भी किया गया।

पैमाइश तो की पर नहीं दी जमीन

मनकापुर, अमृत विचार: ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हरनाटायर निवासी विक्रम सोनी ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेज कर कहा है कि उसकी माता सुषमा देवी के नाम गाटा संख्या 194 में 0. 053 हेक्टर कृषि भूमि का पट्टा हुआ था। काफी अनुनय विनय करने पर हल्का लेखपाल अंकित श्रीवास्तव ने पंद्रह सौ रुपए सुविधा शुल्क लेने के बाद पैमाइश तो किया लेकिन पट्टा सुदा जमीन का पूरा रकबा न देकर चले गए। ऐसी स्थिति में प्रार्थी की अपूर्णिनीय क्षति हो रही है। पीड़ित ने कहा है कि लेखपाल द्वारा सुविधा शुल्क के नाम पर लिए गए रुपए को वापस दिलाते हुए पट्टे की जमीन पर कब्जा दिलाया जाय।

मिस्टर इंडिया को विश्व रत्न सम्मान

संवाददाता, परसपुर: जनपद के विकासखंड परसपुर के ग्राम सीरपुरवा हरदिहा सपौर में एक साधारण परिवार में जन्मे जादूगर मिस्टर इंडिया अपने अनोखे हुनर का बेहतरीन प्रदर्शन से आसमान की बुलंदियों को छूने का प्रयास कर रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास की देन है कि इनको इस मुकाम तक पहुंचा दिया और विश्व विख्यात जादूगर के रूप में जाने पहचाने जाने लगे। उन्हें विश्वरत्न पुरस्कार से नवाजा गया है।

अभी हाल ही में इन्हें परम् भूषण अवॉर्ड से नवाजा गया था। जादू की दुनिया में अब एक के बाद एक हैरतअंगेज कारनामों के माहिर कलाकार के रूप में अपनी ख्याति हासिल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जादूगर मिस्टर इंडिया ने अनोखा धमाल मचाया। उन्हें वर्थी वेलनेस फाउंडेशन नीति अयोग भारत सरकार द्वारा विश्व रत्न सम्मान दिया गया है। पूर्व में जादू भूषण राष्ट्रीय अवॉर्ड महाराष्ट्र, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल मैन अवार्ड, एशिया बेस्ट आर्टिस्ट अवार्ड बंगलुरू, प्रेसिडेंटल अवार्ड न्यूयॉर्क अमेरिका, भारत भूषण अवार्ड मध्यप्रदेश सहित सैकड़ों अवार्डों से सम्मानित होकर अपने क्षेत्र व जनपद के नाम रोशन किया। जादूगर मिस्टर इंडिया कहते हैं कि जादू कला मनोरंजन का साधन होने के साथ साथ एक अनोखी कला है। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता एवं क्षेत्रवासियों को देते हुये कहा दुनिया में हर चीज सम्भव है।

इस दौरान चेयरमैन वासुदेव सिंह, प्रमोद मिश्रा जिलाध्यक्ष कांग्रेस, अजय शुक्ल, देवेंद्र सिंह काका, राजेश पाण्डेय, केबी सिंह, डॉ भास्कर पाण्डेय, डॉ अमित कुमार सेन, डॉ एसपी सिंह, देवेंद्र दत्त मिश्रा, अमिताभ सिंह, शिवनन्दन पाण्डेय, गिरीश नारायण सिंह, डॉ दलजीत सिंह, रामदीन विश्वकर्मा, हनुमान प्रसाद कुशवाहा, राजकुमार मिश्रा, सहदेव चौहान मुंसी, पवन शुक्ला सहित अन्य तमाम क्षेत्रियजनों ने बधाई देते हुए अपने जनपद का नाम रोशन करने के लिये शुभकामनाएं दी है।

संदिग्ध हालात में महिला की मौत, केस दर्ज

संवाददाता, परसपुर

अमृत विचार: नगर पंचायत के नौशहरा मोहल्ला में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकता मिला। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर ससुरालीजनों पर नारी क्रूरता अधिनियम सहित हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस एवं फोरेंसिक टीम पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। थाना उमरी बेगमगंज क्षेत्र के ग्राम भया पुरवा सरैया नान्हू निवासी अरविन्द कुमार शुक्ला पुत्र सरजू प्रसाद शुक्ल ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि उसकी बहन कुमारी दुर्गेश शुक्ला पुत्री सरजू प्रसाद शुक्ला का विवाह सन् 2012 में रमेन्दर उर्फ बबलू पाण्डेय पुत्र धन लाल पाण्डेय ग्राम नौशहरा थाना परसपुर के साथ हुआ था। जिसे ससुराल के लोग पति रमेन्दर उर्फ बबलू पाण्डेय, ससुर धन लाल पुत्र सत्य नरायन, सास व बडी ननद सारिता मानसिक व शरीरिक रुप से प्रताड़ित व परेशान करते थे। जिसकी शिकायत वह किया करती थी। आरोप है कि रविवार की सुबह ससुरालीजनों ने उसकी बहन की हत्या कर उसका शव फंदे पर लटका दिया है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि पंचनामा के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के भाई की तहरीर पर ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

अराजकतत्वों पर रखें नजर: कोतवाल

कोतवाली में बैठक करते अधिकारी व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

गोंडा, अमृत विचार: आगामी पर्व व चुनाव को लेकर कोतवाली देहात परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कोतवाल देहात देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्र से आए हुए ग्राम प्रधान व संभ्रांत व्यक्तियों से कहा कि अपने अपने गांव क्षेत्र में शांतिपूर्वक त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा त्योहार में हुड़दंग व गलत कार्य करने वाले लोगों को चिन्हित करें और पुलिस को इसकी तत्काल सूचना दें। कोतवाल देहात ने कहा कि कोई भी पर्व चाहे जिस समुदाय का हो आपस में मिलकर मनाना चाहिए। त्यौहार उत्सव का दिन होता है। इसमें सभी लोग सहयोग करें और आनंद उठाएं। त्यौहार में अराजक तत्व पर विशेष ध्यान दिया जाए। गड़बड़ी करने वाले के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने पुलिस कर्मियों को भी बताया कि सभी लोग अपने क्षेत्र में जाकर अराजक तत्व को चिन्हित करें। पीस कमेटी के बैठक के दौरान क्राइम इंस्पेक्टर शिवानंद, वरिष्ठ उप निरीक्षक खुश मोहम्मद, चौकी प्रभारी सालपुर उमेश सिंह, चौकी प्रभारी खोरहंसा, अजय तिवारी, चौकी प्रभारी दर्जी कुआं संजीव राय, चौकी प्रभारी पथरी बाजार प्रशांत शुक्ला, उप निरीक्षक, बीके शर्मा, राजेश कुमार दुबे, अरविंद राय, विजय बहादुर सहित देहात कोतवाली के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

चेकिंग में 62 यात्री बिना टिकट धराए

गोंडा, अमृत विचार: बहराइच जाने वाली सवारी ट्रेनों में टिकट चेकिंग का अभियान चलाया गया। दो दिन चलाए गए अभियान में कुल 62 लोग बेटिकट पकड़े गए। जुर्माने के रूप मे 17650 रुपये वसूले गए। रविवार को प्लेटफॉर्म निरीक्षक के एल यादव, चीफ टिकट कलेक्टर एसपी कनौजिया और आकाश अग्रहरी ने ट्रेनों में छापेमारी कर 20 लोगों को बिना टिकट पकड़ा। उनसे 56 सौ जुर्माना वसूला गया। इसके पूर्व चीफ टिकट कलेक्टर एसके पटेल और कृष्ण मोहन गुप्ता ने बहराइच से गोंडा अप व डाउन ट्रेनों में भी औचक चेकिंग कर 42 बेटिकट यात्री पकड़े थे जिनसे 12 हज़ार 50 रुपए जुर्माना वसूला गया।

बंदियों के स्वास्थ्य की हुई जांच

कारागार में आयोजित शिविर में मौजूद डॉक्टर व रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य।

गोंडा, अमृत विचार: भारतीय रेडक्रास सोसाइटी की अध्यक्ष एवंडीएम नेहा शर्मा के निर्देश पर मंडल कारागार में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। उपाध्यक्ष जसपाल सिंह सलूजा के नेतृत्व में मुख्य अतिथि सीएमओ, चेयरमैन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी डॉ रश्मि वर्मा के द्वारा फीता काटकर किया गया। सोसाइटी के सचिव एसीएमओ डॉ आदित्य वर्मा के साथ ज़िला अस्पताल की टीम में डॉ फारूख सगीर एवं अन्य चिकित्सकों ने बन्दियों की स्वास्थ्य की जांच कर दवाएं वितरित किए। आशादेव हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ डीएम शुक्ला और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की संरक्षक डॉ ज्योत्सना शुक्ला ने बंदियों की जांच व सेवा में योगदान दिया। मैक्स डायग्नोस्टिक सेंटर के डायरेक्टर डॉ संतोष सिंह के नेतृत्व में उनकी टीम ने बंदियों की निःशुल्क खून जांच की। अस्पताल से आई टीम ने रक्त की जांच के साथ ही महिला पुरुष बंदियों का नेत्र परीक्षण किया। जेल अधीक्षक प्रमोद सिंह का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर अनिल श्रीवास्तव, डॉ शेर बहादुर सिंह, प्रमोद नंदन श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, एसएन सिंह, केबी सिंह, आईबी श्रीवास्तव, अतीक अहमद, पंकज सिन्हा आदि मौजूद रहे।

485 माध्यमिक विद्यालयों में शुरू होगी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की पढ़ाई

गोंडा, अमृत विचार: माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को कंप्यूटर में दक्ष बनाने के साथ उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की पढ़ाई के लिए कार्य शुरू किया जाना है। इसके लिए लखनऊ विवि के 11 शिक्षकों की टीम को पोर्टल तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस पढ़ाई से जिले के 485 माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को दक्ष बनाने में मदद मिलेगी। सबसे पहले माध्यमिक स्कूलों के बच्चों को कंप्यूटर का बेसिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। लखनऊ विवि की टीम ने भी सिफारिश की है कि माध्यमिक स्कूलों में प्रवेश लेने वाले बच्चों को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी दी जाए। जिले में 200 विद्यालय ऐसे हैं जिसमें कंप्यूटर शिक्षा की बेसिक जानकारी दी जा रही है।

जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सभी माध्यमिक व बेसिक स्कूलों को इसके बारे में सूचना भेजी गई है। कहा गया है कि कोई भी शिक्षक व छात्र अपनी सुविधा अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को तैयार वेबसाइट के माध्यम से सीख सकता है। इसमें छात्र और प्रोफेशनल लेवल के अलग-अलग सेगमेंट हैं। रजिस्ट्रेशन के समय नाम, जन्म तिथि, आधार नंबर, ईमेल आईडी भरना होगा। टेस्ट में मानक के अनुसार, नंबर मिलने पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की तरफ से सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

नेटवर्क फेल, नहीं हुआ राशन वितरण

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: अफसरों की एक गलती ने खाद्यान्न वितरण पर ग्रहण लगा दिया है। इस गर्मी में जब राशन कार्ड धारक खाद्यान्न लेने जाता है तो मशीन में नेटवर्क न होने के बात सामने आ रही है। खाद्यान्न वितरण का तीसरा दिन है, लेकिन किसी दुकान पर में शायद ही 50 राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरित किया गया हो।

मार्च माह से नई मशीनों से खाद्यान्न वितरण का आदेश था जिसको लेकर पूरे प्रदेश सहित जनपद में लिंक बेल कंपनी की मशीन आ गई। कंपनी के प्रतिनिधियों ने इलेक्ट्रॉनिक वेइंग व ई-पास मशीन को लेकर प्रशिक्षण भी दिया। जब कोटेदारों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था तो कोटेदारों ने मशीन में वोडा व बीएसएनएल की सिम लगी होने की बात कहते हुए नेटवर्क न होने की समस्या को रूबरू कराया था। मांग भी किया गया था कि नई मशीन में एयरटेल या जिओ कंपनी का सिम लगाया जाए, ताकि मशीन में नेटवर्किंग की समस्या ना हो। लेकिन कंपनी के अफसरों ने आश्वासन की छुट्टी पिलाकर कोटेदारों को मशीन थमा दी। अब जब कोटेदारों ने खाद्यान्न वितरण करना शुरू किया तो नेटवर्क ही नहीं आ रहा है। गर्मी शुरू हो गई है, लाभार्थी दुकान पर जाकर घण्टों अंगूठा लगाने के लिए खड़े रहते हैं और जब अंगूठा नहीं लगता है तो घर आ जाते हैं। तमात ऐसे लाभार्थी हैं जो दैनिक मजदूरी करते हैं उनके लिए नेटवर्क अभिशाप बनता जा रहा है। महिलाएं भी धूप से परेशान हो रही हैं। वितरण शुरू हुए तीन दिन हो गए, लेकिन बहुत कम ही लोगों को खाद्यान्न नसीब हुआ है। नगर पालिका परिषद गोंडा के दयानंद नगर मोहल्ले में स्थित उचित दर विक्रेता ज्ञानमती सोनी के यहां काफी भीड़ रही। रविवार होने के कारण लोगों ने पहले खाद्यान्न लेना उचित समझा। मोहम्मद फारूख बताते हैं कि सुबह से आये हैं। कई बार अंगूठा लगाया, लेकिन खाद्यान्न नहीं मिल सका। काफी धूप भी है। काम धंधा छोड़ कर आना पड़ता है। खाली हाथ वापस जा रही अलीमून का कहना है कि दो बार आई। रोजा चल रहा है।

अनियमितता | कामकाज के बंटवारे पर उठ रहे सवाल, बड़े घोटालों और वित्तीय अनियमितताओं के बावजूद सबक नहीं ले रही पालिका

नगरपालिका के बाबुओं पर है जिलाधिकारी की नजर

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: शहर के 27 वार्डों में से 12 की सफाई नायकों को अनुशासन के नाम पर पालिकाध्यक्ष ने इधर से उधर कर दिया। शिकायत हुई तो डीएम को हस्तक्षेप करना पड़ा। डीएम के सख्त तेवरों का नतीजा ये रहा कि तीन महीनों बाद अध्यक्ष के आदेश को वापस लेना पड़ा। ईओ संजय मिश्रा ने वार्डों की सफाई नायकों को पूर्व के तैनाती स्थलों पर पुनः बहाल कर दिया। आरोप था कि ये स्थानांतरण मनमाने थे जिसके लिए न तो बोर्ड से और न ही अधिशासी अधिकारी की सहमति ली गई थी।

चर्चा है कि मार्ग प्रकाश, जलकल, निर्माण, स्वास्थ्य व सफाई, पीएफ, नजूल, लेखा, किराया वसूली, टैक्स समेत सभी महत्वपूर्ण पटलों पर डीएम ने निगरानी शुरू करवा दी है। अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि डीएम के आदेश के अनुपालन में सभी स्थानांतरित सफाई नायकों को पुराने वार्डों में पुनः तैनात किया जा चुका है।

पटल लिपिकों की तैनाती में कुप्रबंधन हावी: चूंकि लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों की नियुक्ति अरसे से नहीं हुई है इसलिए इधर पालिका में सेवानिवृति के बाद कई लिपिकों की कमी हुई है। इसके बावजूद इनकी तैनाती प्रक्रिया काफी ढीली ढाली है।

जलकल और पालिका लिपिकों की तैनाती के बावजूद टाउन हॉल और पानी टैंकरों के बुकिंग के लिए अलग से एक लिपिक लगाया गया है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को नगरपालिका के साढ़े तीन दर्जन छोटे बड़े वाहनों की देख रेख का जिम्मा सौंपा गया है, जबकि इस अनुभाग मे तेल घोटाले और कबाड़ घोटाले का इतिहास रहा है। दुकानों की किराया वसूली के लिए तैनात संग्राहक खुद ही दुकानों के आवंटी बन गए हैं और वसूली की बजाय नामांतरण की प्रक्रिया में रुचि ले रहे हैं। इसका नतीजा ये है कि पालिका की कुछ दुकानें मौके से गायब हैं और सम्पत्तियों की बंदरबांट जारी है। इसके अलावा कई अन्य गंभीर अनियमितताओं की शिकायत को लेकर कई बड़े रडार पर हैं।

इन अनुभागों की गतिविधियां हैं संदिग्ध

जलकल परिसर स्थित मार्ग प्रकाश अनुभाग का स्टोर काफी चर्चा मे रहा है। विगत दो वर्षों में मंगाई गई सामग्री, उपभोग और अवशेष उपकरणों के हिसाब किताब मे हेरा फेरी की सूचना है। यही हाल जलकल अनुभाग और इसी परिसर मे संचालित वाहन अनुभाग मे भी है, यहां कबाड़ घोटाले की शिकायतें हैं। पीएफ मद मे हुए करोड़ों के घोटालों का मामला प्रकाश मे आने के बावजूद प्रबंधन इस ओर सतर्कता नहीं बरत रहा है। संवेदनशील कार्य लिपिकों की बजाय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से लिए जा रहे हैं। कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारी गायब हुई पीएफ राशि की शिकायत शासन से करने का भी मन बना चुके हैं। दुकानों की किराया वसूली मामले मे भी कई ऐसे मामले डीएम दरबार की दस्तक देने जा रहे हैं जिसमें भुगतान के बाद दी गईं रसीदों का कोई रिकार्ड नहीं पाया गया है यानी रसीदें फर्जी साबित हुई हैं।

नवागत बीईओ ने औचक निरीक्षण कर दिये निर्देश

परसपुर, अमृत विचार: शिक्षाक्षेत्र के नवागत खंड शिक्षाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बागडोर संभालने के बाद कंपोजिट विद्यालय करनपुर व तुलसीपुर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बच्चों के शैक्षिक योग्यता का परीक्षण किया। तथा छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों को गांवों में जाकर डो-टू-डोर संपर्क करने के निर्देश दिए।साथ ही साथ अधूरे पड़े विद्यालय की बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य को अति शीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित दिया।

ट्रैक्टर और बाइक भिड़ंत में युवक घायल

गोंडा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र कटरा बाजार भारत पेट्रोल पंप के समीप कटरा-मंडप मार्ग पर नहर के पास आ ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना कटरा बाजार निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि जिला बहराइच के थाना विशेश्वरगंज के गंगा जमुनी गांव निवासी अमित मिश्रा (24) अपने घर से कहीं रिश्तेदारी में जा रहा था तभी कटरा की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे भारत पेट्रोल पंप के सामने कटरा-मंडप मार्ग पर एक नहर के पहले टक्कर में घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए कटरा सामुदायिक केंद्र भेजा गया है।

नन्दिनी नगर महाविद्यालय, नवाबगंज-गोण्डा
9415458212, 9838989000, 9648469000

आवश्यकता

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर वाणिज्य, मनोविज्ञान, संगीत, चित्रकला, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, सैन्य विज्ञान, कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं परास्नातक स्तर पर वाणिज्य, मनोविज्ञान, भूगोल, अंग्रेजी, गणित, रसायन विज्ञान विषयो मे तथा बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम मे प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जाता है।

अर्हता -: स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55%अंकोंसहित, यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच0 डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।

नोट- यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानको के अनुसार शिक्षको की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जावेगी।

वेतन -: यूजीसी/डॉ0 रा0म0ल0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन के मानक के अनुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रो एवं प्रमाणपत्रो/उपाधियो की स्व-प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर महाविद्यालय कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन करे।

प्रबन्धक

दूसरे दिन भी क्षेत्रों से उतारे गए बैनर व पोस्टर

▸▸ एसडीएम की देखरेख में चला अभियान

पयागपुर/मिहीपुरवा

अमृत विचार: चुनाव आचार संहिता का अनुपालन करवाने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी लगे हुए हैं। पयागपुर और मिहीपुरवा क्षेत्र में एसडीएम की देखरेख में बैनर पोस्टर उतारे लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही प्रशासन पूरी तरह से हरकत में आ गया।क्षेत्र में जगह जगह राजनीतिक दलों के लगे बैनर पोस्टर उतरवाने में प्रशासन जुट गया है।रविवार को पयागपुर के उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार ने शिवदहा चौराहा,पैतोरा मोड़,बस स्टॉप सहित विभिन्न स्थानों पर लगे होल्डिंग,वाल पेंटिंग को हटवाते दिखे। एसडीएम ने कहा की आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाएगा,क्षेत्र के सभी चौराहों से होल्डिंग बैनर हटा दिया जाएगा आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार चुनाव कार्य सम्पन्न कराए जाएंगे। इस दौरान तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार,लिपिक सत्यपाल यादव, अधिशासी अभियंता प्रदीप शुक्ला,लेखपाल सौरभ शर्मा,कौशल त्रिपाठी, थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे। उधर लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत आचार संहिता लगते ही प्रशासन एक्शन मोड में आया गया। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र में राजनीतिक रूप से लगाई गई होर्डिंग को उप जिलाधिकारी संजय कुमार ने हटवाना शुरू कर दिया है। उप जिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि आचार संहिता लगते ही प्रशासन अलर्ट मोड में है, निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए होर्डिंग को हटाया जा रहा है। एसडीएम की देखरेख में कई स्थानों से बैनर और पोस्टर के साथ होर्डिंग हटाए गए।

पयागपुर में पोस्टर हटवाते एसडीएम। अमृत विचार

मिहीपुरवा में पोस्टर हटवाते एसडीएम। अमृत विचार

गेट परीक्षा में शाकिब को देश में मिला छठा स्थान

बहराइच : जिले के गल्ला व्यापारी शकील अहमद मेकरानी के छोटे पुत्र मो. शाकिब ने गेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर राष्ट्रीय स्तर पर छठवीं रैंक हासिल कर पूरे देश मे बहराइच का नाम रोशन किया है। शहर के मोहल्ला सालारगंज निवासी शकील मेकरानी के 24 वर्षीय पुत्र मो. शाकिब ने कक्षा 6 से 12 तक सिविल लाइन रोड स्थित सेवेन्थ डे इण्टर कॉलेज से पढ़ाई की उसके बाद आईआईटी पटना से बीटेक की डिग्री हासिल की और इस वर्ष गेट की परीक्षा दी। जिसका शनिवार को परिणाम आया। उन्होंने 82 .64 प्रतिशत नम्बर हासिल किये और शाकिब की आल इण्डिया रैंक 06 आई है। शाकिब की शानदार कामयाबी पर पारिवारिक सदस्यों, मित्रों के अलावा शहर के जिम्मेदार लोगों ने अपनी प्रसन्न्ता प्रकट करते हुवे उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संगठन के हस्तक्षेप पर खनन माफिया पर केस दर्ज

जरवल बहराइच

अमृत विचार : अवैध खनन की खबर चलने से गुस्साए खनन माफिया ने पत्रकार पर हमला बोल दिया था। सब्जी लेने गए एक पत्रकार को बीच बाजार सरेआम पीट दिया था । पत्रकार संगठन के हस्तक्षेप पर कैसरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैसरगंज थाना क्षेत्र के मंगल मेला और गोडहिया नंबर तीन में रात के अंधेरे में अवैध खनन का कारोबार किया जा रहा था । अवैध खनन की खबर चलने से नाराज खनन माफिया ने कैसरगंज बाजार सब्जी लेने गए पत्रकार सुनील गुप्ता को पीटना शुरू कर दिया। लोगों के पहुंचने और बीच बचाव पर खनन माफिया भाग गए और पत्रकार को गोली से मार देने की धमकी भी दी थी। पत्रकार प्रेस एसोसिएशन के देवीपाटन मण्डल अध्यक्ष केके मिश्रा के नेतृत्व में दृगराज यादव,पुत्तीलाल यादव,इम्तियाज अहमद और सुनील गुप्ता ने प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज राजनाथ सिंह से मिलकर पत्रकार के साथ मारपीट करने वाले खनन माफिया के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। प्रतिनिधि मण्डल के हस्तक्षेप पर कैसरगंज थाने में पवन उर्फ गिरजेश पुत्र हंसराम यादव निवासी गोडहिया नम्बर तीन मंगल मेला के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाइक सवार को अज्ञात ने मारी गोली, लखनऊ रेफर

सिर में गोली घुसने से हालत गंभीर, पुलिस ने साथी से शुरू की पूछताछ

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : श्रावस्ती जिले के रायपुर मोड़ पर बाइक सवार युवक को रविवार शाम को अज्ञात लोगों ने गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को बहराइच मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने साथी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

श्रावस्ती जिले के सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम चौबेपुरवा गांव निवासी जुबेर खां पुत्र मेराज खां रविवार को बाइक से अपने एक अन्य साथी के साथ कहीं जा रहे थे। भिनगा कोतवाली के रायपुर मोड़ के पास बाइक सवार पहुंचा। तभी वहां मौजूद अज्ञात लोगों ने जुबेर पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली जुबेर के खोपड़ी में जा घुसी। राहगीरों की मदद से जुबेर को एंबुलेंस से संयुक्त जिला अस्पताल भिनगा पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने इलाज किया, लेकिन जुबेर की खोपड़ी में गोली धंसने के चलते उसकी हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। उधर भिनगा कोतवाली की पुलिस गोली लगने से घायल युवक के साथ बाइक पर बैठे साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जिला अस्पताल में भर्ती गोली लगने से घायल युवक। अमृत विचार

सड़क पर दबंगों का कब्जा एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पयागपुर में एसडीएम को ज्ञापन देने आए लोग। अमृत विचार

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार : पयागपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत कांधी कुइंया में इंटर लाकिंग का निर्माण चल रहा है। इस मार्ग से 50 परिवार के लोगों का आवागमन है। लेकिन कुछ दबंग लोगों ने जमीन पर कब्जा कर लिया है। जिसके चलते परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कब्जा हटवाए जाने की मांग की है।

जनपद बहराइच के थाना पयागपुर क्षेत्र के कान्धीकुइया में सड़क की जमीन पर कुछ दबंगो ने कब्जा कर लिया है। बताया जा रहा है कि पयागपुर हुजूरपुर मार्ग से चकमार्ग गांव को गया है जो करीब पचास घरों को जोड़ता है। इस चकमार्ग पर इस समय इंटर लॉकिंग का कार्य भी चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दबंगों के द्वारा रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया गया है।जबकि रास्ते की माप तहसील के जिम्मेदारों के आदेश पर लेखपाल कानूनगो के द्वारा निशानदेही के तौर पर खंभा गड़वा दिया गया था, अब कुछ अराजक तत्वों ने उसे उखाड़ कर फेक दिया जिससे मौके पर गांव का रास्ता बंद है। सभी ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर मार्ग से कब्जा हटवाए जाने की मांग की है। एसडीएम दिनेश कुमार ने राजस्व टीम को गांव भेजकर जांच के निर्देश दिए हैं।

संवेदनशील स्थानों पर सख्ती बरतने के निर्देश

नगर क्षेत्र रिसिया में फ्लैग मार्च करते अर्ध सैनिक बल के जवान। अमृत विचार

रिसिया, बहराइच

अमृत विचार : लोक सभा चुनाव की घोषणा होते ही संवेदन शील क्षेत्रों में विशेष रूप से सुरक्षा बलो के द्वारा मार्च पास्ट किया जा रहा है और अराजक तत्वों से सख्ती सेनिपटने की बतौर तैयारी देखा जा रहा है।

रिसिया पुलिस ने लोकसभा चुनाव को लेकर अभी से सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। इसी लिए प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ बी एस एफ के जवानों के साथ संवेदन शील गांवो एवम बूथों तक फलैग मार्च किया,आलिया बुलबुल, गोदनी बसाही, शोखा,परेवा खान, सिसई सालोन,देवी पुरा, रविदास नगर इंदिरा नगर के अलावा,शंकर पुर, बहबोलिया महादा,नरसिंह डीहा , रिसिया मोड़ सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर मार्च पास्ट किया। इस दौरान काफी संख्या में अर्ध सैनिक बल के जवान और सिपाही मौजूद रहे।

युवक को दौड़ा कर पीटा, केस दर्ज

बहराइच, अमृत विचार : खेत में लगी लहसुन की फसल की सिंचाई के दौरान हमलावरों ने दलित युवक को दौड़ा-दौड़ाकर बेरहमी से पीटा। उसकी मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। नवाबगंज थाने के माधवपुर के मजरे धनकुट्टी गांव निवासनी सीतापति पत्नी रक्षा राम गुरुवार को चौगड़वा स्थित सीएचसी दवा लेने गई थी। उसका बेटा नंद किशोर खेत में लहसुन की फसल की सिंचाई कर रहा था। इसी दौरान गांव के साधू व विक्रम लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे। हमलावरों ने नंद किशोर को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि दलित उत्पीड़न व मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

दवा छिड़काव में 15 लीटर पानी का करें उपयोग

बहराइच

अमृत विचार : शहर से सटे ग्राम पंचायत तुरहनी रज्जब गांव में रविवार को किसानों को ड्रोन से दवा छिड़काव की जानकारी कृषि विभाग की ओर से किसानों को दी गई।

चित्तौरा विकास खंड के ग्राम तुरहनी रज्जब में ड्रोन द्वारा फसलों में छिड़काव विषय पर ऑफ कैम्पस समसामयिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ शैलेंद्र सिंह ने किसानों को बताया की ड्रोन द्वारा खेत में छिड़काव करने के कई फायदे है। इससे समय, पानी व रसायनों की भरी बचत होती है। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ नीरज कुमार सिंह ने बताया की एक एकड़ खेत में ड्रोन द्वारा छिड़काव करने में 15 लीटर पानी लगता है और इसी के सापेक्ष रसायन भी कम लगता है। वही बैटरी चालित स्प्रैयर में 200 लीटर पानी की खपत होती है। इसी के साथ साथ ड्रोन से छिड़काव करने में भी 15-17 मिनट का ही समय लगता है। डॉ सिंह ने किसानों को ये भी बताया की ड्रोन द्वारा छिड़काव करने का खर्च लगभग 500 रुपए प्रति एकड़ ही आता है।

ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित नवयुवक ड्रोन द्वारा छिड़काव की ट्रेनिंग प्राप्त कर अपनी आजीविका की बना सकते है। प्रशिक्षण में किसानों को मक्के के खेत में उर्वरकों के छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया। प्रशिक्षण में केंद्र पर कार्यरत श्री कुशाग्र सिंह के साथ साथ क्षेत्र के प्रगितिशील कृषक राणा चेतन सिंह, मुजफ्फर, काशी, प्रवीण सिंह व अन्य किसानों ने प्रतिभाग किया।

ड्रोन से दवा छिड़काव की जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक।

कैसरगंज : परीक्षाफल पाकर झूम उठे बच्चे

कैसरगंज, बहराइच

अमृत विचार: कैसरगंज कस्बे में स्थित कंचन कान्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया। सफल छात्र और छात्राओं को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

जिले के कैसरगंज नगर पंचायत में स्थित कंचन कांवेंट स्कूल में रविवार को परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय में सभी सफल छात्र-छात्राओं को शील्ड व मेडल देकर विद्यालय प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव की ओर से पुरस्कृत किया गया। वार्षिक परीक्षा फल में सभी सफल प्रतिभागियों को विद्यालय की उप निदेशक संगीता श्रीवास्तव ,डिप्टी डायरेक्टर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने मेडल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। परीक्षा फल प्राप्त कर छात्र और छात्राएं खुशी से झूम उठे। इस मौके पर,एसके सिंह, विजय मिश्र, रंजीत सिंह, मोहम्मद माजिद, अबरार अहमद,नसीब अहमद, प्रदीप श्रीवास्तव, पवन सिंह, राजेश मिश्रा,उमा शंकर यादव,आदित्य सिंह,मालती सिंह, साक्षी सिंह, वारिशा,उम्मे रूबी, क्षमा सिंह शीबा, वैशाली,आयशा फातिमा, प्रीति आदि मौजूद रहे।

परीक्षा फल के साथ मौजूद छात्र। अमृत विचार

क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण कर लिया जायजा

संवाददाता,श्रावस्ती

अमृत विचार: जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने लोकसभा चुनाव के तहत जिले के विधानसभा 290-श्रावस्ती के अन्तर्गत क्रिटिकल बूथ प्राथमिक विद्यालय, चिचड़ी और लालपुर खदरा का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया साथ ही बूथों की क्रिटिकल प्रतिशतता की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होने मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों पर सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथ पर मतदाता सूची का भी अवलोकन किया तथा बीएलओ को निर्देशित किया कि ऐसे मतदाता जो मृतक हो चुके अथवा जिले से बाहर पलायन कर चुके है, उनका नाम सूची में संशोधित किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि यदि किसी भी मतदान केन्द्र/मतदेय स्थल पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम, मतदेय स्थल की संख्या व नाम, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का पदनाम, सम्बन्धित उपजिलाधिकारी का नाम, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का पदनाम, खण्ड विकास अधिकारी का नाम, सुपर वाइजर का नाम व पद, बीएलओ का नाम व पद, मतदाता पंजीकरण केन्द्र का नाम एवं सम्बन्धित क्षेत्र के थानाध्यक्ष का नाम व नम्बर अंकित नही है तो तत्काल उनका नाम व नम्बर अंकित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों/तहसीलदारों अपने-अपने क्षेत्रों के मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों का स्वयं निरीक्षण एक बार कर के देख ले कि पोलिंग पार्टी के आवागमन का रास्ता, फर्नीचर, विद्युत कनेक्शन/वायरिंग, शौचालय तथा दिव्यांग मतदाता हेतु रैम्प के साथ ही साथ पेयजल, बाउन्ड्रीवाल एवं साफ-सफाई की व्यवस्था की स्थिति से अवगत होकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार इकौना विपुल सिंह सहित सम्बन्धित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

चोर को पकड़ पुलिस को सौंपा

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार : कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के भखला चौराहे पर बाइक चोरी करने वाले युवक को लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की है।कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भकला निवासी पुत्तीलाल सिंह शनिवार शाम को अपनी बाइक से चौराहे पर आए थे। वह बाइक खड़ी कर सामान की खरीददारी करने लगे। तभी एक अज्ञात युवक आया। उसने बाइक चोरी की नियत से दूसरी चाबी का प्रयोग वाहन में शुरू कर दिया। इसी दौरान बाइक मालिक और अन्य लोग आ गए। काफी मात्रा में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सभी ने इसकी जानकारी कोतवाली में देने के साथ डायल 112 को दी। डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बाइक चोरी का आरोप लगने वाले युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रमटेडिया निवासी रिंकू राजपूत बताया। पुलिस ने मौजूद लोगों का बयान दर्ज किया। इसके बाद दोनों पुलिस कर्मी मौके से चले गए। पुलिस मामले को दबाने में लगी हुई है। इस मामले में कोतवाल राजनाथ सिंह को फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन काट दिया। जिससे पुलिस का पक्ष पता नहीं चल सका।

6 मई को नाम निर्देशन तो 25 को होगा मतदान

श्रावस्ती, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव का विगुल बजते ही शासन प्रशासन अपनी अपनी तैयारियों में जुट गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार श्रावस्ती जिले के अन्तर्गत पड़ने वाले 58-श्रावस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

उन्होने बताया कि जिले में निर्वाचन की अधिसूचना का दिनांक 29 अप्रैल 2024 सोमवार को तय किया गया है। इसी तरह से नाम निर्देशन का अन्तिम 06 मई (सोमवार), नाम निर्देशनों की जांच हेतु अन्तिम दिनांक 07 मई (मंगलवार), नाम वापसी का अन्तिम दिनांक 09 मई (बृहस्पतिवार), मतदान का दिनांक 25 मई (शनिवार), मतगणना का दिनांक 04 जून (मंगलवार) तथा 6 जून (बृहस्पतिवार) के पहले निर्वाचन पूर्ण करा लिया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के नामांकन से सम्बन्धित समस्त प्रक्रियाएं रिटर्निंग आफिसर 58-श्रावस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र/जिलाधिकारी, बलरामपुर की ओर से की जायेगी।

कोर्ट के आदेश पर तीन के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज

बहराइच, अमृत विचार: बैनामा अभिलेख में किसी दूसरे का बैंक खाता नम्बर देकर उसी में तय धनराशि हस्तांतरण कर दी। जब भूमि विक्रेता के खाते में धन नही पहुंचा तो उसे धोखाधड़ी की भनक लगी। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर तीन पर केस दर्ज किया गया है।

डिहवा शेर बहादुर सिंह निवासी मोहम्मद जहीर खान ने अपनी कुछ भूमि साढ़े तीन लाख में बिक्री को जरवलरोड थाने के सराय निवासनी सरवरी बेगम व उसके पति मोहम्मद नफीस, जरवल कस्बा निवासी इकबाल पुत्र अतहर खां से की। 25 नवंबर 2022 को रजिस्ट्रार कार्यालय कैसरगंज में बैनामा कर दिया। मोहम्मद जहीर के बैंक खाते मे जब धन नही आया। तो उन्होंने इसकी शिकायत खरीददार से की। खरीददारों ने बताया कि उन्होंने उनके बैंक खाते मे धन भेजा है नही पहुंचा तो वह क्या करे। पीड़ित ने अभिलेखों की पड़ताल कराई तो पता चला कि बैनामा अभिलेख में किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते का नम्बर दर्ज कराया है। इसकी शिकायती तहरीर थाने में दिए जाने पर केस दर्ज नही होने पर उन्होंने एसपी से शिकायत की। कोर्ट के आदेश पर कैसरगंज थाने में धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कराया गया है। सरवरी बेगम सहित तीन को नामजद किया गया है। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पिकअप में लाद ले गए जानवर

मटेरा, बहराइच, अमृत विचार: जिले के भोगाजोत गांव में देर रात चोर पिकअप से बकरियां लाद ले गए। मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भोगाजोत के मजरा परगटपुरवा गांव निवासी शरीर अहमद और मोईन अहमद के 11 बकरे व बकरी चोरी हो गए। थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने परजांच की जाएगी।

बस परिचालक की पिटाई, नकदी छीनने का आरोप

बहराइच

अमृत विचार: जिले के नानपारा नवाबगंज रोड के भारी डगरा गांव के पास रविवार शाम प्राइवेट बस को कुछ लोगों ने रोका। कंडक्टर को खीच कर धुनाई करने लगे। कंडक्टर ने जान बचाकर भागने की कोशिश की तो उसे दौड़ा दौड़ा कर पीटा। हाथ में पकड़ी यात्रियों से वसूली गई लगभग दो हजार नगदी हमलावरों ने छीन ली। ड्राइवर के दरवाजे पर पथराव से शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इस वारदात से बस में सवार यात्रियों में दहशत से अफरा-तफरी फैल गई। हमलावरों के फरार होने पर बस गंतव्य को रवाना हुई। इस मामले में थाने मे पीड़ित कंडक्टर ने तहरीर दी है।

पथराव से टूटा बस का शीशा।

नवाबगंज थाने के कस्बा निवासी इमरान पुत्र शहजाद नानपारा से नवाबगंज रूट पर चलने वाली प्राईवेट बस पर कंडक्टर है। वह नानपारा से शनिवार शाम लगभग 4:15 बजे नवाबगंज को रवाना हुए। नवाबगंज थाने के भारी डगरा के पास जैसे ही बस पहुंची। सड़क किनारे खड़े 6 - 7 युवको ने बस रूकने का संकेत किया। तो चालक रशीद अहमद ने यात्री समझ बस रोकी। इसी दौरान सड़क पर खड़े युवको ने बस के दरवाजे पर खड़े कंडक्टर इमरान को बाहर खींच धुनाई शुरू कर दी। इमरान जान बचाकर बस की ओर भागा तो हमलावरों ने उसे चारों ओर घेर कर दौड़ा दौड़ा कर पीटा । उसके दाहिने हाथ में पकड़ी यात्रियों से वसूली गई लगभग दो हजार की नगदी हमलावरों ने छीन ली। इतना ही नही हमलावरों ने ड्राइवर की खिड़की की ओर पहुंच बाहर से पथराव कर दिया। जिसके चलते दरवाजे का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। चालक ने नीचे छिपकर जान बचाई। इस हमले व छिनैती की वारदात से यात्रियों में दहशत फैल गई। जिससे अंदर अफरा तफरी मच गई। लगभग पांच मिनट तक हंगामा बरपाने के बाद हमलावर फरार हो गए। पीड़ित कंडक्टर ने इस मामले में थाने मे तहरीर दी है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। मेरे पास तहरीर आयेगी, तब मामले में तहकीकात की जायेगी। क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज भी निकाले जाएंगे।

यूनियन ने वारदात पर जताई नाराजगी

प्राइवेट बस आप्रेटर्स संयुक्त यूनियन जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह अज्जू ने शनिवार को नानपारा नवाबगंज रोड पर बस कंडक्टर पर हमले, छिनैती व पथराव पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पथराव से यात्रियों को चोट पहुंच सकती थी। संयुक्त यूनियन के रियाज अहमद, सिराज अहमद खां, कृष्णानंद उपाध्याय, हलीम अहमद, धीरेंद्र प्रताप सिंह, राम कुमार सिंह ने कड़ी निंदा की है।

7वां रोजा

शिया
सहरी : 04.39 बजे
इफ्तार : 06.25 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.53 बजे
इफ्तार : 06.14 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

बड़ी धनराशि ले जाने वालों को दिखानी होगी क्यूआर रसीद

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए लागू आचार संहिता को लेकर रविवार दोपहर में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता की। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस ने इंटरनेट मीडिया की मॉनिटरिंग शुरू कर दी है उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान बड़ी धनराशि ले जाने वाले व्यक्ति के पास बैंक से क्यू आर कोड वाली रसीद होना आवश्यक है।

लोकसभा चुनाव की तैयारी और आचार संहिता को लागू करवाने के लिए रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने प्रेस वार्ता की। डीएम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग के सभी नियमों का जिले में पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी किसी पार्टी का प्रचार सामग्री लगा है, उसे पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मिलकर उतरवा रहे हैं। डीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू है। ऐसे में चुनाव के समय बड़ी धनराशि ले जाने वाले व्यक्ति को बैंक से मिलने वाली क्यूआर कोड की रसीद दिखानी आवश्यक होगी। उन्होंने कहा कि इस रसीद से उड़न दस्ते की टीम क्यू आर कोड से धनराशि की डिटेल की जांच करेगी। धनराशि की सही मिलान न होने पर उसे जब्त कर लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कहा कि जिले की पुलिस सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट और प्रचार पर नजर रख रही है। पुलिस इंटरनेट मीडिया की मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। अगर किसी के द्वारा गलत उपयोग मीडिया का किया गया तो उसके विरुद्ध कार्यवाई होगी। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। पुलिस के साथ एसएसबी और अर्ध सैनिक बल के जवान सुरक्षा में लगे हुए हैं। शस्त्र लाइसेंस धारियों को समय से लाइसेंस जमा करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, एएसपी सिटी रामानंद कुशवाहा, ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया समेत अन्य मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता करतीं डीएम और एसपी। अमृत विचार

सभी विधान सभा में जारी हुए नंबर

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जिले में सात विधान सभा हैं। ऐसे में चुनाव संबंधी किसी भी समस्या या जानकारी के लिए लोग जारी किए नंबर पर बात रख सकते हैं। जिसके चलते बेहतर से बेहतर कार्य किया जा सके।

फंदे से लटकता मिला महिला का शव

बौंडी, बहराइच, अमृत विचार: ग्राम पंचायत भौंरी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विधवा महिला का शव फंदे पर लटकता मिला है। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई तो परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौंरी निवासी जामिला (32) पत्नी हैदर अली शनिवार रात खाना खा कर बच्चों के साथ कमरे में सोने चली गई। रविवार को सुबह जब जामिला सो कर नहीं उठी तो महिला की सास जागने के कमरे की तरफ गयी और आवाज लगाई लेकिन कोई उत्तर नहीं मिलने पर अनहोनी की आशंका जताई। परिजनों ने दरवाजा तोड़ कर कमरे में प्रवेश किया तो कमरे का दृश्य देखकर भौचक्का रह गये। परिजनों ने देखा की बहू जामिला का शव छत के कुंडें से लट रहा है।

परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची फारेसिक टीम ने जांच किया है। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने पर मौते का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

एक नजर

हमलावरों ने किन्नर को धुना, मुकदमा दर्ज

बहराइच, अमृत विचार : नानपारा कोतवाली के कल्लन खां गली निवासनी किन्नर शबनम के साथ मोतीपुर थाने के मनगौढ़िया के शोभापुरवा में गुरूवार को मारपीट हुई। शबनम अपनी टोली के साथ किसी घर में बधाईयां देने जा रही थी। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने मेडिकल कराकर तीन अज्ञात के विरूद्ध केस दर्ज किया गया है। एसएचओ दद्दन सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

बकाया धन मांगने पर मारपीट, बाइक क्षतिग्रस्त की

बहराइच, अमृत विचार : मटेरा थाने के शंकरपुर लक्ष्मणपुर निवासी गोलू वर्मा पुत्र मैकू लाल से गांव के ही श्रवण कुमार व मिट्ठू ने 35 सौ रूपये उधार लिए। तय समय पर धन नही दिया। इसी बुधवार को उसने धन वापसी को तगादा किया। जिस पर श्रवण व मिट्ठू ने घर में घुसकर गोलू की बेरहमी से पिटाई कर घायल कर दिया। बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। एसएचओ परमानंद तिवारी ने बताया कि इस मामले में दो को नामजद कर केस दर्ज कराया है ।

निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सम्बन्धी कार्यशाला आज

बहराइच, अमृत विचार : उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि 18 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। एडीएम गौरव रंजन ने सभी सम्बन्धित से ससमय कार्यशाला में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

खाद्यान्न वितरण में धोखा दे रही हैं ई-पास मशीन

तीन दिन बाद भी नहीं आया सरवर, कार्डधारक परेशान

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : केंद्र सरकार ने फ्री खाद्यान्न वितरण के निर्देश दिए हैं। उसी के तहत जिले में 15 मार्च से ख्याद्यन्न वितरण करना था। लेकिन रविवार को भी इसका वितरण शुरू नहीं हो सका। सर्वर खराब होने से कोटेदारों के साथ आम लोग काफी परेशान हैं। ऐसे में कार्ड धारक परेशान हैं। उनकी होली फीकी पड़ने की आशंका है।

जिले के 14 विकासखंड में 1300 अधिक कोट की दुकान है। इन कोट की दुकानों पर 15 मार्च से खाद्यान्न का वितरण होना था इसके लिए जिला पूर्व अधिकारी की ओर से जिले के कोटेदारों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। कोटा की दुकान पर खाद्यान्न वितरण में धांधली न हो, इसके लिए विभाग की ओर से ई पास मशीन सभी को उपलब्ध कराया गया है। ई पास मशीनों से खद्यान्न का वितरण करना अनिवार्य कर दिया गया है। लेकिन सर्वर न होने के चलते ई पास मशीन नहीं चल पा रहा है। यही कारण है कि कार्ड धारकों को कोटेदार खाद्यान्न नहीं वितरण कर पा रहे हैं। कार्ड धारक कोटे की दुकान पर कार्ड लेकर जा रहे हैं, लेकिन सरवर न चलने के चलते उनका नाम अंगूठा लगा पा रहा है न ही खाद्यान्न मिल पा रहा है। कार्डधारक के साथ कोटेदार परेशान हैं। कुछ यही हाल रविवार को सभी कोटे की दुकान पर भी देखने को मिला। ई पास मशीन न चलने से सभी परेशान दिखे। अगर यही हाल रहा तो होली गरीबों की फीकी रह जायेगी। उन्हें खाद्यान्न नहीं मिल पाएगी।

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हाल रहा। इस मामले में पूर्ति निरीक्षक सुशीला गौड़ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी ई पास मशीन दिया गया है। जिसके चलते व्यवस्था सुधरने में समय लग रहा है।

मोतीपुर तहसील के ग्राम पंचायत उर्रा में कार्ड लेकर बैठे ग्रामीण। अमृत विचार

कार्ड देकर बैठे रहे ग्रामीण

विकासखंड मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत उर्रा में कोटेदार सुमन देवी के यहां रविवार को सैकड़ो ग्रामीण कार्ड लेकर खाद्यान्न के लिए गए। लेकिन ई पास मशीन का सर्वर ही काम नहीं कर रहा था। जिसके चलते ग्रामीण कार्ड हाथों में लेकर बैठे रहे काफी देर के बाद भी सरवर न आने पर सभी वापस चले गए।

धीरे-धीरे सुधर रहीं व्यवस्था

जिले के सभी कोटेदारों को ई पास मशीन से ही खाद्यान्न वितरण के निर्देश दिए गए हैं। अभी थोड़ी बहुत दिक्कत है। जो धीरे धीरे सुधर रही है। सभी को खाद्यान्न दिया जाएगा।

–एनके तिवारी, डीएसओ

सपा ने राजन को बनाया प्रदेश सचिव

बहराइच, अमृत विचार: समाजवादी पार्टी की ओर से सपा छात्र सभा का प्रदेश सचिव राजन यादव को बनाया गया है।

समाजवादी पार्टी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर विनीत कुशवाहा ने शनिवार को कार्यकारिणी का गठन किया। सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप यादव एवं छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति पर शहर निवासी राजन यादव विराट पुत्र सुरेश कुमार यादव को छात्र सभा का प्रदेश सचिव बनाया गया है। राजन यादव ने बताया कि वह प्रदेश के सबसे कम उम्र के पदाधिकारी नियुक्त हुए हैं उनके मनोनयन से जिले के कार्यकर्ताओ और पदाधिकारी में हर्ष है।

पहलवानों का दाव-पेंच देख रोमांचित हुये दर्शक

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार : बाबा बागेश्वरनाथ मंदिर पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के पहले दिन नामचीन पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। रविवार दोपहर से शुरू हुई कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन महंत सरोज भारती व समाजसेवी ए वी शुक्ल ने अखाड़े का पूजन कर व दो दिग्गज पहलवानों का हाथ मिलाकर किया।

कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के पहले दिन उत्तराखंड के प्रदीप शास्त्री पहलवान और झांसी के तूफान पहलवान के बीच हुआ जिसमें प्रदीप ने तूफान पहलवान को चित किया।दूसरा मुकाबला गोरखपुर के मोहित और हरियाणा के गौरव पहलवान के बीच हुआ जिसमें गौरव ने जीत दर्ज की।बहराइच के शुभम और संभल के अर्जुन पहलवान की कुश्ती में अर्जुन ने जीत दर्ज की।प्रथम दिवस का सबसे रोमांचक मुकाबला फैजाबाद देवीपाटन मंडल विजेता दिग्विजय पहलवान का आगरा के काली घटा पहलवान के साथ हुआ जिसमे दिग्विजय ने काली घटा की आसमान दिखाकर दर्शको को वाहवाही लूटी।एक और रोमांचक मुकाबले में राजस्थान श्री गंगा नगर के बादल गुज्जर पहलवान को हनुमान गढ़ी अयोध्या के बाबा हरिकिशन दास ने पराजित किया। दूसरी ओर गोलू पहलवान गोंडा और लाला पहलवान मुरादाबाद, मनोज पहलवान पयागपुर और अर्जुन पहलवान तथा बाबर पहलवान अजमेर और गौरव चौधरी नई दिल्ली के मुकाबले बराबर रहे।

कुश्ती दंगल के आयोजन में संयोजक बाबा पंचदेव तिवारी, उत्तम पहलवान, बाबा संजय भारती, श्री कृष्ण तिवारी ,बलवान तिवारी सहित दर्जनों लोग सक्रिय रहे।

दंगल में दांव आजमाते पहलवान। अमृत विचार

झाड़ियों में मृत मिला घड़ियाल

मोतीपुर, बहराइच

अमृत विचार : कतर्निया घाट के गेरुआ नदी के टापू पर नरकुल में एक नर घड़ियाल का शव शनिवार को बरामद हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में घड़ियाल की मौत मेटिंग सीजन के दौरान आपसी संघर्ष में होना पाया गया है। उम्र 45 से 50 वर्ष बताई जा रही है।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में जंगली जीवों के बाद अब जलीय जीव भी मृत मिलने लगे हैं। 10 दिन पहले गिरिजापुरी बैराज में एक डॉल्फिन का शव बरामद हुआ था। वहीं शनिवार को कतर्निया घाट रेंज के बिछिया बीट में स्थित गेरुआ नदी के टापू के किनारे नरकुल की झाड़ियों में घड़ियाल का शव पानी में तैरता हुआ मिला। वन क्षेत्राधिकारी ने इसकी जानकारी डीएफओ को दी। डीएफओ बी शिवशंकर सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने वन क्षेत्राधिकार अनूप कुमार, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन, एसओएस टाइगर संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद फैज, ग्राम सभा बड़खड़िया के ग्राम प्रधान जयप्रकाश की मौजूदगी में पशु चिकित्सक डॉक्टर दीपक वर्मा से शव का पोस्टमार्टम करवाया।

डीएफओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में घड़ियाल की मौत मीटिंग सीजन में हुए आपसी संघर्ष के चलते हुआ है। उसके सभी अंग सुरक्षित हैं। नर घड़ियाल की उम्र 45 से 50 वर्ष है। शव को पोस्टमार्टम के बाद जला दिया गया है।

सार-संक्षेप

ट्राई साइकिल से पढ़ाई के लिए आयेंगे दिव्यांग

दिव्यांग बच्चे को ट्राई साइकिल देते पदाधिकारी। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार : शहर के कानूनगोपुरा मोहल्ले में संचालित मूक बधिर विद्यालय के दिव्यांग बच्चों को रविवार को विभिन्न उपकरण वितरित किया गया। कई बच्चों को ट्राई साइकिल भी मिला। शहर के कानूनगोपुरा मोहल्ले में मूक बधिर विद्यालय का संचालन होता है। विद्यालय में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय विकलांग समाज सहारा समिति दिल्ली एव एनआईसीसीआई के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क उपकरण वितरण समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय की प्रबंधक डॉक्टर बलमीत कौर ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को मोटराइज्ड साइकिल, बैटरी वाली ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर एमआर किट, हियरिंग एड वितरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र–छात्राओं के अतिरिक्त जनपद बहराइच के आसपास के ब्लॉक से भी लोग उपस्थित हुए। 150 लाभार्थियों को सामान वितरित किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली से कपिल अग्रवाल, बंटी सोलंकी, विजय कुमार राम बच्चन, विजय बहादुर गुप्ता, विद्यालय अध्यक्ष विमलेश कुमार जायसवाल, गोपीकांत शर्मा, गुरविंदर सिंह तथा समस्त स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।

अज्ञात कारणों से फूस के मकान में लगी आग

उर्रा, बहराइच, अमृत विचार : जनपद के ग्राम पंचायत झाला निवासी ग्रामीण के फूस के मकान में आधी रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें घर में रखा नकदी समेत अन्य सामान जल गया।

आग लगने के बाद जांच करती पुलिस।

मोतीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत झाला के मजरा बक्शीपुरवा निवासी सतगुरु पुत्र दरबारी का फूस का मकान बना हुआ था। शनिवार रात को परिवार के लोग खाना खा कर घर के बाहर सो गए। रात 12.45 बजे के आसपास फूस के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। परिवार के लोगों ने भागकर जान बचाई। इसके बाद सभी ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन मकान में रखा अनाज, कपड़ा और बर्तन के साथ आवास निर्माण के लिए आई पहली किश्त की धनराशि भी जल गई। सुबह आग लगने की सूचना पर चौकी की पुलिस ने मौके की जांच की है।

बिना परमिट के काटे लकड़ी को वन विभाग ने किया जब्त

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : पयागपुर क्षेत्र में बिना परमिट प्रतिबंधित लकड़ी लेकर जा रही ला ट्रैक्टर ट्राली को वन विभाग ने कब्जे में लिया।ट्रेक्टर पर पाकड़ के बोटे लदे पाये गए। ट्रैक्टर ट्रॉली को मय लकड़ी वन विभाग ने जब्त कर लिया है। पयागपुर रेंज में शनिवार देर रात में प्रतिबंधित पाकड का हरा पेड़ का बोटा बिना परमिट के लदकर ट्रैक्टर ट्रॉली से भूपगज बाजार के रास्ते होकर जा रही थी। सूचना पर पहुँचे डिप्टी रेंजर योगेंद्र यादव ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया और पेड़ काटने वाली जगह का निरीक्षण किया। वन क्षेत्राधिकारी हरिश्चंद्र तिवारी ने बताया कि जांच कर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। लकड़ी को जब्त कर वन रेंज कार्यालय भेज दिया गया है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि लकड़ी का अवैध कार्य करने वाले माफिया और अवैध आरा मशीन संचालकों की खैर नहीं। उन्होंने बताया कि कागज न मिलने पर लकड़ी को सीज कर दिया जाएगा। सूचना मिलते ही विभागीय कार्रवाई की जा रही है।जिससे लकड़ी माफिया व आरा मशीन संचालकों में हड़कंप है।

इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल व सिंगल विन्डो का डीएम व एसपी ने किया उद्घाटन

बहराइच, अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव प्रचार से सम्बन्धित जनसभा, रैली, जूलूस, लाउडस्पीकर, वाहन इत्यादि विभिन्न प्रकार की अनुमति प्रदान किये जाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय में स्थापित सिंगल विन्डों तथा ई–डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के साथ फीता काटकर शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ यहां पर की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा माके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर मौजूद रहीं।

भाषण, कला व गीत प्रतियोगिता का आयोजन

रुपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार : नगर पंचायत रुपईडीहा के सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती अवध प्रांत द्वारा आयोजित सेवा क्षेत्र की शिक्षा अंतर्गत संस्कार केंद्र शिक्षा शिविर का आयोजन हुआ। उद्घाटन सेवा शिक्षा संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र योगेश, राघव सेवा शिक्षा सहसंयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र ने किया। अध्यक्षत उमाशंकर वैश्य अध्यक्ष नगरपंचायत ने की।

कार्यक्रम में विविध प्रकार की प्रतियोगिता भाषण , कला, गीत का आयोजन किया गया। प्रारंभ में दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। इसके बाद परिचय प्राचार्य के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में भैय्या, बहनों को योगेश का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन आचार्य अनिल शर्मा संस्कार केंद्र प्रमुख ने किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले लोगों को अतिथियों द्वारा पुरूस्कार प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल , कोषाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा , प्राचार्य अनुज सिंह, नगर पंचायत के अधिशासी रुपईडीहा अधिकारी रंग बहादुर सिंह, आचार्य मनीष तिवारी , कमलेश पाठक , मनमोहन मिश्रा को हिमांशु सिंह आदि उपस्थित रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

व्यय अनुवीक्षण के लिए टीमें रवाना

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से आदर्श आचार संहिता का पालन कराने तथा व्यय अनुवीक्षण पर निगरानी रखने के उद्देश्य से जिले में विधानसभावार गठित की गई फ्लाईंग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों को कलेक्ट्रेट परिसर से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के साथ हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का पालन कराने तथा व्यय अनुवीक्षण पर सतर्क दृष्टि रखने के उद्देश्य से विधानसभावार तीन-तीन दल गठित किये गये है। डीएम ने एफएस टीम के सदस्यों को निर्देश दिया कि वह क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएं और उनके द्वारा किये गये कार्य धरातल पर दिखाई दें। एफएस टीमों को भोर में और देर रात में विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गयी। डीएम ने एसडीएम और सीओ को निर्देश दिया कि एफएस टीमों का बेहतर ढंग से नेतृत्व करें और उन्हें हर स्तर पर मार्गदर्शन देते रहें और टीमों की गतिविधियों पर नज़र रखें। एफएस टीम की रोज़ की कार्यगुज़ारियों की सूचना भी अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाय। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

एफएसटी टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं डीएम। अमृत विचार

फूस के मकान में लगी आग, हजारों का सामान राख

मिहीपुरवा, बहराइच, अमृत विचार : अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन फूस के घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। परिवार के लोग खुले आसमान तले रहने को विवश हैं।तहसील मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम सभा गिरिगिट्टी मजरा लोधे पुरवा निवासी रिक्खीराम पुत्र महादेव, सरजू प्रसाद पुत्र बुद्धि लाल व राम गोपाल पुत्र अमेरिका के छप्पर के घर मे शाम 6 बजे के लगभग अचानक आग लग गई। घर के बच्चे किसी तरह भाग कर जान बचाये।देखते ही देखते पूरे घर को आग ने अपने आगोश में ले लियाण। घर के अंदर रखा लाखों का सामान जल कर स्वाहा हो गया। आसपास के लोगो ने बड़ी मस्कत के बाद आग को बुझाया तथा लेखपाल को सूचना दिया है । पूर्व प्रधान कौशल किशोर ने बताया कि आग लगने के समय घर वाले खेत में काम करने गए थे। इनके घर का सारा सामान जल गया है।

पहल इंडियन बैंक की शाखा का महा प्रबंधक ने किया उद्घाटन

ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता

रुपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार: नगर पंचायत के साकेत नगर स्थित इंडियन बैंक शाखा का भव्य उद्घाटन लखनऊ से आए क्षेत्र महाप्रबंधक पंकज त्रिपाठी, अंचल प्रमुख उपमहाप्रबंधक रविंद्र सिंह, उप अंचल प्रमुख निरंजन कुमार व एल डीएम सुभाष चंद्र मित्रा आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया।

पूर्व में बाबागंज स्थित इंडियन बैंक की विस्तार पटल शाखा के रूप में रुपईडीहा में संचालित हो रही थी। इंडियन बैंक की इस शाखा को कुछ दिनों पूर्व ही अपग्रेड किया गया था।इसके बाद ऐसी संभावनाएं लगने लगी थी कि जल्द ही इस शाखा को फुल फ्लैश ब्रांच के रूप में स्थापित कर दिया जाएगा।महाप्रबंधक ने बताया कि हमारा उद्देश्य इंडियन बैंक से जुड़े हुए उपभोक्ताओं को अच्छी से अच्छी सर्विस प्रोवाइड करना होम लोन सीसीएल तथा वाहन लोन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसी के साथ उन्होंने रुपईडीहा स्थित ब्रांच के सामने ही एटीएम मशीन का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय कुमार मित्तल, इंडियन बैंक बहराइच मुख्य प्रबंधक अतीश श्रीवास्तव, रुपईडीहा शाखा प्रबंधक राजदीप सिंह, पवन सिंह, विजेंद्र सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय कुमार मित्तल पूर्व प्रधान मोहम्मद जुबेर फारूकक्की, शेर सिंह कसौधन रतन अग्रवाल सभासद साकेत नगर शाहिद हाशमी सभासद रजा इमाम रिजवी, राजीव अग्रवाल, राजकुमार वैश्य, महबूब अहमद, डॉ याकूब अंसारी, संजय अग्रवाल, शैलेश जयसवाल, अनूप अग्रवाल अन्नू पूर्व प्रधान हाजी अब्दुल कलीम सहित दर्जनों ग्राहक और सैकड़ो अन्य लोग उपस्थित रहे ।

इंडियन बैंक शाखा का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

173 शीशी नेपाली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूपईडीहा, बहराइच : भारत नेपाल सीमा पर पेट्रोलिंग के दौरान सासर से सीमा बल के जवानों ने पुलिस के साथ मिलकर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है उसके पास से 173 सीसी नेपाली शराब और अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी व मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह ने टीम गठित की। उप निरीक्षक अशोक कुमार कुमार और एसएसबी के जवानों ने पिलर संख्या 656/01 के पास भारतीय क्षेत्र से बराती लाल पुत्र रतन निवासी ग्राम जियागाव पो0 परगहवा थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच उम्र करीब 55 वर्ष को गिरफ्तार किया। उसके पास से 173 शीशी कर्णाली सौफी शराब गोल्ड कुल 51.9 ली0 व 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

नन्दिनी एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट
वालापुर, नवावगंज–गोण्डा
9415458212, 9838989000, 9648469000

आवश्यकता

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय मे प्राचार्य पद पर तथा स्नातक स्तर पर वनस्पति विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान विषयो मे प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है।

अर्हता – : स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55%अंको सहित, यूजी0सी0 रेगुलेशन–2016 प्रमाणपत्र सहित पी–एच0 डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।

नोट– यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानको के अनुसार शिक्षको की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जावेगी।

वेतन – : यूजीसी/डॉ0 रा0म0ली0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन के मानक के अनुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रो एवं प्रमाणपत्रो/उपाधियो की स्व–प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति सलग्न कर महाविद्यालय कार्यालय मे विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन करे।

प्रबन्धक

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम : ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है ।

संपादकीय

लंबी चुनावी प्रक्रिया

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव एक ऐसी बुनियाद है, जिस पर लोकतंत्र की इमारत टिकी हुई है। इस बुनियाद को बनाए रखने में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े सिद्धांत और प्रक्रियाएं अहम भूमिका निभाती हैं। देश का चुनावी परिदृश्य अपने आप में अद्वितीय है। भारत के चुनाव आयोग पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। चुनाव आयोग का दायरा और भूमिका काफी बड़ी है। 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव, राष्ट्रपति चुनाव, उपराष्ट्रपति चुनाव और 17 बार आम चुनाव को सफलतापूर्वक कराना काफी बड़ी बात है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा कर दी है। 543 लोकसभा सीट के लिए चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। करीब 46 दिनों तक चलने वाली ये 1951-52 के बाद दूसरी सबसे लंबी चुनावी प्रक्रिया हैं। यह ठीक है कि जिस चुनाव में लगभग 97 करोड़ मतदाताओं को भागीदारी करनी हो तो समय लगेगा ही। 2019 में भी सात चरणों में मतदान हुआ था और उसके पहले 2014 में नौ चरणों में, लेकिन 2009 में पांच चरणों में ही चुनाव करा लिए गए थे। 2021 के विधानसभा चुनाव भी 8 फेज में हुए थे। उस समय कहा गया था कि कोरोना के चलते इतने फेज में चुनाव हो रहे हैं। लेकिन इस बार तो ऐसा कुछ नहीं है।

1951-52 में हुए संसदीय चुनाव चार महीने से ज्यादा समय तक चले थे। वे लोकसभा के लिए स्वतंत्र भारत के पहले चुनाव थे। उस समय परिवहन व संचार के साधन विकास की प्रक्रिया में थे। विपक्ष भी सात चरणों में चुनाव कराने पर सवाल उठा रहा है। विपक्षी दल कह रहे हैं चुनाव तीन से चार फेज में हो सकते थे। देश में 16 मार्च से लागू हुई आचार संहिता 79 दिन तक रहेगी। तीन या चार फेज में चुनाव हो जाते तो आचार संहिता कम समय के लिए लगती। सात चरणों में चुनाव का मतलब है कि इस बीच सभी विकास कार्य रुक जाएंगे। एक तरफ विपक्ष लंबे चुनावों पर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं भाजपा का तर्क है कि लंबे समय का लाभ सभी पार्टियों को एक जैसा मिलेगा। ये सभी दलों के लिए बराबर समय है। वास्तव में लंबी चुनावी प्रक्रिया खर्चीली ही नहीं, उबाऊ भी होती है और आचार संहिता के चलते बहुत से सरकारी काम ठप हो जाते हैं। अच्छा होता कि कहीं कम चरणों में चुनाव संपन्न कराने के प्रयत्न किए जाते।

कमजोर कंधे और मां-बाप की उम्मीदों का बड़ा बोझ

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे।

आजकल बच्चों पर उनके मां-बाप की उम्मीदों और ख्वाहिशों का बड़ा बोझ है। यह बोझ कभी-कभी इतना भारी हो जाता है कि बच्चे संभाल नहीं पाते और टूटकर बिखर जाते हैं। राजस्थान में इंजीनियर और डाक्टर पैदा करने वाले शहर कोटा में बच्चों के आत्महत्याओं का सिलसिला रुक नहीं रहा है।

चंबल नदी के किनारे बसा राजस्थान का शहर कोटा करीब तीन दशक में डॉक्टर और इंजीनियर बनने का ख्वाब देने वाले नौजवानों का मुख्य गंतव्य स्थल बन गया है। नब्बे के दशक में यहां गिनती के कोचिंग सेंटर हुआ करते थे। उस समय डाक्टर-इंजीनियर की तैयारी करने वाले बिहार के बच्चों के लिए पटना, बोकारो और उत्तर प्रदेश के बच्चों के लिए कानपुर डेस्टिनेशन हुआ करता था। संयोगवश एक बार यहां एक कोचिंग संस्थान के 10 छात्रों का चयन एक ही साल आईआईटी में हो गया। उसके अगले वर्ष यहां के 50 छात्र आईआईटी में चुने गए। बस फिर क्या था, भेड़िया धसान का दौड़ शुरू हो गया। लोग बाग आंखें मूंदकर कोटा की ओर दौड़ने लगे। अभिभावकों और छात्रों को लगने लगा कि जैसे यहां यहां के कोचिंग संस्थानों में कोई ऐसी जड़ी बूटी है जिसे पीकर उनके बच्चे, चाहे कैसे भी हों, इंजीनियर डाक्टर चुटकी में बन जाएंगे। परिणामस्वरूप वर्ष 2015 तक कोटा में कोचिंग का कारोबार लगभग हजार करोड़ रुपये का हो चुका था, जो आज लगभग पांच हजार करोड़ से भी ज्यादा का हो चुका है। आज यहां के लगभग डेढ़ सौ कोचिंग संस्थानों में प्रत्येक वर्ष जुलाई से लेकर जनवरी महीने के बीच दो लाख से ज्यादा छात्र नीट यूजी और जेईई की तैयारी करने के लिए आते हैं। सिर्फ राज्य सरकार को कोटा कोचिंग इंडस्ट्री से हर वर्ष लगभग 700 करोड़ रुपये का टैक्स मिलता है। कुल मिलाकर कोटा की पूरी अर्थव्यवस्था छात्रों पर निर्भर है। होटल, हास्टल, पीजी, आटो रिक्शा, साइकिल, टिफिन, मेस, किताब, स्टेशनरी , युनिफार्म, टीचिंग का धंधा जोरों पर है। यदि पूरी अर्थव्यवस्था को एक साथ देखा जाए तो लगभग यह तीस हजार करोड़ रुपए की है। लेकिन आने वाले छात्रों में सफल छात्रों के प्रतिशत को समग्र रुप से देखें तो सफलता की दर दो प्रतिशत ही है अर्थात यहां तैयारी के लिए आए 100 बच्चों में से मात्र दो बच्चे ही सफल हो पाते हैं। स्वाभाविक रूप से बच्चों पर सफल होने का दबाव ज्यादा है।

इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं।

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे। लेकिन एक बार यहां छोड़ देने के बाद वो कभी भी यह जानने की कोशिश नहीं करते हैं कि उनके बच्चे यहां कैसे रह रहे हैं, उनको कोई परेशानी तो नहीं, कोचिंग में उसका प्रदर्शन कैसा है? ज्यादातर अभिभावक एडमिशन के बाद बच्चे को हर महीने का खर्च भेजकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। कुछ मां-बाप तो अपने सपनों और उम्मीदों को जबरन बच्चों पर थोपते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा डॉक्टर-इंजीनियर बन जाए, ताकि समाज में उनका रौब बढ़े, प्रतिष्ठा बढ़े , चाहे उनका बच्चा पढ़ने में कितना भी कमजोर न हो। जब बच्चों से बात होती है, तो वे हमेशा यही कहते हैं कि तुम्हें पता है ना कि किस तरह तुम्हें वहां भेजा गया है, इसलिए इस बार मुझे विश्वास है, तुम अवश्य पास कर लोगे। इस विश्वास का बोझ बच्चों पर बहुत ही भारी होता है। यद्यपि कुछ मां-बाप ऐसे अवश्य हैं, जो अपने बच्चों को लेकर काफी संवेदनशील हैं। वे अपने बच्चों की परेशानियों को समझते हैं और सही समय पर हस्तक्षेप करते हैं। आजकल यहां बच्चों को छठी क्लास से ही पढ़ने भेज दिया जा रहा है । उन्हें लगता है कि अगर वे अपने बच्चे को कम उम्र में तैयारी के लिए भेज देंगे, तो उसके सफल होने की संभावना बढ़ जाएगी। जो बच्चे छठी से 11वीं क्लास के बीच आते हैं, उन्हें नर्चर कहा जाता है। 12वीं के बाद आने वालों को ड्रापर कहा जाता है। आपस में बच्चे दोस्त बनने के बजाय प्रतिद्वंद्वी बन जाते हैं। वे आपस में मन की बात एक-दूसरे से कह नहीं पाते। यह अवसाद की स्थिति उत्पन्न करता है। परिवार या माता-पिता की पसंद के कारण कई बार छात्र ऐसा क्षेत्र चुन लेते हैं जिनमें उनकी रुचि नहीं होती। यह सिर्फ उन्हें खुश करने के लिए होता है। साथ ही कई बार छात्र मां बाप द्वारा खुद पर खर्च किए जा रहे ज्यादा महंगी फीस के बारे में सोचने लगते हैं। इन सब के कारण बच्चे तनाव में आ जाते हैं। वैसे ग्रेजुएशन के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और इतने कम उम्र में परीक्षाओं की तैयारी में अंतर यह है कि ग्रेजुएशन के बाद बच्चे अधिकांशतः परिपक्व हो जाते है, कोई भी प्रेशर हैंडल कर लेने की स्थिति में होते हैं। सफलता का प्रतिशत तो सिविल सेवाओं की तैयारी में लगे प्रतियोगियों का बहुत ही कम है लेकिन वहां बच्चे सुसाइड नहीं करते। वे समझदार होते हैं और अपने को दूसरी दिशा में मोड़ लेते हैं और सफल भी होते हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी में भी जब तक पटना, बोकारो और कानपुर कोचिंग हब बना हुआ था, तब भी बच्चों में इतना फ्रस्ट्रेशन, एंग्जाइटी , डिप्रेशन या सुसाइड की कहानी नहीं सुनने को मिलती थी। स्पष्ट है इसमें बहुत हद तक कोचिंग संस्थानों का भी रोल है, जो बच्चों का सिर्फ मानसिक और आर्थिक शोषण कर रहे हैं।

कोटा में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने अपनी तरफ से काफी प्रयास शुरू कर दिए हैं। कोटा में सभी हॉस्टल्स और पीजी संचालकों को कमरों में एंटी हैंगिंग डिवाइस लगाना अनिवार्य करदिया गया है। एंटी हैंगिंग डिवाइस पंखे के नीचे स्प्रिंगनुमा एक डिवाइस होता है। जैसे ही पंखे पर बीस किलो से अधिक वजन पड़ता है तो पंखा नीचे आ जाता है। सिर्फ फरवरी 2024 में इस डिवाइस के कारण पांच बच्चों की जान बचाई जा चुकी है। कोटा के जिला कलेक्टर ने सुसाइड रोकने और छात्रों को अच्छा माहौल देने के लिए "डिनर विद कलेक्टर"शुरू किया है जिसमें वो कोचिंग और हास्टल में जाकर बच्चों के साथ डिनर करते हैं और उन्हें मोटिवेट कर रहे हैं। प्रत्येक हॉस्टल और पीजी में काउंसलर्स जा रहे हैं और छात्रों से संवाद कर रहे है । प्रशासन ने एक विशेष पोस्टर भी तैयार किया है जिसमें 24 घंटे विद्यार्थियों की मदद के लिए संचालित की जा रही हेल्पलाइन के मोबाइल नंबर, जिला प्रशासन के स्टूडेंट पोर्टल, कोटा पुलिस स्टूडेंट सेल, व्हाट्स-अप कांटेक्ट, ई-मेल आईडी और मदद के लिए अन्य सभी हेल्पलाइन के पोस्टर्स सभी हॉस्टल्स के प्रमुख स्थानों पर डिस्प्ले किए जाएंगे। सप्ताह में एक दिन 'आधे दिन पढ़ाई, आधे दिन मस्ती', आत्महत्या की प्रवृत्ति वाले छात्रों की पहचान करना और साइकोलॉजिकल काउंसलिंग देने जैसे कार्यक्रम लागू किए गए हैं। बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कोटा के ही डॉक्टर शेखावत ने निजी तौर पर 'होप सोसाइटी प्रोजेक्ट' भी शुरू किया था। इसके साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है जिससे छात्र तनाव की सूरत में फोन पर बात कर सहज हो सके। यदि कोई छात्र आपसी बातचीत को अनदेखा कर रहा है, खुद पर अविश्वास दिखा रहा है, बातचीत में झल्ला जा रहा है ,बिना कारण के बार-बार रोना शुरू कर देता है, उनके साथियों, अभिभावकों, कोचिंग स्टाफ, हास्टल स्टाफ को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए। संभव है वो एंग्जाइटी और डिप्रेशन में जा रहा है। प्रत्येक स्टूडेंट्स के दरवाजे पर दस्तक एक ऐसा कार्यक्रम चलाया गया है जिसमें हास्टल और पीजी में जाकर बच्चों की पहचान की जा रही है, उससे बात की जा रही है।

इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं। अगर छात्र की उस विषय या क्षेत्र में रुचि न हो तो वो उन्हें दाखिला न दें या उन्हें कैरियर का कोई और विकल्प बताएं। हरेक कोचिंग संस्थानों में काउंसलर रखना अनिवार्य कर दिया गया है। सप्ताह में छुट्टी, टेस्ट भी रविवार को न हो तथा कम नंबर लाने वाले को अलग से क्लास लगाना अनिवार्य होना चाहिए। सबसे बड़ी म्मिदारी तो मां बाप की है जिन्हें चाहिए कि अपने सपनों और उम्मीदों का बोझ बच्चों के कमजोर कंधों पर न डालें, उन्हें स्वाभाविक रुप से अपना फील्ड चुनने दें, जहां वो बेहतर कर सकते हैं।

प्रसंगवश

कितना निष्पक्ष होगा आयोग

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राष्ट्रीय चुनाव आयोग की खाली पड़ी दोनों जगहें दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों से भर ली गई हैं और कोरम पूरा है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां चुनाव के स्वच्छ संचालन के लिए एक निष्पक्ष और तटस्थ भाव रखने वाला चुनाव आयोग अपेक्षित है।

हालांकि वर्तमान में जो चयन प्रक्रिया और कानून इसके लिए हैं, वह इस उद्देश्य की पूर्ति करते नहीं दिखते। पहले कानून मंत्रालय सर्च करके एक सूची बनाता है और इसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के पास सिफारिश के रूप में भेजता है। समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक अन्य सदस्य होता है, जिसे प्रधानमंत्री नामांकित करते है।

यह समिति कानून मंत्रालय के द्वारा भेजे नामों या उससे बाहर का भी कोई व्यक्ति चयनित कर सकती है और अनुमोदनार्थ राष्ट्रपति को भेजती है। उनके अनुमोदन के पश्चात विज्ञप्ति प्रकाशित हो जाती है और नियुक्ति हो जाती है। अब इस प्रक्रिया से साफ है कि आयोग सरकार के हाथ की ही कठपुतली होगा। चयन समिति में पीएम और एक अन्य सदस्य पीएम की ही पसंद का होगा, तो नेता प्रतिपक्ष केवल आपत्ति करता रह जाएगा; चलेगी एक नहीं। ऐसे चुनाव आयोग से निष्पक्षता की आशा करना बेकार है। यहां बताते चलें कि इस सारी प्रक्रिया से संबंधित प्रकरण उच्चतम न्यायालय तक गए हैं और गत वर्ष 2 मार्च में इस न्यायालय ने निर्णय किया था कि चयन समिति में मुख्य न्यायमूर्ति, पीएम और नेता प्रतिपक्ष होंगेः लेकिन सरकार ने इसकी अवहेलना करके ऐसी पद्धति को कानूनी शक्ल दे दी, जिससे इस प्रक्रिया में प्रधानमंत्री का वर्चस्व बना रहे। सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाएं अब भी चल रही हैं।

सुप्रीमकोर्ट ने एक टिप्पणी फिर की है कि 'जब यहां सुनवाई चल रही थी,तो ये ताजी दो नियुक्तियां कैसे हो गईं'? सरकार से 21 मार्च तक जवाब मांगा गया है। अब देखना है कि सुप्रीम आदेश क्या होते हैं? जनता एक निष्पक्ष चुनाव आयोग गठित किए जाने की दरकार रखती है,जो संप्रति नहीं है।

वर्षा पोषित जल स्रोतों को बढ़ाना होगा

डॉ .मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं।

जल संकट ने सभी बड़े शहरों की नींद उड़ा दी है। बेंगलुरु के प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए आईटी से जुड़ी कंपनियों से अनुरोध किया है कि वे अपने ऐसे कर्मचारियों/अधिकारियों को जो दूसरे प्रदेशों से यहां आकर काम कर रहे हैं, को अपने प्रदेश में जा कर घर से काम करने के लिए अनुरोध करें ताकि यहां की जल खपत को कम किया जा सके। नागरिकों से भी अनुरोध किया जा रहा है कि वे पानी का उपयोग मितव्ययिता से करें तथा अपव्यय बिल्कुल नहीं करें। मसलन एक्वागार्ड आदि से निकले वेस्ट वाटर का उपयोग बर्तन साफ करने में, पेड़ पौधे को जीवित रखने के लिए करें। जल उपयोग को सीमित करने के लिए पानी की आपूर्ति में कटौती की जा रही है।

ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की समस्या कोई नई नहीं है और किसी एक शहर तक सीमित भी नहीं है। अपितु अधिकांश छोटे-बड़े शहरों को जिनके पास जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं,जो भू-जल पर निर्भर हैं को प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त वर्षा होने तक इस समस्या का सामना कम या ज्यादा सामना करना ही पड़ता है। स्थानीय निकायों द्वारा अपनी जनता को राहत पहुंचाने के लिए टैंकरों द्वारा जल की आपूर्ति कभी सशुल्क तो कभी निशुल्क की जाती है। जनता अपने अन्य खर्च को कम करके किसी भी कीमत पर जल क्रय करने को मजबूर हैं अर्थात 'मरता क्या नहीं करता '।

जल समस्या का जटिल तथा विस्तारित होना बताता है कि निदान के लिए जैसे प्रयास शासन स्तर पर होने चाहिए थे वैसे किए नहीं गए। यद्यपि ग्रीष्म ऋतु में कमोवेश हर सरकारें जल आपूर्ति के लिए चिंतित अवश्य नजर आती हैं, किन्तु वर्षा होते ही प्रयास धीमे हो जाते हैं,या समस्या ही भुला दी जाती है। जनता भी जल आपूर्ति नियमित होने पर स्थाई समाधान हेतु मांग करना बंद कर देती है। वस्तुतः जल संकट के निदान के लिए प्रत्येक सरकारों को अपने शहरों में बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में जल आवश्यकता का अनुमान लगा कर वर्षा जल संग्रहण तथा आपूर्ति के बारे में सोच विचार कर कार्य योजनाएं बनानी चाहिए। उन शहरों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जो बराहमासी नदी या बड़े बांध या जलाशय के पास नहीं है, जिनकी जनसंख्या अधिक है और भूगर्भीय जल पर अधिक आश्रित हैं।भारत में हो यह रहा है कि जिन शहरों में रोजगार की संभावनाएं अधिक है उन शहरों में तेजी से लोग दूसरे शहरों से आकर अस्थाई तौर पर या स्थाई रूप से बस रहे हैं। अर्थात इन शहरों में जल की मांग निरंतर बढ़ रही है, साथ ही आवास की पूर्ति के लिए तालाबों, झीलों, जलाशयों आदि जल स्रोतों के केचमेंट क्षेत्र अवरुद्ध हो गए हैं, और जनसंख्या के अनुपात में नए जल संग्रहण स्रोतों का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

शहरों में जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं, पुरानी बाबडी,कुओं आदि का रखरखाव भी ठीक से नहीं हो रहा है। परिणाम यह है कि वर्षा का अधिकांश पानी शहरों की जमीन के अंदर जाने की बजाय बहकर अन्यत्र चला जाता है। अतः जल आपूर्ति की समस्या जल प्रबंधन के साथ जनसंख्या प्रबंधन की भी है। इसलिए प्रत्येक शहर को अपने जनसंख्या के अनुपात में जल आडिट नियमित रूप से (निश्चित अंतराल बाद)करते रहना चाहिए अर्थात कितनी जनसंख्या है?,कितनी जनसंख्या हर साल बढ़ रही है?, कितने जल स्रोत है?(तलाब, जलाशय, झील, डेम आदि), उसमें कितना जल संग्रहित किया जा सकता है?,कितने व्यक्तियों के लिए वे जल की आपूर्ति कर सकते हैं?, कितनी क्षमता वाले कितने जल संग्रहण के स्रोतों की वर्तमान और भविष्य में आवश्यकता होगी?। मेरा ऐसा मानना है कि यदि आवश्यकता के अनुकूल शहरों में वर्षा जलसंग्रहालयों को बढ़ाया जाता है, उनका रखरखाव ठीक से रखा जाता है और जनता पानी के अपव्यय को कम करने की आदत बना लेती है तो जल समस्या से निपटना कोई मुश्किल नहीं होगा। इसके साथ ही शासन को हर भवन पर वाटर रिचार्जिंग सिस्टम को लगाना अनिवार्य करना होगा और स्वयं को भी रोड साइट पर, कालोनियों के बगीचों में स्वतः संज्ञान लेते हुए रिचार्ज पिट का निर्माण निश्चित दूरी के अंतराल से करने पर विचार करना चाहिए। ऐसा करके स्थानीय स्तर पर भू में जल के प्रवेश को बढ़ाया जा सकता है। जो निश्चित रूप से भू-जल स्तर को उपर उठाने में मदद करेगा। शासन के प्रयास, जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल का संग्रहण और जनता का जल उपयोग के प्रति मितव्ययिता का आचरण ही जल समस्या का समाधान हो सकता है।

सोशल फोरम

नीति में बदलाव की जरूरत

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं।

पुरातत्व की श्रेणी में शामिल कोई भी निर्माण तभी तक सौंदर्य से परिपूर्ण लगता है जब तक उसकी काया पर कुदरती प्रभाव की छाया मौजूद रहती है। जैसे ही कंजर्वेशन (संरक्षण) हुआ वह सब गायब हो जाता है। लगता है जैसे किसी बुढ़िया का श्रृंगार किया गया है। मेरे ख्याल से पुरातत्व विभाग को शानदार और ऐतिहासिक महत्व की इमारतों और स्थलों को बचाने की अपनी नीति में बदलाव की जरूरत है। जब हमने ब्रिटिश समय के बहुत से कानूनों को बदल लिया है तब हमें ब्रिटिश लोगों की धरोहरों के प्रति संरक्षण की नीति को बदल देना चाहिए। हमें अब कनिंघम और मार्शल युग के बाद की संरक्षण नीति के बारे में सोचना चाहिए।

प्रकृति के कठोर कार्य की वजह से जैसे कि वर्षा, तापमान, मैकेनिकल स्ट्रेस की वजह से निर्माण सामग्री का विघटन, एक त्यक्त भवन और इसके आसपास के परिवेश का रूपांतरण होने लगता है। तब इसके अवशेष के रूप में 'सुंदर' दिखने वाला स्थल और भवन या एकाधिक भवनों के अलावा इसके आसपास के परिवेश को पर्यटकों की सुविधा के लिए संरक्षण के नाम पर बदल दिया जाता है। ऐसा करने से उस स्थल और भवन में आकृतिमूलक ऐसे परिवर्तन हो जाते हैं जिससे प्राकृतिक सौंदर्य गायब हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि हमें उन जगहों पर या इनके आसपास पर्यटकों को लाने की जरूरत है जहां पर खंडहर या ऐतिहासिक महत्व की 'एबंडंड' बिल्डिंग्स मौजूद हैं। पिछले 60 वर्षों में मैं जहां भी गया, पाया कि स्मारक तो क्या, स्थल प्रबंधन भी उस स्थान के कुदरती तौर से विकसित हुए (नैचुरली अक्वायर्ड) सौंदर्य को सुरक्षित रखने की दृष्टि से अपर्याप्त रहे हैं। अधिसंख्य स्थलों की दृश्यावली अरुचिकर कर दी गई है। प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं। भारत में केंद्रीय और राज्यों के पुरातत्व विभावों में सौंदर्यशास्त्र के बारे में स्टाफ और अधिकारियों को जागरूक करने की बड़ी जरूरत है।

-फेसबुक वॉल से

चुनाव में आज भी काला धन हावी

डॉ . अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं।

अगर कोचिंग करके एक लाख लोग डॉक्टर बनते हैं तो बिना कोचिंग के कितने बनेंगे। अगर कोचिंग करके 1000 लोग लोक सेवा में चयनित होते हैं तो बिना कोचिंग के कितने होंगे। अगर प्रचार करके 543 सांसद चुने जाते हैं तो बिना प्रचार के कितने चुने जाएंगे। फिर कोचिंग या प्रचार की क्या आवश्यकता । कोचिंग या प्रचार सामर्थ्य जिनके पास है अर्थात जिनके पास धन बल या कोई व्यवस्था है उनके लिए अवसर बढ़ा देती है। और जिनके पास नहीं है उनके लिए अवसर घटा देती है।

कोचिंग के दबाव में बच्चा पढ़-पढ़ के तनाव में है। हर साल और ज्यादा कड़ी मेहनत से पढ़ाई करता है जिससे लाभ मिले, जब कि सीट उतनी ही हैं। उतने ही लोग चुने जाएंगे। नेता के चुनाव लड़ने का भी यही हाल है। मतलब पैसों को प्रचार में पानी की तरह फूंकना।

तो क्या ये बंद हो? आइए सोचते हैं। देश के स्तर पर सोचें तो राज्यसभा के 250 सांसद, उससे दोगुने से ज्यादा लोकसभा सांसद (543), लोकसभा से लगभग आठ गुणा ज़्यादा विधायक (4200 से ज़्यादा) और हर विधायक पर लोकल बॉडी के 800 चुने हुए लोग (कुल तीस लाख से ज्यादा)। इतने लोग चुने जाने हैं, हर पांच साल में। अब लोकतंत्र है। हर सीट पर अगर औसत पांच से दस लोग भी न लड़ें , तो काहे का लोकतंत्र। तो समझिए सारे चुनाव एक साथ नहीं होते। इसलिए पूरे देश की जनता को तीन या अधिक बार सम्मिलित होना है।

पांच वर्षों के इलेक्टोरल बांड के बीस हज़ार करोड़ को माने तो इस आयोजन में प्रति सीट लगभग 60 हजार खर्चा निकलता है। अगर 5-10 लोग हर सीट पर हैं तो प्रति व्यक्ति 5-10 हज़ार चुनावी ख़र्च आएगा। अब आप ही बताओ पांच दस हज़ार में क्या चुनाव होगा। जन्मदिन का सामान्य उत्सव नहीं होता आज इतने में। हर छोटा चुनाव कई लाख का तो विधानसभा कम से कम कुछ करोड़, लोकसभा सीट तो करोड़ों में खर्चा मांगती है। इन बातों से ये तो पता चलता है कि क़ानून कुछ भी हो चुनाव में आज भी काला धन हावी है। इलेक्टोरल बांड चुनावी ख़र्चों का बहुत न्यून प्रतिशत है। उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं। जिसके पास कुछ नहीं तो दूसरों ने उसका अहित किया इसी इमोशनल शक्तिपात के बल पर जी रहा है। तो उपाय क्या है?

क्या उपाय पारदर्शिता है और कितनी पारदर्शिता? सबको पता है कि अगर सबके बैंक डिटेल, इनकम टैक्स डिटेल, इंटरनेट उपयोग आदि सार्वजनिक कर दें तो सिद्ध भी हो जाएगा कि सभी मनुष्य ही हैं। कभी सही तो कभी गलत। और जिसका कुछ ना मिले उस तक या तो प्रकाश पहुंच ही नहीं पाया या वो भगवान ही होगा। तो हम कितनी पारदर्शिता चाहते हैं ये भी तो तय करें।

आम तौर पर छोटे मकानों में रहकर किंतु बड़े होटलों में आयोजनों का शौक वाले हमारे समाज में, नेता का भोकाल भी हो, नेता का कफ़ीला भी हो, नेता सबके काम भी करा दे, पर नेता ये सब कैसे करे। नेतागीरी अगर इतनी गतिशील है तो उस गति में ऊर्जा तो खर्च होगी, ऊर्जा देश कैसे देगा और कौन देगा। और नेता अगर सुस्त हो तो नेता लापता है, ये भी तो हम ही कहते हैं। तो उपाय क्या है? और ये समस्या अपने देश की ही नहीं है हर लोकतंत्र की है?

(यः पश्यति स पश्यति)

चारित्रिक दोष

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं।

राजा नंगा हो और फिर भी हमारी पहली पसंद हो, इसका राज कहां छिपा है? ये सवाल मेरे मन मे रह-रह कर उठता है कि आखिर क्या वजह है कि अपराधी चरित्र के लोग, बदमाश, बलात्कारी चुनाव में हमारी पहली पसंद बन जाते हैं। क्यों हमारे लिए ईमानदारी और उज्ज्वल चरित्र कोई मायने नहीं रखते?

इस मानसिकता की जड़ें मुझे संस्कृति से जुड़ी लगती हैं। हमारी पौराणिक कहानियां जिन्हें सुन-सुन कर हम बड़े होते हैं। उनका कहीं गहरा प्रभाव हमारे ऊपर रहता है। हमारी कहानियों के चरित्रों द्वारा की गई हरकतों को कोई भी सामान्य व्यक्ति गलत ठहराएगा। लेकिन महान चरित्रों की महान गलतियों को जस्टिफाई करते हुए उसके पीछे भी महान कारण गिनाए जाते हैं।

हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं। मैंने सुना है कि पुराने समय में चोर जब रात्रि में चोरी करने निकलते थे तो बकायदा अपनी एक आराध्य की पूजा कर निकलते थे।

मैं उन पौराणिक कहानियों का यहां जिक्र नहीं करना चाहता लेकिन शायद ये भी एक कारण है कि बलात्कारी, अपराधी यहां सम्मान पाते हैं। और चरित्रवान हाशिये पर पड़े रहते हैं। हमारे इस चारित्रिक दोष के लिए कौन जिम्मेवार है। आज हमें इससे कोई फर्क नही पड़ता अगर हमारा राजा नंगा भी हो जाए। उसकी नंगई में भी हमें महानता ही नजर आती है।

सातवां रोजा

शिया
सहरी : 04.37 बजे
इफ्तार : 06.25 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.48 बजे
इफ्तार : 06.18 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

राजनीतिक दलों को पढ़ाया आयोग का पाठ

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पार्टी प्रतिनिधियों के साथ की बैठक और कहा- अब नियमित होंगी बैठकें

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आदर्श आचार चुनाव संहिता के अनुपालन, जुलूस, सभाएं, रैली सहित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुपालन में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियां साझा की जानी चाहिये। सभी पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया कि अब नियमित बैठक होती रहेंगी। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के अनुपालन जैसे-पंफ्लेट, पोस्टर छपवाने, चुनाव प्रचार करने, उम्मीदवार द्वारा किये जाने वाले व्यय आदि के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन से सभी पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा ऑनलाइन सुविधा पोर्टल के बारे में सभी पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया, जिसके नोडल उप जिलाधिकारी सदर हैं।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करतीं डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला ने कहा कि चुनावी प्रचार के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने, मस्जिद, चर्च, मंदिर या अन्य पूजा स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिये मंच के रूप में नहीं करने, व्यक्तियों के घरों के सामने धरना प्रदर्शन नहीं किये जाने आदि जैसे विषयों पर चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन से पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। इस मौके पर भाजपा के प्रतिनिधि आशीष सिंह, अपना दल जिला अध्यक्ष अविनाश पटेल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधि अमोल बाजपेई, समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश यादव, जिला महामंत्री (सपा) सलाउद्दीन अहमद, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार गौतम, सीपीआई प्रतिनिधि विवेक विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक से मतदान के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार: गनपत सहाय पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचवें दिन रविवार को मां सरस्वती की प्रतिमा पर धूप दीप माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

स्वयं सेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व चयनित गांव चकरपुर और नेवादा का रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागृत किया। ग्रामीणों के विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में छात्रों ने समझते हुए उत्तर दिया। कुछ स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिकोण में वृक्ष वितरित किए। तत्पश्चात स्वयंसेवकों की एक टोली ने ग्राम प्रधान दीपचंद जायसवाल की मौजूदगी में साफ सफाई करते हुए चोक नाली अंश पांडे द्वारा खोला गया। साथ ही शिविर में लौटते समय यातायात जागरूकता के संबंध बिना हेलमेट बाइक सवारों को रोक कर पुष्प एवं हेलमेट दिया गया। द्वितीय सत्र में डॉ. संतोष कुमार पांडेय असिस्टेंट प्रोफेसर ने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना किया ही नहीं जाता है, बल्कि यह जिया जाता है। महाविद्यालय के पूर्व छात्र अभिषेक दुबे ने आरडी कैंप एवं राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त करने के बारे विस्तार से समझाया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक तिवारी ने किया।

एक नजर

घर में रखे रुपये व गहने लेकर युवती फरार

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ग्राम की 18 वर्षीय युवती अपने पड़ोसी प्रेमी के साथ शुक्रवार को घर से फरार हो गयी। शनिवार को युवती की मां ने कोतवाली में तहरीर दी। आरोप है कि बिजली बिल के लिए रखे 11 हज़ार रुपये, सोने चांदी के गहने लेकर उसकी बेटी फरार हुई है। पुलिस ने प्रेमी युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

पांच हजार बच्चों ने दी प्रवेश परीक्षा

सुलतानपुर, अमृत विचार : सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6, 9 एवं 11 के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार को हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में 5000 से अधिक छात्र और अभिभावक विद्यालय में उपस्थित हुए। इस अवसर पर काशी प्रांत के संगठन मंत्री डॉ राममनोहर, डॉ विनोद कुमार सिंह, प्रबंधक डॉ पवन सिंह, अध्यक्ष भोलानाथ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बलराम कसौधन, सुनील श्रीवास्तव, शैलेन्द्र चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

अनाथ किशोर को बालगृह में कराया संरक्षित

सुलतानपुर, अमृत विचार : घर से बिछड़े अनाथ किशोर को सुलतानपुर बाल कल्याण समिति सदस्य मजिस्ट्रेट शिवमूर्ति पांडेय ने लखनऊ के बाल संरक्षण गृह में भेज कर उसके रहने की पूरी व्यवस्था की। 17 मार्च को कूरेभार थाना क्षेत्र के किठाना गांव का किशोर भटककर मुंबई पहुंच गया। पुलिस ने उसे मुंबई संरक्षण गृह में भेजकर जिले के बाल कल्याण समिति से संपर्क किया। बाल कल्याण समिति ने कूरेभार स्थित उसके गांव से पता किया तब पता चला किशोर के माता पिता अब दुनिया में नहीं हैं तथा उसके परिवार के चाचा व अन्य लोग बच्चे को रखने को तैयार नहीं है। जिस पर बच्चे की उचित देखभाल के लिए किशोर को लखनऊ बाल संरक्षण गृह भेज कर उसकी परवरिश की जिम्मेदारी दी गई।

हाथ-पैर बांधकर युवती को खेत में फेंका

संवाददाता, सुलतानपुर

वारदात

▸▸ **नकाबपोश दो लोगों ने घटना को दिया अंजाम, परिजनों द्वारा देख लेने पर बची जान**

अमृत विचार: कोतवाली देहात थाने के गोमती किनारे बेलामोहन गांव में दिन दहाड़े नकाबपोशों ने युवती के मुंह में कपड़ा ठूंसकर हाथ पैर बांध दिया और खेत मे फेंक दिया। इसकी जानकारी पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

देहात कोतवाली से दो किमी की दूरी पर गोमती किनारे स्थित बेला मोहन गांव में प्रभावती अपने मायके में रहती है। वह रविवार को सुबह खेत में सरसों काटने बेटी मनीषा (18) के साथ गयी थी। दोपहर के करीब सभी लोग खेत से घर लौटे तो मनीषा खेत में काम कर रही थी। वह मां से बोली कि आप चलिए, थोड़ा और काम कर लाइन पूरी करके आ रही हूं। काफी देर तक बिटिया घर नहीं लौटी तो परिजन उसको देखने खेत की ओर गये तो वह खेत किनारे मुंह में कपड़ा भरकर हाथ-पैर बंधा बेहोशी की हालत में पड़ी मिली। उसका दम घुटता देख परिजनों ने कपड़ा निकालकर हल्ला गुहार लगाया। जिसके बाद उसकी जान बची तथा हाथ-पैर खोला गया।

मनीषा ने बताया कि दो लोग नकाब बांधकर आए और उसके मुंह मे कपड़ा ठूंस दिया। हाथ-पैर बांध दिया तथा उसको बीच खेत मे फेंककर भाग गये। जिसके बाद वह किसी तरह रेंगकर खेत के बाहर तक पहुंची और दम घुटने से बेहोश हो गयी। इसकी सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी तो मौके पर नवागत कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने जांच-पड़ताल की और परिजनों से बातचीत की। परिजन डरे सहमे है। बिटिया के सही सलामत मिलने पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने की बात पुलिस से कह रहे है।

देहात कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मारपीट की बात सामने आ रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जाएगी।

फंदे से लटकता मिला युवक का शव

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गांव खेतकुरी निवासी युवक का शव गांव के बाहर एक पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। परिजनों व पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। थाना क्षेत्र के खेतकुरी (मनभौना) निवासी राकेश उर्फ सन्ने (38) का शव रविवार की सुबह गांव के बाहर तालाब के किनारे एक पेड़ से रस्सी के फंदे के सहारे लटकता मिला। एसओ तरूण कुमार पटेल ने बताया कि युवक द्वारा खुदकुशी किए जाने की बात सामने आई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सीसीटीवी ने उगला सच, अपनी ही गढ़ी कहानी में उलझी पुलिस

संवाददाता, सुलतानपुर

मामले ने पकड़ा तूल

▸▸ **गोसाईगंज पुलिस की करतूत फर्जी केस में युवक को भेजा जेल**

अमृत विचार: गोसाईगंज पुलिस का अजब-गजब कारनामा सामने आया है। फर्जी मुकदमा बनाकर युवक का आर्म्स एक्ट में गलत तरीके से चालान कर जेल भेजने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। पीड़ित परिवार युवक को पकड़ने के सही स्थल व सही समय की सीसीटीवी फुटेज लेकर उच्चाधिकारियों और कोर्ट का दरवाजा खटखटाना शुरू कर दिया है।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सफीपुर सिरवारा गांव निवासी जहां आरा पत्नी मो. जब्बीर ने पुलिस अधीक्षक को भेजे गये पत्र में आरोप लगाया है कि सिरवारा रोड-गोसाईगंज स्थित काफी शॉप होटल से चाय पीते समय मेरे बेटे जावेद को थाने के एसआई गुलाब चन्द्र पाल, कांस्टेबल विशाल जायसवाल व विकास कुमार चाय की दुकान से 14 फरवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे बिल्कुल सामान्य स्थिति में थाने ले गये। जिसके बाद अगले दिन जावेद की गिरफ्तारी इटकौली चौराहे के पास से बताकर एवं उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस दिखाकर आर्म्स एक्ट में जेल भेज दिया गया। पीड़ित पक्ष के मुताबिक स्थानीय पुलिस से सेटिंग-गेटिंग कर उसने ने जावेद को फर्जी तरीके से जेल भिजवा दिया। उनके मुताबिक पुलिस का यह काला सच बगल के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

> मामला संज्ञान में आया है। जांच-पड़ताल कराई जा रही है। जांच के बाद ही सही मामला सामने आएगा।- **प्रशांत सिंह,** सीओ जयसिंहपुर

करंट लगने से अधेड़ की मौत

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार: धनपतगंज थाना के अंतर्गत जगदीशपुर गांव में करंट के चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार की देर रात जगदीशपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार (50) किसी काम से खेत में गए थे। देर रात तक वे घर वापस नहीं लौटे। काफी इंतजार करने के बाद उनके परिवारीजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। गांव वालों से पूछताछ करने के बाद जब उनका पता नहीं चला तो ग्रामीण खेत की तरफ गए। वहां उनका शव झटका मशीन के तार के पास मिला। उन्हें तत्काल वहां से सीएचसी ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

यूपी पुलिस को मिले 619 दारोगा

सुलतानपुर : उत्तर प्रदेश पुलिस को 619 जाबांज दारोगा की सौगात मिल रही है। इसके लिए पुलिस प्रशिक्षण केंद्र अमहट में पासिंग आउट परेड कराई गई। परेड की सलामी मुख्य अतिथि एडीजी अजय आनंद ने ली। इस मौके पर प्रशिक्षु दारोगाओं के परिजनों समेत विशिष्ट जन मौजूद रहे। पीटीएस के अधीक्षक आईपीएस बृजेश मिश्रा के निर्देशन में हो रही पहली पासिंग आउट परेड में सभी प्रशिक्षुओं के परिवारों को आमंत्रित किया गया था। ● अमृत विचार

गोमती नदी में मिला युवक का शव

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार: रविवार को दिन में गोमती नदी में उतरता हुआ एक युवक का शव दिखाई पड़ा। ग्रामीणों ने जब शव देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए कहा की हत्या कर लाश नदी में डाल दी गई। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि दो से तीन दिन पुराना युवक का शव लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

सार-संक्षेप

राष्ट्रीय सेवायोजना के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान। अमृत विचार

शिविरार्थियों ने की परिसर की सफाई

सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा श्री संस्कृत महाविद्यालय करौंदिया में लगाये गये विशेष शिविर में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिविरार्थियों ने पूरे परिसर की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ प्रभात श्रीवास्तव, डॉ.बृजेश सिंह व नीतू सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

रंगदारी मांगने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : पांच दिन पहले व्यापारी से रंगदारी मांगने व मारपीट करने का आरोपित हिस्ट्रीशीटर को रविवार की सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने न्यायालय के जरिए उसे जेल भेज दिया। मंगलवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटघरा पट्टी हियाई निवासी दुकानदार राम पलट से हियाई निवासी अभिषेक सिंह व अपने दो अन्य साथियों के साथ एक लाख रुपया रंगदारी मांगने, मारने व गाली देते हुए धमकी दिया था। रविवार की सुबह पांच बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घर से पकड़ कर जेल भेज दिया। आरोपी अभियुक्त के पास से 315 बोर का असलहा व एक कारतूस बरामद किया। थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि अभिषेक थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

शिवेंद्र ने इंजीनियरिंग तो शिवाली ने मेडिकल में फहराया झंडा

सुलतानपुर, अमृत विचार : उच्च प्राथमिक विद्यालय अमिलिया खुर्द दूबेपुर के अध्यापक सुरेंद्र प्रताप सिंह के पुत्र शिवेंद्र सिंह ने जेईई मेन्स द्वारा नेट कुरुक्षेत्र में सिविल इन्जीनियरिंग में प्रवेश लिया है। गेट 2024 में ऑल इंडिया 44वीं रैंक प्राप्त किया। साथ ही शिक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह की बेटी शिवाली सिंह ने बीआरडी मेडिकल कालेज से एमबीबीएस में स्वर्ण पदक प्राप्त कर इंटर्नशिप के ही दौरान एमडी जनरल मेडिसिन एआईआर-1650 और स्टेट रैंक 54 के द्वारा प्रयागराज मेडिकल कालेज में प्रवेश लिया।

गोमती मित्रों ने की घाट की सफाई

सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार को सुबह बजे गोमती मित्रों ने अपना श्रमदान शुरू किया। तीन घंटे तक लगातार मेहनत कर पूरे धाम परिसर को साफ सुथरा कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने बताया कि नगर वासी अब पूजन सामग्री को नदी की जलधारा में डालने से परहेज करने लगे हैं, जिसके लिये वे धन्यवाद के पात्र हैं। मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, आलोक तिवारी, संत कुमार सोनकर, राकेश मिश्रा, राजेश पाठक, मुन्ना सोनी, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, अजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

ट्रक पलटने से आवागमन बाधित

गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : गोसाईगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ-बलिया हाईवे पर माधवपुर छतौना पेट्रोल पंप के पास ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। जिससे घंटों तक आवागमन प्रभावित रहा। आजमगढ़ जनपद निवासी ट्रक ड्राइवर मुरारी पांडेय ट्रक में फॉर्च्यून तेल लादकर कानपुर से आजमगढ़ के लिए जा रहे थे। रविवार सुबह वे गोसाईगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ-बलिया हाईवे पर माधवपुर छतौना के पास पहुंचा थे कि बेकाबू होकर पलट गई।

माधव महोत्सव में भाव वाटिका साझा संकलन का विमोचन

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार : श्याम चरित मानस लोक साहित्य न्यास के तत्वावधान में रविवार को बनमई गांव स्थित एक विद्यालय में श्री श्याम चरित मानस महाकाव्य के रचयिता माधव दास, साहित्यकार एवं टीकाकार राम बुझारत वर्मा व समरजीत यादव की स्मृति में माधव महोत्सव का आयोजन किया गया। यहां विभिन्न जनपदों से आए कवियों व साहित्यकारों ने वक्तव्य एवं काव्य पाठ किया। औपचारिक शुरुआत के बाद मुख्य अतिथि रामलखन चौरसिया वागीश व विशिष्ट अतिथि जय नारायण यादव के बाद लोक भूषण डॉ आद्या प्रसाद सिंह प्रदीप, साहित्य भूषण डॉक्टर सुशील कुमार पाण्डेय साहित्येन्दु, आशु कवि मथुरा प्रसाद जटायु, दिनेश प्रताप सिंह चित्रेश, डॉ रामप्यारे प्रजापति, डॉक्टर कृष्णमणि चतुर्वेदी मैत्रेय ने काव्य पाठ किया। डॉक्टर करुणेश भट्ट ने फूल खिले है तुम्हारे ही यादो, कांति सिंह ने मेरे गिरधर का हजारों नाम की कविता पढ़ी। दिनेश प्रताप सिंह चित्रेश ने कहानी सुनाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दिया।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे जगपति

संवाददाता, सुलतानपुर

कार्यक्रम

▸▸ **कवि जगपति सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई संगोष्ठी**

अमृत विचार: पं. रामनरेश त्रिपाठी स्मृति सेवा संस्थान की ओर से स्मृति शेष कवि जगपति सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन रूद्र नगर मोहल्ले में किया गया। इसकी अध्यक्षता कथाकार सोमेश शेखर ने की। मुख्य अतिथि कवि गजलकार डा. डीएम मिश्रा और विशिष्ट अतिथि कादीपुर से पधारे कवि डॉ. सुशील कुमार पांडेय साहित्येन्दु रहे।

कवि डॉ. डीएम मिश्रा ने कहा कि जगपति सिंह बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। जहां वे एक अनुशासन प्रिय अध्यापक और बेहतर मनुष्य के रूप में जाने जाते थे, वहीं छायावादी कवि के रूप में भी उनकी बड़ी ख्याति थी। पूर्व प्राचार्य डॉ राम प्यारे प्रजापति ने अपने अनेक संस्मरणों को साझा किया तो साहित्यकार उत्कर्ष सिंह और यतीन्द्र शाही ने एक शिष्य के रूप में उनकी यादों को ताज़ा किया। कवि डॉ सुशील कुमार पांडेय साहित्येन्दु ने कहा कि उनकी कविताओं में महाकवि जयशंकर प्रसाद की कविताओं का अक्स देखते को मिलता है। संगोष्ठी का संचालन करते हुए अभिदेशक पत्रिका के संपादक प्रो ओंकार नाथ द्विवेदी ने उनकी अनेक प्रकाशित कृतियों की चर्चा करते हुए किया। कहा कि जगपति सिंह ने अपने जीवन काल में सदैव साहित्यिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में, कवि जयंत त्रिपाठी, शायर डॉ मन्नान सुलतानपुरी, डॉ अब्दुल हमीद, कवि अटल आदि ने अपनी रचनाओं से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने अध्यक्षीय भाषण में सोमेश शेखर ने कहा कि उनकी रचनाओं का पुनर्प्रकाशन किया जाना चाहिए और सोशल मीडिया के ज़रिए प्रसारित भी करें तो वह आसानी से जन जन तक पहुंच जाय। कार्यक्रम के अंत में संदीप सिंह ने आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आरडीह गांव में चकमार्ग से हटाया गया अतिक्रमण

सुलतानपुर, अमृत विचार। धम्मौर थाना क्षेत्र के आरडीह ग्राम पंचायत में कुछ लोगों ने चकमार्ग पर अतिक्रमण कर निर्माण करा लिया। इसकी शिकायत सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी से की गई। डीएम के निर्देश पर लौहर दक्षिण के हल्का लेखापाल राय साहब सिंह चकमार्ग से अतिक्रमण हटाने गए थे। जहां पर कुछ लोगों ने हल्का लेखपाल की पिटाई कर दी। पिटाई के बाद चोटिल लेखपाल ने घटना के दूसरे दिन आरडीह गांव के महात्मा प्रसाद, इन्द्रदेव उर्फ पप्पू व जय मिश्र के खिलाफ धम्मौर थाने में केस दर्ज कराया। इसके बाद जिला प्रशासन से फोर्स मांगवा कर लेखपाल ने आरडीह ग्राम पंचायत में पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया।

एक्शन में पुलिस, कई अपराधियों को भेजा जेल

सुलतानपुर, अमृत विचार: आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होते ही पुलिस एक्शन मोड़ में आ गई। अभियुक्तों को जेल का रास्ता दिखाया जा रहा है।

हलियापुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने वर्षों से पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में वांछित चल रहे फरार अभियुक्त दिलीप कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जहां से जेल भेजने की कार्यवाही हुई। वहीं उपनिरीक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने रविवार को 11 सौ ग्राम गांजे के साथ शक्ति सिंह निवासी ग्राम हलियापुर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है। वही रविवार को ही लम्भुआ पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्तगण मुकेश दूबे निवासी ग्राम पिलखिनी मिश्रान को पाक्सो एक्ट, मो सलीम निवासी ग्राम बेलाही थाना लंभुआ को लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, उमेश कुमार बरनवाल निवासी ग्राम नरहरपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। करौंदीकला पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सिकन्दर उर्फ सिन्डे निवासी ग्राम पाकड़पुर (बबुरहिया) को गिरफ्तार किया। न्यायालय भेजा गया, जहां जेल भेजा गया।

आयोजन क्लस्टर प्रभारी ने चार विधान सभाओं में बैठक कर दिया जीत का मंत्र

प्रदेश की सभी 80 सीटों पर खिलेगा कमल : नंदी

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: आम चुनाव की घोषणा के साथ लोकसभा के क्लस्टर प्रभारी व औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने रविवार को चुनावी बिगुल फूंकते हुए इसौली, लंभुआ, सदर व लंभुआ विधानसभा में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक कर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा की अध्यक्षता में इसौली व लंभुआ विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री नन्दी ने कहा यूपी की सभी 80 की 80 सीटों पर कमल खिलेगा।

लंभुआ में बैठक को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि पार्टी विकास, सुशासन व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगी। हर बूथ पर जीत का परचम लहराने के लिए कार्यकर्ता मिशन मोड में जुट जाएं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने जातिवाद, परिवारवाद व भ्रष्टाचार की राजनीति को समाप्त किया है। लाभार्थी का बड़ा वोट बैंक खड़ा किया है। सभी जिम्मेदार कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर लाभार्थियों व अन्य वोटर से संपर्क करें। सरकार की उपलब्धियां बताएं। उन्होंने लोकसभा के 1991 बूथों पर होली मिलन समारोह आयोजित करने को कहा। इस दौरान उन्होंने कोर कमेटी की बैठक कर चुनावी तैयारी का जायजा लिया। इसौली विधानसभा की बैठक कुड़वार व लंभुआ विधानसभा की बैठक चन्दन मैरिज लान लंभुआ में आयोजित हुई।

लोकसभा प्रभारी दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा भाजपा कार्यकर्ता 365 दिन सक्रिय एवं चुनावी मोड में रहता है। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने कहा कि पन्ना प्रमुख का गठन कर लिया गया है। एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता ओम प्रकाश पांडेय बजरंगी ने भी संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत से जुटने का आवाह्न किया। इस मौके पर विस प्रभारी काली बख्श सिंह, संयोजक ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह, विजय त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ला, जिला सह मीडिया प्रभारी अशोक सिंह, बबिता तिवारी, पूजा कसौधन, अयोध्या प्रसाद वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश सिंह अंगद, कुंवर बहादुर सिंह, सुषमा जायसवाल, जगदीश चौरसिया, विजय द्विवेदी समेत समस्त मंडल अध्यक्ष,मंडल प्रभारी व चुनाव प्रबंधन समिति के जिम्मेदार मौजूद रहे।

सतेंद्र और ओम बने जिला मंत्री

अखंडनगर/धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार: भाजपा के युवा मंडल अध्यक्ष अखंडनगर सतेन्द्र विक्रम सिंह साहुल निवासी नगरी, अखंडनगर को अरुण जायसवाल जिला किसान मोर्चा भाजपा ने जिला मंत्री नियुक्त किया है। युवा मंडल अध्यक्ष के रूप साहुल सिंह द्वारा किए गये कार्य को देखते हुए इनके दायित्व को बढ़ाया गया। वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष आरए वर्मा और किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने शीर्ष नेतृत्व की सहमति से किसान मोर्चा के जिले की टीम का गठन किया। जिसमें युवा भाजपा नेता ओम पांडेय को किसान मोर्चा जिला मंत्री बनाया गया। मूल रूप से बल्दीराय तहसील क्षेत्र के देहली बाजार शुकुलपुर गांव के निवासी है।

सातवां रोजा

शिया
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.52 बजे
इफ्तार : 06.15 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

महात्मा बुद्ध से जुड़ी धरोहरों पर रिसर्च करेंगे सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के 11 प्रोफेसर

उपलब्धि

▸▸ प्रदेश सरकार ने आवंटित किया धन, शासन को भेजेंगे जानकारी

सिद्धार्थनगर कार्यालय

अमृत विचार : सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु में तैनात 11 प्रोफेसरों को रिसर्च करने के लिए प्रदेश सरकार ने धन आवंटित किया है। ये प्रोफेसर अपने-अपने विषयों में रिसर्च करेंगे और जिले के साथ पूरे प्रदेश की जानकारी शासन को भेजेंगे।

नेपाल सीमा से सटे जिले में महात्मा बुद्ध से जुड़ी अनेक धरोहर हैं। इसके बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए 11 प्रोफेसरों को रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के तहत प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण के लिए धन आवंटित किया गया है। इस योजना के लिए प्रदेश के दो विश्वविद्यालयों में से लखनऊ विश्वविद्यालय से 4 व सिद्धार्थ विश्वविद्यालय से 11 प्रोफेसरों का चयन किया गया है। नेपाल बॉर्डर के समीप होने से दोनों देश के संबंध और उसके रहन-सहन के बारे में भी जानकारी ली जाएगी। रिसर्च के माध्यम से जिले में गौतम बुद्ध से जुड़े स्थानों का पता लगाया जाएगा। राजनीत शास्त्र की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सरिता सिंह को जिले में ग्रामीण विकास और पंचायती राज भूमिका के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए धन आवंटित किया गया हैं। हिंदी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रेनू त्रिपाठी आधुनिक हिंदी कविता में भारतीयता का स्वर व संस्कृतिक विमर्श के विषय पर रिसर्च करेंगी। भौतिक विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनीषा वाजपेई कार्बनिक फोटोवोल्टिक के कुशल अनुप्रयोगों के लिए धातु नैनोऑक्साइड का संश्लेषण और लक्षण वर्णन करेंगे। लोक प्रशासन विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनीता त्रिपाठी को महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण की दिशा में महिला पुलिस की भूमिका पर शोध करना है। बीबीए विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अखिलेश दीक्षित को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में संबद्ध महाविद्यालय में स्ववित्त पाठ्यक्रम में शिक्षकों का विकास व कल्याण के बारे में रिसर्च करने के लिए मिला हैं। प्राचीन इतिहास संस्कृति और पुरातत्व के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शरदेंदु त्रिपाठी को प्रमुख बौद्ध स्थलों का नवीन अध्ययन आर्थिक परिप्रेक्ष्य में करने के लिए मिला है। जैवप्रौद्योगिकी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कपिल गुप्ता को उन्नत ट्राइटरपेनॉइड उत्पादन के लिए क्लिटोरिया टर्नेटिया से स्क्वैलेंस सिंथेसिस और स्क्वॉलिन एपॉक्सीडेज जीन की क्लोनिंग और विशेषता के बारे में रिसर्च करने के लिए मिला है। राजनीति शास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अविनाश प्रताप सिंह को भारत-नेपाल संबंध समसामयिक कूटनीतिक और सांस्कृतिक प्रवचन में रिसर्च करने के लिए मिला है।

एक नजर

आचार संहिता के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई: डीएम

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा है कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। सभी तहसीलों के एसडीएम को इस संबंध में निर्देशित किया गया है। आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि किसी तरह की अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। शैडो एरिया में स्थित बूथों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए निगरानी की जा रही है।

लोकसभा चुनाव के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न करने के लिए निर्वाचन आयोग के अनुपालन में जनपद मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कक्ष में लगे फोन का नंबर 220006 है। ये जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी है।

विभिन्न योजनाओं में सीएचसी उसका अव्वल

उसका बाजार, सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन में सीएचसी उसका के अधीक्षक एसके पटेल को प्रशस्ति-पत्र मिला है। अधीक्षक ने बताया कि परिवार नियोजन व प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उन्हें सम्मानित किया है।

सामान्य रहेगा मौसम

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, रविवार को अधिकतम तापमान (डिग्री सेल्सियस) 31.0 (-1.5), न्यूनतम 10.0 (-3.5) रहा। 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने, तापमान सामान्य के आसपास रहने व हवा सामान्य गति से चलने की संभावना है।

डुमरियागंज में 19.52 लाख मतदाता बनेंगे प्रत्याशियों के भाग्यविधाता

सिर्फ भाजपा ने घोषित किया है प्रत्याशी, दिलचस्प होगा मुकाबला

सिद्धार्थनगर कार्यालय

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। लोकतंत्र के इस महापर्व में डुमरियागंज लोकसभा से 19 लाख 52 हजार 37 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

बता दें कि सिद्धार्थनगर में 5 विधानसभाएं समायोजित हैं जिसमें शोहरतगढ़ विधानसभा में 296 पोलिंग सेंटर बनाए गए हैं और मतदेय स्थलों की संख्या 410 है। इस विधानसभा में 1989635 पुरुष, 168545 महिलाएं व 37 अन्य है। कुल 358217 मतदाता हैं। विधानसभा कपिलवस्तु में 352 पोलिंग सेंटर बनाए गए हैं और 501 मतदेय स्थल हैं। इस विधानसभा में पुरुष मतदाता 242558, महिलाएं 2 लाख 11377 व अन्य 40 हैं। कुल 453975 मतदाता हैं। विधानसभा बांसी में पोलिंग सेंटरों की संख्या 317 व 411 मतदेय स्थल हैं। इस विधानसभा में 2050 36 पुरुष, 182541 महिलाएं व अन्य 38 मतदाता हैं। कुल 387615 मतदाता हैं। विधानसभा इटवा में 306 पोलिंग सेंटर बनाए गए हैं, मतदेय स्थलों की संख्या 405 है। इस विधानसभा में पुरुषों मतदाता 181955, महिलाएं 158806 व अन्य 14 हैं। कुल 340775 मतदाता हैं। विधानसभा डुमरियागंज में 333 पोलिंग सेंटर बनाए गए हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 451 है। इस विधानसभा में 220542 पुरुष, 190896 महिलाएं व अन्य 17 हैं। कुल 411455 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। लोकसभा डुमरियागंज में कुल 1952037 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

इंडिया गठबंधन ने नहीं की अभी उम्मीदवार की घोषणा

अभी तक भाजपा ने ही अपना प्रत्याशी तीसरी बार जगदंबिका पाल को चुनावी मैदान में उतारा है। सपा और बसपा ने अभी तक अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है जिससे चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोग विभिन्न नामों को लेकर कयास लग रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में फिलहाल कई नाम सामने आ रहे हैं लेकिन अभी तक इंडिया गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

एसडीएम ने बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

गोरखपुर, अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर ने सदर तहसील में अधीनस्थों के साथ बैठक की। एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने कहा कि अधिकारी अपने दायित्व का सकुशल निर्वहन करते हुए लोकसभा चुनाव में अपना अहम योगदान दें जिससे चुनाव सकुशल संपन्न हो सके। उड़नदस्ता टीम के प्रभारी, मजिस्ट्रेट व अन्य संबंधित अधिकारियों के माध्यम से शिकायतों का निस्तारण करें। तहसीलदार सदर विकास कुमार सिंह, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

24 घंटे बाद भी नहीं लगा किशोरों का सुराग

तलाश जारी

▸▸ राप्ती नदी में नहाने गए थे 5 बालक, दो डूबे

सिद्धार्थनगर कार्यालय

नदी के पास एकत्र लोगों की भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार : डुमरियागंज थाना क्षेत्र के गौराघाट स्थित राप्ती नदी में नहाने गए डूबे दो किशोरों का 24 घंटे बाद भी अभी तक सुराग नहीं लग सका है। डूबे किशोरो की खोजबीन के लिए स्थानीय गोताखोरों व एनडीआरएफ और पुलिस टीम लगी हुए है। मौके पर तहसील व पुलिस प्रशासन भी मौजूद हैं। नदी में डूबे दोनों किशोरों के परिवारों में मातम पसरा है।

बता दें कि शनिवार शाम गोल्हौरा थाना क्षेत्र के पटेहरी गांव के संकित गुप्ता (16) पुत्र श्याम सुंदर, रामधनी मौर्य (15) पुत्र कल्लू मौर्य व विष्णु गुप्ता, गौरव गुप्ता, गुड्डन और इमरान अपने गांव से करीब 8 किलोमीटर दूर नदी के छोर पर नहाने गए थे। सभी बालक दो बाइकों से नदी के पास पहुंचे थे। इनमें से पांच किशोर नदी में नहा रहे थे। इमरान रोजा रखने के कारण नहाने नहीं गया। वह दूर बैठा इन्हें देख रहा था। अचानक नहा रहे बच्चें डूबने लगे। विष्णु, गौरव व गुड्डन तैरकर बाहर निकल आए जबकि संकित और रामधनी गहरे पानी में चले गए। बाहर आए बच्चे बाइक से वापस अपने गांव पहुंचे और घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। इमरान की बाइक की चाभी विष्णु अपने साथ लेकर गांव चला गया। इमरान घटनास्थल पर ही रह गया। घटना की सूचना पाकर ग्रामीण नदी पर पहुंचे और डूबे बच्चों की तलाश शुरू कर दी। स्थानीय गोताखोरों की मदद से बच्चों की तलाश की जा रही है लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

> नदी में डूबे बच्चों को खोजने के लिए एनडीआरएफ की टीम का सर्च ऑपरेशन जारी है, अभी तक सफलता नहीं मिली है। खोजबीन की जा रही है। **-डॉ. संजीव दीक्षित,** एसडीएम, डुमरियागंज

बच्चों के दुखी परिजन।

एसी मैकेनिकों पर बंद हो दंडात्मक कार्रवाई

गोरखपुर, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे विद्युत विभाग के एसी मैकेनिक कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय से मिला। इस दौरान उसने अपनी समस्याएं बताई।

महामंत्री विनोद राय ने बताया कि लंबी दूरी की ट्रेनों में ड्यूटी करने वाले एसी मैकेनिकों को अनावश्यक चार्ज शीट देकर लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। एसी मैकेनिक ही एक ऐसा रेल कर्मचारी है जो ट्रेनों के शुरुआत से आखिर तक और फिर वापसी में ट्रेनों में ही अपनी ड्यूटी करता है। इसी रेल स्टॉफ के भरोसे सारे यात्री एसी का आनंद उठाते हुए यात्रा पूरी करते हैं लेकिन इन कर्मचारियों की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। गाड़ियों में ड्यूटी करने पर इनके पास बैठने की कोई जगह नहीं होती है। महामंत्री ने मांग की है कि एसी मैकेनिकों का उत्पीड़न बंद किया जाए, नहीं तो संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एके सिंह, मनोज द्विवेदी, डीके तिवारी, आरपी भट्ट, कौशल कुमार सिंह, केएम मिश्रा, सतीश चंद्र अवस्थी, संजीवधर, दीपक चौधरी, विजय पाठक, जयप्रकाश सिंह आदि रहे।

22 मार्च से 1 अप्रैल तक चलेंगी स्पेशल बसें

मिलेगी राहत

▸▸ होली पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए रोडवेज ने लिया फैसला

सिद्धार्थनगर कार्यालय

अमृत विचार : होली पर्व पर मुंबई, दिल्ली से घर वापस आने वाले यात्रियों को शहर के रेलवे स्टेशन से अपने घर तक पहुंचने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग बॉर्डर क्षेत्र सहित अन्य रूटों पर स्पेशल बसों का संचालन करेगा। ये बसें 22 मार्च से 1 अप्रैल तक चलेंगी

होली पर दूर-दराज से अपने घर वापस आने वाले यात्रियों को मुख्यालय से घर पहुंचने में समस्या होती है। साधन के अभाव में लोगों को प्राइवेट वाहन बुक कर जाना पड़ता है जिससे उन्हें कई गुना किराया देना पड़ता है। लोगों को असुविधा न हो, इसके लिए रोडवेज 22 मार्च से 1 अप्रैल तक स्पेशल बसों का संचालन करेगा जिसमें दिल्ली रूट की दो बसों का संचालन बॉर्डर के रूट पर होगा। रोडवेज यात्री अजय वरुण का कहना है कि बाहर से आए हुए यात्रियों को घर आने के लिए प्राइवेट वाहन बुक करना पड़ता है। सरकारी बसों का संचालन होने से काफी सुविधा होगी। एआरएम वीके गंगवार ने बताया की नेपाली नागरिकों की सुविधा के लिए ककरहवा, अलीगढ़वा, बढ़नी और खुनुवां बॉर्डर पर बसें बढ़ाई जाएंगी। इससे नेपाली नागरिक व जिले के लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। अन्य रूटों पर बसों के फेरे भी बढ़ाए जाएंगे।

> होली पर घर आने वाले यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए विशेष बसों का संचालन किया जाएगा। स्पेशल बसें 10 दिन तक संचालित की जाएंगी। **-विजय कुमार गंगवार,** एआरएम, रोडवेज

सार-संक्षेप

किसानों ने पंचायत लगाकर उठाई मांगें

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : किसानों की समस्याओं को लेकर शनिवार को किसान यूनियन ने ब्लॉक परिसर बढ़नी में पंचायत लगाई। इस दौरान बीडीओ को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। खंड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन में ब्लॉक के धन्धरी कलां में सड़क व नाली के निर्माण की मांग, हर गांव में किसान निधि दिलाने, विधवा-विकलांग व वृद्धा पेंशन की सूची बनवाने, किसानों के लिए आवास व शौचालय की व्यवस्था, हर ग्राम सभा में विद्यालय बनवाने, ग्राम घरुवार में दोनों तरफ सड़क व नाली निर्माण की मांग की गई। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष हद्दीश किसान, सर्वजीत शर्मा, कन्हैया प्रसाद, गेसा देवी, रामलाल, रामसवारे, गंगाराम, रामप्रसाद, भगवानदास, हीरालाल, सुरसती आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : कस्बे के हरिप्रसाद एकेडमी महुआ में शनिवार रात विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इंजीनियर आरके यादव ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य के जीवन में बदलाव लाती है। इस दौरान नौनिहालों ने गीत-संगीत, नाटक व नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्रबंधन की तरफ से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक बिंदु यादव ने कहा कि सीमित संसाधनों में ग्रामीण क्षेत्र में नौनिहालों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना प्राथमिकता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अभय कुमार, शिव चंद यादव, दिलीप सिंह आदि रहे।

रूट मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

रूट मार्च करते पुलिस व सीआईएसएफ के जवान। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी इटवा ने थाना मिश्रौलिया गोल्हौरा पुलिस व सीआईएसएफ की संयुक्त टीम के साथ रूट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी इटवा ने थाना मिश्रौलिया, गोल्हौरा पुलिस व सीआईएसएफ की टीम के साथ कस्बा चेतिया बाजार, माधवपुर गौरडीह, मिठौआ बाजार, बढ़या आदि स्थानों पर मय दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ रूट मार्च, फ्लैग मार्च किया।

होली पर चलेगी सियालदह-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन

गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन ने होली पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 03131/03132 सियालदह-गोरखपुर-सियालदह होली विशेष गाड़ी का संचलन सियालदह से 22 मार्च और गोरखपुर से 23 मार्च को एक फेरे के लिए करने का निर्णय लिया है। 03131 सियालदह-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी सियालदह से 22 मार्च को 18.15 बजे प्रस्थान कर बर्धमान से 20.05 बजे, दुर्गापुर से 20.57 बजे, आसनसोल से 21.35 बजे, चितरंजन से 22.05 बजे, मधुपुर से 22.42 बजे, जसीडीह से 23.17 बजे, झाझा से 23.55 बजे, दूसरे दिन किऊल से 00.52 बजे, मोकामा से 01.27 बजे, सीवान से 07.15 बजे व देवरिया सदर से 08.22 बजे छूटकर गोरखपुर 10.10 बजे पहुंचेगी। वापसी में 03132 गोरखपुर-सियालदह होली विशेष गाड़ी गोरखपुर से 23 मार्च, 2024 को 11.30 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर से 13.25 बजे, सीवान से 14.40 बजे, छपरा से 16.05 बजे, पाटलिपुत्र से 19.25 बजे, पटना से 20.05 बजे, बख्तियारपुर से 20.55 बजे, चितरंजन से 01.42 बजे, आसनसोल से 02.27 बजे, दुर्गापुर से 03.07 बजे तथा बर्धमान से 04.12 बजे छूटकर सियालदह 06.25 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के तीन, शयनयान श्रेणी के 12, सामान्य द्वितीय श्रेणी के दो व एसएलआरडी के दो कोचों सहित कुल 19 कोच लगाए जाएंगे। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी है।

भाजपा शासन में आसानी से बना राममंदिर: राही

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

शतचंडी महायज्ञ का उद्घाटन करते विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही। अमृत विचार

अमृत विचार : विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने अपने गृहग्राम हरैंया बाबू, तहसील मेहदावल जनपद संतकबीर नगर में रविवार को उपस्थित होकर शतचंडी महायज्ञ की शुरुआत की। कार्यक्रम के आयोजक ब्लॉक अध्यक्ष राम अधीन तिवारी व ग्रामवासी अशोक सिंह, शिव पूजन यादव, पाटेश्वरी सिंह, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, रघुवंश चौबे, प्रमोद शारदा फेरई आदि ने उनका स्वागत किया।

जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज दुनिया राममय हो गई है। अगर आप लोगों ने योगी-मोदी को देश और प्रदेश की कमान नहीं सौंपी होती तो शायद अयोध्या में इतनी आसानी से राममंदिर की स्थापना नहीं हो पाती। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री अखंड प्रताप सिंह ने जनसमूह को खुद से जोड़ते हुए कहा कि गर्व से बोलो-हम हिंदू हैं। यह भी कहा कि हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना अगर साकार करनी है तो अबकी बार पुनः मोदी सरकार और वह भी 404 पार बनानी होगी। आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान कार्यक्रम में विधायक के साथ विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री अखंड प्रताप सिंह, विश्व हिंदू महासंघ के संरक्षक राजन सिंह, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह व जैनेंद्र मिश्रा, तहसील संयोजक नौगढ़ जगन्नाथ चौबे, तहसील मंत्री सूरत सिंह, एडवोकेट प्रभाकर मिश्रा आदि भी रहे।

मूल्यांकन में नहीं पहुंचे 526 शिक्षक, वेतन काटने के निर्देश

सख्ती

▸▸ यूपी बोर्ड की हाईस्कूल, इंटर की कॉपियां जांचने में लापरवाही पर डीआईओएस खफा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से शनिवार से शुरू हुए बोर्ड परीक्षा की कॉपी के मूल्यांकन के पहले दिन 526 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। रिपोर्ट मिलने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी के वेतन काटने का निर्देश दिया है। रविवार को ये जानकारी डीआईओएस ने दी।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से कराई गई हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार से शुरू हुआ है। जिले में तीन मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। करीब तीन लाख कांपियों का मूल्यांकन होना है। मूल्यांकन कार्य के लिए 1264 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। पहले दिन हुई रिपोर्टिंग में 526 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए जबकि 738 पहुंचे थे। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि कॉपियों का तय समय से मूल्यांकन होना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्यूटी पर नहीं आने वाले शिक्षकों का वेतन रोकने के साथ आगे की कार्रवाई भी की जाएगी।

कार्यक्रम गोरखनाथ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों के 7 दिवसीय शिविर की हुई शुरुआत

सामूहिकता से जोड़ने का मंच देती है राष्ट्रीय सेवा योजना

संवाददाता, गोरखपुर

शिविर में अतिथि का स्वागत करते आयोजक। अमृत विचार

अमृत विचार : गोरखनाथ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों के 7 दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत रविवार से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे दीनदयाल गोरखपुर विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की प्रोफेसर शोभा गौड़ मौजूद रहीं।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चारित्रिक विकास के लिए यह जरूरी है कि व्यक्ति खुद को एक अलग इकाई की बजाए समाज का हिस्सा मानकर काम करे। राष्ट्रीय सेवा योजना खुद के बजाए सामूहिकता से जोड़ने और समाज व राष्ट्र निर्माण का सशक्त मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने कहा कि विश्वविद्यालय का मूल विचार लोक कल्याण है। विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे उन कार्यों से खुद को जोड़ें जो लोक कल्याण के पथ का अनुसरण करते हों। शिविर का उद्घाटन प्रो शोभा गौड़, मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश दुबे ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। आभार ज्ञापन धनंजय पांडेय ने किया। इस दौरान हॉस्पिटल के निदेशक कर्नल डॉ राजेश बहल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास कुमार यादव, प्रिया सिंह, शिवांगी दुबे, ऐमन आदि मौजूद रहे।

बेलौहा बाजार में बसों के ठहराव की उठाई मांग

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : बेलौहा बाजार में रोडवेज बसों के रुकने की व्यवस्था बंद कर दी गई थी। बसों का ठहराव न होने से क्षेत्रीय यात्रियों को मेंहदावल, खलीलाबाद व गोरखपुर जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने पुन: बस स्टैंड स्थापित करने की मांग की है। खेसरहा विधानसभा क्षेत्र के तत्कालीन विधायक दिवाकर विक्रम सिंह की पहल पर 1983 में रोडवेज बस स्टैंड बना था। यहां बांसी व गोरखपुर से आने वाली रोडवेज बसें आधा घंटा रुकती थीं। करीब 50 गांवों के लोगों को नंदौर, मेंहदावल, खलीलाबाद व गोरखपुर आने-जाने में सहूलियत मिल रही थी लेकिन 1990 के बाद बसों का ठहराव बंद कर दिया गया। यहां के क्षेत्रीय लोगों को खलीलाबाद व गोरखपुर का सफर डग्गामार वाहनों से करना पड़ता है। रिटायर्ड अध्यापक अम्बिका पांडेय ने बसों के पुन: ठहराव की मांग की है।

एक नजर

संदिग्ध हालात में मिला वृद्ध का शव

बलरामपुर। हरैया सतघरवा थाना क्षेत्र के कटकुइंया गांव में सड़क के किनारे एक 70 वर्षीय मंद बुद्धि के वृद्ध का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया है। ग्राम प्रहरी के सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक हरैया गोविंद कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कटकुइंया गांव के पास एक मानसिक रूप विक्षिप्त वृद्ध का शव सड़क के किनारे लावारिस हालत में पाया गया है। ग्राम प्रहरी धर्मराज यादव के तहरीर पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि उक्त लावारिस व्यक्ति समय माता मंदिर पर अक्सर आया जाया करता था। यदि कोई खाने के लिए कुछ देता था तो वह खा लेता था अन्यथा इधर-उधर भटकता रहता था।

खलीलाबाद से चोरी किए गए गोवंश बेचने जा रहा अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर, अमृत विचार। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने रविवार को चोरी की 2 अदद गाय, घटना में प्रयुक्त 1 अदद वाहन तथा 2 अदद चाकू के साथ 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी आर के सिंह ने बताया कि 14 मार्च को वादी महेन्द्र कुमार चौधरी पुत्र कृष्णमोहन चौधरी निवासी शिवनगर कालोनी थाना कोतवाली खलीलाबाद ने सौंपी गई तहरीर के माध्यम से सूचना दिया था कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी 2 गायों को रेलवे माल गोदाम खलीलाबाद के पास से चोरी कर लिया गया है। जिसके सम्बन्ध में अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ धारा 379, 411 आईपीसी के तहत मुकदमा कायम कर घटना के खुलासे के लिए मुखबिरों का जाल फैलाया गया था।

कार्रवाई

- चोरी की दो गाय, घटना में प्रयुक्त वाहन, चाकू समेत अन्य सामान बरामद
- खलीलाबाद के रेलवे मालगोदाम के पास से चुराए गए थे गोवंश

रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति वाहन पर लदी दो गायों के साथ एचआरपीजी कालेज खलीलाबाद के पास मौजूद है। सूचना को गम्भीरता से लेते हुए मौके पर पहुंच कर घेराबंदी करते हुए व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना तौफीक हुसैन पुत्र राजमुन निवासी ग्राम परदेशवा थाना कोतवाली खलीलाबाद बताया है। उसके कब्जे से 2 गायें, घटना में प्रयुक्त 1 वाहन, 2 चाकू और 2 रस्सियां बरामद हुई हैं।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि बरामद दोनों गायों को बीते 14 मार्च को रेलवे माल गोदाम के पास से चुराया था। आज इन गायों को बेंचने के लिए ले जा रहा था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

श्रावस्ती में 19.5 लाख वोटर चुनेंगे सांसद

बलरामपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। जनता ने भी अपना सांसद चुनने का मन बना लिया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के कुल 19 लाख 50 हजार 970 वोटर अपना सांसद चुनेंगे। चुनाव की तिथियां घोषित हो गई हैं।

भाजपा ने साकेत मिश्रा को अपना उम्मीदवार भी घोषित कर दिया है। सपा बसपा तथा कांग्रेस ने अभी अपना पता नहीं खोला है। इन दलों के प्रत्याशियों को लेकर तरह- तरह की अटकलों का बाजार गर्म है। वर्तमान बसपा सांसद रामशिरोमणि वर्मा क्षेत्र में सक्रिय है। यहां पर छठवें चरण में मतदान होगा। 25 मई को क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिये वोट पड़ेंगे। प्रशासन ने चुनाव आचार संहिता लागू होते ही अपनी कार्यवाही शुरू कर दी है। प्रचार प्रसार के लिये गये पोस्टर व वाल पेंटिंग हटाई जा रही है। डीएम ने चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने का निर्देश मातहतों को दिया है।

- महात्मा बुद्ध की तपोस्थली तथा अटल जी व नाना जी की कर्मस्थली पर होगा रोचक मुकाबला

श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में श्रावस्ती जनपद की भिनगा तथा श्रावस्ती विधानसभा और बलरामपुर जनपद की सदर, तुलसीपुर एवं गैसड़ी विधानसभा शामिल है। 2009 तक यह क्षेत्र बलरामपुर लोकसभा के नाम से जाना जाता था। परिसीमन के बाद इस लोकसभा क्षेत्र का नाम श्रावस्ती रख दिया गया है। पिछले तीन चुनाव में यहां की जनता ने हर बार अपना जनप्रतिनिधि बदल दिया है। 2009 में यह सीट कांग्रेस, 2014 में भाजपा तथा 2019 में बसपा के खाते में रही है। बलरामपुर तथा श्रावस्ती दोनों जनपद देश के अति पिछड़े जनपदों में शामिल है। गरीबी, बेरोजगारी तथा अशिक्षा इस क्षेत्र के प्रमुख मुद्दे है। वर्तमान चुनावी रण में बाजी किसके हाथ लगेगी यह अभी भविष्य के गर्भ में है।

श्रावस्ती में विधानसभावार मतदाताओं की संख्या

क्र.	विधानसभा क्षेत्र	पुरूष मतदाता	महिला मतदाता	थर्डजेंडर	कुल
1.	बलरामपुर	228456	186652	09	415117
2.	तुलसीपुर	202267	166489	16	368772
3.	गैसड़ी	191125	161193	23	352341
4.	श्रावस्ती	222338	198809	14	421161
5.	भिनगा	210270	183143	02	393415

नंदिनी हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त तक नहीं पहुंच सके पुलिस के हाथ

आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल में जुटी कोतवाली पुलिस

संतकबीरनगर, गोरखनाथ मिश्र

अमृत विचार। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा गांव में सुभासपा नेत्री नंदिनी राजभर की हत्या के हाई प्रोफाइल मामले का खुलासा करने में कोतवाली पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। हत्याकांड का मुख्य नामजद अभियुक्त आनंद यादव अभी तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका है तो वहीं कोतवाली पुलिस हत्या के दूसरे पहलुओं पर भी जांच शुरू कर दिया है।

बताते चलें कि सुभासपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर की बीते रविवार को दिन दहाड़े उनके बेडरूम में ही धारदार हथियारों से बड़ी निर्दयता के साथ हत्या कर दी गई थी। इस घटना के 10 दिनों पूर्व नंदिनी के चचेरे ससुर की लाश रेलवे ट्रैक से बरामद हुई थी। परिजनों के मुताबिक मृतक बालकिशुन बेशकीमती की जमीन को आनन्द यादव और उनके साथियों ने बिना पूरी रकम दिये ही रजिस्ट्री करा लिया था। पैसा मांगने पर उक्त लोगों ने बाल किशुन की हत्या कर उनका शव रेलवे ट्रैक पर रख दिया था। मामले में परिजनों और सैकड़ों ग्रामीणों को साथ लेकर नंदिनी राजभर ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया और बाद में कोतवाली पुलिस ने आरोपी आनंद यादव, श्रवण यादव , पन्नेलाल यादव, ध्रुप यादव और निर्मता देवी के खिलाफ मुकदमा कायम कर श्रवण यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

फॉलोअप

- जमीन बिक्री और पैसों के लेन-देन के अलावा दूसरी दिशा में भी पुलिस ने शुरू की जांच

मामले की जांच चल ही रही थी कि रविवार को दिन के उजाले में नंदिनी राजभर को धारदार हथियारों से मौत के घाट उतार दिया गया। घटना को बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। आईजी जोन आर.के. भारद्वाज ने जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल करने के साथ ही ड्यूटी के प्रति लापरवाही के आरोप में कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र पटेल और चौकी प्रभारी औद्योगिक नगर को निलंबित कर दिया।

नंदिनी राजभर (फाइल फोटो)

काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और उसी रात मृतका के पति की तहरीर पर उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा कायम कर पन्नेलाल यादव, ध्रुप चंद्र यादव और निर्मता देवी को गिरफ्तार कर लोगों का आक्रोश काफी हदतक शांत करा दिया। घटना के एक सप्ताह बाद भी कोतवाली पुलिस मुख्य अभियुक्त आनंद यादव को गिरफ्तार करने में नाकाम साबित हुई है। अलबत्ता पुलिस ने जांच की दिशा बदल दिया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक अभियुक्ता निर्मता देवी के पति की मौत हो चुकी है। निर्मता देवी ने अपना एक मकान किराए पर दे रखा है। उस मकान पर लोगों का आना-जाना बेहद कम रहता है। यहां घटना का अभियुक्त पन्नेलाल यादव भी अक्सर आया करता था।

नंदिनी राजभर की हत्या के बाद इसी मकान से पुलिस ने खून से सना एक दुपट्टा बरामद किया था। इसके बाद पुलिस ने जांच की दिशा थोड़ी बदल दिया। हत्या के अन्य कारणों पर भी पुलिस ने छानबीन करना शुरू कर दिया है। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि सुभासपा नेत्री की हत्या की असली वजह क्या साबित होती है।

तमंचे से हर्ष फायरिंग, युवक की गोली लगने से मौत

बांदा, अमृत विचार। मटौंध थाना क्षेत्र के दुरेड़ी गांव के मजरा वंशीपुर गांव का है। बरहौं संस्कार के दौरान तमंचे से की जा रही हर्ष फायरिंग में गोली लगने से युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल कायम हो गया।

मटौंध थाना क्षेत्र के दुरेड़ी गांव के मजरा वंशीपुर गांव निवासी प्रमोद पाल (22) पुत्र जलमापाल शनिवार की रात पड़ोसी धीरज पाल के पुत्र के बरहौं संस्कार में शामिल होने गया था। नाच गाने का कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच पड़ोसी सौरभ सिंह पुत्र श्याम सिंह ने तमंचे से हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली सामने खड़े प्रमोद के बाईं ओर सीने में जा लगी। वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद समारोह में अफरा तफरी मच गई। लोग अपने अपने घरों में दुबक गए। उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि प्रमोद मजदूरी करता था। बरहौं संस्कार में शामिल होने उसकी दो बेटी संतोषी और कौशिल्या गईं थीं। रात अधिक होने पर प्रमोद दोनों बहनों को लेने गया था। बरहौं संस्कार के दौरान पड़ोसी युवक सौरभ सिंह तमंचे से फायरिंग कर रहा था। इसी दौरान एक गोली प्रमोद के सीने में लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने थाने में पड़ोसी सौरभ सिंह पुत्र श्याम सिंह के विरुद्ध तहरीर दी।

- मटौंध क्षेत्र में बरहौं संस्कार के दौरान घटना, तमंचा समेत आरोपी गिरफ्तार

थानाध्यक्ष राममोहन राय ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध गैर-इरादतन हत्या समेत सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उधर, घटना के चंद घंटे बाद थानाध्यक्ष समेत उप निरीक्षक अखिलेंद्र प्रताप सिंह, सुभाषचंद्र वर्मा व संतोष कुमार सरोज और कांस्टेबिल धनंजय कुमार तथा अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दबिश देकर दुरेड़ी गांव से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 315 बोर तमंचा व खोखा बरामद हुआ। अदालत में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

सार-संक्षेप

यज्ञ से प्रभु की कृपा के साथ-साथ पवित्र हो जाता है वातावरण

श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन करते वृंदावन धाम से आए कलाकार। अमृत विचार

सीतापुर। मोहल्ला अंबर संराय स्थित प्रसिद्ध प्राचीन महावीरन हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा व रासलीला में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने शनिवार रात्रि बेला में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन करते हुए नरसी का भात का सजीव मंचन किया। जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु द्रवित हो उठे, इस पावन अवसर पर कलाकारों ने भक्त नरसी मेहता पर भगवान श्री कृष्ण की कृपा की कथा का मंचन किया गया। श्री रुद्र महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित विपुल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यज्ञ करने से जहां प्रभु की कृपा प्राप्त होती है वहीं यज्ञ से वातावरण पवित्र हो जाता है। श्री राम कथा में कथा व्यास पंडित अभिषेक शास्त्री वृंदावन धाम ने कहा कि भगवान तो कण-कण में व्याप्त है, उन्होंने अत्याचारी हिरण्यकश्यप की कथा का वर्णन करते हुए भक्त प्रहलाद की कथा का वर्णन किया, उन्होंने कहा कि प्रभु अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

पानी नहीं दे रहे हैंडपंप, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

सीतापुर। मानपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिपाह में लगभग चार हजार से ज्यादा लोग निवास कर रहे हैं। जिसमे लगभग 10 से ज्यादा हैंडपैंप लगे हैं, लेकिन उसके बाद भी ग्रामीणों को पानी लेने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि सिपाह गांव के लोगों का कहना है कि हैंडपैंप लगे पांच साल से ज्यादा दिन हो गए हैं, लेकिन अब ठीक से चल नहीं पा रहे हैं। इस बारे में ग्राम प्रधान को जानकारी दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। तब ग्रामीणों ने चंदा एकत्र कर नल की मरम्मत करवाई। वहीं नल की चौकी न होने के कारण जल भराव की समस्या भी बनी रहती है, जिससे बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है।

विश्वकर्मा समाज ने समाजवादी पार्टी पर लगाया उपेक्षा का आरोप

संतकबीरनगर, अमृत विचार। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा कार्यकर्ताओं ने रविवार को जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में सपा जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने आरोप लगाया कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने विश्वकर्मा समाज को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। सपा मुखिया ने समाज के नेताओं को भरोसा दिलाया था कि उन्हें राज्यसभा या विधान परिषद में प्रतिनिधित्व देंगे। लेकिन उन्होंने अपना वादा पूरा नहीं किया। बेहद अफसोस की बात तो यह है कि लोकसभा चुनाव के लिए भी सपा मुखिया ने विश्वकर्मा समाज के एक भी नेता को टिकट नहीं दिया है। इससे साबित होता है कि सपा मुखिया द्वारा समाज से छल किया जा रहा है।

सपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के पदाधिकारी।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि अगर शेष बची लोकसभा सीटों में भी समाजवादी पार्टी ने विश्वकर्मा समाज को तरजीह नहीं दिया तो विश्वकर्मा समाज कड़ा फैसला लेने को मजबूर होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से दयाशंकर शर्मा, उर्मिला विश्वकर्मा, श्रीचंद विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, राम किशुन विश्वकर्मा, देवेन्द्र विश्वकर्मा, रामप्रकाश, राधेश्याम, भूपेंद्र कुमार, सूरज शर्मा, राजबहादुर शर्मा, सुरेंद्र प्रसाद शर्मा, दुर्गेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, अशोक विश्वकर्मा, मदन विश्वकर्मा, अवधधारी शर्मा समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

रोष

- अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा ने सपा जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन
- लोकसभा चुनाव में समाज को समायोजित नहीं किया गया तो होगा कड़ा फैसला : जिलाध्यक्ष

अर्धसैनिक बलों ने किया एरिया डोमिनेशन

चंगेरा मंगेरा में एरिया डोमिनेशन करते कोतवाली प्रभारी। अमृत विचार

संतकबीरनगर, अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ किया गया एरिया डोमिनेशन और संवेदनशील क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। रविवार की शाम पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह के पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा चुनाव को भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामकृपाल सिंह ने अर्धसैनिक बल और भारी पुलिस बल के साथ एरिया डोमिनेशन किया।

इस दौरान उन्होंने कोतवाली खलीलाबाद के क्रिटिकल और वलनरेबल गांव चंगेरा मंगेरा में ड्रोन कैमरों की निगरानी में फ्लैग मार्च एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही किया। साथ ही चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था खराब करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दिया। इस दौरान सीआईएसएफ कम्पनी झारखंड के एएसआई ए.के. सिंह, एएसआई जयराम यादव समेत भारी संख्या में सुरक्षा बल के जवान और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

22 कार्यों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

संतकबीरनगर, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए देश भर में चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। ऐसे में निर्वाचन आयोग द्वारा तमाम प्रतिबंधों की घोषणा की गई है। आपको निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करना होगा, अन्यथा आप मुसीबत में फंसे सकते हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार वाहनों और बैठकों में लाउडस्पीकर का प्रयोग करने की अनुमति सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक ही दी जाएगी। इसके बाद आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। किसी भी वाहन में किसी भी राजनैतिक पार्टी का झंडा नहीं लगाया जा सकेगा। केवल राजनैतिक दलों के पदाधिकारी रिटर्निंग आफिसर से अनुमति लेकर गाड़ी में झंडे का प्रयोग कर सकेंगे। अपने पास 50 हजार रुपए से ज्यादा नगदी लेकर नहीं चल सकेंगे। उससे ज्यादा नगदी मिली तो उसके वाजिब कारण और नगदी के श्रोत के पुख्ता प्रमाण देने होंगे। निर्वाचन के समय मे कोई भी सरकारी कर्मचारी पॉलिटिकल एक्टिविटी में शामिल नहीं हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो इसे भी अचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्रियों द्वारा ऑफिशियल वाहनों का प्रयोग राजनैतिक कार्यों के लिए रोक लगा दी गई है।

आचार संहिता लागू

- 50 हजार से ज्यादा का कैश लेकर नहीं चल सकेंगे, गाड़ियों से हटाने होंगे पार्टियों के झंडे

लाउस्पीकर के लिए लेनी होगी अनुमति

किसी भी दशा में बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग निषेध किया गया है। किसी भी जुलूस व रैली के लिए जगह, समय और रुट का निर्धारण पहले से करके पुलिस प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना पूर्व सूचना के जुलूस या रैली को अनुमति नहीं दी जाएगी।

पोलिंग स्टेशनों के 100 मीटर के दायरे में प्रचार नहीं

पोलिंग स्टेशनों के 100 मीटर दायरे के अंदर किसी भी प्रकार की चुनावी मीटिंग, कन्वेंसिंग, कोई भी आपत्तिजनक कार्य या कोई भी कैम्पेनिंग करने की अनुमति नहीं होगी। निर्वाचन के दौरान शराब का वितरण नहीं किया जा सकेगा। नॉमिनेशन के दौरान केवल 3 वाहनों को ही आरओ-एआरओ के कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में आने की अनुमति होगी।

इन कार्यों पर भी रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध

- ऑफिशियल कार्यों को कैम्पेनिंग के कार्यों में मिक्स नहीं किया जाएगा।
- किसी भी प्रकार का प्रलोभन चाहे आर्थिक अथवा कोई और तरह से मतदाताओं को देने पर रोक रहेगी।
- निर्वाचक के द्वारा किसी भी प्रकार की जातीय और साम्प्रदायिक अपील नहीं की जाएगी।
- दूसरी पार्टियों व उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा असत्यापित आरोपों और विकृतियों के आधार पर किसी की आलोचना नहीं की जाएगी।

सुविधा अब मरीजों व प्रसूताओं को रक्त के लिए नहीं पड़ेगा भटकना

ब्लड बैंक से गंभीर मरीजों को मिलेगा जीवनदान

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। अति पिछड़े क्षेत्र में ब्लड बैंक स्थापित होने से गंभीर मरीजों को जीवनदान मिलेगा। खून मिलने से गंभीर मरीजों की समय रहते जान बचाई जा सकती है। यह बातें स्थानीय बुद्धा मैरिज हॉल के सामने पेसिफिक चैरिटेबल ब्लड सेंटर का शुभारंभ करते हुए महंत योगी मिथलेशनाथ ने कही। ब्लड बैंक का उद्घाटन कन्याओं की कलश यात्रा और दीप प्रज्वलित कर किया गया।

योगी ने ब्लड बैंक प्रबंधक अखिलेश आर्य व अमित मौर्य को आशीर्वाद देते हुए कहा की खून के अभाव में प्रतिदिन लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। जनमानस को जागरूक होने की आवश्यकता है। छह माह पर युवकों को रक्तदान जरूर करना चाहिए। गंभीर बीमारियों के शिकार मरीजों व प्रसूताओं को खून की कमी के बारे में अक्सर सुना जाता है अब उन्हें रक्त के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। रक्तदाता रक्त देकर रक्त प्राप्त कर सकेंगे। प्रबंधक ने बताया कि जनपद में तुलसीपुर का यह पहला आधुनिक यंत्रों के संरक्षण में निजी रक्त संग्रह केंद्र है।

तुलसीपुर में ब्लड बैंक का उद्घाटन करते महंत मिथिलेश नाथ योगी व अन्य।

रक्त में प्लाज्मा, प्लेटलेट्स, पीआरबीसी पाई जाती है। जिसकी उपलब्धता इस केंद्र पर है। अब खून के लिए मरीज को बाहर भाग दौड़ नहीं करनी पड़ेगी। निर्धन, अशिक्षित व जरूरतमंदों को आवश्यकता अनुरूप 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी। उक्त अवसर पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक कैलाशनाथ शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की, गैसड़ी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस वर्मा श्याम जायसवाल अरुण देव आर्य, अनुराग त्रिपाठी व अनूप चरन सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

जरूरतमंदों को दीं 290 सिलाई मशीनें

संतकबीरनगर, अमृत विचार। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनिल अग्रवाल (सत्र 2022-23) के दिशा निर्देश पर रोटेरियन रामकुमार सिंह कोऑर्डिनेटर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120, रोटेरियन डा. सोनी सिंह अध्यक्ष 22- 2023, रोटेरियन उमाशंकर पाण्डेय अध्यक्ष 2023- 24, मंत्री रोटेरियन विवेक गुप्ता ने मातृशक्ति आत्मनिर्भरता व स्वावलंबन प्रोजेक्ट के तहत 8 बहनों को रोटरी मण्डल 3120 के डिस्ट्रिक्ट ग्रांट के अन्तर्गत सिलाई मशीनों का वितरण किया गया।

कुल मिलाकर रोटरी क्लब द्वारा मण्डल में 290 जरुरतमंद बहनों में सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए रोटेरियन रामकुमार सिंह ने कहा कि रोटरी निरन्तर समाज के सभी वर्गों के उत्थान और उनकी ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए 119 वर्षों से अनवरत कार्यरत है। सिलाई मशीन वितरण का कार्यक्रम आज ही पूरे मण्डल 3120 में आयोजित किया गया है। जिसके तहत मण्डल में 290 मशीनों का वितरण किया गया। अपने सम्बोधन में रोटेरियन डॉ सोनी सिंह ने कहा कि आज मातृ शक्तियां भी समाज और देश के विकास में अपना योगदान समर्पित करने में जुटी हैं। जिन आठ बहनों को जनपद मुख्यालय पर आयोजित समारोह में सिलाई मशीनें प्रदान की गईं उनमें ग्राम ककरिया से सरोजा, बरई टोला से आसमा ख़ातून, कसैला से मुस्कान वर्मा, देवरिया गंगा से शालू, पटखौली से सपना, कांशीराम आवास से नीतू कन्नौजिया, पुरैना से ममता, दशावान से रुक्मणी आदि शामिल रहीं। सभी बहनें सिलाई मशीन पाकर बहुत प्रसन्न थीं।

महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

श्रद्धालु की तबियत बिगड़ने से मौत

कुतुबनगर/सीतापुर

अमृत विचार। बिहार राज्य के बैकुंठपुर सीतामढ़ी के कठूर गांव निवासी सुरेश (76)पुत्र हरिनंदन राय अपने घर से परिक्रमा मेले में शामिल होने के लिए आए थे। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग परिक्रमार्थी ने शनिवार रात्रि में भोजन किया, उसके बाद मध्यरात्रि तक अखंड पाठ का जाप किया। जिसके बाद वह सोने के लिए अपने बिस्तर पर चले गए। लेकिन सुबह वह मृत अवस्था में पाए गए। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को एम्बुलेंस द्वारा मिश्रिख सीएचसी भेज दिया। चैकी प्रभारी शिव बहादुर सिंह ने बताया कि मृत्यु की पुष्टि करने के लिये श्रद्धालु को मिश्रिख सीएचसी के लिए भेजकर मामले की सूचना परिजनों को दे दी गई है।

एक नजर

योगी ने स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रयागराज की सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे। वहीं योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूर्व रक्षामंत्री और गोवा के पूर्व रहे मनोहर पर्रिकर की पुण्यतिथि पर भी उन्हें यादकर विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

वसूली गैंग जेल जाएगा : शाहनवाज़ आलम

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि इलेक्टोरल बांड इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है। हफ़्ता वसूली गैंग जेल जाएगा। रविवार को यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इस भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं और पूंजीपतियों का जांच के बाद जेल भेजा जाना तय है। उनके अवैध पैसे को किसानी और शिक्षा पर खर्च किया जाएगा।

शैलेन्द्र दुबे तीसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित

अमृत विचार, लखनऊ : अभियंता नेता शैलेंद्र दुबे ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष पद पर तीसरी बार निर्वाचित हुए। फेडरेशन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार चेन्नई में हुई आम सभा में वह निर्वाचित हुए। तेलंगाना प्रान्त के पी रत्नाकर राव को सेक्रेटरी जनरल के पद पर निर्वाचित किया गया।

सपा के सात बागी विधायकों को भाजपा में ठौर का इंतजार

राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने के बाद से हैं बाहर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

▸▸ भाजपा की सूची में मनोज पांडेय को टिकट का भरोसा, कई अन्य चुनाव बाद होंगे समायोजित

अमृत विचार: राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने वाले सपा के सात बागी बागी विधायक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। उनको न पार्टी पूछ रही है, न ही भाजपा से कोई काम सौंपा जा रहा है। सपा के मुख्य सचेतक रहे डॉ. मनोज पांडेय को भरोसा है कि रायबरेली से भाजपा की अगली सूची में उनका नाम हो सकता है। जबकि अन्य विधायकों को भाजपा से आश्वासन मिला है कि प्रत्याशी को विजयी बनाने में पूरी ताकत लगाएं, चुनाव बाद उन्हें समायोजित किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सपा से बगावत करने वाले मुख्य सचेतक रहे ऊंचाहार के विधायक डॉ. मनोज पांडेय, जलालपुर के विधायक राकेश पांडेय, गौरीगंज के राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज के अभय सिंह, कालपी विनोज चतुर्वेदी, चायल की पूजा पाल व बिसौली आशुतोष मौर्य की हालत त्रिशंकु जैसी हो गई है। अब लखनऊ में न सपा संगठन से ही कोई हाल-चाल ले रहा है, न इलाके में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को फूटी आंख सुहा रहे हैं। सिर्फ अपने चहेतों के बीच दिनचर्या बीत रही है।

भाजपा भी इनके साथ बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसा बर्ताव कर रही है। सपा से बगावत करने के पीछे रामलला के दर्शन से वंचित करने का तर्क भी कोई खास सहानुभूति नहीं दे रहा है, कारण कि इसका सारा श्रेय इलाके में भगवा फहराती भाजपा नेताओं की टोली ले रही है।

इसके पीछे खास वजह है कि बगावत करने वाले सभी विधायक अपने क्षेत्र में भाजपा के धुर विरोधियों में टॉप पर रहे हैं। रायबरेली में जन्मे मनोज पांडेय भी अखिलेश यादव के बेहद करीबी रहे हैं। वे 2012 के विधानसभा में पहली बार चुनाव जीते। इसके बाद सपा सरकार में मंत्री बनाया गया था। साल 2017, 2022 में भी चुनाव लड़ा और इसमें भी बड़े अंतर से उन्होंने जीत दर्ज की। अभय सिंह भी सपा के झंडाबरदार रहते अयोध्या में तमाम अवसरों और आंदोलनों में भाजपाईयों को ललकारने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। कमोवेश यही हाल बाकी विधायकों का भी रहा है। भाजपा के दबाव में आने के पीछे का गणित तो सपा प्रमुख अखिलेश ने बगावत के दिन ही सरकार के डर से भयभीत होने से जोड़ दिया था।

न निकाल रही सपा, न बागी दे रहे इस्तीफा

सपा से बगावत करने वाले सभी सातों विधायकों को सपा निकालकर उनकी विधायकी सुरक्षित नहीं रखना चाहती हैं। जबकि बागी विधायक भी इस्तीफा देकर विधायकी गंवाने से परहेज कर रहे हैं। मनोज पांडेय ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से नाराजगी दिखाते हुए सिर्फ मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दिया। उनकी मंशा है कि भाजपा से रायबरेली का सांसद बनने के बाद ही विधानसभा सदस्यता से इस्ताफा देंगे। अभय सिंह को उम्मीद है कि गोरखपुर मठ में लगातार हाजिरी से मंत्री का दर्जा मिलने की साध पूरी हो जाए, तो इस्तीफा देकर चुनाव लड़ें। ऐसे ही अन्य विधायकों को भी भाजपा से समायोजन का इतंजार है।

कांग्रेस में लोस के साथ घोषित होंगे विस उप चुनाव के प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ विस संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा शुरू

▸▸ अमेठी से राहुल व रायबरेली से प्रियंका गांधी के ही लड़ने की चर्चा

अमृत विचार: कांग्रेस में लोकसभा प्रत्याशियों के साथ विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी भी घोषित किए जाएंगे। पार्टी में विधानसभा के लिए संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा शुरू हो गई है। इस बीच, अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी के ही चुनाव लड़ने की चर्चा तेज हो गई है।

अधिसूचना जारी होने के बाद सभी राजनीतिक दल चुनाव मैदान में मजबूत प्रत्याशी उतरने की जुगत में लगे हुए हैं। चुनाव में बेहतर प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस जोड़-तोड़ में लगी हुई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रत्याशियों के नाम की घोषणा एक सप्ताह में होने की संभावना है। इस बीच प्रदेश की खाली हुई विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। विधानसभा उपचुनाव लड़ने की इच्छुक दावेदार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से लेकर दिल्ली तक चक्कर काट रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस राजधानी लखनऊ पूर्व की खाली सीट पर जातीय समीकरण के अनुसार प्रत्याशी चुनाव मैदान में लाने की कवायद कर रही है।

कांग्रेस यात्रा के समापन कार्यक्रम में नहीं पहुंचे अखिलेश

अमृत विचार : कन्नौज से लोस चुनाव लड़ने की संभावनाओं और चुनाव को लेकर चल रहीं पार्टी की तैयारियों के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुंबई रैली में नहीं गए। रविवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन होने के बाद मुंबई में एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें इंडिया गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल रहे।हालांकि, अखिलेश यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक पत्र लिख कर उन्हें यात्रा की सफलता की बधाई देते हुए अपने न पहुंच पाने का कारण भी बताया है। अखिलेश ने राहुल को संबोधित पत्र में कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हर वर्ग से आपकी मुलाकात हुई। आप उनकी समस्याओं से अवगत हुए हैं, और इसकी सफलता तभी है जबकि हम भाजपा को पराजित करें। अपने न पहुंच पाने का कारण बताते हुए अखिलेश ने लिखा है कि 20 मार्च से शुरु होने वाले नामांकन की तैयारियों में व्यस्तता चलते मैं कांग्रेस की समापन यात्रा के कार्यक्रम में नहीं शामिल हो पा रहा हूं।

कई पूर्व सैनिक कांग्रेस में शामिल

अमृत विचार : कई पूर्व सैनिक रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इन्हें सदस्यता दिलाई गई। भारतीय सेना में कैप्टन रहे राजकरन सिंह 'फौजी भैया' के नेतृत्व में पूर्व कैप्टन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व सैनिक अखिलेश सिंह, राजेश बहादुर सिंह व अवध राज सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में सर्व समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ने कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन देते हुए इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व सैनिक विभाग के वाइस चेयरमैन सुभाष मिश्र, वाइस चयरमैन दीपक भट्ट, नुसरत अली मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर सदस्यता कार्ड दिया।

स्वामी प्रसाद कुशी नगर से लड़ सकते हैं लोस चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ स्वामी प्रसाद मौर्य लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव

अमृत विचार: राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। चर्चा है कि वह कुशीनगर सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देने के बाद बनी नई पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। पिछले दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने मौर्य के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की थी। तभी से इंडिया गठबंधन के तहत आरएसएसपी को कुछ सीटें मिलने की चर्चा चल रही है। प्रदेश में सीटों को लेकर अभी सपा व कांग्रेस के बीच समझौता हुआ है जिसमें कांग्रेस को 14 व सपा को 63 सीटें मिली हैं। बताया जा रहा है इंडिया गठबंधन में शामिल होने वाले दलों को सीटें दी जा सकती हैं। सपा के सीट न देने पर कांग्रेस स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी को सीट देने की पहल कर सकती है।

मेरठ, कानपुर व अकबरपुर से बसपा ने घोषित किये प्रत्याशी

अमृत विचार : बसपा ने लोकसभा के तीन और प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। मेरठ, अकबरपुर व कानपुर में प्रत्याशी घोषित होने के साथ ही मंडल प्रभारियों द्वारा घोषित प्रत्याशियों की संख्या पांच पहुंच गई है।बसपा ने अकबरपुर सीट पर राजेश द्विवेदी को मैदान में उतारा है, जबकि मेरठ के बुद्धा गार्डन में संपन्न एक दिवसीय सम्मेलन में कोऑर्डिनेटर व मंडल प्रभारी शमसुद्दीन राइन ने मेरठ से देववृत त्यागी को प्रत्याशी होने का एलान कर दिया। वहीं इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के पाले में रहने वाली कानपुर लोकसभा सीट पर बसपा के मंडल प्रभारी नौशाद अली ने ठाकुर जाति के कुलदीप भदौरिया उर्फ सचिन के टिकट की घोषणा कर दी। कुलदीप पेशे से अधिवक्ता हैं। मालूम हो कि बसपा प्रमुख मायावती से हरी झंडी मिलने के बाद उन्नाव से अशोक पाण्डेय और लखीमपुर खीरी में धौरहरा सीट पर भाजपा से आए श्याम किशोर अवस्थी को प्रत्याशी बनाया है।

मूल्यांकन कार्य न करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▸▸ 600 शिक्षकों का रुकेगा वेतन, शुरू हुई सख्ती दो दिनों में 60 हजार चेक हुई कॉपियां

अमृत विचार: राजधानी में पांच केन्द्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा है। इन केन्द्रों पर 600 ऐसे सरकारी शिक्षक हैं जो उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए नहीं पहुंचे हैं। जबकि इनकी ड्यूटी पहले दिन से ही लगी है। रविवार को जुबिली कॉलेज में निरीक्षण करने पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार को जब शिक्षकों की अनुपस्थिति का पता चला तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। यहां करीब 300 शिक्षक अनुपस्थित मिले जिन्होंने पहले दिन से मूल्यांकन नहीं किया। इसी तरह से राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर से भी करीब 300 से शिक्षक अनुपस्थित मिली। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इन सभी की सूची सार्वजनिक करते हुए कहा यदि ये सोमवार को मूल्यांकन कार्य के लिए नहीं आते हैं तो इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए सभी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोका दिया जायेगा।

शिक्षकों लापरवाही नहीं तो और चेक होती कॉपी: जिला विद्यायलय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि राजधानी के राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज, राजकीय हुसैनाबाद इंटर कॉलेज, राजकीय निशातगंज इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर और गोमती नगर में मूल्यांकन कार्य चल रहा है। इन सभी केन्द्रों पर अनुपस्थित शिक्षकों की सूची जारी की गई है। डीआईओएस ने बताया कि ये शिक्षक अगर पहले दिन से कॉपियों का मूल्यांकन करते तो और ज्यादा कॉपी चेक हो सकती थी। अभी तक 60 हजार कॉपी चेक हुई हैं।

राजधानी के जुबिली कॉलेज में मूल्यांकन कार्य का जायजा लेते डीआईओएस राकेश कुमार।

सचिव ने कहा निर्धारित समय में पूरा होगा मूल्यांकन

रविवार को अमृत विचार से बातचीत में सचिव परिषद दिव्यकांत शुक्ला ने कहा कि अब तक सभी 260 मूल्यांकन केन्द्रों पर 37,98,967 कॉपियां चेक हो चुकी हैं। उन्होंने कहा हमें पूरी उम्मीद है कि 31 मार्च को मूल्यांकन का अंतिम दिन होगा। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन की निगरानी भी सीसी टीवी कैमरे से की जा रही है।

लखीमपुर खीरी में खुलेगा सरकारी नर्सिंग कॉलेज

अमृत विचार, लखनऊ: बहराइच व गोंडा के बाद लखीमपुरखीरी में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए शासन ने 10 करोड़ रुपये भी स्वीकृत कर दिये हैं।

जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज और एक नर्सिंग कॉलेज खोलने की योजना चला रही है। नर्सिंग कॉलेज राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर या दूसरी जगह भूमि की उपलब्धता पर अलग भी स्थापित किये जा रहें हैं। नर्सिंग कॉलेज शुरू होने से स्थानीय स्तर पर छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा अस्पतालों को प्रशिक्षित नर्सेस उपलब्ध होंगी।

सपा ने नियुक्त किए कई पदाधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी ने लखनऊ की जिला कार्यकारिणी में रविवार को सुनील सिंह भदौरिया निवासी बक्शी का तालाब लखनऊ को जिला उपाध्यक्ष और डॉ. प्रमोद कुमार यादव निवासी बलिया को बलिया का जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया है।

वहीं, मुलायम यादव एडवोकेट निवासी प्रयागराज को युवजन सभा प्रयागराज (गंगापार) का जिलाध्यक्ष और प्रिन्स सिंह 'बागी' निवासी झूंसी को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

इसी कड़ी में विनय प्रकाश अंचल निवासी बलिया को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष और हाजी मिर्ज़ा ज़फ़र हुसैन निवासी सआदतगंज लखनऊ को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव जबकि, संतोष कुमार यादव निवासी कानपुर नगर को पार्टी की युवजन सभा का प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

मंडल स्तर पर बनेंगे खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ होली आदि त्योहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच होगी आसान

अमृत विचार: खाद्य एवं औषधि के लिए गए नमूनों की त्वरित जांच के लिए मंडल स्तर पर खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय एवं जिला स्तर पर प्रयोगशालाएं शुरू की जा रही हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने 12 मंडलीय कार्यालयों के लिए बजट जारी कर दिया है। जिलों में प्रयोगशालाओं के लिए अलग से बजट दिया गा है। लखनऊ में खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय व प्रयोगशाला के लिए 18 करोड़ 17 लाख रुपये की मंजूरी मिली है।

राज्य में मिलावटी खाद्य पदार्थ एवं अधोमानक दवाओं की रोकथाम के लिए जिले स्तरीय ढांचा मजबूत बनाया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में मंडल स्तर पर खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय स्थापित किये जायेंगे। उक्त क्रम में ही शासन द्वारा मंडल स्तर पर बनने वाले कार्यालय बरेली को 22 करोड़ 53 लाख, सहारनपुर में 23 करोड़ 32 लाख, मुरादाबाद में 23 करोड़ 21 लाख, अलीगढ़ में 22 करोड़ 58 लाख, कानपुर को 23 करोड़ 20 लाख,सहित अन्य नियंत्रण कार्यालय के लिए 22 करोड़ 45 लाख से ज्यादा का बजट स्वीकृत किया गया है। पहली किस्त जारी कर दी गई है।

भाजपा प्रत्याशी की चुनाव आयोग से शिकायत

अमृत विचार, लखनऊ : कन्नौज के भाजपा सांसद और लोकसभा प्रत्याशी सुब्रत पाठक द्वारा कथित रूप से वोट खरीदने का विडियो वायरल हुआ है। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उक्त विडियो में वोट खरीदे जाने की बात स्वीकार किए जाने के संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत की है। उन्होने रविवार को बताया कि उन्हे 30 सेकंड का एक वीडियो प्राप्त हुआ है, बातचीत में जब स्थानीय लोग उनके प्रति नाराजगी व्यक्त करते हैं तो सुब्रत पाठक कहते हैं कि उन्हें वोट मिले नहीं है, उनके द्वारा वोट खरीदा गया है। अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि किसी भी प्रत्याशी द्वारा वोट खरीदा जाना गंभीर आपराधिक कृत्य है और वोट खरीदे जाने की बात को स्वीकार करना भी उतना ही गंभीर अपराध और आचार संहिता का खुला उल्लंघन है।

मेरठ में 100 एमबीबीएस की व आजमगढ़ में 30 पीजी की बढ़ेंगी सीटें

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ मेडिकल कॉलेजों में बढ़ी सीटों के लिए मानक पूरे करने के लिए बजट जारी

अमृत विचार: मेरठ के लाला लाजपतराय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें और आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज में पीजी की 30 सीटें बढ़ेंगी। कॉलेज प्रशासन की मांग को स्वीकृत देते हुए राज्य सरकार ने बिल्डिंग विस्तार एवं अन्य संसाधनों के लिए करोड़ों का बजट जारी कर दिया है।

मेरठ मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें थीं। 2013 में सीटों की संख्या 150 कर दी गई। एमसीआई की टीम को 2019 में मेडिकल कॉलेज में मानक पूरे न नहीं मिले। इस पर 50 सीटें कम कर दी गईं थी। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने 100 एमबीबीएस सीटें बढ़ाने के लिए परीक्षा ब्लॉक परिसर के विस्तार की मांग शासन से की थी। कॉलेज प्रशासन की मांग को शासन ने स्वीकृति देकर 3 करोड़ से ज्यादा का बजट भी जारी कर दिया है। इसी प्रकार आजमगढ़ स्थित आमजगढ मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने के लिए पीजी की 30 सीटें बढ़ाई जायेंगी। इसके लिए भी शासन ने 36 करोड़ स्वीकृत कर दिये हैं।

वर्ग पहेली-13

बाएं से दाएं

3. 1. बधाई, मुबारक कहने की क्रिया 2. शुभकामना, बधाई गीत।
4. 1. पत्नी, शादीशुदा स्त्री, जोरू 2. वह स्त्री जिसने बच्चे को जन्म दिया हो।
5. 1. फेंका हुआ 2. नष्ट किया हुआ, विनष्ट 3. जो मार डाला गया हो 4. जड़ा हुआ, संलग्न।
7. हृदय, जीव, मन, जी।
9. गोताख़ोर, समुद्र तल पर पड़ी हुई वस्तु निकालने वाला व्यक्ति।
10. अंग्रेज़ी टोपी, टोप।

ऊपर से नीचे

1. एक संदूकनुमा विलायती बाजा जो भारतीय संगीत के क्षेत्र में काफ़ी लोकप्रिय है।
2. गूमट, गुमड़ा, माथे या सिर पर चोट लगने से उभर आने वाली गोल सूजन, गुलमा।
3. 1. उपलब्ध, मौजूद 2. तैयार, प्रस्तुत।
4. 1. जीवन का सहारा, प्राणाधार 2. प्रेयसी।
6. 1. गरमी, ताप 2. हलका बुख़ार।
8. संख्या '86' का सूचक।



वर्ग पहेली -12 का हल

1 क	जा	वा	■	■	2 गँ	■
ला	■	■	3 वै	■	द	■
कं	■	4 अ	ध	5 ज	ला	■
6 द	शा	व	ता	र	■	7 खं
■	■	गा	■	8 क	रं	ड
9 अ	गू	ढ़	■	टी	■	सा
ल	■	■	■	■	■	री

सुडोकू-92

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				7				3
9		2					8	
	7		8			4		
5			3			8	9	
				6	1			2
		1			2			
						7	5	8
8	4			9				

सुडोकू -91 का हल

9	4	2	5	8	6	7	3	1
6	7	5	3	1	2	4	8	9
3	8	1	4	7	9	2	5	6
4	1	9	2	3	7	5	6	8
8	5	7	9	6	1	3	4	2
2	3	6	8	4	5	9	1	7
1	6	4	7	9	3	8	2	5
7	2	3	6	5	8	1	9	4
5	9	8	1	2	4	6	7	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-नवमी 22.49 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 18.10 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज किसी बड़ी योजना में धन निवेश करने का विचार मन में आ सकता है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। सोसाइटी में रहते हैं तो किसी आयोजन में सम्मिलित होंगे तथा मन उत्साह से भरा हुआ रहेगा। व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा।

वृष — आज प्रेम संबंधों में ऊंच-नीच का भाव उत्पन्न होगा। कुछ बातों को लेकर निराशा का भाव उत्पन्न होगा तो कुछ बातों को लेकर मन प्रसन्न भी रहेगा। ऐसे में अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें। ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है।

मिथुन — आज स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। समय का प्रबंधन काम आएगा तथा अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। मन पहले की अपेक्षा खुश होगा तथा कुछ नया करने का विचार मन में आ सकता है।

कर्क — आज लंबे समय से किसी कार्य को करने की योजना बना रहे थे तो वह पूर्ण हो जाएगा। सिंगल लोगों को सोशल मीडिया पर किसी के प्रति आकर्षण का भाव आएगा। पुराने मित्रों के साथ गेट-टुगेदर कर सकते हैं।

सिंह — आज मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए सुनहरे अवसर मिलेंगे,जो उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होंगे। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें और मन लगाकर काम करें।

कन्या — आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिन का समय तो सामान्य रहेगा,लेकिन शाम होते-होते कुछ ऐसा घटित हो सकता है जिससे मन में बेचैनी का भाव उत्पन्न होगा। संतान को लेकर भी चिंता रह सकती है।

तुला — आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है। कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है,जो आपका करियर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कारोबार में बड़ी साझेदारी के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक — आज नौकरी करते हैं तो कार्यक्षेत्र में सम्मान के भागीदार बनेंगे। आपके काम की प्रशंसा की जाएगी तथा प्रमोशन से जुड़ी बात आगे बढ़ेगी। भाई या बहन का साथ मिलेगा जो मन को आनंदित करेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

धनु — आज परिवार में किसी पुरानी बात को लेकर मतभेद सामने आएगा। ऐसे में अपनी बातों को तार्किक तरीके से रखेंगे तो स्थिति बेहतर रहेगी। सभी के साथ मेलजोल बनाकर रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

मकर — आज आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। सरकारी अधिकारियों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सामाजिक कार्यों को करने में मन लगेगा तथा समाज में भी आपकी प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

कुंभ — आज आपके मन में व्यापार को लेकर नए-नए आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। अस्थमा के रोगियों को विशेष रूप से अपना ध्यान रखने की आवश्यकता है। संतान की जॉब संबंधी परेशानी का समाधान होगा।

मीन — आज किराना व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलने का प्रबल योग हैं। यदि आपने पैसों को शेयर बाजार में निवेश किया हुआ है तो वहां से उचित लाभ भी मिलेगा। पेट में मरोड़ और दर्द की शिकायत हो सकती है। कहीं की यात्रा कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- क्यों की — सुबह : 11.00
- सरफरोश — रात : 07.00

SONY PIX
- एनाबेल — सुबह : 10.46
- ज़ॉम्बीलैंड — रात : 09.00

SONY MAX
- पागलपंती — सुबह : 10.43
- वाटला हाउस — रात : 07.00

ZEE CINEMA
- सड़क — सुबह : 10.30
- फटा पोस्टर निकला हीरो — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- कभी खुशी कभी गम — दोपहर : 12.51
- भोला शंकर — रात : 07.57

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से-कैसे हो?
पति - ठीक हूं
पत्नी- जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति - तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी- मैं भी 'रॉयल स्टेज' काक्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)- आप काम क्या करते हैं?
दामाद- जी मैं पायलट हूं।
सास- अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद- अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

चुनाव कमाल का...

- भारत के निर्वाचन आयोग की स्थापना संविधान के अनुच्छेद-324 के तहत 25 जनवरी, 1950 को की गई थी। सुकुमार सेन को देश का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया था। अनुच्छेद-324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची के रख-रखाव और स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से चुनाव के संचालन की शक्तियां देता है।

80 लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश में

10.46 लाख कुल नए मतदाता उत्तर प्रदेश में

01 लाख 75 हजार बूथ

15 करोड़ 04 लाख 67 हजार 489 कुल मतदाता

2.5 करोड़ कल लाभार्थी

चुनावी तीर

चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी बॉण्ड का जो डाटा सार्वजनिक किया गया है उससे साफ हो गया है कि मोदी चुनावी बॉण्ड के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा रैकेट चला रहे हैं।

राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का भ्रष्टाचार अगर दुनिया के किसी देश में होता तो सरकार चली जाती। इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है।

रामगोपाल यादव, प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव, सपा

राहुल गांधी एक ऐसे कप्तान हैं, जो नहीं जानते कि क्या करना है और कब करना है। जब उन्हें चुनाव की तैयारी करनी चाहिए, तब वह यात्रा पर निकल जाते हैं, और जब उन्हें यात्रा पर निकलना चाहिये, तब वह विदेश चले जाते हैं। फिर हार के बाद वह ईवीएम को लेकर शोर मचाएंगे।

शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

उन्नाव सीट पर साक्षी बन सकते हैं जीत की हैट्रिक लगाने वाले दूसरे भाजपा नेता

● मनोज त्रिपाठी कानपुर

अमृत विचार: उन्नाव लोकसभा सीट एक बार फिर जीत का हैट्रिक बनाने की राह पर है। इस बार यह मौका निवर्तमान भाजपा सांसद साक्षी महाराज के पास है। हालांकि उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह वर्ष 1991, 96 व 98 में लगातार तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकार्ड बना चुके हैं।

वर्ष 2008 में हुए परिसीमन के बाद इतिहास बदल गया। छह विधानसभा सीटों भगवंत नगर, शफीपुर, पुरवा, मोहन, बांगरमऊ और उन्नाव सदर को मिलाकर नए लोकसभा क्षेत्र उन्नाव के रूप में गठन किया गया था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां 23 लाख 34 हजार से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 12,39,723 तथा महिला मतदाता 10,94,371 है। विधानसभावार सबसे ज्यादा मतदाता उन्नाव सदर में 424285, इसके बाद पुरवा में 424228, भगवंत नगर में 420369, मोहान में 360927, बांगरमऊ में 360576 तथा सफीपुर में 353812 मतदाता हैं। जातीय आधार पर इस लोकसभा क्षेत्र मेंनौ लाख से अधिक पिछड़ी जाति तथा सात लाख से ज्यादा दलित मतदाता हैं। सवर्ण मतदाता लगभग साढ़े चार लाख और मुस्लिम मतदाता करीब दो लाख हैं।

उन्नाव लोकसभा सीट पर बिना कोई जोखिम उठाए भाजपा ने अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले पिछड़ी जाति का प्रतिनिधित्व करने वाले साक्षी महाराज को तीसरी बार मैदान में उतारा है। क्षेत्र में आधे से ज्यादा मतदाता युवा हैं। लेकिन उनके सामने भाजपा से 69 वर्षीय सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज हैं तो इंडिया गठबंधन से सपा ने वर्ष 2009 में कांग्रेस क़े टिकट पर सांसद चुनी जा चुकीं 65 साल की अन्नू टंडन को टिकट दिया है। बसपा से वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय चुनाव लड़ेंगे। वह भाजपा से भी टिकट मांग रहे थे। अन्नू टंडन वर्ष 2009, 2014 और 2019 में कांग्रेस से यहां चुनाव लड़ चुकी हैं। वह चौथी बार मैदान में हैं। पिछले दो बार से लगातार हार रही हैं। सिर्फ एक बार साल 2009 के लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा के साक्षी महाराज के सामने वह जमानत भी नहीं बचा सकी थीं। अन्नू टंडन ने 2020 में कांग्रेस को छोड़कर सपा का दामन थाम लिया था।

उधर, भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज तीसरी बार सांसद बने तो वह जीत की हैट्रिक लगाएंगे। उन्नाव सीट से ऐसा करने वाले वह दूसरे नेता होंगे। उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह इस सीट से लगातार तीन बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने 1991, 1996 और 1998 के चुनाव में लगातार जीत हासिल की थी। सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने वर्ष 2014 में सपा के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 'अन्ना' को 310173 वोटों के अंतर से हराया था, जबकि 2019 में साक्षी महाराज ने अरुण शंकर शुक्ला के खिलाफ ही 400,956 वोटों से जीत हासिल की थी। साक्षी महाराज उन्नाव से पहले 1991 में मथुरा से, 1996 और 1998 में फर्रुखाबाद से भी लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। इसके अलावा 2000 से लेकर 2006 तक वह राज्यसभा के सदस्य रहे थे। उनके पास की डिग्री है। वह अनेक शैक्षणिक संस्थान और आश्रम चलाते हैं। 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने 400956 लाख वोटों से प्रदेश में चौथी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। साक्षी महाराज को कुल 703507 मत मिले थे, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 302551 मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे।

धर्म, साहित्य और आजादी के नायकों की धरती

गंगा के किनारे स्थित उन्नाव का इतिहास काफी प्राचीन है। रामायण और महाभारत में इस धरती का उल्लेख मिलता है। इसे साहित्यकारों और क्रांतिकारियों की भूमि माना जाता है। यहां महर्षि वाल्मीकि, गया प्रसाद शुक्ला सनेही, पं. प्रताप नारायण मिश्र, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निरान्ला', सुमित्रा कुमारी चौहान, भगवती चरण वर्मा, प्रताप नारायण मिश्र और शिव मंगल सिंह 'सुमन' जैसे महान साहित्यकार हुए तो मौलाना हसरत मोहानी और शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे आजादी के दीवानों ने भी जन्म लिया और जिले को कर्म भूमि बनाया।

चार चुनावों में किस दल को कितने वोट (प्रतिशत में)

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022 विस	51	36.4	8.9	1.1
2019 लोस	57.4	24.7	---	15.1
2017 विस	43.5	19.0	24.9	6.4
2014 लोस	43.2	17.4	16.7	16.4

हाईवे और एक्सप्रेस वे का जाल फिर भी पिछड़े जिले में

उन्नाव ज़िला मुख्यालय लखनऊ से लगभग 60 किलोमीटर और कानपुर से 18 किलोमीटर दूर है। यह शहर चर्म उत्पादों, मच्छरदानी, जरदोजी और रासायनिक उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन विकास की दृष्टि से पिछड़ा जिला है। कानपुर-लखनऊ हाईवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस रोड, गंगा एक्सप्रेस-वे, कानपुर-लखनऊ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के बावजूद जिले के तमाम गांव अभी सड़क से नहीं जुड़े हैं। पानी में फ्लोराइड के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी नहीं हैं। हाईवे और एक्सप्रेस-वे के बाद भी ट्रामा सेंटर नहीं है। शुक्लागंज कानपुर से जुड़ा है, पर सीवर लाइन नहीं है।

09 लाख से ज्यादा पिछड़ी जाति के मतदाता लिखते हैं प्रत्याशियों की जीत-हार की पटकथा

1991 96 व 98 में लगातार तीन बार जीत का रिकार्ड बना चुके हैं भाजपा के देवीबख्श सिंह, 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने दर्ज की थी चौथी सबसे बड़ी जीत

23 लाख से ज्यादा मतदाता इस बार, पिछली बार देश में चौथा सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र था

2014 का चुनाव परिणाम

पार्टी	प्रत्याशी	मत
भाजपा	साक्षी महाराज	5,18,834
सपा	अरुण शंकर शुक्ल	2,08,661
बसपा	ब्रजेश पाठक	2,00,176
कांग्रेस	अन्नू टंडन	1,97,098

2019 का चुनाव परिणाम

पार्टी	प्रत्याशी	मत
भाजपा	साक्षी महाराज	7,03,507
सपा	अरुण शंकर शुक्ला	3,02,551
कांग्रेस	अन्नू टंडन	1,85,634



अनुच्छेद 370 निरस्त के बाद जम्मू में पहला लोस चुनाव

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर अपने विभाजन के बाद से पहले बड़े चुनावी मुकाबले का गवाह बनेगा। वर्ष 2019 के आम चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर का विभाजन कर इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीट हैं, जिसमें से तीन से नेशनल कॉन्फ्रेंस, जबकि दो सीट से भाजपा के सांसद हैं। जून 2018 में पीडीपी-भाजपा सरकार के पतन के बाद से जम्मू-कश्मीर केंद्र के शासन के अधीन है। जम्मू-कश्मीर में आखिरी विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था।

5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत मई 2022 में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हुई थी। परिसीमन में 90 विधानसभा और पांच संसदीय क्षेत्रों की सीमाओं को संशोधित किया गया था। लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से पहले पांच चरण में जम्मू-कश्मीर में मतदान होगा। उधमपुर में 19 अप्रैल, जम्मू में 26 अप्रैल, अनंतनाग-राजौरी में सात मई, श्रीनगर में 13 मई और बारामूला में 20 मई को मतदान होगा।

यहां होगा कड़ा मुकाबला

उधमपुर : केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह यहां भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत की हैट्रिक बनाना चाहेंगे। पेशे से चिकित्सक सिंह ने 2019 में पूर्व महाराजा हरि सिंह के पोते और कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 3,53,272 मतों के भारी अंतर से हराकर उधमपुर लोकसभा सीट बरकरार रखी थी।

श्रीनगर : नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला 2017 में हुए उपचुनाव में जीत हासिल कर इस सीट से सांसद बने थे, तब से वह यहां से सांसद हैं। इस सीट से पीडीपी सांसद तारिक हमीद कर्रा इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए थे, जिसके बाद उपचुनाव हुआ था।

अनंतनाग-राजौरी : इस संसदीय क्षेत्र में दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, शोपियां और कुलगाम जिलों व जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के अधिकांश हिस्से आते हैं। भाजपा जम्मू-कश्मीर में लोकसभा सीटों की अपनी संख्या में सुधार करना चाहती है, इसलिए इस सीट पर उसका खासा ध्यान है। परिसीमन आयोग ने इस सीट का बड़े पैमाने पर पुनर्निर्धारण किया है।

कांग्रेस ईवीएम के नहीं बल्कि उनमें हो रहे हेरफेर के खिलाफ

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के नहीं बल्कि उनमें हेरफेर के खिलाफ है। पार्टी ने मतदान प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए वीवीपैट पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती की मांग की।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने स्पष्ट किया कि पार्टी मतपत्रों के फिर से इस्तेमाल की मांग नहीं कर रही है, बल्कि 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट' (वीवीपैट) पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती चाहती है ताकि मतदाताओं का विश्वास बहाल हो सके। रमेश ने कहा, 19 दिसंबर 2023 को आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के दौरान, सभी दलों ने यह कहा कि हम ईवीएम के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि इसमें हेरफेर के खिलाफ हैं। हम मतपत्रों पर वापस जाने के लिए नहीं कह रहे हैं, हम सिर्फ वीवीपैट की 100 प्रतिशत गिनती और मिलान का अनुरोध करते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी दल 100 प्रतिशत वीवीपैट की गिनती को लेकर अपनी बात रखने के लिए निर्वाचन आयोग से समय मांग रहे हैं, लेकिन आयोग उन्हें समय नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने निर्वाचन आयोग की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, हम निर्वाचन आयोग के सामने अपने दावों के समर्थन में अपने दस्तावेज पेश करेंगे और अपनी मांग रखेंगे। हम स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं। आयोग क्यों डर रहा है, और वह इस संबंध में हमसे मुलाकात भी नहीं कर रहा है।

संभल में यादवों के सिर सजता था जीत का सेहरा

● भीष्म सिंह देवल, संभल

अमृत विचार: संभल लोकसभा सीट यादव बिरादरी का मजबूत गढ़ माना जाता था कि यहां जीत दर्ज कराने वाली पार्टी कोई भी हो लेकिन विजेता उम्मीदवार यादव ही होता था। 1977 में सीट सृजन से 2009 में परिसीमन बदलने तक संभल सीट पर जीत दर्ज कराने वाले सभी उम्मीदवार यादव जाति के ही थे। मुलायम सिंह यादव, रामगोपाल यादव और डीपी यादव संभल से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। 2009 में नए परिसीमन के बाद यादव मतों की संख्या घटी तो बाजी पलट गई और मुलायम परिवार ने संभल से किनारा कर लिया। वहीं यहां जीत का सेहरा गैर यादवों के सिर सजने लगा।

संभल लोकसभा सीट 1977 में वजूद में आई। तब इस लोकसभा क्षेत्र में संभल, बहजोई, गंगेश्वरी के साथ ही उस समय जनपद बदायूं का हिस्सा रही गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीटें शामिल थीं। गुन्नौर व बिसौली में यादव मतदाताओं की संख्या 65 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती थी तो बहजोई में भी यादव मतों का बाहुल्य था। 1977 के चुनाव में संभल लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल की प्रत्याशी शांति देवी यादव ने जीत दर्ज कराई थी। 1980 के लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस इंदिरा के टिकट पर चुनाव लड़े बिजेंद्र पाल सिंह यादव संभल के सांसद चुने गये। 1984 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर एक बार फिर से शांति देवी यादव संभल की सांसद बनीं तो 1989 और 1991 में जनता दल के श्रीपाल सिंह यादव को संभल की जनता ने अपना सांसद चुना। डीपी यादव की निगाह संभल पर पड़ी तो धनारी में फार्म हाउस बनाकर वह संभल लोकसभा की राजनीति में सक्रिय हो गये। 1991 में डीपी यादव जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े तो हार गए, लेकिन 1996 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर संसद पहुंच गए। 1998 में मुलायम ने संभल से कभी न टूटने वाला रिश्ता जोड़ने का एलान करते हुए संभल सीट से चुनाव लड़ा रिकॉर्ड वोट से जीत दर्ज की। 1999 में मुलायम ने संभल से दोबारा जीत दर्ज की तो 2004 में रामगोपाल यादव संभल से चुनाव लड़कर संसद पहुंचे।

2009 के बाद मुलायम परिवार ने संभल से मुंह मोड़ा

मुलायम सिंह यादव के संभल से नाता जोड़ने की वजह यह थी कि उस समय संभल सीट उनके लिए प्रदेश की सबसे सुरक्षित सीट थी। यहां उनके लिए केवल जीत नहीं बल्कि भारी मतों से जीत दिलाने वाले समीकरण थे। 2009 में नये परिसीमन में पहला चुनाव हुआ तो उम्मीद यह थी कि रामगोपाल यादव चुनाव मैदान में उतरेंगे मगर उन्होंने संभल से किनारा कर लिया। तब से अब तक मुलायम परिवार का कोई सदस्य संभल सीट पर चुनाव लड़ने के लिए नहीं आया।

नए स्वरूप के बाद सपा, बसपा और भाजपा के गैर यादव प्रत्याशी जीत

संभल लोकसभा सीट पर परिसीमन के बाद 2009 में हुए चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत दर्ज की। समाजवादी पार्टी के इकबाल महमूद दूसरे नंबर पर रहे थे। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सतपाल सैनी संभल से चुनाव लड़कर सांसद निर्वाचित हुए। 2019 में सपा, बसपा गठबंधन के हालात में चुनाव हुआ तो एक बार फिर से सपा के टिकट पर चुनाव लड़े डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को जीत मिली।

नये परिसीमन में घटी यादव मतों की संख्या तो पलट गई बाजी

2004 के लोकसभा चुनाव के बाद संभल लोकसभा सीट का परिसीमन बदला तो यादव बाहुल्य गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीट संभल से हटाकर बदायूं लोकसभा सीट में जोड़ दी गईं। इसके साथ ही बहजोई व गंगेश्वरी विधानसभा सीट खत्म कर दी गईं। असमोली के नाम से नई विधानसभा सीट का सृजन हुआ तो संभल, असमोली व चंदौसी के साथ ही मुरादाबाद जनपद की बिलारी व कुंदरकी विधानसभा सीटें संभल लोकसभा सीट का हिस्सा बन गईं। नये स्वरूप में संभल सीट यादव बाहुल्य नहीं रही तो बाजी पलट गई। नये परिसीमन में गैर यादव संभल सीट पर जीत दर्ज कराने लगे।



1977 में सीट सृजन के बाद से 2009 में परिसीमन बदलने तक यादव उम्मीदवारों ने दर्ज कराई जीत

1998 व 1999 में मुलायम सिंह यादव संभल से चुनाव लड़कर बने सांसद

2004 में रामगोपाल यादव संभल लोकसभा सीट से चुनाव जीते

2009 में परिसीमन बदला तो यादव परिवार का संभल से हो गया मोह भंग

मुरली मनोहर जोशी लोकदल से जीते, जनता पार्टी व भाजपा से हारे, भाजपा के बची सिंह रावत ने लगातार सर्वाधिक चार जीत हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया, कांग्रेस के हरीश रावत तीन बार जीते तो चार बार हारे

अल्मोड़ा से सियायत के शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों में अल्मोड़ा का राजनीतिक इतिहास काफी रोचक रहा है। आजादी की लड़ाई लड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों समेत देश की राजनीति में शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर नेताओं के भविष्य की नींव इसी लोकसभा सीट से पड़ी। 1952 के चुनावों के बाद हुए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद यह संसदीय सीट स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आई। जिसके बाद से यहां लगातार कांग्रेस और भाजपा के बीच ही टक्कर देखने को मिली है।

आजादी के बाद देश में पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनावों की बात करें तो इस उस समय अल्मोड़ा लोकसभा सीट दो भागों में बंटी हुई थी। पहली नार्थ ईस्ट और साउथ वेस्ट। पहले चुनावों में इन दोनों सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। नार्थ ईस्ट से देवी दत्त और साउथ वेस्ट से सीडी पांडे विजयी हुए। 1957 में कांग्रेस उम्मीदवार हरगोविंद पंत यहां से सांसद चुने गए। जबकि 1962 के चुनाव में कांग्रेस ने एक नए उम्मीदवार जंग बहादुर को यहां से मैदान में उतारा। यह चुनाव वह जीते और उन्होंने 1967 के चुनावों में भी दोबारा इस सीट पर जीत हासिल की।

1971 में कांग्रेस ने फिर से एक नए उम्मीदवार नरेंद्र सिंह को मैदान में उतारा और उन्होंने भी यहां बाजी मार ली। लंबे समय से अल्मोड़ा सीट पर राज कर रही कांग्रेस को 1977 के चुनावों में पहली बार यहां से हार का सामना करना पड़ा। जब लोकदल के चर्चित नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कांग्रेस के नरेंद्र सिंह को करीब 77,476 मतों से परास्त कर दिया। 1980 के चुनाव में कांग्रेस ने युवा और उभरते नेता हरीश रावत को यहां से उम्मीदवार बनाया। हरीश रावत ने इस बार जनता पार्टी के मुरली मनोहर जोशी को करारी मात दी। 1984 में हरीश रावत के सामने फिर से मुरली मनोहर जोशी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे। इस चुनाव में भी कांग्रेस के हरीश रावत ने उन्हें परास्त कर दिया। 1989 में हुए चुनाव में हरीश रावत ने जीत की हैट्रिक बनाते हुए निर्दलीय उम्मीदवार काशी सिंह को हरा दिया। इस तरह हरीश रावत लगातार तीन बार सांसद रहे। लेकिन कांग्रेस पार्टी के लिए जीत का यह सिलसिला लगातार कायम नहीं रख सकी।

1991 के बाद भाजपा ने जमाया कब्जा, सिर्फ एक बार जीती कांग्रेस

वर्ष 1991 में भाजपा ने इस सीट पर जीवन शर्मा को मैदान में उतारा। जिन्होंने कांग्रेस के हरीश रावत के तिलिस्म को तोड़ते हुए इस सीट पर जीत हासिल की। इसके बाद भाजपा के बची सिंह रावत ने 1996, 1998 व 1999 के चुनाव लगातार जीतकर हैट्रिक बनाई। इन तीनों ही चुनाव में बची सिंह रावत ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को पटखनी दी। 2004 में बची सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत की पत्नी रेणुका रावत से हुआ। इस चुनाव में भी बची सिंह रावत को जीत मिली और उन्होंने सर्वाधिक चार बार जीतने का रिकॉर्ड बनाया। लगातार शिकस्त का सामना कर रही कांग्रेस ने वर्ष 2009 में प्रदीप टम्टा को मैदान में उतारा और उन्होंने जीत हासिल की। उन्होंने भाजपा के अजय टम्टा को परास्त किया। 2014 में 16 वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में मुकाबला फिर से कांग्रेस के प्रदीप टम्टा और भाजपा के अजय टम्टा के बीच हुआ। इसमें भाजपा के अजय टम्टा ने बाजी मार ली और पार्टी को जीत दिला दी। 2019 में भी भाजपा के अजय टम्टा ही इस सीट से सांसद चुने गए। अब 2024 के चुनाव में बीजेपी के अजय टम्टा और कांग्रेस के प्रदीप टम्टा फिर आमने सामने हैं। इन चुनावों में अब कौन सी पार्टी इस ऐतिहासिक सीट पर कब्जा जमाएगी। यह तो भविष्य ही तय करेगा।

अल्मोड़ा सीट पर कब कौन रहे सांसद

वर्ष	पार्टी	सांसद
1957	कांग्रेस	जंग बहादुर
1960	कांग्रेस	हरगोविंद पंत
1962-67	कांग्रेस	जंग बहादुर
1971	कांग्रेस	नरेंद्र सिंह
1977	लोक दल	मुरली मनोहर जोशी
1980-84 व 89	कांग्रेस	हरीश रावत
1991	भाजपा	जीवन शर्मा
1996-98,99 व 2004	भाजपा	बच्ची सिंह रावत
2009	कांग्रेस	प्रदीप टम्टा
2014 व 19	भाजपा	अजय टम्टा

लोकसभा में हैं 14 विधानसभाएं

अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चौदह विधानसभाएं धारचूला, डीडीहाट, पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, लोहाघाट, चंपावत, द्वाराहाट, सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर, अल्मोड़ा, जागेश्वर, कपकोट व बागेश्वर आती हैं। जिनमें से नौ सीटों पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस पार्टी के विधायक हैं।

कांग्रेस का एजेंडा गठबंधन सहयोगियों का इस्तेमाल करो और फेंक दो : मोदी

प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले की चुनावी सभा में विपक्षी दल पर किया हमला

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) क्षेत्रीय आकांक्षाओं को साथ लेकर देश की प्रगति के लिए काम कर रहा है तथा चुनाव के बाद तीसरे कार्यकाल के दौरान देश कई और बड़े फैसले लेगा। मोदी ने पलनाडु जिले के बोप्पुडी गांव में राजग की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत', 'विकसित आंध्र प्रदेश' बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष के दौरान देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी के दायरे से बाहर निकाला गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा।

आंध्र प्रदेश में बैठक के दौरान टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी का एजेंडा अपने गठबंधन सहयोगियों का 'इस्तेमाल करो और फेंक दो' है। मोदी ने कहा-कल लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की गई। पूरा देश कहता है कि चार जून (मतगणना के दिन) को (राजग की कुल सीटें) 400 पार हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत' और 'विकसित आंध्र प्रदेश' का निर्माण है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में 'डबल इंजन' वाली राजग सरकार राज्य का त्वरित विकास सुनिश्चित करेगी। मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में राजग नीत सरकार के विकास कार्यों की चर्चा हो रही है। मोदी ने कहा-एनडीए की ताकत बढ़ रही है, चंद्रबाबू नायडू और पवन दोनों कल्याण लंबे समय से यहां के लोगों के अधिकारों का समर्थन कर रहे हैं। हमारी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए दिन-रात आपके लिए काम कर रहे हैं।

न्यायालय से नागरिकता संशोधन नियमों पर रोक लगाने का अनुरोध

नई दिल्ली। केरल ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दायर की है और दलील दी कि ये नियम भेदभावपूर्व, मनमाने और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। केंद्र ने संसद द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को पारित करने के करीब चार साल बाद गत 11 मार्च को कानून के नियमों की अधिसूचना जारी करने के साथ इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। केरल सरकार ने सीएए नियमों को 'असंवैधानिक' करार दिया है।

शुरू हो गई लोकसभा चुनाव की तैयारी...

लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रविवार को भोपाल में सेना और पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। ● एजेंसी

एक नजर

तरनतारन में ड्रोन से गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद

जालंधर। पंजाब के ज़िला तरनतारन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है और इस खेप को लेने के लिए आए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफके सैनिकों ने सफलतापूर्वक एक पैकेट बरामद किया जिसमें 610 ग्राम हेरोइन थी।

मणिपुर में हथियार जमा कराने का निर्देश

इंफाल। निर्वाचन आयोग के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद मणिपुर में जिलाधिकारियों ने एक आदेश जारी कर लाइसेंसी हथियार रखने वाले लोगों को नजदीकी पुलिस थानों में अपने हथियार जमा कराने का आदेश दिया है ताकि चुनावों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। थौबल के जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि थौबल जिले के सभी लाइसेंस धारक 18वें आम चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन और कानून व व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने लाइसेंसी हथियार तथा कारतूस 23 मार्च से पहले नजदीकी पुलिस थानों में जमा कराएं।

छात्रावास में नमाज अदा करने को लेकर विदेशी छात्रों से मारपीट

अहमदाबाद (गुजरात),एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय में लोगों के एक समूह ने किया हमला
- श्रीलंका-ताजिकिस्तान के एक एक छात्र अस्पताल में भर्ती

अहमदाबाद में लोगों के एक समूह ने गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास की इमारत में नमाज अदा करने पर विभिन्न देशों के छात्रों से कथित तौर पर मारपीट की, जिनमें से दो को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार रात को हुई इस घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के एक-एक छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, घटना शनिवार रात ए-ब्लॉक हॉस्टल में हुई और कथित हमलावरों में से एक की पहचान अभी हो पाई है।

पुलिस आयुक्त जी.एस. मलिक ने बताया कि 20 से 25 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और घटना की जांच के लिए सुरक्षाकर्मियों के नौ दल गठित किए गए हैं। मलिक ने कहा कि गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें मामले में सख्त व न्यायिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मलिक ने बताया कि घटना की सूचना शनिवार रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर मिली जब करीब 20-25 लोग गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में घुस गए और उन्होंने अफगानिस्तान, उज्बेकिस्तान तथा अन्य देशों के छात्रों के छात्रावास में नमाज अदा करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि गुजरात विश्वविद्यालय में अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, श्रीलंका और अफ्रीकी देशों के छात्रों समेत करीब 300 अंतर्राष्ट्रीय छात्र पंजीकृत हैं। करीब 75 अंतर्राष्ट्रीय छात्र विश्वविद्यालय के ए-ब्लॉक छात्रावास में रहते हैं जहां यह घटना हुई। मलिक ने बताया-करीब 20-25 लोग छात्रावास के परिसर में घुसे और उन्होंने नमाज पढ़ने पर आपत्ति जताते हुए उनसे मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए कहा। उनकी इस मुद्दे पर बहस हुई और उन्होंने उनसे मारपीट की तथा पथराव किया।

छात्रों के साथ हुई झड़प मामले में दो गिरफ्तार

गुजरात के अहमदाबाद में गुजरात यूनिवर्सिटी के छात्रावास में नमाज पढ़ने पर विदेशी छात्रों के साथ कथित तौर पर हुई मारपीट मामले में क्राइम ब्रांच अहमदाबाद ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में अहमदाबाद निवासी हितेशभाई रा. मेवाडा और भरतभाई दा. पटेल को गिरफ्तार भी किया गया है।

राजस्थान में 72,500 रुपये के नकली नोट के साथ 3 गिरफ्तार

जालौर, एजेंसी

राजस्थान में जालौर जिले की थाना बागरा एवं बालोतरा जिले की थाना सिणधरी में पुलिस ने 72,500 रुपये के नकली नोट के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञान चंद यादव ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों के पास से 500-500 रुपये के कुल 145 जाली नोट बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी सरूपा राम जाट, खेताराम जाट एवं राउराम जाट थाना सिणधरी जिला बालोतरा क्षेत्र के रहने वाले हैं।

उन्होंने बताया कि थाना बागरा इलाके में नकली नोट के संबंध में सूचना मिलने पर नाकाबंदी में बाकरा गांव के पास बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्ति सरूपा राम एवं खेताराम को रोका गया था। दोनों की तलाशी ली गई तो उनके पास 500-500 के कुल 41 जाली नोट कुल रकम 20 हजार 500 रुपये मिले। इस पर दोनों को गिरफ्तार कर बाइक जब्त की गई। पूछताछ में इन्होंने जाली मुद्रा की प्राप्ति सिणधरी निवासी राउराम जाट से होना बताया है।

संदेशखालि में शाहजहां के अवैध कब्जे वाली भूमि के उपयोग पर राय देने को समिति गठित

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने संदेशखालि में शाहजहां द्वारा कथित तौर पर ग्रामीणों की अवैध रूप से कब्जाई गई और मछली फार्म में तब्दील कर दी गई जमीनों का अध्ययन करने और उनके उपयोग के तरीके सुझाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विषय के विशेषज्ञों ने बताया है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निलंबित नेता शाहजहां शेख द्वारा कथित तौर पर छीनी गई और अब मूल मालिकों को लौटाई गई कृषि भूमि की ऊपरी मिट्टी मछली पालन के लिए खारे पानी की निकासी के कारण अनुपयुक्त हो गई है।

राजस्थान के बूंदी में नहर में डूबने से दो लड़कों की मौत

कोटा। राजस्थान के बूंदी जिले में रविवार को दो लड़कों की एक नहर में डूबने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य को बचा लिया गया। पुलिस के मुताबिक यह घटना केशोरायपाटन पुलिस थाना क्षेत्र के सेन्था गांव में सुबह चार लड़के नहर के किनारे सेल्फी ले रहे थे और उनमें से एक लड़का आदित्य (14) नहर में फिसल गया। पुलिस ने बताया कि अपने दोस्त को डूबते और गहरे पानी में बहता देख तीनों दोस्त भी उसे बचाने के लिए नहर में कूद पड़े लेकिन वे भी डूबने लगे। उनकी चीखें सुनकर एक राहगीर वहां पहुंचा और उनमें से दो को बचा लिया गया जिनकी पहचान यथार्थ (14) और सिद्धांत (13) के रूप में हुई। जबकि आदित्य (14) और पीयूष (16) गहरे पानी में बह गए।

भाजपा में संविधान को बदलने का साहस नहीं

मुंबई, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ''शोर बहुत मचाती'' है लेकिन उसमें संविधान को ''बदलने'' का साहस नहीं है। राहुल ने यह भी कहा कि सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है।

भाजपा सांसद अनंतकुमार हेगड़े ने हाल में कहा था कि उनकी पार्टी को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। इसके बाद भाजपा ने हेगड़े की टिप्पणियों से पैदा हुए विवाद को शांत करने की कवायद में इसे उनका ''निजी विचार'' बताया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। राहुल गांधी मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक 'न्याय संकल्प पदयात्रा' करने के बाद यहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे। अगस्त क्रांति मैदान में ही ब्रिटिश राज से आजादी के लिए भारत के संघर्ष के दौरान 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा-भाजपा बहुत शोर मचाती है लेकिन उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं है। सच्चाई और लोगों का समर्थन हमारे साथ है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं बल्कि दो ''अभिव्यक्तियों'' के बीच है।

न्याय संकल्प पदयात्रा

- राहुल गांधी बोले-सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है

पश्चिम बंगाल में 7 चरणों में चुनाव से साबित होता है निर्वाचन आयोग सरकार का हिस्सा: कपिल सिब्बल



नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने से यह बात साबित होती है कि निर्वाचन आयोग "सरकार का एक अंग" है। सिब्बल ने हाल ही में दो निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया गया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को भी उस समिति का सदस्य होना चाहिए जो नियुक्तियों के नामों की सिफारिश करती है। उन्होंने बताया, "जहां तक सात चरणों (देश में लोकसभा चुनाव) का सवाल है, इसकी उम्मीद थी।" सिब्बल ने आरोप लगाया, "वास्तव में जिस तरह से उन्होंने इन दोनों निर्वाचन आयुक्तों को इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि सीजेआई को भी समिति का सदस्य होना चाहिए।

कारोबार/कृषि

एक नजर

अडाणी समूह 2024 25 में 14 अरब डॉलर निवेश करेगा

नई दिल्ली। अडाणी समूह ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष में बंदरगाह, ऊर्जा, हवाई अड्डा, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्र तक फैले अपने कारोबार में 1.2 लाख करोड़ रुपये (लगभग 14 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। सूत्रों ने कहा कि समूह ने अगले 7-10 वर्षों में कारोबार बढ़ाने के लिए अपने निवेश पूर्वानुमान को 100 अरब डॉलर से बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित पूंजीगत व्यय इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक है। विश्लेषकों के अनुसार 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2023-24 में पूंजीगत व्यय लगभग 10 अरब डॉलर का पूंजीगत व्यय होने का अनुमान है।

केरोसिन की खपत 26 प्रतिशत घट गई

नई दिल्ली। देश में केरोसिन या मिट्टी के तेल की खपत में 2013-14 और 2022-23 के बीच साल-दर-साल आधार पर 26 की भारी गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण सरकार की स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन देने की नीतियां हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों 'ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2024' में कहा गया है, ''हाल के समय की ऊर्जा नीतियों का प्रभाव देश में ईंधन के रूप में केरोसिन की खपत पर स्पष्ट दिखता है।'' आंकड़ों से पता चलता है कि केरोसिन की खपत में 2013-14 से 2022-23 तक सालाना आधार (सीएजीआर) पर 25.78 प्रतिशत की की गिरावट आई है। इसमें लगातार गिरावट देखने को मिली है।

आंध्र प्रदेश और केरल में सबसे महंगा पेट्रोल

उद्योग के आंकड़ों के मुताबिक भाजपा शासित मध्य प्रदेश और बिहार भी पीछे नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में पेट्रोल और डीजल सबसे महंगा है। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली और पूर्वोत्तर जैसे छोटे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वाहन ईंधन के दाम सबसे कम हैं। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरों में अंतर की वजह से विभिन्न राज्यों में वाहन ईंधन कीमतों में भिन्नता होती है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों...इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले सप्ताह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इससे पहले करीब दो साल से वाहन ईंधन कीमतों में संशोधन नहीं हुआ था। इस कटौती से लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन ऊंचे मूल्य वर्धित कर की वजह से कई राज्यों में अब भी वाहन ईंधन 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। वाई एस जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के शासन वाले आंध्र प्रदेश में पेट्रोल सबसे महंगा 109.87 रुपये प्रति लीटर है। इसके बाद लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) शासित केरल का नंबर आता है। वहां एक लीटर पेट्रोल 107.54 रुपये में बिक रहा है। कांग्रेस शासित तेलंगाना में पेट्रोल की कीमत 107.39 रुपये प्रति लीटर है। बीजेपी शासित राज्य भी पीछे नहीं हैं- भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.45 रुपये प्रति लीटर, पटना में 105.16 रुपये (जेडी-यू के साथ गठबंधन में बीजेपी), जयपुर में 104.86 रुपये और मुंबई में 104.19 रुपये प्रति लीटर है। ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर है।

अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता

डीजल कीमतों की बात की जाए, तो आंध्र प्रदेश के अमरावती में यह ईंधन 97.6 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके बाद केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में यह 96.41 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में 95.63 रुपये और रायपुर में 93.31 रुपये प्रति लीटर है। भाजपा शासित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और बिहार में डीजल का दाम 92 से 93 रुपये प्रति लीटर है। ओडिशा और झारखंड में भी डीजल का दाम इतना ही है। अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता है जहां यह लगभग 78 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। महानगरों में दिल्ली में वैट सबसे कम है। दिल्ली में डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर है, जबकि गोवा में इसकी कीमत 87.76 रुपये प्रति लीटर है। ईंधन कीमतों में कटौती पर गोल्डमैन सैक्श ने कहा कि तीनों पेट्रोलियम कंपनियों विपणन कंपनियों का शुद्ध विपणन मार्जिन 1.7-2.7 रुपये प्रति लीटर से घटकर 80-90 पैसे प्रति लीटर रह जाएगा।

अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 99.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान स्मार्टफोन के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 7.76 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में दो प्रतिशत थी। एक अधिकारी ने कहा कि स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात को बढ़ावा मिला। इसके साथ ही भारत, अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक बन गया है। पहले स्थान पर चीन और दूसरे स्थान पर वियतनाम हैं।

खाताधारकों के हितों की रक्षा करें बैंक : विवेक जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीएफएस सचिव ने कहा शिकायतों के चलते दिए निर्देश

सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकने और खाताधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने यह बात कही।

उन्होंने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों से पॉलिसी खरीदने के लिए धोखाधड़ी वाले और अनैतिक तरीके अपना रही हैं। जोशी ने कहा कि ऐसे में बैंकों को इस मामले पर संवेदनशील बनाया गया है। उन्होंने कहा, ''बैंकों से खाताधारकों के हितों को सबसे अधिक महत्व देने को कहा गया है।'' ऐसे उदाहरण हैं, जहां दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में 75 वर्ष से अधिक आयु के ग्राहकों को जीवन बीमा पॉलिसी बेची गईं। आमतौर पर, बैंक अपनी सहायक बीमा कंपनियों के उत्पादों को बेचने की कोशिश करते हैं। अगर ग्राहक इसका विरोध करते हैं, तो शाखा अधिकारी कहते हैं कि उनपर ऊपर से दबाव है। जब ग्राहक किसी प्रकार का ऋण लेने या सावधि जमा में निवेश करने जाते हैं, तो उन्हें बीमा उत्पाद बेचने की कोशिश की जाती है।

स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश की इच्छुक

नई दिल्ली। चॉकलेट बनाने वाली कंपनी बैरी कैलेबाउट समूह और प्रौद्योगिकी कंपनी बुहलर सहित स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की मंत्री हेलेन बडलिगर ने यह बात कही। बडलिगर ने कहा कि एचईएसएस ग्रीन मोबिलिटी का इरादा 2025 तक भारत में लगभग 3,000 इलेक्ट्रिक बसों का विनिर्माण करने का है। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि चॉकलेट निर्माता बैरी कैलेबाउट ग्रुप 2024 तक भारत में अपनी तीसरी विनिर्माण इकाई चालू करने के लिए तैयार है।

बारिश से फसल नुकसान की बीमा कंपनियों ने नहीं दी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 दिन के अंदर देनी थी रिपोर्ट मांगे और 10 दिन

अमृत विचार: पिछले सप्ताह बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों की रिपोर्ट बीमा कंपनियों ने नहीं दी है। कंपनियों ने सर्वे तो किया लेकिन, नुकसान का आकलन और क्षतिपूर्ति तय नहीं की है। कृषि विभाग सख्त हुआ तो 10 दिन का समय मांगा है।

2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से रबी की खड़ी व कटी फसलों को नुकसान हुआ था। अधिकांश क्षेत्रों में फसलें जलमग्न होने के साथ तेज हवा से खेतों पर बिछ गई थीं। इस दौरान आठ हजार से ज्यादा किसानों ने क्षतिपूर्ति के लिए व्यक्तिगत दावा किया था। इस पर गंभीरता दिखाते हुए कृषि विभाग ने बीमा कंपनियों से 10 दिन में सर्वे कर नुकसान के आकलन की रिपोर्ट मांगी थी। जो कंपनियों ने नहीं दी है। आशंका है कि क्षतिपूर्ति से बचने के लिए दावे ज्यादातर निरस्त किए हैं। क्योंकि व्यक्तिगत दावा में एक माह के अंदर जितना नुकसान उतना क्लेम देय होता है। वहीं उपनिदेशक उमा शंकर सिंह ने बताया कि कंपनियों के अनुरोध पर रिपोर्ट देने के लिए 10 दिन का समय दिया है।

विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर 636.1 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी किए गए साप्ताहिक आंकड़े से यह खुलासा हुआ है।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.23 लाख करोड़ रुपये घट गया

नई दिल्ली, एजेंसी

- रिलायंस व एलआईसी को उठाना पड़ा सबसे ज्यादा नुकसान

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,23,660 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को उठाना पड़ा।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,475.96 अंक या 1.99 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 81,763.35 करोड़ रुपये घटकर 19,19,595.15 करोड़ रुपये पर आ गया। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 63,629.48 करोड़ रुपये घटकर 5,84,967.41 करोड़ रुपये और एसबीआई का 50,111.7 करोड़ घटकर 6,53,281.59 करोड़ रुपये रह गया है।

पापा का सपना बना अराइजीत की प्रेरणा

नई दिल्ली, एजेंसी

दादा ने हॉकी खेली, पिता और उनके तीनों भाइयों ने भी हॉकी खेली, लेकिन कोई भारतीय टीम में जगह नहीं बना सका और अब इस खानदान में हॉकी खेलने वाले अकेले खिलाड़ी अराइजीत सिंह हुंडल ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाकर अधूरा सपना पूरा करना चाहते हैं।

अराइजीत ने कहा कि अगर मैं ओलंपिक टीम में जगह बना पाता हूं तो हमारे घर पर त्योहार जैसा माहौल होगा। सबके चेहरे पर ऐसी खुशी होगी जो मैंने भी कभी नहीं देखी होगी । मैं भी वैसी खुशी देखना चाहता हूं और अपनी ओर से जान लड़ा दूंगा। ओलंपिक तैयारियों के सिलसिले में आस्ट्रेलिया दौरे से पहले भुवनेश्वर में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल ड्रैग फ्लिकर और स्ट्राइकर हुंडल ने इस साल दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सीनियर टीम में पदार्पण किया। हुंडल ने दिसंबर में कुआलालम्पुर में खेले गए जूनियर विश्व कप में कोरिया के खिलाफ एक हैट्रिक समेत भारत के लिए सर्वाधिक चार गोल किये थे। उन्होंने कहा कि पूरे परिवार का सपना है कि मैं ओलंपिक खेलूं।

नीदरलैंड के पोल को भारत ने किया गोलकीपिंग कोच नियुक्त

नई दिल्ली। भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष हॉकी टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेनिस वान डी पोल को फिर से सहयोगी स्टाफ में शामिल किया है। वान डी पोल इससे पहले भी भारतीय टीम के साथ काम कर चुके हैं। वह पहली बार 2019 में भारतीय टीम से जुड़े थे। भारतीय टीम अभी भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। पोल शिविर से जुड़कर तीनों गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा के साथ काम करेंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की देखरेख में 10 दिवसीय विशेष गोलकीपिंग शिविर ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम के रवाना होने से एक सप्ताह पहले 26 मार्च को समाप्त होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण चरण है।

अश्विन ने चुनौतियों को प्रगति पर अंकुश नहीं लगाने दिया: कुंबले

चेन्नई, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन के 500 अंतर्राष्ट्रीय विकेट चटकाने से खुश महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि एक दशक में इस ऑफ स्पिनर के सामने कई चुनौतियां आई, लेकिन वह लगातार सीखने के जज्बे और इच्छाशक्ति से इससे पार पाने में सफल रहे। अश्विन के नाम टेस्ट में 516 विकेट है और वह भारत के लिए कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

भारत के पूर्व लेग स्पिनर कुंबले इससे बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं थे। कुंबले ने अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट पूरे करने पर तमिलनाडु क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि अश्विन के सामने कई चुनौतियां आई हैं। उन्होंने किसी भी चुनौती को अपनी प्रगति में रोड़ा बनने का मौका नहीं दिया। वह एक दशक से अधिक समय से देश के लिए एक असाधारण मैच विजेता रहा है, और उसने जो निरंतरता दिखाई है, वह शानदार है। इस तरह की सफलता के लिए अपने उद्देश्य के प्रति पूर्ण समर्पण की आवश्यकता है। कुंबले ने कहा कि अश्विन भारतीय प्रशंसकों द्वारा उनसे की गई उम्मीदों से निपटने में सक्षम हैं। कुंबले ने कहा कि जब मैं भारतीय टीम का कोच था तब हमने एक साल तक एक साथ काम किया था। वह पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरते है। जिन खिलाड़ियों के खिलाफ उनका मुकाबला था उनके बारे में वह पूरी जानकारी रखते थे।

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि अश्विन ने देश में स्पिन गेंदबाजी का स्वरूप बदल दिया। मैं उस विरासत के बारे में सोच रहा हूं जो अश्विन जैसा खिलाड़ी खत्म होने के बाद छोड़ेगा। अभी उसे अपने करियर में लंबा सफर तय करना है। द्रविड़ ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी के बारे में सोचते ही, उन्होंने स्पिन गेंदबाजी के बारे में हमारी समझ और ज्ञान को आगे बढ़ाया है, जो एक महान विरासत है। उन्होंने स्पिन गेंदबाजी की कला और विज्ञान को बहुत बेहतर बनाया है।

रविचंद्रन अश्विन बहुत ही शानदार क्रिकेटर हैं : गावस्कर

चेन्नई। सुनील गावस्कर और के श्रीकांत ने रविचंद्रन अश्विन को बहुत शानदार क्रिकेटर करार करते हुए कहा कि अपने आत्मविश्वास और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के समर्थन की बदौलत यह गेंदबाज सफलता हासिल करने में सफल रहा। श्रीकांत ने कहा कि अगर अश्विन ने 100 टेस्ट खेले और 500 विकेट लिए हैं तो इसके लिए एक ही व्यक्ति जिम्मेदार हैं और वो एन श्रीनिवासन हैं। उन्होंने कहा कि यह अश्विन के लिए शानदार उपलब्धि है। उनकी सफलता का मुख्य कारण उनका खुद पर भरोसा है। गावस्कर ने कहा कि मैं अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट लेने की उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। उनका खेल के सभी प्रारूपों में करियर शानदार रहा है, विशेषकर टेस्ट में। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि वह कब संन्यास लेंगे लेकिन वह बेहद शानदार क्रिकेटर रहे हैं। अश्विन ने आईपीएल करियर की शुरुआत 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ की। वह 2015 तक इसी फ्रेंचाइजी के साथ रहे और दो खिताब जीते। सीएसके का मालिकाना हक इंडिया सीमेंट्स का है और श्रीनिवासन कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं।

खेल डायरी

अमेलिया-सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरू के मैच नहीं खेलेंगी

वेलिंग्टन, एजेंसी। अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला टीम का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा भारत में चल रहे डब्ल्यूपीएल में आरसीबी के लिए खेल रही केर शुरुआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पाएंगी। वहीं सोफी डिवाइन आरसीबी के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उनको उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी।

ओलंपिक के चयन ट्रायल में दीपिका शीर्ष पर

सोनीपत, एजेंसी। दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने रविवार को आगामी विश्व कप और पेरिस ओलंपिक के लिए हुए चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने फरवरी में बगदाद एशिया कप में दो स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की। वह दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल खेल से बाहर रहीं। दीपिका ने भजन कौर, अंकिता भक्त और कोमलिका बारी के साथ चार सदस्यीय टीम में जगह बनाई। भारत को ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में कोटा हासिल करना बाकी है। वहीं अंताल्या में 18-23 जून तक होने वाला विश्व कप का तीसरा चरण अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए अब तक एकमात्र पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा पुरुष रिकर्व वर्ग में शीर्ष पर रहे।

दीक्षा ने गोल्फ क्लासिक के कट में बनाई जगह

लॉन्गवुड (फ्लोरिडा), एजेंसी। भारत की दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में छह बर्डी और इतनी ही संख्या में बोगी लगाकर इवन पार 71 का कार्ड खेला, जिससे वह आईओए गोल्फ क्लासिक के कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने एप्सन टूर की इस प्रतियोगिता के पहले दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन ओवर पर है। टूर्नामेंट में कट भी तीन ओवर पर गया। लेडीज यूरोपियन टूर की दो प्रतियोगिताओं में शीर्ष 10 में जगह बनाकर यहां पहुंची दीक्षा अगले सप्ताह भी एप्सन टूर में भाग लेगी। इसके बाद वह लेडीज यूरोपियन टूर में लौट जाएगी। गोल्फ क्लासिक में दूसरे दौर के बाद लिंडसे मैक्कर्डी एक शॉट से आगे थीं। लिंडसे ने 65 का कार्ड खेला, जबकि डेवी वेबर (66) दूसरे और चीनी ताइपे की विवियन होउ (63) तीसरे स्थान पर हैं।

सिन्नर को हराकर अल्कराज इंडियन वेल्स के फाइनल में



इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी। कार्लोस अल्कराज़ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके यानिक सिन्नर के 19 मैच से चल रहे विजय अभियान पर रोक लगाई तथा बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अल्कराज ने बारिश से प्रभावित इस मैच में सिन्नर को 1-6, 6-3, 6-2 से हराया। अल्कराज की इंडियन वेल्स में यह लगातार 11वीं जीत है, जिससे उन्होंने विश्व रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल कर लिया है। फाइनल में अल्कराज का मुकाबला रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने भी दूसरे सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके टॉमी पॉल को 1-6, 7-6, 6-2 से पराजित किया। अल्कराज के खिलाफ सिन्नर जब पहले सेट में 2-1 से आगे चल रहे थे तब बारिश से खेल रोकना पड़ा। तीन घंटे से भी अधिक समय तक खेल नहीं हो पाया। इस बीच महिला युगल के फाइनल में ताइवान की सीह सु-वेई और बेल्जियम की एलीस मर्टेंस ने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर और चेक गणराज्य की कटेरीना सिनियाकोवा को 6-3, 6-4 से हराकर खिताब जीता।

आईपीएल के लिए लौटे विराट आरसीबी से जुड़ने की तैयारी

कोहली ने बेटे के जन्म के लिए भारत और इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला से हटने का किया था फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद रविवार को भारत लौट आए और आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ट्रेनिंग शिविर में जुड़ने के लिए तैयार हैं।

कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला लेते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से हटने का फैसला किया था। बाद में बताया गया कि यह ब्रेक इसलिए लिया ताकि ब्रिटेन में अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ वह रह सके। आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ट्वीट किया कि विराट कोहली लौट आए हैं। रेड किंग भारत में 22 मार्च को सीएसके के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। इसमें लिखा था, किंग के लिए चीयर करने और 'किंगली बीट्स' पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइये क्योंकि स्टार स्पोर्ट्स का नया एंथम 'कोहली कॉलिंग' सभी मंच पर रिलीज हो गया है। आईपीएल में कोहली के संबंध में सभी चीजों के लिए स्टार स्पोर्ट्स पर ट्यून करें। कोहली रविवार को मुंबई पहुंचे और उनके जल्द ही टीम के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ने की उम्मीद है। आरसीबी अभी तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है। कोहली ने पिछले आईपीएल सत्र में 639 रन बनाए थे।

आईपीएल से पहले केकेआर से जुड़े श्रेयस अय्यर

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल सत्र से पहले टीम के अभ्यास शिविर से जुड़ गए हैं। पीठ से जुड़ी परेशानियों के कारण अय्यर के टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध लग रहा था। केकेआर ने अय्यर के शहर में पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी की हैं। यह बल्लेबाज पीठ के ऑपरेशन से पिछले साल आईपीएल में नहीं खेल पाया था। उन्होंने सितंबर में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, लेकिन पीठ दर्द उन्हें परेशान करता रहा। वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में खेले थे, लेकिन इसके बाद उनकी पीठ में दर्द होने लगा था। उन्हें बाकी बचे तीन मैच के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था। अय्यर मुंबई से रणजी के क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाए थे लेकिन सेमीफाइनल और फाइनल में वह टीम का हिस्सा थे। विदर्भ के खिलाफ फाइनल में वह पीठ दर्द से परेशान रहे। इस कारण वह मैच के अंतिम दो दिन मैदान पर नहीं उतरे।

चोटिल मदुशंका के शुरुआती सत्र में खेलने की संभावना कम

ढाका। श्रीलंकाई गेंदबाज दिलशान मदुशंका बांग्लादेश के खिलाफ चल रही वन डे सीरीज में चोटिल होने के बाद बाहर हो गए और उनके आईपीएल के शुरुआत सत्र में खेलने की संभावना कम है। श्रीलंका क्रिकेट ने रविवार सुबह कहा कि एमआरआई स्कैन में पुष्टि हुई है कि मदुशंका के बाए पैर में हैमस्ट्रिंग की चोट है और वह रिहैब के लिए घर लौटेंगे। श्रीलंका टीम के मैनेजर महिंदा हलनगोड़ा ने कहा कि हमें उनकी चोट के बारे में रविवार सुबह रिपोर्ट मिली है। यह नई चोट है। हमें नहीं पता कि इससे उबरने में उन्हें कितना समय लगेगा। वह चिकित्सक दल की निगरानी में उच्च प्रदर्शन सेंटर में रिहैब करेंगे। वह वन डे से तो बाहर हो गए हैं।

विश्व कप में लगी चोट, टखने से निकाला गया खून: पंड्या

- पिछले विश्व कप में फिटनेस पाने के लिए लगवाएं कई इंजेक्शन
- बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी करते समय टखना हुआ था चोटिल

मुंबई, एजेंसी

हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने पिछले विश्व कप के लिए फिटनेस पाने की बेताबी में कई इंजेक्शन लगवाए और टखने से खून के थक्के हटाने जैसे मुश्किल उपायों का सहारा लिया, लेकिन इससे चोट और बढ़ गई और इस भारतीय खिलाड़ी को बाहर बैठना पड़ा।

विश्व कप के दौरान भारत के चौथे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान अपने पहले ओवर के बाद पंड्या लंगडाते हुए मैदान से गए थे। वह इसके बाद टीम में वापसी नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि मैंने एड़ी पर तीन अलग-अलग जगह पर इंजेक्शन लगवाए और सूजन के कारण मुझे टखने से खून निकलवाना पड़ा। मैं (विश्व कप के शेष मैच खेलने पर) हार नहीं मानना चाहता था। टीम के लिए मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। अगर एक प्रतिशत भी टीम में वापसी की संभावना हो तो मैं पूरा प्रयास करता हूं। पंड्या ने कहा कि उन्हें पता था कि कड़ी मेहनत से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर खेले गए विश्व कप के दौरान टीम में वापसी के लिए यह जोखिम उठाया। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि अगर मैं खुद को चोट से उबरने के लिए ज्यादा प्रयास करूंगा तो मैं लंबे समय तक के लिए चोटिल हो सकता हूं।

पंड्या ने कहा कि जब मैं अपनी ओर से कोशिश कर रहा था तो यह चोट फिर से उबर गई और यह ऐसी चोट में तब्दील हो गई, जिससे उबरने में 3 महीने लग लए। मैं चलने में सक्षम नहीं था, लेकिन मैं उस समय दौड़ने की कोशिश कर रहा था। इस खिलाड़ी को पांच दिनों में टीम में वापसी का भरोसा था लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ।

गुलवीर ने 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान पाया।

इस खिलाड़ी ने स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकेंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए 28 मिनट, 2.89 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुलवीर का यह प्रयास ओलंपिक क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था। ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकेंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकेंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे। उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है। भारतीय एथलीट अविनाश साबले अपनी दौड़ पूरी नहीं कर पाए। वह 15वें लैप में 6000 मीटर की दूरी पूरी करने के बाद हट गए थे। महिलाओं की 10000 मीटर दौड़ में भारत की पारूल चौधरी 32 मिनट, 0 2.08 सेकेंड का समय लेकर 20वें स्थान पर रही।

मैनचेस्टर सिटी छठी बार सेमीफाइनल में

एफए कप

लंदन, एजेंसी। मैनचेस्टर सिटी ने बर्नार्डो सिल्वा के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से न्यूकासल को 2-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैनचेस्टर सिटी ने इस तरह से एफए कप के 153 साल के इतिहास में लगातार छठी बार सेमीफाइनल में पहुंचकर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। इस बीच दूसरी श्रेणी की टीम कोवेंट्री ने स्टॉपेज टाइम में दो गोल करके वॉल्वरहैम्पटन को 3-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। कोवेंट्री ने तब खिताब जीता था। एलिस सिम्स ने 10 मिनट के अतिरिक्त समय में पहला गोल करके कोवेंट्री को बराबरी दिलाई जबकि अमेरिका के स्ट्राइकर हाजी राइट ने उसकी तरफ से विजयी गोल दागा।

बॉलीवुड हलचल

मनोरंजन के साथ लोगों को प्रेरित भी करती है जहांकिला: कपिल

मुंबई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव का कहना है कि फिल्म जहांकिला मनोरंजन के साथ ही लोगों को प्रेरित भी करती है। पंजाब के गांवों की पृष्ठभूमि पर आधारित बलिदान, प्रेम, दोस्ती और देशभक्ति की एक दिलचस्प कहानी जहांकिला के प्रीव्यू के अवसर पर क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और इरफान पठान मौजूद थे। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा, मैं 'जहांकिला' के पीछे प्रतिभाशाली युवा टीम का समर्थन करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण और पंजाब की वीरतापूर्ण भावना का उनका चित्रण वास्तव में मेरे साथ जुड़ा हुआ है। मेरा मानना है कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन करती है बल्कि प्रेरित भी करती है, और मुझे इस तरह के सार्थक प्रोजेक्ट को अपना समर्थन देने पर गर्व है। विक्की कदम द्वारा निर्देशित फिल्म जहांकिला एक साधारण पृष्ठभूमि के युवक शिंदा की यात्रा का वर्णन करती है, जो पारिवारिक बलिदानों से प्रेरित होकर पुलिस बल में शामिल होता है।

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म क्रू के ट्रेलर में तब्बू, करीना कपूर और कृति सैनन के साथ दिलजीत दोसांझ की झलक देखने को मिली है। ट्रेलर के शुरुआत में एक ऑफिसर कहती हैं 'सोना कहां है?' बस इस डायलॉग के बाद से करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की एक उथल-पुथल वाली जर्नी की शुरुआत हो जाती है इसमें कोहिनूर नाम की एक एयरलाइन कंपनी है, जिसके इर्द-गिर्द फिल्म क्रू की कहानी घूमती रहती है। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

चिंटू की फिल्म शूरवीर के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू की फिल्म 'शूरवीर' के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो गई है जो लखनऊ में हो रही है। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक योद्धा का किरदार निभाने रहे हैं, जिसने जिन्दगी हर उतार-चढ़ाव के बेहद संजीदगी से जिया है और हर मुश्किलों का सामना किया है। इस किरदार को निभाने के लिए चिंटू ने अपनी फिटनेस को काफी इम्प्रूव किया है और शूरवीर के जैसा दिखने के लिए मेहनत की है। शिवराम फिल्म एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म 'शूरवीर' के निर्माता शिवराम हैं, वहीं लेखक एवं निर्देशक आर. के. शुक्ला हैं। सह निर्माता राकेश देवा पांडेय हैं। कार्यकारी निर्माता शेखर यादव है। छायांकन विजय आर. पांडेय व संगीत मधुकर आनंद और सावन कुमार ने तैयार किया है। कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी और मनोज गुप्ता हैं। एक्शन मास्टर हीरा यादव और मल्लेश हैं।

नवरत्न और अंजली का गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज

मुंबई, एजेंसी। नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय का होली गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज हो गया है। होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को नवरत्न पांडेय ने गाया है। गाने के वीडियो में नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय नजर आ रही है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि नवरत्न पांडेय हाथ मे रंग अबीर लिए अपनी प्रेमिका अंजली का इंतजार कर रहे हैं। अंजली जैसे ही उनके पास पहुंचती है तो नवरत्न पांडेय काफी खुश हो जाते हैं, लेकिन उनका दिल तब टूट जाता है जब उनकी प्रेमिका अंजली पांडेय उन्हें अपनी शादी कार्ड देती है। किसी दूसरे से अपनी प्रेमिका की शादी होने की बात जानकर नवरत्न बहुत दु:खी हो जाते हैं और उनका सारा अरमान चूर चूर हो जाता है। नवरत्न अपनी प्रेमिका अंजली से कहते हैं कि 'असहु फीका फीका लागे असो के ई होलिया ये जान... तू जात तारू चढ़िके डोलिया ये जान, दे दा एगो जहर के गोलिया ये जान...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार विकाश यादव हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

मालदीव की निगरानी से बाहरी पक्ष न हों चिंतित

माले, एजेंसी

- हिंद महासागर में पहली बार सुरक्षा के लिए तैनात किए ड्रोन

राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा है कि मालदीव के क्षेत्र की निगरानी से किसी भी बाहरी पक्ष को चिंता नहीं होनी चाहिए, जिसमें हिंद महासागर द्वीप समूह राष्ट्र की सुरक्षा के लिए ड्रोन की पहली तैनाती भी शामिल है। दरअसल, उन्होंने विशाल समुद्री क्षेत्र की निगरानी के लिए अपने रक्षा बलों को बढ़ावा देने के उपायों की घोषणा की है।

राष्ट्रपति कार्यालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) एयर कोर और मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) को लॉन्च करने के लिए एक समारोह में बोलते हुए मुइज्जू की नवीनतम टिप्पणियां आईं। मुइज्जू ने समारोह में मालदीव की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने के लिए नई पहल की घोषणा की। चीन समर्थक मालदीव के नेता की टिप्पणी मुइज्जू द्वारा भारत विरोधी बयानबाजी तेज करने के बाद भारत द्वारा उपहार में दिए गए हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले भारतीय सैन्य कर्मियों के पहले बैच के द्वीप राष्ट्र छोड़ने के कुछ दिनों बाद आई है।

मुइज्जू ने कहा कि देश अपने अधिकार क्षेत्र की निगरानी करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि मालदीव कोई छोटा देश नहीं है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह द्वीप राष्ट्र नौ लाख वर्ग किलोमीटर तक फैला है और अपने अधिकार क्षेत्र की निगरानी करने में सक्षम है। उन्होंने किसी भी देश का नाम लिए बिना कहा, "मालदीव एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है और मालदीव के अधिकार क्षेत्र की निगरानी से किसी बाहरी पक्ष को चिंता नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इससे मालदीव के सभी देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों में बाधा नहीं आएगी। मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार तटरक्षक बल की क्षमता को दोगुना करेगी। इसके अलावा, एयर कॉर्प्स बेड़े का विस्तार करेगी और भूमि आधारित वाहनों और प्लेटफार्मों को बढ़ाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पद संभालने के बाद मुइज्जू ने भारत से द्वीप राष्ट्र से लगभग 90 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने के लिए कहा था।

दवाओं की ऑनलाइन बिक्री की नीति बनाने को केंद्र ने मांगा समय

नई दिल्ली। दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाने को लेकर केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट से और समय मांगा है।

केंद्र ने कहा- मुद्दा जटिल है और दवाओं की बिक्री के तरीके में किसी भी संशोधन के दूरगामी परिणाम होंगे। बता दें, हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नीति तैयार करने के लिए चार महीने का और समय दिया है। मसौदा नियमों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि सुनवाई की अगली तारीख से पहले मसौदा नीति तैयार नहीं होती है, तो अदालत के पास मामले को आगे बढ़ाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा।

इस समय फ्लैक्सी-कैप फंड या हाइब्रिड फंड में से क्या बेहतर

इस समय स्मॉल और मिड कैप शेयरों का वैल्युएशन काफी हाई है। ऐसे में निवेश एक्सपर्ट इनसे जुड़े म्यूचुअल फंड्स में भी निवेश से बचने की सलाह दे रहे हैं। मौजूदा परिस्थितियों में हाइब्रिड फंड और फ्लेक्सी-कैप फंड निवेश का बेहतर विकल्प हो सकते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

निवेश से पहले विभिन्न मार्केट साइकिल में फंड के प्रदर्शन का आकलन करें। फंड मैनेजर का ट्रैक रिकॉर्ड भी देखना चाहिए कि उसने कितनी सफलतापूर्वक किसी साइकिल का सामना किया है और बेंचमार्क या अन्य फंड के मुकाबले कितना रिटर्न दिया है। निवेशकों को फ्लेक्सी-कैप स्कीम के निवेश उद्देश्य को समझना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि यह उनके निवेश लक्ष्यों के अनुरूप हो।

क्या है हाइब्रिड या फ्लेक्सी-कैप फंड

हाइब्रिड फंड ग्रोथ और इनकम के बीच संतुलन हासिल करने के लिए इक्विटी और डेट जैसी एसेट क्लास के मिश्रण में निवेश करते हैं। ऐसे फंडों का आम तौर पर इक्विटी में लार्ज-कैप का तरफ झुकाव होता है। इससे बेहतर रिटर्न देने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। मौजूदा मार्केट कंडीशन में फ्लेक्सी-कैप फंड लॉन्ग टर्म लक्ष्य रखने वाले निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प हैं जो इक्विटी मार्केट के उतार-चढ़ाव को सहन कर सकते हैं। चूंकि फंड मैनेजर बिना किसी प्रतिबंध के लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में निवेश करते हैं, ऐसे फंड लंबी अवधि में हाई रिटर्न देते हैं और मुख्य एलोकेशन के लिए आदर्श हैं।

कौन निवेश कर सकता हैं

इक्विटी एसेट क्लास के लिए, रिस्क प्रोफाइल अधिक होता है। यदि आपके पास बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान होने वाले नुकसान को सहन करने की क्षमता है, चाहे आप फ्रेशर हों या वरिष्ठ नागरिक हों, तो आप निवेश कर सकते हैं। अगर आपका लक्ष्य लंबी अवधि के लिए पूंजी बचाना है, तो इस तरह के फंड में आपके लिए एसेट एलोकेशन नहीं हो सकता है। इसलिए यह उन लोगों के लिए एक अच्छी श्रेणी है जो उच्च जोखिम वाले हैं। बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकता है जैसा कि हमने दो वर्षों में देखा है, जहां निवेशकों के सब कुछ खोने की संभावना होती है।

एक नजर

आज से 10 दिवसीय युद्धाभ्यास शुरू करेंगे भारत-सेशेल्स

नई दिल्ली। भारतीय सेना हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रमकता के खिलाफ चिंताओं की साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए सेशेल्स के एक सैन्य अड्डे में द्वीपीय राष्ट्र के सैनिकों के साथ 10 दिवसीय व्यापक युद्धाभ्यास करेगी। भारतीय सेना ने रविवार को कहा कि यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच कौशल, अनुभव और अनुरूप अभ्यासों के आदान-प्रदान के अलावा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों का निर्माण भी करेगा और उन्हें प्रोत्साहन देगा। सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में लगभग 115 द्वीपों का एक रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपसमूह है और भारत देश के साथ रक्षा सहयोग को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

गोवा में ट्रक घाटी में गिरा, एक की मौत, पांच बच्चों समेत 13 जख्मी

पणजी। दक्षिण गोवा जिले में एक ट्रक घाटी में गिर गया। घटनामें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच बच्चों समेत 13 लोग जख्मी हुए हैं। वहां से गुजर रहे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी पीड़ितों की मदद की। सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष पी. देसाई चुनाव प्रचार के बाद इसी मार्ग से गुजर रहे थे और उन्होंने अपनी कारों से उतरकर पीड़ितों की मदद की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालक का ट्रक से नियंत्रण खो गया और वह घाटी जा गिरा। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से जख्मी है। घायलों को गोवा मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

अमेरिका-ब्रिटेन ने यमन के बंदरगाह पर किए हवाई हमले

सना। यमन के बंदरगाह शहर होदेइदाह पर अमेरिका और ब्रिटेन ने शनिवार देर रात चार हवाई हमले किए। हूती नियंत्रित मीडिया ने बताया है कि, हमलों में शहर के दक्षिणी जिले दुरयहीमी को निशाना बनाया गया। हमलों में हताहत और क्षति की कोई सूचना नहीं है। बता दें, अमेरिका-ब्रिटेन इससे पहले भी कई बार कार्रवाई कर चुका है। हूति विद्रोही लाल सागर में लगातार मालवाहक जहाजों पर हमला कर कर रहे हैं। भारतीय नौसेना भी नजर रखे हुए है, कई हमलों को विफल भी किया है। अमेरिका और ब्रिटेन ने जनवरी के मध्य से यमन में हूती ठिकानों के खिलाफ जवाबी हवाई और मिसाइल हमले किए हैं।

अफगानिस्तानः बस और तेल टैंकर के बीच टक्कर, 21 की मौत

काबुल। अफगानिस्तान के हेरात-कंधार राजमार्ग पर रविवार सुबह बस और तेल टैंकर के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 38 से अधिक लोग घायल हैं। हादसे घायल लोगों में से 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हेलमंद प्रांत के सूचना और संस्कृति निदेशालय ने कहा कि यह घटना रविवार सुबह हेलमंद प्रांत के ग्रिश्क जिले के यखचल में हुई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह दुर्घटना एक बस के मोटरसाइकिल से टकराने और फिर तेल से भरे टैंकर से टक्कर के कारण हुई, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।

पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय, युद्ध के बीच संपन्न हुआ मतदान

तीन नेताओं ने दी राष्ट्रपति को चुनौती, यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों के समर्थक

मॉस्को, एजेंसी

रूस में शुक्रवार से शुरू हुए राष्ट्रपति चुनाव रविवार को थम गया। पहली बार रूस में राष्ट्रपति के लिए 3 दिनों तक मतदान हुआ है। साथ ही, यह पहला राष्ट्रपति चुनाव है, जिसमें डिजिटल वोटिंग हुई है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद हो रहे पहले राष्ट्रपति चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय हो गया है, क्योंकि उनके सामने उतरे तीनों प्रत्याशी उन्हीं के समर्थक हैं। वे यूक्रेन युद्ध सहित सभी मुद्दों पर पुतिन के साथ हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति पुतिन 6 साल तक यानी 2030 राष्ट्रपति के पद पर रहेंगे। पुतिन और उनके विरोधी दोनों के लिए यह चुनाव रेफरेंडम (जनमत संग्रह) जैसा है। लेकिन, यह विपक्ष रहित चुनाव है, क्योंकि पुतिन या यूक्रेन युद्ध का विरोध करने वाले किसी प्रत्याशी को चुनाव ही नहीं लड़ने दिया गया। पिछले 20 साल में पुतिन का विरोध करने वाले 16 नेताओं की हत्या हो चुकी है। दो बड़े विपक्षी नेताओं इल्या याशिन 8 साल और व्लादिमीर काजा मुर्जा को 25 साल की जेल की सजा हुई है। कई विरोधियों को रूस से भागना पड़ा है। 2018 के चुनाव के बाद रूस में विपक्ष का दमन जारी है। 2018 में पुतिन के खिलाफ एलेक्सी नवेलनी ने चुनाव लड़ने की कोशिश की थी लेकिन उनका दावा खारिज कर दिया गया। 16 फरवरी को आर्कटिक जेल में उनकी मौत हो गई। करीब सवा लाख रूसियों को राजनीतिक दमन का सामना करना पड़ा है।

पुतिन के सामने पहले चुनाव में 14 प्रत्याशी थे

रूस में राष्ट्रपति की रेस में पुतिन सहित 4 प्रत्याशी हैं। अन्य तीनों प्रत्याशी पुतिन समर्थक हैं और यूक्रेन मुद्दे पर भी पुतिन के साथ हैं। वर्ष 2000 में जब पुतिन ने पहला चुनाव लड़ा, तो सामने 14 प्रत्याशी थे। अब पुतिन की ताकत बढ़ने के साथ-साथ प्रत्याशियों की संख्या 3 पर आ गई। बता दें, पुतिन रूसी खुफिया एजेंसी केजीबी के पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। 1999 में रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने पुतिन को कार्यकारी राष्ट्रपति बनाया था। एक सर्वे के मुताबिक, पुतिन को 75 फीसदी वोट मिल सकते हैं। बता दें, पुतिन रिकॉर्ड जीत चाहते हैं ताकि कह सके कि यूक्रेन पर पूरा रूस उनके साथ है। विश्लेषकों का कहना है कि पुतिन चाहते हैं कि 70 फीसदी वोटिंग हो और 80 फीसदी वोटों के साथ उनकी रिकॉर्ड जीत हो। पहले चरण में किसी प्रत्याशी को 50 फीसदी वोट न मिले, तो दूसरे चरण की वोटिंग का नियम है।

बड़े पदों पर आसीन नेताओं ने दी पुतिन को चुनौती

लियोनिड स्लट्स्की रूस की प्रमुख राजनीतिक पार्टी लिबल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ रूस यानी एलडीपीआर के शीर्ष नेता हैं। वह साल 2022 से पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं और स्टेट ड्यूमा कमेटी के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के चेयरमैन हैं। दूसरे व्लादिस्लाव दावनकोव रूस की न्यू पीपल पार्टी के नेता हैं और रूस की स्टेट ड्यूमा में साल 2021 से उपाध्यक्ष हैं। वहीं रूसी कम्युनिस्ट नेता निकोलाई खारितोनोव भी स्टेट ड्यूमा के सदस्य हैं और 1994 से ड्यूमा का हिस्सा हैं। निकोलाई आर्कटिक क्षेत्र के विकास के लिए बनी समिति के अध्यक्ष हैं।

जनादेश चुराने वालों के खिलाफ हो देशद्रोह की कार्रवाई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने फरवरी में हुए आम चुनाव में कथित तौर पर जनादेश चुराने वाले अधिकारियों के खिलाफ देशद्रोह की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है।

खान की यह टिप्पणी तब आई जब उन्होंने शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात की। इस मामले में इमरान के अलावा उनकी पत्नी बुशरा बीबी, सहयोगी फराह गोगी और दिग्गज कारोबारी मलिक रियाज भी शामिल है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित 90 से अधिक स्वतंत्र उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली में अधिकतम सीट जीती थीं, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री नवाज के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन और भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने चुनाव के बाद समझौता किया और देश में गठबंधन की सरकार बनाई।

सीएए का विरोध करने वालों को भारतीय इतिहास की समझ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयशंकर ने अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की आलोचना पर की टिप्पणी

अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की आलोचना करने वालों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि इसे विभाजन के संदर्भ में रखना महत्वपूर्ण है। साथ ही रेखांकित किया कि ऐसे 'कई उदाहरण' हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट-ट्रैक नागरिकता है।

शनिवार देर रात कार्याक्रम में जयशंकर ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी को मारने की साजिश रचने के आरोपों का सामना कर रहे एक भारतीय नागरिक और एक दिन पहले अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी की टिप्पणियों पर सवालों के जवाब दिए। जयशंकर ने कहा 'आप भारत और कनाडा का कई उदाहरण दे रहे है, अमेरिकी राजनीति ने हिंसक चरमपंथी विचारों और गतिविधियों को उस तरह की जगह नहीं दी है जो कनाडा ने दी है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि इन्हें एक साथ रखना अमेरिका के लिए उचित है। जयशंकर ने कहा कि मैं दोनों के बीच अंतर करूंगा। जयशंकर ने वाशिंगटन और दुनिया के अन्य हिस्सों से सीएए को लेकर हो रही आलोचनाओं का भी जवाब दिया। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में सीएए की अधिसूचना को लेकर चिंतित है और इसके कार्यान्वयन पर करीब से नजर रख रहा है। इस पर जयशंकर ने जवाब दिया कि 'मैं उनके लोकतंत्र या उनके सिद्धांतों की खामियों पर सवाल नहीं उठा रहा हूं।

मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूं। यदि आप दुनिया के कई हिस्सों से टिप्पणियां सुनते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे भारत का विभाजन कभी नहीं हुआ था, कोई परिणामी समस्याएं नहीं थीं जिन्हें सीएए को संबोधित करना चाहिए।

ब्रिटेन में भाजपा के समर्थन में कार रैली का आयोजन

लंदन। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके ने लंदन में एक कार रैली का आयोजन किया। कार रैली का आयोजन भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को समर्थन देने के लिए किया गया है।

हैरो सांसद और पद्मश्री विजेता बॉब ब्लैकमैन ने कहा-भारतीय चुनाव दुनिया में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद है। भारत में जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है, तब में भारत और ब्रिटेन के बीच दोस्ती और मजबूत हुई है। भाजपा सरकार के कारण भारत एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में सामने है। हम यूके और भारत के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं।

यातायात ठप...

शिमला: हिमाचल प्रदेश में हाल के दिनों में हुई बर्फबारी और बारिश के कारण पांच राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कुल 259 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गई हैं। स्थानीय मौसम कार्यालय ने राज्य को प्रभावित करने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ के आज से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की आशंका है, जबकि ऐसा ही एक और विक्षोभ बुधवार की रात से इस क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।

पुणे: एनआईए की कार्रवाई, आतंकियों से जुड़ी संपत्तियों को किया कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएसआईएस मॉड्यूल मामला: संपत्तियों का आतंकी मकसद के लिए किया जा रहा था इस्तेमाल

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में 11 आतंकियों की चार अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। एनआईए ने रविवार को कहा कि कोंढवा पुणे (महाराष्ट्र) में कुर्क की गई संपत्तियां तीन भगोड़ों सहित 11 आतंकियों से जुड़ी हुई हैं। एनआईए ने बताया कि इन संपत्तियों का इस्तेमाल आतंकवादी मकसद के लिए किया जा रहा था।

यह कार्रवाई देश में वैश्विक आतंकवादी संगठनों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए की गई है। इन चारों संपत्तियों का इस्तेमाल आईईडी बनाने, इसके प्रशिक्षण और आतंकवादी कृत्यों की योजना बनाने के लिए किया जा रहा था। बता दें कि एनआईए इस मामले में पहले ही सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुर्क की गई संपत्तियां आवासीय घर और फ्लैट हैं। ये संपत्तियां आरोपी मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अली, कादिर दस्तगीर पठान, सिमाब काजी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, अब्दुल्ला फैयाज शेख, तल्हा लियाकत खान, शमिल नाचन और आकिफ नाचन के नाम पर थी। यह मामला महाराष्ट्र, गुजरात और भारत के अन्य हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर आईईडी फैब्रिकेशन ट्रेनिंग वर्कशॉप के माध्यम से आतंकवादी फैलाने की साजिश से जुड़ा है।

श्रीलंकाई नौसेना ने 21 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने अपने देश की समुद्री सीमा में मछली पकड़ रहे 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मछुआरों को शनिवार को जाफना के पास से गिरफ्तार करने के बाद कांकेसनथुरै बंदरगाह ले जाया गया। नौसेना ने उनकी दो नौका भी जब्त कर ली है।

इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को 15 भारतीय मछुआरों को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कारैनगर तट के पास हिरासत में लिया था। इस वर्ष अभी तक लगभग 146 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 2023 में श्रीलंकाई नौसेना ने 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी 35 नौका जब्त कर ली।

अगर मैं राष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना गया तो होगा खून-खराबा

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप ने रैली में दी खुली चेतावनी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर इस साल के आखिर में होने वाले चुनावों में वह नहीं चुने जाते हैं तो देश में 'खून-खराबा' होगा। एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता तो यहां खूनखराबा होगा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के इस बयान का क्या आशय है।

दरअसल, जिस समय उन्होंने यह चेतावनी दी उस समय वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वाहन उद्योग के बारे में शिकायत कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह फिर से चुने जाते हैं तो चीन अमेरिका में आयातित किसी भी वाहन को बेचने में सक्षम नहीं होगा। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए नवंबर में चुनाव होने हैं।

खून-खराबा वाले बयान पर भड़की बाइडन की पार्टी

डोनाल्ड ट्रंप के खून-खराबा वाले बयान पर अब राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रचार अभियान के प्रवक्ता ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप छह जनवरी की घटना फिर दोहराना चाहते हैं। साल 2021 में जब डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में हार गए थे, तब लोगों की भीड़ छह जनवरी 2021 में कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) में जबरन घुस आई थी। इस पूरी घटना में कम से कम 100 पुलिस कर्मी घायल हुए थे। साथ ही दंगे के दौरान और दंगे के बाद कम से कम नौ लोगों की मौत हुई थी।

शोध अमेरिका के ड्यूक विवि ने किया अध्ययन, पड़ोस का माहौल ठीक नहीं है तो डिमेंशिया बढ़ने की आशंका

पड़ोसी की वजह से दिमाग उम्र से 3 साल हो जाता है बूढ़ा

वाशिंगटन, एजेंसी

आपकी जिंदगी पर दोस्तों और पड़ोसियों का गहरा असर होता है। यही नहीं आप जिस जगह रहते हैं, वहां के हालात से तय होता है कि आपकी याद्दाश्त कैसी होगी। अमेरिका के ड्यूक विश्वविद्यालय में हुई शोध के मुताबिक, अगर आपके पड़ोसी अच्छे नहीं हैं तो आपका दिमाग 3 साल जल्दी बूढ़ा हो जाएगा।

यह शोध करने वाले ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकर्ता कहते हैं- अगर पड़ोस का माहौल ठीक नहीं है तो डिमेंशिया-सिजोफ्रेनिया जैसी चीजों को भूलने की बीमारी होने की आशंका 43 फीसदी तक बढ़ जाती है। दरअसल 45 साल की उम्र से ही उनका दिमाग पड़ोस के खराब माहौल के दबाव को झेलने की क्षमता खोने लगता है। ऐसे इलाकों में रहने वाले लोगों के दिमाग में नर्व पूरी सूचना नहीं पहुंचा पाता।

क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आरोन रियूबेन कहते हैं- डिमेंशिया से बचने की तैयारी डायग्नोज होने से 20 साल पहले करने की जरूरत है। इसकी वजह यह है कि डिमेंशिया की शुरुआत तभी हो चुकी होती है। डायग्नोज बाद में होता है।

पिछड़े इलाकों में सबसे ज्यादा मरीज होते हैं। रोजाना कुछ देर की एक्सरसाइज से आप बॉडी के साथ माइंड को भी फिट एंड फाइन रख सकते हैं। एक्सरसाइज से ब्रेन में हैप्पी हॉर्मोन्स रिलीज होते हैं, जो आपको स्ट्रेस फ्री रखने में मदद करते हैं। इससे अल्जाइमर, डिमेंशिया का खतरा काफी हद तक कम होता है। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे मोटापा, हार्ट प्रॉब्लम्स और कैंसर की खतरा बढ़ जाता है और ये दिमाग और तंत्रिका तंत्र को भी प्रभावित करते हैं। जिससे बढ़ती उम्र के साथ डिमेंशिया हो सकता है। गौरतलब है कि, इस सर्वे को करने वाले क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आरोन रियूबन कहते हैं- अगर पड़ोस का माहौल खराब है, तो सिजोफ्रेनिया-डिमेंशिया जैसी बीमारियों के होने की संभावना 43% तक बढ़ जाती है। ऐसा टॉक्सिक एन्वॉयरमेंट 45 साल की उम्र से ही आपके दिमाग को प्रभावित करने लगता है।

दैनिक जीवन में करें ये जरूरी बदलाव

लगातार बढ़ता वजन और मोटापा ब्लड प्रेशर से लेकर टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ा सकता है। ये दोनों ही डिमेंशिया से कनेक्टेड हैं, तो इससे बचे रहने के लिए बैलेंस डाइट लेना जरूरी है। डाइट में ताजे फल, सब्जियों, मेवों, बीज, दालें और साबुत अनाज को खासतौर से शामिल करें। इसके साथ ही जंक, प्रोसेस्ड और डिब्बाबंद फूड आइटम्स अवॉयड करें।



ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट में खुलासा, फरवरी तक दो हजार घुसपैठ की कर चुके हैं कोशिश

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी हो गई है। ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में शरण मंगाने वाले भारतीयों की संख्या 5 हजार से ज्यादा हो गई है, जो 2022 में 2,612 थी। इसी तरह ब्रिटेन में इंग्लिश चैनल को पार कर अवैध रूप से प्रवेश करने वाले भारतीयों की संख्या भी एक साल के दौरान बढ़ गई।

2022 में 748 भारतीयों ने जान जोखिम में डालकर इंग्लिश चैनल को पार करने का खतरा उठाया था, जबकि 2023 में से संख्या 1192 हो गई। मालूम हो, 2023 में अमेरिका में अवैध रूप से घुसने वाले भारतीयों की संख्या भी रिकॉर्ड एक लाख को पार कर गई, जबकि 2022 में 65 हजार भारतीय ही अवैध रूप से अमेरिका में घुसे थे। ब्रिटेन में 2023 में अवैध रूप से घुसने वाले 1192 भारतीयों में से 60 फीसदी युवा हैं। ये 18-29 की आयु वर्ग के हैं। ये डावर, प्लेमाउथ से घुसने की कोशिश करते हैं। सबसे ज्यादा 5 हजार अफगान लोगों ने घुसपैठ की।

इस साल फरवरी तक कई देशों के लगभग दो हजार लोग घुसपैठ की कोशिश कर चुके हैं। 2023 में ब्रिटेन में शरण मांगने वाले 5 हजार से ज्यादा भारतीयों में से 140 की अर्जियों पर ही प्रारंभिक चरण पर विचार किया गया। ब्रिटेन में शरण मांगने के लिए 5 साल में तीन बार अर्जियां लगाई जा सकती हैं।